यूनिट और पेशकश IV (10)	10. यूनिटों का अंतरण/ उन्हें गिरवी रखना/ उनका समनुदेशन: योजना के अंतर्गत जारी किये गये यूनिटों का निम्नलिखित शर्तों पर मुक्त रूप से अंतरण / गिरवी / समनुदेशन किया जा सकता है : (i) योजना के प्रावधानों के अनुसार जारी किया गया यूनिट प्रमाणपत्र बेचानयोग्य है तथा उसे व्यक्तियों, व्यक्त या "यूनिट और पेशकश" की मद 5 के अंतर्गत उल्लिखित ऐसी अन्य श्रेणियों को अंतरित किया जा सकता है। (ii) ऐसे अंतरणकर्ताओं (संयुक्त धारिता के मामले में सभी अंतरणकर्ताओं) और अंतरितियों (संयुक्त खरीद के मामले में सभी अंतरितियों) द्वारा और के बीच ही, जो यूनिट रखने के लिए सक्षम हों, अंतरण किया जा सकता है। किसी अन्य अंतरण को मान्यता देने के लिए ट्रस्ट बाध्य नहीं होगा। (iii) संबंधित यूनिट प्रमाणपत्र और ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर यथानिर्धारित शुल्क के साथ अंतरण संबंधी लिखतें इस प्रयोजन के लिए नियुक्त रजिस्ट्रार के किसी कार्यालय में प्रस्तुत की जाएंगी। अंतरण को उस	9. यूनिटों का अंतरण/ उन्हें गिरवी रखना/ उनका समनुदेशन: a) अंतरण की सुविधा : निम्नलिखित अपवादों को छोड़कर लेखा-विवरण के तहत आने वाले यूनिट अंतरणीय नहीं हैं। परन्तु सतत खुली योजना होने के कारण, बिक्री /पुनर्खरीद की सुविधा *एन ए वी / एन ए वी* आधारित मूल्य पर सतत आधार पर उपलब्ध है। तथापि, यदि कोई व्यक्ति विधि के परिचालन द्वारा अथवा गिरवी लागू करने पर (जैसाकि नीचे (ख) में दिया गया है) अथवा मृत्यु, दिवालियेपन या एकमात्र धारक के कार्यों के समापन के कारण अथवा संयुक्त धारको के उत्तरजीवी के रूप में यूनिटों का धारक बन जाए, तो ट्रस्ट की राय में पर्याप्त समझे जाने वाले साक्ष्य प्रस्तुत किये जाने पर ट्रस्ट अंतरण को लागू करेगा बशर्ते आशयित अंतरिती अन्यथा यूनिट रखने के लिए पात्र हो। गैर-सूचीबद्धता संबंधी औपचारिकताएं पूरी होने तक 26/4/2000 के पहले जारी किये गये और बकाया रहने वाले यूनिटों के अंतरण की अनुमति दी जाएगी। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी (एन एस डी एल) के पास निर्भौतिकीकृत किये गये यूनिटों के मामले में अंतरण

	स्थिति में पंजीकृत नहीं किया जाएगा, यदि उसके पंजीकरण के फलस्वरूप अंतरणकर्ता या अंतरिती के पास न्यूनतम संख्या में यूनिट अर्थात् 500 यूनिट और उसके बाद 100 के गुणजों में यूनिट शेष नहीं रहते ।	की सुविधा तव तक उपलब्ध रहेगी जब तक निक्षेपागार से उन्हें हटाने की औपचारिकताएं पूरी न कर ली जाएं । ख) यूनिटों को गिरवी रखना/ उनका समनुदेशन:
	(iv) ट्रस्ट के किसी कार्यालय में प्रस्तुत या स्वीकृत कोई अंतरण विलेख रजिस्ट्रार के पास भेज दिया जाएगा । (v) अंतरण के प्रत्येक लिखत पर अंतरणकर्ता एवं अंतरिती द्वारा हस्ताक्षर किये जाएंगे तथा अंतरणकर्ता को तब तक यूनिटों का धारक माना जाता रहेगा, जब तक रजिस्ट्रार द्वारा यूनिटधारकों के रजिस्टर में अंतरिती का नाम शामिल नहीं कर लिया जाता । (vi) रजिस्ट्रार अंतरणकर्ता के हक या यूनिट अंतरित करने के उसके अधिकार के समर्थन में आवश्यक समझे जाने वाले किसी भी साक्ष्य की मांग कर सकते हैं । (vii) रजिस्ट्रार आवश्यक समझी गयी अपेक्षाओं का अनुपालन किये जाने की शर्त पर खो गये, चोरी हो गये या नष्ट हो गये मूल यूनिट प्रमाणपत्र को प्रस्तुत किये जाने की अपेक्षा को अभिमुक्त कर सकते हैं ।	सदस्य ऋण लेने के लिए बैंक/ अन्य वित्तीय संस्थाओं के पक्ष में प्रतिभूति के रूप में यूनिटों को गिरवी रख सकते हैं / उनको समनुदेशित कर सकते हैं । ट्रस्ट द्वारा अपेक्षित फार्म भरकर/ औपचारिकताएं पूरी करके यूनिटों को गिरवी रखा जा सकता है ।ट्रस्ट गिरवी रखे गये यूनिटों पर गिरवी/ प्रभार/ ग्रहणाधिकार दर्ज करेगा । गिरवी रखने वाला व्यक्ति इस प्रकार गिरवी रखे गये यूनिटों का मोचन तब तक नहीं कर सकता, जब तक वे बैंक / वित्तीय संस्थाएं, जिन्हें यूनिट गिरवी रखे गये हैं, ट्रस्ट को लिखित रूप में इस बात के लिए प्राधिकृत नहीं कर देतीं कि गिरवी/ प्रभार/ ग्रहणाधिकार हटा लिया जाए । यूनिटों के गिरवी रखे रहने तक गिरवीदार बैंक / वित्तीय संस्थाओं को ऐसे यूनिटों का मोचन करने का पूरा अधिकार होगा । ग) 26/4/2000 के पहले जारी किये गये यूनिटों का उनके गैर-सूचीबद्ध होने तक अंतरण
	(viii) यूनिटों के अंतरण का पंजीकरण होने तक अंतरण की सभी लिखतें और यूनिट प्रमाणपत्र रजिस्ट्रार द्वारा रखे जा	26/4/2000 के पहले जारी किये गये / बेचे गये और बकाया रहने वाले यूनिटों का अंतरण, उनके गैर-सूचीबद्ध होने तक, जैसा कि ऊपर खण्ड 7 में उल्लेख किया गया है, निम्नानुसार होगा :

	सकते हैं । (ix) अंतरण को मान्यता देने वाले एवं उसका पंजीकरण करने वाले रजिस्ट्रार अंतरण के संबंध में देय प्रभार अदा किये जाने और उनकी वसूली होने पर अंतरिती को मूल या नया यूनिट प्रमाणपत्र जारी कर सकते हैं । (x) यदि अंतरिती शासकीय क्षमता में विधि के परिचालन द्वारा अथवा यदि गिरवी लागू करने पर कोई अनुसूचित बैंक यूनिटों का धारक बन जाए, तो रजिस्ट्रार उनकी राय में पर्याप्त समझे जाने वाले साक्ष्य प्रस्तुत किये जाने पर अंतरण को लागू करेंगे बशर्ते आशयित अंतरिती अन्यथा पात्र हो । (xi) इसमें इसके पहले उल्लिखित प्रावधानों की शर्त पर ट्रस्ट अंतरण का पंजीकरण करेगा तथा संबंधित अंतरण लिखत के साथ यूनिट प्रमाणपत्र प्रस्तुत किये जाने की तारीख से 30 दिनों के भीतर अंतरिती को आय वारंट, यदि कोई हो, के साथ यूनिट प्रमाणपत्र वापस कर देगा । संयुक्त अंतरितियों के मामले में, यूनिट प्रमाणपत्र पहले धारक को भेजा जाएगा तथा यूनिट प्रमाणपत्र के संबंध में भविष्य में सभी अदायगियां सिर्फ पहले धारक के नाम में ही की जाएंगी । निक्षेपागार (डिपोजिटरी) के रूप में यूनिट रखने वाले व्यक्ति द्वारा दूसरे	(i) अंतरणकर्ताओं और अंतरितियों द्वारा और के बीच ही, जो यूनिट रखने के लिए सक्षम हों, अंतरण किया जा सकता है । किसी अन्य अंतरण को मान्यता देने के लिए ट्रस्ट बाध्य नहीं होगा । (ii) संबंधित यूनिट प्रमाणपत्र के साथ सम्यक् रूप से स्टांपित निर्धारित अंतरण विलेख इस प्रयोजन के लिए नियुक्त रजिस्ट्रार के किसी कार्यालय में प्रस्तुत की जाएंगी । परन्तु यह कि विशेष परिस्थितियों में ट्रस्ट अंतरण लिखत के बिना इन शर्तों पर यूनिटों के अंतरण की अनुमति दे सकता है कि अंतरिती ट्रस्ट द्वारा विनिर्दिष्ट सबूत पेश करेगा । (iii) ट्रस्ट के किसी कार्यालय में प्रस्तुत या उसके किसी कार्यालय द्वारा स्वीकृत सम्यक् रूप से स्टांपित एवं निष्पादित अंतरण विलेख के साथ प्रमाणपत्र रजिस्ट्रार के निकटतम कार्यालय को प्रेषित कर दिया जाएगा । (iv) अंतरण के प्रत्येक लिखत पर अंतरणकर्ता (संयुक्त धारिता के मामले में सभी अंतरणकर्ताओं)एवं अंतरिती (संयुक्त खरीद के मामले में सभी अंतरितियों) द्वारा हस्ताक्षर किये जाएंगे तथा अंतरणकर्ता को तब तक यूनिटों का धारक माना जाता रहेगा, जब तक रजिस्ट्रार द्वारा सदस्यों के रजिस्टर में

	व्यक्ति को अथवा दूसरे व्यक्ति के द्वारा निक्षेपागार के रूप में यूनिट रखने वाले व्यक्ति को यूनिटों का अंतरण किये जाने के मामले में, ऐसे नियमों / विनियमों के अनुसार अंतरण किया जाएगा जो निक्षेपागार के रूप में रखी गयी प्रतिभूतियों पर लागू हों।	अंतरिती का नाम शामिल नहीं कर लिया जाता। (v) रजिस्ट्रार अंतरणकर्ता के हक या यूनिट अंतरित करने के उसके अधिकार के समर्थन में आवश्यक समझे जाने वाले किसी भी साक्ष्य की मांग कर सकते हैं। (vi) रजिस्ट्रार आवश्यक समझी गयी अपेक्षाओं का अनुपालन किये जाने की शर्त पर तथा अपने विवेक पर खो गये, चोरी हो गये या नष्ट हो गये मूल यूनिट प्रमाणपत्र को प्रस्तुत किये जाने की अपेक्षा को अभिमुक्त कर सकते हैं। (vii) यूनिटों के अंतरण का पंजीकरण होने पर अंतरण की सभी लिखतें और रद्द किया गया यूनिट प्रमाणपत्र रजिस्ट्रार द्वारा रखे जा सकते हैं। (viii) अंतरण को मान्यता देने वाला तथा उसका पंजीकरण करने वाला रजिस्ट्रार अंतरिती को लेखा-विवरण जारी करेगा। (ix) विशेष परिस्थितियों में, किसी कंपनी या अन्य निगमित निकाय द्वारा अन्य कंपनी या निगमित निकाय या व्यक्ति / व्यक्तियों, जिनमें से कोई भी अवयस्क न हो, के साथ यूनिट रखे जाने पर ट्रस्ट विचार करेगा। (x) इसमें इसके पहले उल्लिखित

		प्रावधानों की शर्त पर ट्रस्ट अंतरण का पंजीकरण करेगा तथा संबंधित अंतरण लिखत के साथ यूनिट प्रमाणपत्र प्रस्तुत किये जाने की तारीख से 30 दिनों के भीतर अंतरिती को लेखा-विवरण जारी कर देगा। संयुक्त अंतरितियों के मामले में, यूनिट प्रमाणपत्र / लेखा-विवरण पहले सदस्य को भेजा जाएगा तथा धारिता के संबंध में सभी अदायगियां सिर्फ पहले धारक के नाम में ही की जाएंगी।
योजना का समापन IV (11) (x)	अनिवासी निवेशकों के मामले में, पुनर्खरीद / परिपक्वता राशियां निवेश संबंधी निम्नलिखित स्रोत के अनुसार प्रेषित की जाएंगी : क. जब विदेश से प्रेषित विदेशी मुद्रा से या यूनिटधारक की एफ सी एन आर जमाराशियों से या यूनिटधारक के भारत स्थित अनिवासी (बाह्य) खाते में रखी गयी निधियों से यूनिटों की खरीद की गयी हो, तो सदस्य को आगमराशियां विदेशी मुद्रा में प्रेषित की जा सकती हैं। ख. जब यूनिटधारक के अनिवासी (साधारण) खाते में रखी गयी निधियों से यूनिटों की खरीद की गयी हो, तो परिपक्वता संबंधी चेक यूनिटधारक के अनिवासी साधारण खाते में जमा किये जाने के लिए भारत में निवेशक के रिश्तेदार के पास भेज दिया जाएगा।	अनिवासी भारतीय निवेशकों के मामले में, पुनर्खरीद राशियां निवेश संबंधी निम्नलिखित स्रोत के अनुसार प्रेषित की जाएंगी :- क) जब विदेश से प्रेषित विदेशी मुद्रा से या सदस्य की एफ सी एन आर जमाराशियों से या सदस्य के भारत स्थित बैंक के अनिवासी (बाह्य) खाते में रखी गयी निधियों से यूनिटों की खरीद की गयी हो, तो सदस्य को आगमराशियां विदेशी मुद्रा में प्रेषित की जा सकती हैं, अथवा उसे उनके अनिवासी बाह्य या अनिवासी साधारण खाते में जमा किया जा सकता है अथवा भारत में उनके रिश्तेदार को अदा किया जा सकता है। ख) जब आवेदक के भारत में निवासी रहने के दौरान अथवा सदस्य के अनिवासी साधारण खाते में रखी गयी निधियों से यूनिटों की खरीद की गयी हो, तो परिपक्वता राशियां या तो निवेशक के अनिवासी साधारण खाते में जमा किये जाने के लिए भारत में

		उसके बैंकर के पास प्रेषित की जा सकती हैं, अथवा उसे भारत में उनके रिश्तेदार के पास भेजा जा सकता है ।
योजना का समापन IV (11) (xi)	कोई प्रावधान मौजूद नहीं है ।	विदेशी संस्थागत निवेशकों के मामले में, पुनर्खरीद/ मोचन संबंधी राशियां उनके विशेष अनिवासी रूपया खाते में प्रेषित की जाएंगी ।
व्यय V (घ)	प्रशासनिक व्यय - 0.65%, अभिरक्षा शुल्क - 0.50%,	प्रशासनिक व्यय - 0.95%, अभिरक्षा शुल्क - 0.20%,
व्यय V (ङ) पहला पैरा	हर वर्ष दैनिक औसत निवल आस्ति मूल्य का 0.25% ट्रस्ट की विकास प्रारक्षित निधि (डीआरएफ) के प्रति अंशदान के रूप में अलग रखा जाएगा । विकास प्रारक्षित निधि के प्रति अंशदान आवर्ती व्यय का अंश होगा ।	योजना के दैनिक औसत निवल आस्ति मूल्य के 0.25% के बराबर की राशि प्रति वर्ष ट्रस्ट की विकास प्रारक्षित निधि (डीआरएफ) के प्रति अंशदान के रूप में अलग रखी जाएगी । विकास प्रारक्षित निधि के प्रति अंशदान आवर्ती व्यय का अंश होगा ।
व्यय V (च) पहला वाक्य	हर वर्ष दैनिक औसत निवल आस्ति मूल्य का 0.10% स्टाफ कल्याण निधि के प्रति अंशदान के रूप में अलग रखा जाएगा ।	योजना के दैनिक औसत निवल आस्ति मूल्य के 0.10% के बराबर की राशि प्रति वर्ष स्टाफ कल्याण निधि के प्रति अंशदान के रूप में अलग रखी जाएगी ।
यूनिटों की बिक्री VI (1)	यूनिटों का बिक्री मूल्य एन ए वी (पिछला)होगा, जिसका निर्धारण दैनिक आधार पर किया जाएगा । ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की बिक्री की संविदा स्वीकृति की तारीख को पूरी हो गयी मानी जाएगी । बिक्री की संविदा इस तरह पूरी हो जाने पर ट्रस्ट तदुपरांत यथाशीघ्र आवेदक को यूनिट प्रमाणपत्र, यदि अपेक्षित हो, जारी करेगा । ट्रस्ट द्वारा पात्र संस्था, फर्म या निगमित निकाय को यदि यूनिट प्रमाणपत्र जारी किया गया तो वह पात्र संस्था / फर्म / निगमित निकाय के नाम में होगा । ट्रस्ट द्वारा इस प्रकार	1. बिक्री संविदा/ लेखा विवरण जारी करना क) यूनिटों का बिक्री मूल्य आवेदन की स्वीकृति की तारीख की समाप्ति पर मौजूद एन ए वी होगा । ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की बिक्री की संविदा स्वीकृति की तारीख को पूरी हो गयी मानी जाएगी । बिक्री की संविदा इस तरह पूरी हो जाने पर ट्रस्ट तदुपरांत यथाशीघ्र आवेदक को लेखा-विवरण जारी करेगा । ट्रस्ट द्वारा पात्र संस्था, फर्म या निगमित निकाय को जारी किया गया लेखा-विवरण पात्र संस्था / फर्म / निगमित निकाय के नाम में होगा ।

	प्रेषित यूनिट प्रमाणपत्र के खो जाने, नुकसान हो जाने, गलत सुपुर्दगी हो जाने या सुपुर्दगी न होने पर ट्रस्ट की कोई देयता नहीं होगी । ट्रस्ट आवेदन की स्वीकृति की तारीख से 6 सप्ताह के भीतर यूनिट प्रमाणपत्र भेज देगा। तथापि, यूनिटों को निक्षेपागार (डिपोजिटरी) के रूप में रखे जाने पर कोई यूनिट प्रमाणपत्र जारी नहीं किया जाएगा ।	ट्रस्ट द्वारा इस प्रकार प्रेषित के खो जाने, नुकसान हो जाने, गलत सुपुर्दगी हो जाने या सुपुर्दगी न होने पर ट्रस्ट की कोई देयता नहीं होगी । ख) किसी दिन 2 बजे अपराह्न तक ट्रस्ट के शाखा कार्यालयों में बिक्री / पुनर्खरीद के लिए प्राप्त और स्वीकृत अथवा रजिस्ट्रार के कार्यालय में प्राप्त [कृपया II (क) देखें] सभी आवेदनों के संबंध में उसी दिन का एन ए वी लागू होगा । 2 बजे अपराह्न के बाद प्राप्त और स्वीकृत सभी आवेदनों पर अगले कारोबारी दिवस का एन ए वी लागू होगा । ग) संस्थाओं के आवेदन अपेक्षित दस्तावेज़ों सहित ट्रस्ट के कार्यालयों में ही स्वीकार किये जाएंगे । घ) ट्रस्ट आवेदन की स्वीकृति की तारीख से 6 सप्ताह के भीतर लेखा-विवरण भेज देगा ।
यूनिटों की बिक्री VI (2) (ii) पहले दो वाक्य	यदि अदायगी चेक द्वारा की जाए, तो ऐसे चेक की वसूली की शर्त पर, स्वीकृति की तारीख वह तारीख होगी, जिस दिन ट्रस्ट के शाखा कार्यालय या प्राधिकृत वसूली केन्द्र द्वारा आवेदन प्राप्त किया गया हो । यदि अदायगी ड्राफ्ट द्वारा की जाए, तो ऐसे ड्राफ्ट की वसूली की शर्त पर, स्वीकृति की तारीख वह तारीख होगी, जिस	यदि अदायगी चेक / ड्राफ्ट द्वारा की जाए, तो ऐसे आवेदन की स्वीकृति चेक / ड्राफ्ट की वसूली की शर्त पर होगी । अनिवासी भारतीयों को अधिमानत: एनआरआई शाखा, मुम्बई में या ट्रस्ट के किसी भी शाखा कार्यालय में अनिवासी (बाह्य) / अनिवासी (साधारण) चेक अथवा आवेदन प्रस्तुत किये जाने के स्थान पर देय रुपया ड्राफ्ट के साथ अपने आवेदन प्रस्तुत

	दिन शाखा कार्यालय या प्राधिकृत वसूली केन्द्र द्वारा आवेदन प्राप्त किया गया हो ।	करने चाहिए । विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा किसी नामित बैंक / प्राधिकृत व्यपारी, जिसे भारतीय रिज़र्व बैंक ने अनुमोदित किया हो, के पास रखे गये विशेष अनिवासी रुपया खाता में नामे डालकर अदायगी करते हुए निवेश किया जाएगा ।
यूनिटों की बिक्री VI (2) (iii) और (iv)	iii) पुन:प्रत्यावर्तन लाभों सहित निवेश की विधि अनिवासी भारतीयों / विदेशी निगमित निकायों द्वारा किये गये निवेशों में निविष्ट पूंजी और उस पर अर्जित आय एवं पूंजी वृद्धि (यदि लागू हो) के पुन:प्रत्यावर्तन का अधिकार होगा, जब तक कि निवेशक भारत के बाहर का निवासी बना रहे । इन मामलों में निवेश निम्नलिखित में से किसी एक विधि से किया जा सकता है : (क) विदेशी मुद्रा में ड्राफ्ट (ख) विदेशी बैंकों / विनिमय गृह द्वारा उनके भारतीय संपर्की बैंकों पर आहरित यूटीआई के पक्ष में रुपये में जारी ड्राफ्ट । (ग) भारत स्थित बैंक में रखे गये निवेशक के अनिवासी बाह्य खाते पर आहरित चेक द्वारा । (घ) विदेशी मुद्रा अनिवासी जमाराशियों की आगमराशियों से जारी	iii) पुन:प्रत्यावर्तन लाभों सहित अनिवासी भारतीय द्वारा किये गये निवेश के लिए अदायगी की विधि अनिवासी भारतीयों / विदेशी निगमित निकायों द्वारा किये गये निवेशों में निविष्ट पूंजी और उस पर अर्जित आय एवं पूंजी वृद्धि के पुन:प्रत्यावर्तन का अधिकार होगा, जब तक कि निवेशक भारत के बाहर का निवासी बना रहे । इन मामलों में निवेश निम्नलिखित में से किसी एक विधि से किया जा सकता है : (क) भारत के बाहर कार्यरत बैंक / विनिमय गृह द्वारा उनके भारतीय संपर्की बैंकों पर आहरित ट्रस्ट के पक्ष में रुपये में जारी ड्राफ्ट । (ख)भारत स्थित बैंक में रखे गये निवेशक के अनिवासी बाह्य खाते पर आहरित चेक द्वारा । (ग) निवेशक की विदेशी मुद्रा अनिवासी जमाराशियों की आगमराशियों से जारी चेक / ड्राफ्ट द्वारा ।

	चेक / ड्राफ्ट द्वारा । इसके अलावा, नेपाली तथा भूटानी मुद्राओं में अदायगी स्वीकार नहीं की जाती । यूनिटों में निवेश रुपयों में किया जाता है, विदेशी मुद्रा के सभी ड्राफ्टों को भारतीय रुपये में परिवर्तित किया जाता है, जिस पर ऐसे परिवर्तन के समय मौजूद विनिमय दर लागू होती है । कमी, यदि कोई हो, का प्रेषण अनिवासी भारतीय निवेशकों द्वारा किया जाएगा । उक्त बातों को ध्यान में रखते हुए यह परामर्श दिया जाता है कि अनिवासी भारतीय/ विदेशी निगमित निकायों के निवेशक उक्त (ख) और (ग) में उल्लिखित लिखतों द्वारा अदायगी करें । iv) *पुन:प्रत्यावर्तन लाभों के बिना निवेश की विधि* जहां अनिवासी साधारण खाते में रखी गयी निधियों का उपयोग यूनिटों की खरीद के लिए किया गया हो, उन मामलों में इस प्रकार निविष्ट निधियां तथा पूंजी वृद्धि (यदि लागू हो), भारत के बाहर पुन:प्रत्यावर्तन के लिए पात्र नहीं होंगी । तथापि, 19 अगस्त 1994 के भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र	नोट: नेपाली तथा भूटानी मुद्राओं में अदायगी स्वीकार नहीं की जाती । iv) पुन:प्रत्यावर्तन लाभों के बिना अनिवासी भारतीय द्वारा किये गये निवेश के लिए अदायगी की विधि क) जहां अनिवासी साधारण खाते में रखी गयी निधियों का उपयोग यूनिटों की खरीद के लिए किया गया हो, उन मामलों में इस प्रकार निविष्ट निधियां तथा पूंजी वृद्धि (यदि कोई हो), भारत के बाहर पुन:प्रत्यावर्तन के लिए पात्र नहीं होंगी । इसी तरह, निवेशक के भारत में निवासी रहते हुए उसके द्वारा रुपयों में खरीदे गये यूनिटों में किये गये निवेश बाद में उसके अनिवासी बनने पर यूनिटों की बिक्री की आगमराशियों के पुन:प्रत्यावर्तन के लिए पात्र नहीं होंगे । ख) 19 अगस्त 1994 के भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र ए.डी.(एम.ए. श्रृंखला) सं.18 के अनुसार वित्तीय वर्ष 1996-97 के दौरान और उसके बाद अर्जित समग्र आय का वितरण पूर्ण पुन:प्रत्यावर्तन लाभ के लिए पात्र होगा । ऐसे मामलों में अनिवासी साधारण खाते में जमा किये जाने के लिए ट्रस्ट रुपयों में अदायगी करेगा । निवेशक यदि यूनिटों पर किये गये आय वितरण को विदेश में प्रेषित करना चाहते हों तो वे कृपया अपने बैंकों / कर परामर्शदाताओं से सलाह लें ।

	(ए.डी.एम.ए. शृंखला) सं.18 के अनुसार वित्तीय वर्ष 1996-97 के दौरान और उसके बाद अर्जित समग्र आय पूर्ण पुन:प्रत्यावर्तन लाभ के लिए पात्र होगी । जहां ऐसे मामलों में अनिवासी साधारण खाते में जमा किये जाने के लिए भारतीय यूनिट ट्रस्ट रुपयों में अदायगी करेगा, वहीं निवेशकों को सूचित किया जाता है कि यदि वे यूनिटों पर अर्जित आय को प्रेषित करना चाहते हों तो कृपया अपने बैंकों/ कर परामर्शदाताओं से संपर्क करें ।	
यूनिटों की बिक्री VI (4) (i)	आवेदन 500 यूनिटों के न्यूनतम निवेश से कम के लिए प्राप्त हो ।	आवेदन प्रति फोलियो आरंभिक निवेश और उसके बाद के निवेशों के संबंध में क्रमश: रु.5000/- और रु.1000/- के न्यूनतम निवेश से कम के लिए प्राप्त हो ।
यूनिटों की बिक्री VI (6)	कोई प्रावधान मौजूद नहीं है ।	सदस्यों द्वारा नामांकन (क) नामांकन की सुविधा अकेले या संयुक्त रूप से दो तक आवेदन करने वाले व्यक्तियों के लिए ही उपलब्ध है । (ख) सिर्फ एक व्यक्ति को नामांकित किया जा सकता है । (ग) अनिवासी अवयस्क सहित अवयस्कों को नामांकित किया जा सकता है। (घ) अनिवासी भारतीयों का नामांकन समय-समय पर भारतीय रिज़र्व बैंक

		द्वारा निर्धारित अपेक्षाओं की शर्त पर है । (ङ) निवेश चालू रहने के दौरान कभी भी नामांकन को बदला जा सकता है । (च) अवयस्क के माता-पिता या विधिक अभिभावक, हिन्दू अविभक्त परिवार, फर्म, समिति, पात्र संस्था, बैंक, कंपनी और वित्तीय संस्था के रूप में आवेदन करने वाले आवेदकों को नामांकन करने का कोई अधिकार नहीं है । (छ) अन्य प्रावधान विनियमों में किये गये प्रावधानों के अनुसार होंगे । (ज) भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 की धारा 39क के अंतर्गत सदस्य को सांविधिक नामांकन की सुविधा उपलब्ध है तदनुसार, जहां भारतीय यूनिट ट्रस्ट सामान्य विनियमावली, 1964 के अनुसार किसी यूनिट के संबंध में नामांकन किया गया हो, वहां सदस्य(यों) की मृत्यु हो जाने पर यूनिट नामिती में निहित होगा तथा नामिती को इस प्रकार निहित यूनिट के संबंध में लेखा-विवरण जारी किया जाएगा, जो विनियमावली में किये गये प्रावधानों के अनुसार ऐसे यूनिटों के प्रति एवं उनके संबंध में किसी अन्य व्यक्ति के किसी अधिकार, हक़, दावे या अन्य हित की शर्त पर तथा ऐसे यूनिटों पर किसी भार या अवभार की शर्त पर होगा । उक्त

		प्रकार से ट्रस्ट द्वारा किये गये पारेषण (Transmission) से उक्त यूनिटों के संबंध में ट्रस्ट सभी देयता से पूर्णत: मुक्त हो जाएगा ।
यूनिटों की पुनर्खरीद VII (1) का तीसरा पैरा	सम्यक् रूप से उन्मोचित यूनिट प्रमाणपत्र प्राप्त होने पर पुनर्खराद किया जाएगा ।आंशिक पुनर्खरीद की अनुमति इस शर्त पर होगी कि यूनिटधारक प्रति फोलियो न्यूनतम 500 यूनिट शेष रखें ।	नवीनतम लेखा-विवरण या सम्यक् रूप से उन्मोचित यूनिट प्रमाणपत्र, जैसी भी स्थिति हो, प्राप्त होने पर पुनर्खराद किया जाएगा । आंशिक पुनर्खरीद की अनुमति इस शर्त पर होगी कि सदस्य प्रति फोलियो न्यूनतम रु.5000, जिसकी गणना पुनर्खरीद आवेदन की स्वीकृति की तारीख को लागू पुनर्खरीद मूल्य पर की जाएगी, की शेषराशि रखें ।
यूनिटों की पुनर्खरीद VII (3)	अनिवासी निवेशकों के मामले में, पुनर्खरीद की आगमराशियां निवेश संबंधी स्रोत पर निर्भर रहते हुए निम्नानुसार प्रेषित की जाएंगी : (1) जब विदेश से प्रेषित विदेशी मुद्रा से / यूनिटधारक की एफ सी एन आर जमाराशियों से जारी चेक / ड्राफ्ट से या यूनिटधारक के भारत स्थित अनिवासी (बाह्य) खाते में रखी गयी निधियों से यूनिटों की खरीद की गयी हो, तो यूनिटधारक को आगमराशियां विदेशी मुद्रा में प्रेषित की जा सकती हैं (विनिमय दर में हुई घटबढ़ का वहन यूनिटधारक करेगा) अथवा यूनिटधारक के अनिवासी (बाह्य) खाते में जमा किये जाने के लिए भारत में स्थित यूनिटधारक के रिश्तेदार के पास भेजा जा सकता है बशर्ते वह विदेश में निवासी बना रहे । यदि यूनिटधारक चाहे तो इसे उसके	अनिवासी निवेशकों के मामले में, पुनर्खरीद की आगमराशियां निवेश संबंधी स्रोत पर निर्भर रहते हुए निम्नानुसार प्रेषित की जाएंगी :- क) जब विदेश से प्रेषित विदेशी मुद्रा से अथवा सदस्य की एफ सी एन आर जमाराशियों से अथवा सदस्य के भारत स्थित बैंक के अनिवासी (बाह्य) खाते में रखी गयी निधियों से यूनिटों की खरीद की गयी हो, तो सदस्य को आगमराशियां विदेशी मुद्रा में प्रेषित की जा सकती हैं अथवा उसे अनिवासी (बाह्य) या अनिवासी साधारण खाते में जमा किया जा सकता है अथवा भारत में उसके रिश्तेदार को अदा किया जा सकता है । ख) जब आवेदक के भारत में निवासी रहने के दौरान अथवा सदस्य के अनिवासी साधारण खाते में रखी गयी

	अनिवासी (साधारण) खाते में जमा किये जाने के लिए भी भेजा जा सकता है । (ii) जब यूनिटधारक के अनिवासी (साधारण) खाते में रखी गयी निधियों से यूनिटों की खरीद की गयी हो, तो आगमराशियां यूनिटधारक के अनिवासी साधारण खाते में जमा किये जाने के लिए भारत में यूनिटधारक के रिश्तेदार के पास भेज दी जाएंगी ।	निधियों से यूनिटों की खरीद की गयी हो, तो पुनर्खरीद राशियां या तो निवेशक के अनिवासी साधारण खाते में जमा किये जाने के लिए भारत में उसके बैंकर के पास प्रेषित की जा सकती हैं, अथवा उसे भारत में निवेशक के रिश्तेदार के पास भेजा जा सकता है ।
यूनिटों की पुनर्खरीद VII (4)	कोई प्रावधान मौजूद नहीं है ।	विदेशी संस्थागत निवेशकों के मामले में, पुनर्खरीद संबंधी आगमराशियां उनके विशेष अनिवासी रुपया खाते में जमा की जाएंगी या उसे सेबी/भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी किये गये अनुदेशों के अनुसार प्रेषित किया जाएगा ।
यूनिटों की पुनर्खरीद VII (5)	यूनिटों की वापस-खरीद: योजना के प्रावधानों में किसी प्रतिकूल बात के होते हुए भी; (क) यूनिटों का भाव उसके एन ए वी के 10% या उससे भी कम पर उद्धृत होने पर ट्रस्ट बाजार से प्रचलित दर पर योजना के अंतर्गत आने वाले यूनिटों की वापस-खरीद कर सकता है । (ख) एक समग्र सीमा के तौर पर ट्रस्ट किसी वित्तीय वर्ष में योजना के अंतर्गत जारी यूनिट पूंजी के 25% तक की वापस-खरीद कर सकता है । वापस-खरीद किये गये यूनिटों का मोचन कर लिया जाएगा ।	यूनिटों की वापस-खरीद: योजना के प्रावधानों में किसी प्रतिकूल बात के होते हुए भी जब तक यूनिट पूंजी का कोई भाग किसी शेयर बाजार में सूचीबद्ध रहता है; (क) यूनिटों का भाव उसके एन ए वी के 10% या उससे भी कम पर उद्धृत होने पर ट्रस्ट बाजार से प्रचलित दर पर ऐसे यूनिटों की वापस-खरीद कर सकता है । (ख) एक समग्र सीमा के तौर पर ट्रस्ट किसी वित्तीय वर्ष में योजना के अंतर्गत जारी ऐसी यूनिट पूंजी के

	स्पष्टीकरण: 1) "बाजार" से कोई भी मान्यताप्राप्त शेयर बाजार अभिप्रेत है, जिसमें योजना के अंतर्गत आने वाले यूनिट सूचीबद्ध किये गये हों । 2) "प्रचलित भाव" से ट्रस्ट के द्वारा यूनिटों की वापस-खरीद करते समय मान्यताप्राप्त शेयर बाजारों में प्रचलित यूनिटों का बाजार भाव अभिप्रेत है ।	25% तक की वापस-खरीद कर सकता है । वापस-खरीद किये गये यूनिटों को निर्वापित (extinguish) कर दिया जाएगा । *स्पष्टीकरण* (i) "बाजार" से कोई भी मान्यताप्राप्त शेयर बाजार अभिप्रेत है, जिसमें योजना के अंतर्गत आने वाले यूनिट सूचीबद्ध किये गये हों । (ii) "प्रचलित भाव" से ट्रस्ट के द्वारा यूनिटों की वापस-खरीद करते समय मान्यताप्राप्त शेयर बाजारों में प्रचलित यूनिटों का बाजार भाव अभिप्रेत है ।
	कोई प्रावधान मौजूद नहीं है ।	VII (6) स्विचओवर (Switchover) (i) योजना के अंतर्गत सदस्यों को इस योजना से ऐसी अन्य योजनाओं में या अन्य योजनाओं से इस योजना में अपने निवेश के स्विचओवर की अनुमति होगी । ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर ऐसी अनुमति दी जा सकती है । ऐसी स्थिति में वे अपना नवीनतम लेखा-विवरण / सम्यक् रूप से हस्ताक्षरित यूनिट प्रमाणपत्र, जैसी स्थिति हो, प्रस्तुत कर स्विचओवर के लिए आवेदन कर सकते हैं । (ii) स्विचओवर एन ए वी या एन ए वी पर आधारित मूल्य पर प्रभावी होगा, जिसका निर्णय ट्रस्ट द्वारा किया जाएगा । (iii) इस योजना से ऐसी अन्य योजनाओं में या अन्य योजनाओं से इस योजना में ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर घोषित आंशिक स्विचओवर में दोनों योजनाओं के अंतर्गत न्यूनतम सीमा

		तक निवेश रखने की शर्त पूरी होनी चाहिए। यूनिट प्रमाणपत्र, यदि कोई हो, ट्रस्ट द्वारा रद्द किये जाने के लिए रख लिया जाएगा तथा सदस्य को दोनों योजनाओं के लिए नये लेखा-विवरण जारी किये जाएंगे। (iv) आय कर अधिनियम, 1961 की धारा 54 ईए/54 ईबी का लाभ प्राप्त करने के प्रयोजन के लिए योजना में किये गये निवेश का स्विचओवर क्रमश: 3 और 7 वर्ष की लॉक-इन अवधि की समाप्ति के पूर्व करने की अनुमति नहीं होगी।
VIII. आय और वितरण	(क) योजना के अंतर्गत प्राप्त आय तथा उसके अंतर्गत हुए व्यय पर निर्भर रहते हुए ट्रस्ट योजना के अंतर्गत आय वितरित कर या नहीं कर सकता है। (ख) ट्रस्ट आवश्यक समझे गये अनुसार आय वितरण कर सकता है तथा वह वितरित न की गयी आय में से उचित समझी गयी राशि एक या अधिक प्रारक्षित निधियों में अंतरित कर सकता है। जिन प्रारक्षित निधियों को किसी विशिष्ट प्रयोजन के लिए उपयोग हेतु निश्चित न किया गया हो, उनका उपयोग यूनिटधारकों के लाभ के लिए ही किया जाएगा।. (ग) प्रत्येक वर्ष 30 जून को योजना की वार्षिक लेखाबंदी के बाद यथाशीघ्र यूनिटधारकों को आय वितरण किया जाएगा। (घ) जिन यूनिटधारकों के नाम	आय का वितरण (क) यद्यपि योजना का उद्देश्य वृद्धि है, तथापि समय-समय पर योजना के तहत आय वितरित किया जा सकता है। (ख) जिन सदस्यों के नाम योजना द्वारा आय वितरण की घोषणा के पूर्व बहियों की लेखाबंदी के समय सदस्यों के रजिस्टर में शामिल हों, वे योजना के अंतर्गत इस प्रकार वितरित आय प्राप्त करने के हकदार होंगे। (ग) योजना द्वारा वितरित आय ईसीएस, जहां-कहीं ऐसी सुविधा उपलब्ध हो, के माध्यम से अथवा बैंक/बैंकों के साथ पूर्व-अदायगी व्यवस्थाओं के तहत ट्रस्ट द्वारा विनिर्दिष्ट बैंक/बैंकों की शाखाओं में भुगतान-योग्य चेक या वारंट द्वारा अदा की जाएगी। (घ) आय वितरण की घोषणा के मामले में, आय वितरण वारंट आय

	योजना द्वारा आय वितरण की घोषणा के पूर्व बहियों की लेखाबंदी के समय यूनिटधारकों के रजिस्टर में शामिल हों, वे इस प्रकार वितरित आय प्राप्त करने और रखने के हकदार होंगे । (ङ) यदि यूनिटधारक ने आय वितरण की घोषणा के पहले यूनिट अंतरित कर दिये हों तथा अंतरण प्रभावी न हुआ हो, तो अंतरिती बाद में तब तक आय वितरण का हकदार नहीं होगा जब तक अंतरिती आय वितरण की घोषणा के पहले लेखाबंदी के 30 दिन पूर्व रजिस्ट्रार के पास अंतरण दस्तावेज़ प्रस्तुत न कर दे । (च) वितरित आय की अदायगी मास्टरप्लस स्कीम द्वारा उपयुक्त अदायगी सुविधाओं वाले बैंकरों पर आहरित चेक या वारंट के माध्यम से की जाएगी । (छ) यूनिटधारक के लिए यह विधिपूर्ण होगा कि वह जिन यूनिटों का धारक है उनके संबंध में योजना द्वारा घोषित और वितरित आय प्राप्त करे भले ही उसने प्रतिफल के लिए उन यूनिटों को पहले ही अंतरित कर दिया हो जब तक कि अंतरणकर्ता से आय का दावा करने वाला अंतरिती आय देय होने की तारीख से 15 दिनों के भीतर अंतरण संबंधी अन्य सभी दस्तावेज़ों के साथ प्रमाणपत्र प्रस्तुत न कर दे । लाभांश घोषित किये जाने की स्थिति में, आय वितरण वारंट लाभांश	वितरण की घोषणा की तारीख से 42 दिनों के भीतर भेज दिया जाएगा । (ङ)वितरित आय का पुनर्निवेश : सदस्य योजना द्वारा घोषित आय, यदि कोई हो, का पुनर्निवेश और अधिक यूनिटों में करने का विकल्प चुन सकते हैं । ऐसा विकल्प चुनने पर उसके द्वारा धारित यूनिटों पर अर्जित समग्र आय; कर, यदि कोई हो, की कटौती कर; इसमें इसके ऊपर खण्ड VIII (ग) में उल्लिखित रूप में सदस्य को अदा करने के बजाय उसका पुनर्निवेश एन ए वी पर योजना के और यूनिटों में कर दिया जाएगा और उसे उसके फोलियो में जमा कर दिया जाएगा । इस प्रकार राशि जमा किये जाने पर एक नया लेखा-विवरण जारी किया जाएगा । च) निवेशकों के बैंक संबंधी ब्यौरे तथा इलेक्ट्रॉनिक समाशोधन सेवा : 1) आय वितरण वारंट/ पुनर्खरीद चेक/ परिपक्वता चेक के कपटपूर्ण नकदीकरण को टालने के लिए सेबी ने निवेशकों के लिए यह अधिदेशात्मक कर दिया है कि वे अपने हित में आवेदन फार्म में उपयुक्त स्थान पर बैंक संबंधी ब्यौरे दें । बैंक के ब्यौरों से रहित आवेदन रद्द कर दिये जाएंगे । तदनुसार, नीचे मद (ii) में दिये गये ग्यारह शहरों से बाहर रहने वाले आवेदकों से अनुरोध है कि वे आवेदन फार्म में उपयुक्त स्थान पर तथा रिकॉर्ड

	को घोषणा की तारीख से 42 दिनों के भीतर प्रेषित कर दिये जाएंगे। (ज) निक्षेपागार (डिपोजिटरी) के रूप में यूनिट रखने वाले यूनिटधारकों को समय-समय पर बनाये गये नियमों / विनियमों के अनुसार आय वितरित किया जाएगा।	के लिए पावती वाले अंश पर अपने बैंक खाते के पूरे ब्यौरे (अर्थात् खाते का स्वरूप, खाता क्रमांक तथा बैंक का नाम) प्रस्तुत करें। ऐसी स्थिति में आय वितरण वारंट /पुनर्खरीद चेक इस प्रकार विनिर्दिष्ट सदस्य के खाते में जमा किये जाने के लिए बैंक के ब्यौरों सहित सदस्य के नाम में बनाये जाएंगे और उन्हें प्रेषित किये जाएंगे। ii) वर्तमान में मुम्बई/ कलकत्ता/ चेन्नई/ नई दिल्ली/ अहमदाबाद/ बड़ौदा/ पुणे/ भुवनेश्वर/ बंगलोर/ हैदराबाद/ जयपुर (बाद में अनेक केन्द्र जोड़े/ हटाये जा सकते हैं) से निवेशकों को ईसीएस की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है ताकि संबंधित केन्द्रों में उनके बैंक खातों में राशि सीधे जमा की जा सके बशर्ते एक लिखत की राशि रु.5,00,000/- से अधिक न हो। निवेशक को एक विवरण दिया जाएगा, जिसमें उसके बैंक खाते में जमा की गयी राशि के ब्यौरे होंगे। iii) निवेशक के बैंक की शाखा उसके खाते में राशि जमा करेगी तथा जमा की गयी प्रविष्टि को बैंक खाते के पासबुक/ विवरण में "ईसीएस" के नाम से दर्शाया जाएगा।आवेदक से अनुरोध है कि वह आवेदन फार्म में ये ब्यौरे भरें - अपने बैंक का नाम और पता, खाते का स्वरूप और उसका क्रमांक, 9 अंकों का बैंक एवं शाखा (माइकर कोड क्रमांक आदि।

		iv) उक्त शहरों से निवेशकों की पर्याप्त संख्या न होने पर अथवा अन्य किसी कारण से ट्रस्ट "ईसीएस" के माध्यम से आय अदा करने के बजाय बैंक खाते संबंधी ब्यौरों से युक्त आय वारंट जारी करके आय की अदायगी कर सकता है । छ) <u>अनिवासी भारतीय/ विदेशी निगमित निकायों के निवेशकों को आय का वितरण</u> अनिवासी भारतीय/ विदेशी निगमित निकायों के निवेशकों को आय का वितरण विदेशी मुद्रा नियंत्रण संबंधी विनियमों के अनुसार किया जाएगा । आय की अदायगी संबंधी वर्तमान स्थिति निम्नानुसार है: i) वारंट सदस्य के नाम में जारी कर भारत में रहने वाले उसके रिश्तेदार के पास भेजा जा सकता है ताकि उसे सदस्य के अनिवासी बाह्य / अनिवासी साधारण खाते में, जैसी स्थिति हो, जमा किया जा सके । अथवा ii)भारत में रहने वाले रिश्तेदार के नाम में वारंट जारी कर उसके खाते में जमा किये जाने के लिए उसके पास भेजा जा सकता है । ज) मुम्बई में अपना बैंक खाता रखने वाले अनिवासी भारतीय निवेशकों को भी ईसीएस की सुविधा उपलब्ध है । जो

		अनिवासी भारतीय निवेशक अपने निवासी रिश्तेदार के खाते में आय वितरण की राशि जमा कराना चाहते हों, उन्हें उपखण्ड VIII(च) (ii) में दर्शाये गये स्थानों पर ईसीएस की सुविधा प्रदान की जा सकती है । झ) विदेशी संस्थागत निवेशकों के मामले में, आय वितरण की राशि विशेष अनिवासी रुपया खाते में अथवा समय-समय पर सेबी / भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी अनुदेशों के अनुसार जमा की जाएगी ।
निवेश के उद्देश्य IX (1)	निम्नलिखित को "निवेश के उद्देश्य" से हटा लिया जाएगा तथा तत्संबंधी नवीनतम प्रावधानों को "निवेश संबंधी नीतियां" के तहत उपयुक्त रूप से शामिल किया जाएगा । व्युत्पन्न लिखतों में लेन-देन, जब कभी उसकी अनुमति दी जाएगी, इस संबंध में सेबी द्वारा जारी किये जाने वाले प्रस्तावित दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाएगा ।सेबी एवं भारत सरकार से प्राधिकार मिलने की शर्त पर भारतीय यूनिट ट्रस्ट, उपयुक्त परिस्थितियों में, निवेश संबंधी नीति, बचाव या जोखिम को न्यूनतम करने के प्रयोजन पूरे करने के लिए प्रयोज्य विनियमों एवं प्रतिपक्षी जोखिम के आकलन की शर्त पर फ्यूचर्स एण्ड ऑप्शन्स और अन्य व्युत्पन्न लिखतों जैसी तकनीकों एवं साधनों का उपयोग, भारतीय बाजार में उनकी अनुमति मिलने पर, कर सकता है । इसके अलावा, प्रयोज्य विनियमों एवं	निवेश संबंधी नीतियां अपेक्षित प्राधिकार मिलने की शर्त पर, भारतीय यूनिट ट्रस्ट, उपयुक्त परिस्थितियों में, योजना की निवेश संबंधी नीति, बचाव या जोखिम को न्यूनतम करने के प्रयोजन पूरे करने के लिए सेबी द्वारा समय-समय पर किये गये निर्धारणों के अनुसार प्रयोज्य विनियमों एवं प्रतिपक्षी जोखिम के आकलन की शर्त पर फ्यूचर्स एण्ड ऑप्शन्स और अन्य व्युत्पन्न लिखतों जैसी तकनीकों एवं साधनों का उपयोग कर सकता है । (iv)(क) योजना समय-समय पर सेबी द्वारा घोषित प्रतिभूति उधार योजना के अनुसार स्टॉक लेंडिंग कार्यक्रम में भाग ले सकती है । यह कार्य अनुमोदित मध्यस्थ के जरिये किया जाएगा ।

	प्रतिपक्षी जोखिम के आकलन की शर्त पर, योजना द्वारा स्टॉक उधार लिये या दिये जा सकते हैं । *स्टॉक लेंडिंग* :- योजना समय-समय पर सेबी की प्रतिभूति उधार योजना के अनुसार अस्थायी अवधि के लिए ऐसी प्रतिभूतियां उधार दे सकती है जिनमें उसने निवेश किया हो । *विदेशी निवेश* :- योजना समुद्रपारीय/ विदेशी कंपनियों द्वारा जारी एवं विदेश में सूचीबद्ध प्रतिभूतियों में अथवा भारतीय कंपनियों द्वारा विदेशी/ समुद्रपारीय निवेशकों को जारी एवं विदेशी शेयर बाजारों में सूचीबद्ध प्रतिभूतियों में समय-समय पर जारी सेबी के दिशा-निर्देशों के अनुसार ऐसे निर्गमों में सीधे अभिदान करके अथवा विदेशी शेयर बाजारों में उनकी खरीद करके निवेश कर सकती है ।	(ख) किसी भी समय पर स्टॉक-लेंडिंग के प्रति योजना का अधिकतम एक्सपोज़र योजना के ईक्विटी पोर्टफोलियो के बाजार मूल्य के 10% अथवा सेबी द्वारा निर्दिष्ट सीमा तक होगा । (ग) यदि म्युच्युअल फंडों और ट्रस्ट को स्टॉक उधार लेने की अनुमति दी जाए तो योजना उपयुक्त परिस्थितियों में इस संबंध में सेबी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार स्टॉक उधार ले सकती है । (घ)योजना समुद्रपारीय/ विदेशी कंपनियों द्वारा जारी एवं विदेश में सूचीबद्ध प्रतिभूतियों में अथवा भारतीय कंपनियों द्वारा विदेशी/ समुद्रपारीय निवेशकों को जारी एवं विदेशी शेयर बाजारों में सूचीबद्ध प्रतिभूतियों में समय-समय पर इस संबंध में सेबी / भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किये गये दिशा-निर्देशों के अनुसार ऐसे निर्गमों में सीधे अभिदान करके अथवा विदेशी शेयर बाजारों में उनकी खरीद करके निवेश कर सकती है ।
मौलिक विशिष्टताएं IX 2 का अंतिम पैराग्राफ	योजना की मौलिक विशिष्टताओं में कोई भी परिवर्तन कम-से-कम तीन चौथाई यूनिटधारकों की सहमति से ही किया जाएगा। साथ ही मौलिक विशिष्टताओं में परिवर्तन किये जाने की स्थिति में, सहमति न देने वालों को योजना में अपनी धारिताओं के मोचन की अनुमति होगी । बोर्ड समय-समय पर इस योजना में परिवर्धन या अन्यथा	योजना की मौलिक विशिष्टताओं में कोई भी परिवर्तन तभी किया जाएगा यदि : (i) वर्तमान सदस्यों को अलग-अलग पत्र द्वारा सूचित किया जाए तथा (ii) पूरे भारत में परिचालित एक दैनिक अंग्रेजी समाचार पत्र और एक मराठी समाचार पत्र में एक विज्ञापन

	संशोधन कर सकता है और उसमें किया गया कोई भी संशोधन / परिवर्धन शासकीय राजपत्र में अधिसूचित किया जाएगा। किसी संशोधन की स्थिति में सेबी से पूर्वानुमोदन लिया जाएगा।	दिया जाए। (iii) सदस्यों को वर्तमान एन ए वी पर बिना किसी निकासी भार (एग्ज़िट लोड) के योजना से बाहर जाने का विकल्प दिया जाए। बोर्ड समय-समय पर इस योजना में परिवर्धन या अन्यथा संशोधन कर सकता है और उसमें किया गया कोई भी संशोधन / परिवर्धन भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 के अनुसार शासकीय राजपत्र में अधिसूचित किया जाएगा। योजना की मौलिक विशिष्टताओं में कोई भी परिवर्तन / संशोधन / आशोधन सेबी के पूर्वानुमोदन से किया जाएगा। अन्य परिवर्तनों / संशोधनों / आशोधनों के संबंध में, जो मौलिक स्वरूप की न हों तथा जिनका निवेशक के हित पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़ रहा हो, सेबी को सूचित किया जाएगा।
निवेश संबंधी नीतियां IX (3) (vii)	कोई प्रावधान मौजूद नहीं है।	योजना द्वारा किसी कंपनी के ईक्विटी शेयरों अथवा ईक्विटी से सम्बद्ध लिखतों में उसके एन ए वी के 10% से अधिक राशि का निवेश नहीं किया जाएगा।
इस योजना से संबंधित आस्तियों का मूल्यांकन XII (2)	वर्तमान प्रावधानों को अनुबंध III की मद 2 के अंतर्गत दिये गये प्रावधानों द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है।	अनुबंध III की मद 2 देखें।
लेखांकन संबंधी	वर्तमान प्रावधानों को अनुबंध III की मद 3 के अंतर्गत दिये गये प्रावधानों	अनुबंध III की मद 3 देखें।

नीतियां XIII.	द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है ।	
निवेशों पर लागू कर प्रावधान XIV	वर्तमान प्रावधानों को अनुबंध III की मद 4 के अंतर्गत दिये गये प्रावधानों द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है ।	अनुबंध III की मद 4 देखें ।
निवेशकों के अधिकार और सेवाएं XV	कोई प्रावधान मौजूद नहीं है ।	सातवीं मद. योजना की मौलिक विशिष्टताओं में कोई परिवर्तन करते समय निवेशकों को एन ए वी पर अपने यूनिट बेचने की अनुमति देने के अलावा उन्हें अलग-अलग पत्र भेजकर भी सूचित किया जाएगा । वर्तमान मद सं. 7 और 8 को नया क्रमांक 8 और 9 दिया गया है ।
भारतीय यूनिट ट्रस्ट का गठन और प्रबंधन XVI.	अनुबंध III की मद 5 और 6 के अनुसार आंकड़े अद्यतन किये गये ।	अनुबंध III की मद 5 और 6 देखें ।
योजना के लिए अन्य सेवा-प्रदाता XVII.	अनुबंध III की क्रमशः मद 7 और 8 के अनुसार अभिरक्षकों एवं लेखापरीक्षकों संबंधी आंकड़े अद्यतन किये गये ।	अनुबंध III की मद 7 और 8 देखें ।
निवेशकों की शिकायतों का निपटान XVIII	अनुबंध III की मद 9 के अनुसार आंकड़े अद्यतन किये गये ।	अनुबंध III की मद 9 देखें ।
दण्ड, लंबित मुकदमे, निरीक्षणों / अन्वेषणों	2. न्यासी मंडल अथवा किसी न्यासी अथवा प्रमुख कार्मिक सहित भारतीय यूनिट ट्रस्ट के कारोबार संबंधी किसी उल्लेखनीय मुकदमे की कार्यवाही लंबित नहीं है ।	2. न्यासी मंडल अथवा किसी न्यासी अथवा प्रमुख कार्मिक सहित भारतीय यूनिट ट्रस्ट के कारोबार संबंधी किसी उल्लेखनीय मुकदमे की कार्यवाही लंबित नहीं है । भारतीय यूनिट ट्रस्ट,

के प्रमुख निष्कर्ष XIX (2)		न्यासी मंडल अथवा किसी न्यासी अथवा प्रमुख कार्मिक के विरुद्ध कोई आपराधिक मामला लंबित नहीं है । 3. न तो सेबी ने, न ही किसी अन्य विनियामक एजेंसी ने विशिष्ट रूप से यह सूचित किया है कि भारतीय यूनिट ट्रस्ट की पद्धतियों एवं परिचालनों में मौजूद किसी कमी को पेशकश दस्तावेज़ में प्रकट किया जाना है । वर्तमान मद 3 को नया क्रमांक 4 दिया गया है ।
अन्य आंकड़े	संघनित वित्तीय सूचना, बीएसई सेंसेक्स की तुलना में निधि का कार्य-निष्पादन, तथा संविभागवार प्रकटीकरण को अद्यतन किया गया है ।	

अनुबंध II

मास्टरशेयर प्लस - समाप्त किये जाने वाले प्रावधान

खण्ड सं.	वर्तमान प्रावधान	टिप्पणियां
प्रमुख बातें सातवीं मद	प्रमुख शेयर बाजारों में सूची-बद्धता।	समाप्त किया गया क्योंकि यूनिट सूची-बद्ध नहीं किये जाएंगे।
परिभाषाएं II (ङ)	'आवेदन' से सभी आवेदकों को यूनिटों की पेशकश के लिए निर्धारित ऐसा आवेदन-पत्र अभिप्रेत है, जिसमें निवेश करने वाली जनता के लिए योजना के अंतर्गत यूनिटों में अभिदान के प्रयोजन के लिए शर्तें निहित होती हैं।	समाप्त किया गया।
परिभाषाएं II (च)	'आवंटन' से इस प्रयोजन के लिए ट्रस्ट द्वारा निर्धारित रूप में वैध आवेदन के प्रति यूनिटों का आवंटन अभिप्रेत है।स्वीकृति की तारीख ही 'आवंटन की तारीख' होगी।	समाप्त किया गया।
परिभाषाएं II (ट)	'मास्टरशेयर प्लस' से इसमें इसके बाद यथापरिभाषित यूनिट और इसमें इसके बाद यथापरिभाषित 'मास्टरशेयर प्लस यूनिट स्कीम' अथवा 'मास्टर प्लस' की पूंजी में आवंटित शेयर या यूनिट अभिप्रेत हैं।	समाप्त किया गया क्योंकि मास्टरप्लस नाम की परिभाषा मद 2 (1).के अंतर्गत पहले ही दी गयी है।
यूनिट और पेशकश IV (5) (I)	(ञ) अन्य कंपनी या निगमित निकाय के साथ एक कंपनी या अन्य निगमित निकाय अथवा एक व्यक्ति या कई व्यक्ति, जिनमें से कोई भी अवयस्क न हो।	समाप्त किया गया क्योंकि ऐसी धारिता की अनुमति अंतरण पर ही दी जाती है।
यूनिटों की बिक्री VI (2) (i) का दूसरा और तीसरा पैरा	तथापि, जहां ट्रस्ट का शाखा कार्यालय / वसूली केन्द्र / फ्रांचाइज कार्यालय हो उससे इतर स्थान से आवेदन करने वाले आवेदक भारतीय बैंक संघ के दिशा-निर्देशों के अनुसार बैंक ड्राफ्ट के लिए देय प्रभारों की कटौती कर बैंक ड्राफ्ट के साथ ट्रस्ट के शाखा कार्यालय को आवेदन भेजकर आवेदन कर सकते हैं। वसूली केन्द्रों / फ्रांचाइज कार्यालयों को	समाप्त किया गया क्योंकि ड्राफ्ट के प्रभारों का वहन निवेशक द्वारा किया जाएगा।

	इस बात के लिए प्राधिकृत किया गया है कि वे स्थानीय तौर पर देय चेक के साथ अथवा जहां यूटीआई की संबंधित शाखा स्थित हो उस स्थान पर देय डिमांड ड्राफ्ट, जिस स्थिति में आवेदक भारतीय बैंक संघ के दिशा-निर्देशों के अनुसार देय प्रभारों की कटौती कर सकता है, के साथ आवेदन स्वीकार कर सकते हैं, अर्थात् यदि आवेदन की राशि रु.10,000/- है, तो इस राशि के लिए बैंक ड्राफ्ट प्रभार रु.20/- है। इस प्रकार रु.9,980/- (अर्थात् रु.10,000 में से रु.20/- काटकर) ड्राफ्ट तैयार करवाया जा सकता है। ड्राफ्ट कमीशन प्रभार योजना के व्यय का एक हिस्सा होगा। तथापि, जहां ट्रस्ट का अपना शाखा कार्यालय / वसूली केन्द्र / फ्रांचाइज कार्यालय हो, वहां स्थानीय बैंक पर आहरित ड्राफ्ट के साथ आवेदन प्राप्त होने पर बैंक ड्राफ्ट कमीशन का वहन निवेशक को करना होगा।	
यूनिटों की बिक्री खण्ड VI (2) (ii) का अंतिम वाक्य	यदि आवेदित यूनिटों के लिए अदा की गयी राशि आवेदित यूनिटों के लिए देय राशि को कवर करने के लिए पर्याप्त नहीं हो, तो आवेदक को 100 यूनिटों के गुणजों में (कम-से-कम 500 यूनिट की शर्त पर) कम संख्या में उतने यूनिट जारी किये जाएंगे जितने योजना के अंतर्गत जारी किये जा सकते हों तथा उसे देय शेष-राशि उसकी लागत पर ट्रस्ट द्वारा उपयुक्त समझे गये तरीके से वापस कर दी जाएगी।	समाप्त किया गया क्योंकि यूनिटों का आवंटन दशमलव के तीन अंकों तक किया जाएगा।
यूनिटों की बिक्री खण्ड VI (4) का तीसरा अंतिम वाक्य	यदि आवेदित यूनिटों के लिए अदा की गयी राशि आवेदित यूनिटों के लिए देय राशि को कवर करने के लिए पर्याप्त नहीं हो, तो आवेदक को 100 यूनिटों के गुणजों में (कम-से-कम 500 यूनिट की शर्त पर) कम संख्या में उतने यूनिट जारी किये जाएंगे जितने योजना के अंतर्गत जारी किये जा सकते हों तथा उसे देय शेष-राशि उसकी लागत पर	समाप्त किया गया क्योंकि यूनिटों का आवंटन दशमलव के तीन अंकों तक किया जाएगा।

	ट्रस्ट द्वारा उपयुक्त समझे गये तरीके से वापस कर दी जाएगी ।	
यूनिटों की पुनर्खरीद खण्ड VII (5)		समाप्त किया गया क्योंकि यूनिट सूची-बद्ध नहीं किये जाएंगे ।
निवेश संबंधी उद्देश्य, नीतियां और स्टॉक-लेंडिंग IX (5)	तथापि, निवेश संबंधी नीतियों के खण्ड IX(3), XII (1) और XII (2) में निहित किसी बात के होते हुए भी *एन ए वी* की गणना, आस्तियों का मूल्यांकन, पुनर्खरीद मूल्य एवं प्रकटीकरण की बारंबारता सेबी (म्युच्युअल फंड) विनियमावली / दिशा-निर्देशों / समय-समय पर सेबी द्वारा जारी किये गये निदेशों के अनुसार होगी ।	मद को समाप्त किया गया । संशोधित मद को अनुबंध I में 'इस योजना से संबंधित आस्तियों का मूल्यांकन' के अंतर्गत शामिल किया गया ।
सहयोगी लेनदेन तथा उधार XI (1)	योजना द्वारा ट्रस्ट की किसी दूसरी योजना / प्लान में अथवा किसी अन्य म्युच्युअल फंड में कोई शुल्क लगाये बिना निवेश किया जा सकता है, बशर्ते ट्रस्ट की सभी योजनाओं द्वारा किया गया कुल अंतर-योजना निवेश अथवा किसी अन्य आस्ति प्रबंधन कंपनी के प्रबंधन के अंतर्गत आने वाली योजनाओं में किया गया निवेश ट्रस्ट के निवल आस्ति मूल्य के 5% से अधिक नहीं हो ।.	समाप्त किया गया क्योंकि यूटीआई की एक योजना यूटीआई की दूसरी योजना में निवेश नहीं कर सकती ।

अनुबंध III

मास्टर शेयर प्लस

क्र.सं.	'मानक पेशकश दस्तावेज़' द्वारा अपेक्षित अंतर्वेश

1. **IX (4)**
   ट्रस्ट की योजनाओं में कंपनियों का निवेश एवं इन कंपनियों में ट्रस्ट का निवेश दर्शाने वाली सारणी नवीनतम उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार।

2. <u>XII(2)- इस योजना की आस्तियों का मूल्यांकन</u>

   (क) अवरुद्ध अवधि के अधीन वाले निवेशों, यदि कोई हो, सहित उद्धृत निवेशों परंतु सरकारी प्रतिभूतियों को छोड़कर, का मूल्यांकन, मूल्यांकन की तारीख को बाजार में बंद मूल्य पर और उसकी अनुपस्थिति पर मूल्यांकन की तारीख से साठ दिन पूर्व की अवधि में बिल्कुल हाल ही की उपलब्ध दर पर किया जाता है। यदि मूल्यांकन की तारीख से साठ दिन पूर्व की अवधि हेतु, कोई भाव उपलब्ध नहीं है तो उसे अनोद्धृत निवेश माना जाता है।

   (ख) उद्धृत सरकारी प्रतिभूतियां मूल्यांकन तिथि को अंतिम एनएसई बाजार दर पर मूल्यांकित की जाती हैं और इसकी अनुपस्थिति पर मूल्यांकन तिथि से पूर्व 7 दिनों के अंदर उपलब्ध नवीनतम भाव को मूल्यांकन के लिए लिया जाता है। यदि मूल्यांकन की तिथि से सात दिन पूर्व की अवधि हेतु कोई भाव उपलब्ध नहीं हो तो उसे अनोद्धृत सरकारी प्रतिभूतियां माना जाएगा।

   (ग) उद्धृत डिबेंचरों और बांडों के मामले में, बाजार दर, जो ब्याज सहित है उसे ब्याज तत्त्व, यदि कोई हो, के लिए समायोजित किया जाता है।

   (घ) शेयरों के अधिकार पात्रता का मूल्यांकन, लाभांश तत्व हेतु बट्टा काटकर, जहां लागू हो बाजार दर पर किया जाता है।

   (ङ) अनोद्धृत अधिमान शेयर/संचयी परिवर्तनीय अधिमान शेयर लागत पर लिए जाते हैं।

   (च) अनोद्धृत इक्विटी शेयरों का मूल्यांकन, जैसे न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित किया जाए, उचित मूल्यांकन आधार पर किया जाता है।

   (छ) अनोद्धृत डिबेंचर, बॉण्ड एवं अंतरणीय नोट न्यासी मंडल के अनुमोदन के साथ भारत सरकार की प्रतिभूतियों (प्रतिफल वक्र) पर प्रतिफल के साथ जुड़ी, का मूल्यांकन परिपक्वता पर प्रतिफल के आधार पर किया जाता है।

(ज) अनोद्धृत वारंट, अंतरनिहित इक्विटी शेयरों के बाजार दर पर, लाभांश तत्त्व के लिए बट्टा काटकर, यदि कोई हो, तथा देय प्रायोगिक मूल्य से कम करके मूल्यांकित किए जाते हैं। जिन मामलों में इस तरह लिए गए मूल्य से प्रायोगिक देय मूल्य ज्यादा हो, वहां वारंटों का मूल्य शून्य लिया जाता है।

(झ) अनोद्धृत सरकारी प्रतिभूतियों, यदि कोई हो, का मूल्यांकन प्रचलित ब्याज दर पर परिपक्वता पर प्रतिफल के आधार पर किया जाता है।

(ञ) परिवर्तनीय डिबेंचर एवं बॉण्ड, जहां मिश्र बाजार भाव उपलब्ध न हो, वहां परिवर्तनीय भाग का मूल्यांकन इक्विटी शेयरों के लिए लागू बाजार दर, लाभांश तत्व के लिए बट्टा काटकर, यदि कोई हो, पर किया जाता है। ऐसे डिबेंचरों एवं बॉण्डों का अपरिवर्तनीय भाग, यदि कोई हो, का मूल्यांकन, उपरोक्त (च) के अनुसार किया जाता है। जहां परिवर्तनीय भाग के लिए परिवर्तन की शर्तें विनिर्दिष्ट न हों, वहां उन्हें लागत पर लिया जाता है।

(ट) पूंजी सूचीकृत बॉण्ड लागत आधार पर मूल्यांकित किए जाते हैं।

(थ) मुद्रा बाजार लिखतों के लिए मूल्यांकन नीति :-

(i) मुद्रा बाजार लिखतें एवं अन्य आस्तियां बही मूल्य पर ली जाती हैं।

(ii) अंतर बैंक कॉल बाजार में निवेशित राशियां लागत पर ली जाती हैं।

(iii) बट्टा /ब्याज उपार्जन लिखत में निवेशित राशि का मूल्यांकन उस प्रतिफल पर किया जाता है जिसमें लिखत का सौदा पिछली बार किया गया था। इस उद्देश्य हेतु भाव, जो दो कार्य दिवस पुराना हो वैध माना जाता है। जब पिछले दो कार्य दिवस में कोई भाव उपलब्ध न हो तो लिखत लागत एवं लिखत के परिपक्व होने के बाकी बचे दिनों के लिए लागू एक समान लागत और अंकित मूल्य के मध्य अंतर पर मूल्यांकित किए जाते है।

(iv) अनोद्धृत डिबेंचरों सहित अन्य मुद्रा बाजार लिखतों का मूल्यांकन लागत एवं लिखत के परिपक्व होने के बाकी बचे दिनों पर लागू एक समान लागत और अंकित मूल्य के मध्य अंतर पर किया जाता है।

तथापि, खण्ड IX एवं XII के संबंध में किसी भी बात के बावजूद निवेश उद्देश्य, एनएवी का निर्धारण एवं आस्तियों का मूल्यांकन, पुनर्खरीद मूल्य का निर्धारण एवं एनएवी, पुनर्खरीद मूल्य एवं पोर्टफोलियो के प्रकटीकरण का अंतराल समय समय पर सेबी द्वारा जारी सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियमों/दिशानिर्देशों/निदेशों के प्रावधानों के अनुसार होगा।

3. **XII.** लेखा नीतियां

1. आय की मान्यता

(क) सूचीबद्ध इक्विटी शेयरों पर लाभांश आय लाभांश-पूर्व तिथि पर प्रोद्भूत होती है। असूचीबद्ध इक्विटी शेयरों एवं अधिमान शेयरों पर लाभांश आय का हिसाब प्राप्ति आधार पर किया जाता है।

(ख) निवेशों पर ब्याज एवं प्रतिबद्धता प्रभार का हिसाब प्रोद्भवन आधार पर किया जाता है।

(ग) निवेशों की बिक्री पर लाभ या हानि की पहचान भारित औसत लागत के आधार पर व्यापार तिथियों पर किया जाता है।

(घ) डिबेंचर/बॉण्डों के प्रतिदान पर प्रीमियम एवं लाभ या हानि की पहचान देय तिथि पर किया जाता है।

(ङ) जब कोई राशि जिम्मे नहीं आई हो तो हामीदारी कमीशन को नकदी आधार पर राजस्व माना जाता है। जिम्मे आई राशि के मामले में पूर्ण हामीदारी कमीशन ऐसे निवेशों की लागत में से कम कर दिया जाता है।

(च) शेयरों एवं डिबेंचरों में निवेश पर प्रारंभिक शुल्क को ऐसे निवेशों की लागत से कम कर दिया जाता है।

(छ) ज़ीरो कूपन बॉण्डों, डीप डिस्काउंट बाण्डों एवं अन्य दीर्घावधि बट्टाकृत लिखतों के संबंध में खरीद मूल्य एवं परिपक्वता मूल्य के मध्य अंतर को वायटीएम आधार पर लिखत के बाकी बचे अवधि के लिए आय माना जाता है।

(ज) अन्य आय प्राप्ति आधार पर लिए जाते हैं।

2. **व्यय**

क. व्यय की गणना प्रोद्भवन आधार पर की जाती है।

ख. भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 की धारा 25(4) के प्रावधानों के अनुसार यूनिट योजना 1964 के अंतर्गत किए गए खास सामान्य खर्चों का विनिधान अन्य योजनाओं पर किया जाता है।

ग. नियत आस्तियों वाली यूनिट योजना, 1964 कथित आस्तियों के उपयोग के स्वीकृत आधार पर पट्टा किराया अन्य योजनाओं से वसूल करती है।

3. **निवेश**

क. निवेशों का विवरण लागत या अवलिखित लागत पर दिया जाता है।

ख. द्वितीयक बाजार कारोबार के मामले में निवेश को व्यापार तिथियों पर किया गया माना जाता है।

ग. आबंटन पर प्राथमिक बाजार निर्गमों में अभिदान को निवेश माना जाता है।

घ. बोनस/अधिकार पात्रताओं को पूर्ववर्ती-बोनस/पूर्ववर्ती अधिकार तिथियों पर माना जाता है।

ङ. निवेश अर्थात् डिबेंचर/बॉण्ड, ऋण एवं जमा राशियां प्रतिदान/देय तिथि को चालू आस्तियों में स्थानांतरित की जाती हैं।

च. निवेश की लागत में दलाली एवं सेवा - कर शामिल हैं लेकिन स्टाम्प शुल्क शामिल नहीं है, जिसे राजस्व में प्रभारित किया जाता है।

4. प्रावधान एवं मूल्यह्रास :

(क) संदिग्ध समझी गई आय के प्रति प्रावधान :

पिछली दो तिमाही या उससे अधिक के लिए देय बाकी ब्याज आय के संबंध में प्रावधान किया जाता है। यदि लाभांश, पिछले लाभांश की तिथि से एक वर्ष से अधिक के लिए अदत्त है तब तुरंत अगले वर्ष प्रावधान किया जाता है।

(ख) निवेश के मूल्य में ह्रास

(i) उपरोक्त खंड XIII(2) के अनुसार गणना किए गए निवेशों के कुल मूल्य की तुलना ऐसे निवेशों की कुल लागत से की जाती है और परिणामस्वरूप ह्रास यदि हो, सामान्य प्रारक्षित निधि/यूनिट प्रारक्षित निधि को प्रभारित किए जाते हैं। यदि ऐसा कुल मूल्य पिछले वर्ष के अंत में कुल लागत या कुल मूल्य से अधिक हो जाता है तो वृद्धि को उस सीमा तक जहां ह्रास को पिछली बार समायोजित किया गया था, यूनिट प्रीमियम प्रारक्षित निधि/सामान्य प्रारक्षित निधि में ले जाया जाता है।

(ii) जहां अनोधृत इक्विटी या अधिमान शेयर पिछले वर्षों में बट्टे खाते में डाले गए हों, जब और जैसे ही उद्धरण या उचित मूल्य उपलब्ध होता है, ऐसे निवेश वापस अपने मूल्य पर दिखाए जाते हैं।

(iii) आस्तियां,जिनका ब्याज पिछली दो तिमाही या उससे अधिक से बकाया है,अनुप्रयोज्य आस्तियों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। ऐसी आस्तियों के लिए अलग-अलग प्रावधान किया जाता है (जैसा कि नीचे सारणी में बताया गया है)।

आस्ति के अनुपयोज्य रहने की अवधि	प्रावधान का प्रतिशत	
	रक्षित आस्ति	अ-रक्षित आस्ति
दो वर्षों तक	10%	10%
दो वर्षों से अधिक परंतु तीन वर्षों तक	20%	100%
तीन वर्षों से अधिक परंतु पांच वर्षों तक	30%	100%
पांच वर्षों से अधिक	50%	100%

(iv) जहां मूल पुनर्भुगतान (i) 3वर्षों तक की अवधि वाली ऋण लिखतों के संबंध में पहले से ही देय अवधि के 180 दिनों से अधिक हेतु और (ii) 3वर्षों से अधिक अवधि वाले ऋण लिखतों के संबंध में पहले से ही देय अवधि के 365 दिनों हेतु,बकाया रहने के कारण ऐसी बकाया किस्तों हेतु प्रावधान बनाया जाता है। ऐसी आस्तियों के लिए समग्र प्रावधान,उपरोक्त तालिका में उल्लिखित प्रतिशत (जमानती आस्तियों हेतु 50% तथा गैर जमानती आस्तियों हेतु 100%) या चूक वाली राशि जो भी अधिक हो,तक सीमित है।

ऐसे मामले जिनमें मूल चूक जारी रहती है,किसी भी किस्त के लिए प्रावधान संबंधित देय तिथियों से 30 दिनों के बाद किया जाता है।

(v) ब्याज के निधीयन के मामले में,बकाया ब्याज के पूंजीकरण के द्वारा, उसके चूक की अवधि के बावजूद पूर्ण रूप से प्रावधान किया जाता है।

(vi) गैर निष्पादी आस्तियों के लिए प्रावधान यूनिट प्रीमियम प्रारक्षित निधि/ सामान्य प्रारक्षित निधि/ राजस्व लेखा,जैसा भी मामला हो, में प्रभारित किए जाते हैं।

(vii) अनुच्छेद 4(क)और 4(ख)(iv) के अंतर्गत बनाए गए प्रावधान प्राप्ति के आधार पर पुनरांकित किए जाते हैं। 4(ख)(v) के अंतर्गत प्रावधान प्राप्ति के आधार पर पुनरांकित किए जाते हैं।

5. आय वितरण :

(क) आय वितरण पर प्रावधान समय-समय पर न्यासी मंडल द्वारा अनुमोदित दरों पर यूनिट पूंजी में किया जाता है।

6. वित्तीय परिणामों का प्रकाशन :

यथा 31 दिसंबर अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम 2 माह के भीतर एवं यथा 30 जून लेखा-परीक्षित वार्षिक परिणाम लेखे को अंतिम रूप देने के 6 माह के भीतर एक अंग्रेजी दैनिक एवं एक मराठी दैनिक में प्रकाशित किया जाएगा।

4. **XV. निवेशों का कर - निरूपण**

1. निवासी/एनआरआई/ओसीबी

i) योजना के अंतर्गत आय,यदि हो,और पूंजी वृद्धि यदि वसूल हो,पर कराधान प्रचलित कर कानूनों के अधीन होगा।

ii) वर्तमान में ट्रस्ट की सभी योजनाओं/प्लानों के अंतर्गत सभी वर्ग के निवेशकर्ताओं को प्राप्त होने वाली आय,यदि कोई हो,आयकर अधिनियम, 1961की धारा 10 (33) के अंतर्गत कर से पूरी तरह मुक्त होगी।

आयकर अधिनियम,1961 की धारा 115 आर के अंतर्गत योजना द्वारा आय वितरण,यदि कोई हो,पर 10% की दर पर आय वितरण कर और उस पर 10% का अधिभार दिया जाना है। हालांकि,सतत खली इक्विटी उन्मुख निधि होने के कारण प्लान उपरोक्त धारा के अंतर्गत 31 मार्च,2000 तक उपरोक्त कर के अधीन नहीं है,बशर्ते योजना की कुल प्राप्तियों का 50% से अधिक का निवेश घरेलू कंपनियों की इक्विटी योजनाओं में किया गया हो।

iii) वर्तमान में,एनआरओ खातों में रखी निधियों से एनआरआई व निवासियों को प्राप्त होने वाला कोई दीर्घावधि पूंजीगत अभिलाभ आयकर अधिनियम 1961 की धारा 48 एवं 112 के अंतर्गत कर-निरुपण के अधीन होगा। वर्तमान में निवेशक को लागत स्फीति सूचकांक का लाभ उठाने के बाद दीर्घावधि पूंजीगत अभिलाभ पर 20% की दर से कर का भुगतान करना होगा। हालांकि,एनआरई खातों के जरिए किए गए निवेश पर होने वाला पूंजीगत अभिलाभ कर योग्य नहीं होगा।

iv) इस योजना के अंतर्गत यूनिटों में किए गए निवेश का मूल्य धनकर से पूर्णत: मुक्त है।

v) उपहार कर अधिनियम,1958 ने योजना की यूनिटों के संबंध में उपहार-कर की उगाही को समाप्त कर दिया है।

2) धारा 54 ईए के अंतर्गत पूंजीगत अभिलाभ कर छूट की पात्रता

दीर्घावधि पूंजीगत आस्तियों के अंतरण से प्राप्त होने वाली सम्पूर्ण या आंशिक शुद्ध राशि का पीईएफ में किया गया निवेश आयकर अधिनियम,1961 की धारा 54 ईए के अंतर्गत पूंजीगत अभिलाभ कर छूट के लिए पात्र होगा,बशर्ते यूनिटों की पुनर्खरीद आवेदन की स्वीकृति की तिथि से तीन वर्षों के बाद की गई हो।

3) धारा 54 ईबी के अंतर्गत पूंजीगत अभिलाभ कर छूट की पात्रता

दीर्घावधि पूंजीगत आस्तियों के अंतरण से प्राप्त होने वाला पूंजीगत अभिलाभ का पीईएफ में किया गया सम्पूर्ण या आंशिक निवेश आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 54 ईबी के अंतर्गत पूंजीगत अभिलाभ कर छूट के लिए पात्र होगा,बशर्ते यूनिटों की पुनर्खरीद आवेदन स्वीकृति की तिथि से सात वर्ष के बाद की गई हो।

4) पात्र ट्रस्टों के लिए

आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 11(2)(ख) के अंतर्गत यूनिट स्वीकृत प्रतिभूतियां हैं। अत: यूनिटों में निवेश कर रहे पात्र ट्रस्ट आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 11 और 13 के अंतर्गत आय और निधि के लिए आवश्यक कर छूट के योग्य होंगे।

5. भारतीय यूनिट ट्रस्ट की स्थापना एवं प्रबंधन

यूटीआई की स्थापना

भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 के अंतर्गत भारतीय यूनिट ट्रस्ट की स्थापना एक सांविधिक संस्था के रूप में की गई थी, जिसका उद्देश्य बचत एवं निवेश को प्रोत्साहन देने तथा प्रतिभूतियों के अर्जन, धारण, प्रबंधन और निपटान से ट्रस्ट को प्रोद्भूत होनेवाली आय, लाभों और अभिलाभों में सहभागिता थी। इसने 1 जुलाई, 1964 से कार्य करना आरंभ किया।

यूटीआई का प्रबंधन

ट्रस्ट के कार्यों एवं व्यवसाय का प्रबंधन न्यासी मंडल में निहित है, जिसका भारत सरकार द्वारा नियुक्त एक पूर्णकालिक अध्यक्ष होता है। मंडल के अलावा, एक सांविधिक कार्यकारिणी समिति होती है जिसमें अध्यक्ष, कार्यपालक न्यासी तथा भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा नामित दो अन्य न्यासी होते हैं। यह समिति मंडल की कार्यक्षमता के अंतर्गत आने वाले किसी भी मामले पर कार्य करने के लिए सक्षम है।

न्यासी मंडल *

1.	श्री पी.एस. सुब्रमन्यम	अध्यक्ष, भारतीय यूनिट ट्रस्ट
2.	श्री जी.पी. मुनिअप्पन	कार्यपालक निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक
3.	श्री जी.पी.गुप्ता	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक,आईडीबीआई
4.	श्री एन.एस. सेखसरिया	प्रबंध निदेशक, गुजरात अंबुजा सिमेन्ट्स लि.
5.	श्री राजेन्द्र पी चितले	सनदी लेखाकार
6.	डॉ. विश्वनाथ वी. देसाई	अर्थशास्त्री
7.	श्री जी. कृष्णमूर्ति	अध्यक्ष, भारतीय जीवन बीमा निगम
8.	श्री जी.जी वैद्य	अध्यक्ष, भारतीय स्टेट बैंक
9.	श्री के.सी. चौधरी	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया

*** वर्तमान में न्यासियों की अन्य निदेशिकताएं इस प्रकार हैं :**

1. **श्री पी.एस. सुब्रमन्यम**- (i) अध्यक्ष एवं निदेशक-इंडिया फंड, (ii) अध्यक्ष एवं निदेशक - इंडिया ग्रोथ फंड, (iii) अध्यक्ष एवं निदेशक -इंडिया एक्सेस लि., (iv) अध्यक्ष एवं निदेशक -द इंडिया पब्लिक सैक्टर फंड लि., (v) अध्यक्ष, शासी परिषद - यूटीआई-- इन्स्टिटयूट ऑफ कैपिटल मार्केट्स, (vi) अध्यक्ष एवं निदेशक - यूटीआई इन्वेस्टमेंट एडवाइजरी सर्विसेज लि., (vii) अध्यक्ष एवं निदेशक - यूटीआई इन्वेस्टर सर्विसेज लि., (viii) अध्यक्ष -यूटीआई सिक्यूरिटीज़ एक्सचेंज लि., (ix) निदेशक - यूटीआई बैंक लि., (x) अध्यक्ष एवं निदेशक - ओवर द काउंटर एक्सचेंज ऑफ इंडिया, (xi) सदस्य - भारतीय जीवन बीमा निगम (xii) निदेशक - डिस्काउंट एण्ड फाइनेंस हाउस ऑफ इंडिया लि. , (xiii) निदेशक - सिक्यूरिटीज ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. (xiv) निदेशक - नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि. (xv) न्यासी - इंडियन इन्स्टियूट ऑफ सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग।

2. **श्री जी.पी.गुप्ता** - (i) अध्यक्ष-भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक, (ii) निदेशक -इंडिया फंड, (iii) निदेशक -इंडिया ग्रोथ फंड, (iv) निदेशक-भारतीय मितिकाटा एवं वित्त गृह लि., (v) निदेशक-भारतीय आयात-निर्यात बैंक, (vi) निदेशक-भारतीय प्रतिभूति व्यापार निगम लि., (vii) निदेशक-इन्फ्रास्ट्रकचर डेवलेपमेंट फाइनेंस कं. ऑफ इंडिया लि., (viii) निदेशक - इंडियन एयरलाइन्स लि. (ix) निदेशक - आईडीबीआई बैंक लि. (x) निदेशक - नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि. (xi) सदस्य-भारतीय जीवन बीमा निगम (xii) सदस्य-भारतीय साधारण बीमा निगम (xiii) निदेशक-दक्षिण एशिया क्षेत्रीय निधि, (xiv) अध्यक्ष-दक्षिण एशिया डेवलपमेंट फंड, (xv) समिति सदस्य-भारतीय बैंकर्स संस्थान, (xvi) सदस्य-बैंकर प्रशिक्षण कॉलेज (भारतीय रिज़र्व बैंक), (xvii) सदस्य-एशिया एवं प्रशांत में विकासशील वित्तीय संस्थाओं का संघ, (xviii) सदस्य-बैंकिंग कर्मचारी चयन संस्था, (xix) सदस्य-भारतीय कंपनी सचिव संस्था।

3. **श्री एन.एस. सेखसरिया** - (i) निदेशक - गृह फाइनेंस लि. (ii) निदेशक - राधा माधव इन्वेस्टमेंट्स लि. (iii) निदेशक - होमट्रस्ट हाउसिंग फाइनेंस कं. लि. (iv) निदेशक - अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन (v) निदेशक - अंबुजा शिक्षण संस्था।

4. **श्री राजेन्द्र पी चितले** - (i) निदेशक - भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक, (ii) निदेशक - नेशनल सिक्यूरिटीज़ क्लीयरिंग कार्पोरेशन लि., (iii) निदेशक - जे एम कैपिटल मैनेजमेंट लि., (iv) निदेशक - जूरिक एसेट मैनेजमेंट कं. (इंडिया) लि., (v) निदेशक - इंडिया इंडेक्स सर्विसेज एण्ड प्रोडक्ट्स लि., (vi) निदेशक - एसोसिएशन ऑफ लीजिंग एण्ड फाइनेंशियल सर्विसेज कंपनीज, (vii) सदस्य - कार्यकारी समिति (शासी मंडल), राष्ट्रीय शेयर बाजार, (viii) सदस्य - बैंक ऑफ अमेरिका एनटी एण्ड एसए का भारतीय सलाहकार मंडल (ix) सदस्य - निवेश समिति, भारतीय जीवन बीमा निगम।

5. **श्री वी वी देसाई** - सलाहकार, आईसीआईसीआई लिमिटेड

6. **श्री जी. कृष्णमूर्ति** - (i) अध्यक्ष - एलआईसी (अंतर्राष्ट्रीय) ईसी, बहरीन (ii) अध्यक्ष - एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लि. (iii) निदेशक - भारतीय साधारण बीमा निगम, (iv) निदेशक - पोयशा इंडस्ट्रियल कं. (v) अध्यक्ष, शासी मंडल - नेशनल इंश्योरेंस अकादमी (vi) निदेशक - नेशनल हाउसिंग बैंक (vii) निदेशक - यूटीआई बैंक लि. (viii) निदेशक - भारतीय मितिकाटा और गृह वित्त (ix) निदेशक - केनिन्डिया एश्योरेंस कं. लि., केन्या (x) निदेशक - आईसीआईसीआई लि. (xi) अध्यक्ष - बीमा समिति का शासी निकाय

7. **श्री जी जी वैद्य** - (i) अध्यक्ष - एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लि., (ii) अध्यक्ष - एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लि., (iii) अध्यक्ष - एसबीआई गिल्ट्स लि., (iv) अध्यक्ष - एसबीआई सिक्यूरिटीज लि., (v) अध्यक्ष - एसबीआई फैक्टर्स एण्ड कमर्शियल सर्विसेज लि., (vi) अध्यक्ष - एसबीआई यूरोपियन बैंक लि., (vii) अध्यक्ष - स्टेट बैंक ऑफ इंदौर, (viii) अध्यक्ष - स्टेट बैंक ऑफ सौराष्ट्र, (ix) अध्यक्ष - स्टेट बैंक ऑफ पटियाला, (x) अध्यक्ष - स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर, (xi) अध्यक्ष - स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद, (xii) अध्यक्ष - स्टेट बैंक ऑफ मैसूर, (xiii) अध्यक्ष - स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर, (xiv) अध्यक्ष - भारतीय स्टेट बैंक (कैलिफोर्निया), (xv) अध्यक्ष - भारतीय स्टेट बैंक (कनाडा), (xvi) उपाध्यक्ष - शासी परिषद - भारतीय बैंकर्स संस्थान, (xvii) निदेशक -भारतीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक, (xviii) निदेशक - भारतीय आयात-निर्यात बैंक, (xix) निदेशक - साधारण बीमा निगम, (xx) शासी मंडल के सदस्य एवं वित्त समिति के अध्यक्ष - राष्ट्रीय बैंक प्रबंधन संस्थान, (xxi) शासी मंडल के सदस्य, अध्यक्ष - वित्त समिति एवं कार्यालय परिसर समिति तथा आईबीपीएस प्रशासक समिति, कर्मचारी भविष्य निधि, बैंक कर्मचारी चयन संस्था, (xxii)सदस्य - बैंक तकनीकी विकास एवं अनुसंधान संस्था,(xxiii) निदेशक - इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फाइनेंस कार्पोरेशन,(xxiv) निदेशक - इंफ्रास्ट्रक्चर लीज़िंग एण्ड फाइनेंशियल सर्विसेज लि., (xxv)निदेशक - निर्यात ऋण एवं गारंटी निगम।

8. **श्री के सी चौधरी** - (i) अध्यक्ष - बैंक अंकेक्षण पर लघु समूह, भारतीय बैंक संघ, (ii) अध्यक्ष - बैंकिंग परिचालन, भारतीय बैंक संघ, (iii) अध्यक्ष - ऋण संबंधी मामलों पर लघु समूह, भारतीय बैंक संघ, (iv) अध्यक्ष - आईबीए व्यापार निकाय/संघों के साथ समन्वय हेतु कार्य समूह, (v) अध्यक्ष - भारतीय बैंक संघ - स्थानीय शाखा, (vi) सदस्य - प्रबंध समिति, भारतीय बैंक संघ, (vii) अध्यक्ष - सेंटबैंक होम फाइनेंस लि., (viii) अध्यक्ष - सेंटबैंक फाइनेंशियल एवं कस्टोडियल सर्विसेज लि., (ix) निदेशक - भारतीय कृषि वित्त निगम लि., (x) निदेशक - मास्टरकार्ड एशिया/पेसेफिक बोर्ड, (xi) निदेशक - न्यू इंडिया एश्योरेंस कं. लि., (xii) सदस्य - टास्क फोर्स, भारतीय बैंक संघ।

6. **निधि प्रबंधन** :

निधि प्रबंधक का नाम उसकी योग्यता एवं अनुभव अंत:स्थापित।

7. **अभिरक्षक**

भारतीय स्टॉक धारिता निगम लि. (एसएचसीआईएल) का सेबी रजिस्ट्रेशन नंबर आईएन/सीयूएस/011 है।

एसएचसीआईएल शुल्क की दर इस प्रकार है :

	इलेक्ट्रॉनिक	वास्तविक
डीमेटेरियलाइजेशन	रु. 5 प्रति प्रमाणपत्र	
खरीद	कारोबार के मूल्य पर 5.5 आधार बिंदु पर	प्रति डीआईपी रु. 100
बिक्री	कारोबार के मूल्य पर 5.5 आधार बिंदु पर	प्रति डीआईएस रु. 100
अभिरक्षा	अभिरक्षा में उपलब्ध आस्ति मूल्य के 1.5 आधार बिंदु पर	अभिरक्षा में आस्ति मूल्य के 8 आधार बिंदु पर
गैर बाजार खरीद	कारोबार के मूल्य पर आधारित 5.5 आधार बिंदु	-
गैर बाजार बिक्री	कारोबार के मूल्य पर आधारित 5.5 आधार बिंदु	-
रीमेटेरियलाइजेशन	प्रति प्रमाणपत्र रु. 15 अथवा परिवर्तित मूल्य पर आधारित 15 आधार बिंदु जो भी अधिक हो	

8. **लेखा परीक्षक**

मेसर्स चतुर्वेदी एण्ड कंपनी, चार्टड एकाउंटेंट, 60 बेंटिक स्ट्रीट, कलकत्ता 700 069 एवं मेसर्स बाटलीबॉय एण्ड पुरोहित, चार्टड एकाउंटेंट, नेशनल इंश्यूरेंस बिल्डिंग, 204, डी.एन. रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 एवं योजना के लेखा परीक्षकों की नियुक्ति आईडीबीआई द्वारा की जाती है और वे प्रत्येक वर्ष बदले जाने के अधीन हैं।

9. निवारण की गई निवेशकों की शिकायतों के आंकड़े दर्शाने वाली सारणी अद्यतन

10. संक्षिप्त वित्तीय जानकारी दर्शाने वाली सारणी अद्यतन

इक्विटी योजना में संशोधन - सूचना

सलग्नक I

मास्टरगेन - प्रावधान संशोधित / सम्मिलित

खंड संख्या	विद्यमान प्रावधान	संशोधित प्रावधान
मुख्य बातें 2री मद	निवासी और अनिवासी बालिग व्यक्तियों / अवयस्कों / हिन्दू अविभाजित परिवारों / न्यासों / निगमित निकायों (कंपनी अधिनियम 1956 के अन्तर्गत पंजीकृत कंपनियों एवं बैंकों सहित) / विदेशी निगमित निकायो (ओसीबी) / विदेशी संस्थागत संस्थानों के लिए भी खुला।	निवासी व्यक्तियो और संस्थानों के साथ-साथ एनआरआई एवं विदेशी निगमित निकायों तथा विदेशी संस्थागत संस्थानों के लिए खुला ।
मुख्य बातें 3री मद	मद सम्मिलित नहीं है ।	न्यूनतम निवेश रु. 5000/- है कोई ऊपरी सीमा नहीं है । उसी फोलियो में आगे निवेश करने के लिए निवेश की न्यूनतम राशि रु. 1000/- होगी ।
मुख्य बातें 4थी मद	मद सम्मिलित नहीं है ।	एक यूनिट का अंकित मूल्य रु. 10/- है ।
मुख्य बातें 5वीं मद	मद सम्मिलित नहीं है ।	यूनिटों की बिक्री उस दिन की समाप्ति के एनएवी पर की जाएगी जिस दिन अर्जी स्वीकृत की गई हो ।
मुख्य बातें 6ठी मद	एनएवी आधारित किमत पर पुनखरीद होगी ।	पुनर्खरीद यूनिट के दैनिक एनएवी पर 3% से अनधिक बट्टा काट कर होनी। आंशिक पुनर्खरीद की अनुमति होगी बशर्ते फोलियो में रु. 5000/- का न्यूनतम शेष कायम रहे ।
मुख्य बातें 7वीं मद	मद सम्मिलित नहीं है ।	आमदनी के पुनर्निवेश की सुविधा, यदि कोई हो, एनएवी पर होगी ।
मुख्य बातें 8वीं मद	मद सम्मिलित नहीं है ।	इस योजना से अन्य योजनाओं मे अथवा इसके विपरीत स्विचओवर की सुविधा, ट्रस्ट द्वारा समय समय पर घोषित की जानेवाली एनएवी पर या एनएवी आधारित मूल्य पर उपलब्ध होगी ।
मुख्य बातें 9वीं मद	मद सम्मिलित नहीं है ।	वर्तमान में आयकर अधिनियम 1961 की धारा 10 (33) के अन्तर्गत निवेशकों को योजना से प्राप्त आय, अगर कोई हो तो, पूर्णतया कर मुक्त है । इसके अतिरिक्त सतत खुला इक्विटी उन्मुख फंड होने के कारण आयकर अधिनियम 1961 की धारा 115 आर के अन्तर्गत मार्च 31, 2002 तक आय वितरण कर से मुक्त होगा ।
मुख्य बातें 10वीं मद	मद सम्मिलित नहीं है ।	यूनिटों की पुनर्खरीद पर पूंजी वृद्धि से हुए पूंजीगत अभिलाभ, अगर कोई हो तो, आयकर अधिनियम 1961 की धारा 48 और 112 के अन्तर्गत कर सुविधा साथ मिलेंगे। आयकर अधिनियम 1961 की धारा 54 ईए और 54 ईबी के अन्तर्गत निवेश, जो फंड के स्रोत पर निर्भर करता

		हैं की पुनर्खरीद आवेदन की स्वीकृति की तारीख से क्रमश: 3 / 7 साल की अवरुद्ध अवधि के बाद होगी ।
मुख्य बातें 11वीं मद	मद सम्मिलित नहीं है ।	इस योजना के अन्तर्गत यूनिटों में किए गए निवेश का मूल्य धनकर से पूर्णत: मुक्त है ।
मुख्य बातें 12वीं मद	मद सम्मिलित नहीं है ।	उपहार कर अधिनियम, 1958 ने 1 अक्तूबर, 1998 या उसके बाद दिए गए उपहारों के मामले में उपहार-कर की उगाही को समाप्त कर दिया है । अत: योजना के यूनिटों का उपहार, उपहार-कर की उगाही से पूर्णत: माफ है ।
जोखिम के घटक 1ली मद	योजना की यूनिटों में किए गए निवेशों पर बाजार का जोखिम होता है । योजना के एनएवी का ऊपर या नीचे जाना प्रतिभूति बाजार को प्रभावित करनेवाले तत्वों और घटकों पर निर्भर करता है ।	म्यूचुअल फंडों और प्रतिभूतियों में निवेश बाजार की जोखिम पर निर्भर करता है और योजना के अन्तर्गत जारी किए गए यूनिटों का एनएवी, पूंजी बाजार को प्रभावित करने वाले तत्वों और घटकों के कारण घट या बढ़ सकता है।
जोखिम के घटक	कोई प्रावधान नहीं है	**4थी मद - डेरीवेटीव्ज़ :** ऑप्शन्स एवं फ्यूचर्स जैसे डेरीवेटीव्ज़ प्रतिभूतियों में लेन-देन करना एक अत्यन्त विशेषीकृत कार्य है एवं इसमें सामान्य निवेश के जोखिमों से कहीं अधिक जोखिम होता है । हालांकि निधि का अभिप्राय केवल पोर्टफोलियो के बचाव के उद्देश्य के लिए ही डेरीवेटीव्ज़ में लेन-देन करना है, इस खंड में समग्र बाजार बहुत ही अनिश्चित हो सकता है जो इस बाजार में अन्य प्रतिभागियों के कार्य के कारण होता है । डेरीवेटीव्ज़ में लेन-देन की सफलता निधि प्रबंधक के बाजार की भावी प्रवृत्ति का पूर्वानुमान लगाने की क्षमता पर निर्भर करती है और यदि निधि प्रबंधक अपने पूर्वानुमान में गलत होता है तो निधि का कार्यनिष्पादन, यदि यह निवेश योजना प्रयोग में न लाई गई होती तो जो रहा होता उसकी तुलना में घट गया होता । **5वीं मद - विदेशी बाजार में निवेश :** विदेशी बाजार में निवेश की सफलता निधि प्रबंधक की उन बाजारों के विषय में अच्छी जानकारी और सूचनाओं की समीक्षा, जो भारतीय बाजारों से भिन्न हो सकती हैं, करने की योग्यता पर निर्भर करती है । चूंकि इसमें क्रियाकलाप विदेशी बाजारों में होगा अत: बाजार के जोखिम के अलावा विदेशी मुद्रा विनिमय की दर में उतार चढ़ाव का जोखिम भी हो सकता है । **6ठी मद - स्टॉक उधार देना :** यह न्यूनतम जोखिम के साथ निधि के लिए अतिरिक्त आय जुटाने का साधन है । स्क्रिप उधार दिए जाने की अवधि के दौरान बिक्री हेतु सुलभ स्टॉक की अनुपलब्धता के रूप में जोखिम हो सकता है । ऋणी / मध्यस्थों द्वारा प्रतिभूतियों की चुकौतियों की चूक की संभावनाओं के रूप में भी जोखिम हो सकता है । हालांकि, प्रक्रिया में शामिल मध्यस्थों द्वारा ऋणी से उचित जमानत प्राप्त कर जोखिम की पर्याप्त

		व्यवस्था की जाएगी । ट्रस्ट का जमानत पर ग्रहणाधिकार रहेगा तथा स्टॉक उधार दिए जाने की प्रक्रिया में शामिल किसी जोखिम को कम करने हेतु वह उचित रोकथाम एवं नियंत्रण भी रखेगा ।
परिभाषा (3) (ग)	"स्वीकृति तिथि " का अर्थ ट्रस्ट द्वारा यूनिटो की बिक्री या पुनर्खरीद के लिए किसी आवेदक द्वारा ट्रस्ट को प्रेषित आवेदन पत्र के संदर्भ में वह तिथि है जब ट्रस्ट संतुष्ट होकर समझता है कि आवेदन सही है और उसे स्वीकार करता है ।	(ख) "स्वीकृति तिथि " का अर्थ ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की बिक्री या पुनर्खरीद के लिए किसी आवेदक द्वारा ट्रस्ट को प्रेषित आवेदन पत्र के संदर्भ में वह तिथि है जब ट्रस्ट संतुष्ट होकर समझता है कि आवेदन हर प्रकार से पूर्ण और सही है और उसे स्वीकार करता है । बिक्री अथवा पुनर्खरीद की अर्जी के विषय में स्वीकृति की तारीख वही मानी जाएगी जिस दिन अर्जी फ्रेंचाइस कार्यालय / संग्रहण केन्द्र द्वारा प्राप्त होने पर (ट) रजिस्ट्रार के कार्यालय में प्राप्त होगी अथवा फ्रेंचाइस कार्यालय / संग्रहण केन्द्र में अर्जी प्राप्त होने की तारीख से 5वें कार्यदिवस (टी + 5), जो पहले हो, स्वीकृति की तारीख होगी । ट्रस्ट इन 5 कार्यदिवसों की संख्या को, जैसा कि निर्णय लिया जाय, घटा सकता है ।
परिभाषा 3	कोई प्रावधान नहीं है ।	(ग) "वैकल्पिक आवेदक " का अर्थ नाबालिग के मामले में माता-पिता के अलावा उस माता-पिता से है जिन्होंने नाबालिग की ओर से आवेदन किया हो
परिभाषा (3)(ख)	"आवेदक " का मतलब उस आवेदक से है जो योजना के अन्तर्गत हो एवं उसमें समस्त श्रेणियों के वे व्यक्ति शामिल हैं खासकर जो खंड 5 में यहां इसके बाद वर्णित हैं ।	(गक) "आवेदक " का अर्थ उस व्यक्ति से है जो योजना में शामिल होने के लिए पात्र है और योजना के खंड 5 के अन्तर्गत आवेदन करता है तथा नाबालिग नहीं है ।
परिभाषा 3	कोई प्रावधान नहीं है ।	(चक) "फर्म ", "भागीदार ", और "भागीदारी " के अर्थ भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 (1932 का 9) में दिए गए अर्थ हैं, परंतु अभिव्यक्ति भागीदार में कोई ऐसे व्यक्ति भी सम्मिलित हो सकता है, जो नाबालिग हो और जिसे भागीदारी के लाभ प्राप्त करने के लिए शामिल किया गया हो।
परिभाषा 3	कोई प्रावधान नहीं है ।	(चख) "निर्गम " का अर्थ है, संबंधित आवेदन फार्म के अंतर्गत योजना में अभिदान के लिए पेश व जारी किए गए यूनिटों की कुल संख्या है।
परिभाषा 3	"यूनिटधारक " का मतलब उस व्यक्ति से है जो फिलहाल यूनिटों का धारक होता है जिसमें वे व्यक्ति भी शामिल हैं जो यूनिटों को निक्षेपागार पद्धति में धारण करते हैं ।	(जक) योजना के अन्तर्गत "सदस्य " के रूप में प्रयुक्त अभिव्यक्ति का अर्थ और इसमें शामिल उस आवेदक से है, जिसे इस योजना में यूनिट दिनांक 26/04/2002 को या इसके बाद आबंटित किए गए हों । "सदस्य " का मतलब "यूनिट धारक" से भी है जो यूनिटों को यूनिट सर्टिफिकेट के अन्तर्गत निक्षेपागार पद्धति में धारण करता हो और इस पर अन्य बातें वहीं लागू होगी । विद्यमान मद (जक) की संख्या को (जख) में परिवर्तित किया जाएगा ।
परिभाषा	कोई प्रावधान नहीं है ।	(झख) "व्यक्ति " में ऊपर दी गई परिभाषा के अनुसार

3		पात्र संस्था शामिल है ।
परिभाषा 3	कोई प्रावधान नहीं है ।	(झग) "आरबीआई " का अर्थ भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 के अंतर्गत गठित भारतीय रिज़र्व बैंक है ।
परिभाषा (3)	कोई प्रावधान नहीं है ।	(झघ) "रजिस्ट्रार्स " का मतलब उस व्यक्ति से है ट्रस्ट जिसकी सेवाएं समय समय पर योजना के अन्तर्गत रजिस्ट्रार के रूप में काम करने के लिए लेता है ।
परिभाषा (3) (घ)	"निगमित निकाय " में वह समिति शामिल है जो समिति पंजीकरण अधिनियम 1860 के अंतर्गत पंजीकृत हैं अथवा किसी प्रान्तीय या केन्द्रीय विधि के अंतर्गत जो वर्तमान में लागू हो स्थापित की गई हो - ऐसी सोसाईटी को यहां इसके बाद " सोसाईटी " कहा जाएगा । इसमें बैंक तथा कंपनी अधिनियम 1956 के अंतर्गत पंजीकृत कंपनियां भी शामिल होंगी ।	(ठक) " समिति " का अर्थ समिति पंजीकरण अधिनियम 1860 के अंतर्गत स्थापित समिति या फिलहाल प्रवृत्त राज्य या केन्द्रीय विधि के अंतर्गत स्थापित अन्य कोई समिति है । वर्तमान मद (ठक) को नई संस्था (ठख) दी गई है ।
परिभाषा (3)	कोई प्रावधान नहीं है ।	(ढक) "यूनिट पूंजी " का तात्पर्य फिलहाल यूनिट योजना के अंतर्गत निर्गत और शेष यूनिटों के अंकित मूल्य के योग से है । वर्तमान मद (एनए) का पुनर्सांख्यिकरण (एनबी) कर दिया गया है ।
परिभाषा (3)	कोई प्रावधान नहीं है ।	(ढग) "यूनिट ट्रस्ट" या "ट्रस्ट " का तात्पर्य अधिनियम की धारा 3 के अंतर्गत स्थापित भारतीय यूनिट ट्रस्ट से है ।
परिभाषा (3) (ण)	इसमें अपरिभाषित लेकिन अधिनियम/विनियमावली में परिभाषित अन्य सभी अभिव्यक्तियों के वही अर्थ होंगे, जो अधिनियम में दिये गये हैं।	इसमें अपरिभाषित लेकिन अधिनियम/विनियमावली में परिभाषित अन्य सभी अभिव्यक्तियों के वही अर्थ होंगे, जो अधिनियम/विनियमावली में दिये गये हैं।
परिभाषा (3) (त)	कोई प्रावधान नहीं है ।	एक वचन वाले शब्दों में बहुवचन शामिल हैं और सभी पुल्लिंग संदर्भों में स्त्रीलिंग तथा एक में दूसरे के विपर्यय शामिल हैं ।
परिभाषा (3) (थ)	कोई प्रावधान नहीं है ।	योजना में 26/4/2000 के बाद, यदि प्रकरण की मांग विपरीत न हो, तो उपयुक्त स्थानों पर शब्द "सदस्य" के अन्तर्गत "यूनिट धारक" शब्द शामिल होगा और शब्द "यूनिटधारकों का रजिस्टर"के अंतर्गत "सदस्यों का रजिस्टर " भी शामिल होगा ।
यूनिटों के लिए आवेदन (5) (1)	कोई प्रावधान नहीं है ।	निम्नलिखित शामिल किये गये :- iii) निवासी अथवा नाबालिग एनआरआई की ओर से माता-पिता, सौतेले माता-पिता या अन्य विधिक अभिभावक । ix) वित्तीय संस्थान । x) कोई संस्था जो किसी राज्य अथवा केन्द्रीय

		अधिनियम द्वारा अथवा अन्तर्गत स्थापित या नियंत्रित हो । xi) सेना /नौसेना/वायु सेना/ पैरामिलिट्री निधियां । xii) भागीदारी फर्म । भागीदारी फर्म की तरफ से आवेदन, फर्म के 3 से अधिक सदस्यों के द्वारा नहीं दिया जाएगा और ट्रस्ट प्रथम नामित व्यक्ति को ही समस्त व्यावहारिक कार्यों के लिए सदस्य के रूप में मान्यता देगा । xiii) सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम (पीएसयू)
यूनिटों के लिए आवेदन (5) (4)	यूनिटों की न्यूनतम संख्या जिसके लिए आवेदन किया गया है 200 होगी और आगे अधिक यूनिटों के लिए आवेदन 100 यूनिटों या उसके गुणकों में होगी ।	आवेदन न्यूनतम रु. 5000/- के लिए किया जाना चाहिए । कोई अधिकतम सीमा नहीं होगी और यूनिटों का आबंटन दशमलव के बाद तीन अंकों तक किया जाएगा । एकही फोलियों के अंतर्गत बाद में अतिरिक्त निवेश हेतु न्यूनतम राशि रु. 1000/- होगी । रु. 50,000/- और उससे अधिक निवेश के मामले में, अनिवासी सामान्य खाते के जरिए निवेश करने वाले निवासी या अनिवासी भारतीय को सलाह दी जाती है कि यदि उसका आयकर पीएएन/जीआईआर संख्या है तो वह उसका तथा संबंधित आयकर सर्किल के पते का उल्लेख करें ।
यूनिटों के लिए आवेदन 5 (6) (ख)	(ख) अगर भुगतान चेक या ड्राफ्ट से किया जाय तो स्वीकृति की तारीख, चेक या ड्राफ्ट का भुगतान मिलने पर, वही तारीख होगी जिस दिन ट्रस्ट द्वारा चेक या ड्राफ्ट प्राप्त किया गया हो या उसे किसी शाखा द्वारा या प्राधिकृत बैंक द्वारा या प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र द्वारा प्राप्त किया गया है । यदि भुगतान ड्राफ्ट द्वारा किया गया हो तो स्वीकृति की तारीख, ड्राफ्ट का भुगतान मिलने के बाद ड्राफ्ट जारी करने की तारीख होगी बशर्ते कि अर्जी ट्रस्ट के द्वारा या उसकी अधिकृत शाखा के द्वारा या प्राधिकृत बैंक या प्राधिकृत संग्रह केन्द्र द्वारा उचित समझे जाने वाले समय के अन्दर प्राप्त हो । अगर यूनिटों के लिए आवेदन राशि एवं अन्य खर्चों के लिए भी जो आवेदक के द्वारा देय हैं, पर्याप्त राशि न भेजी गयी हो तो उसे आवेदित यूनिटों में 100 के गुणकों में उस राशि में से जितने यूनिट उसे मिल सकते हों, आबंटित किए जाएंगे और बाकी बची राशि, अगर कोई हो तो उसे उसके खर्च पर, ट्रस्ट जैसा उचित समझे, उस तरीके से वापिस भेज दी जाएगी ।	अगर भुगतान चेक या ड्राफ्ट से किया जाए तो आवेदन की स्वीकृति चेक या ड्राफ्ट का भुगतान मिलने पर होगी । अनिवासी भारतीय बेहतर हो यदि अपनी अर्जियों को अनिवासी भारतीय शाखा मुंबई में जमा कराएं या ट्रस्ट की अन्य किसी शाखा में जमा कराएं । जहां अर्जी दाखिल करते हैं उसके साथ उसी जगह का एनआर (ई)/एनआर (ओ) का चेक या रुपये का ड्राफ्ट भी संलग्न किया जाना चाहिए । विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा निवेश का भुगतान भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अनुमोदित अधिकृत बैंक / प्राधिकृत डीलर के यहां रखे विशेष अनिवासी रुपया खाते में नामे करके किया जाए।
यूनिटों के लिए	(ग) यूनिट प्रमाणपत्र, अपेक्षित हो तो, भेजा	(ग 1) 26/4/2000 तारीख को या उसके बाद बेचे गए हुए

आवेदन 5(6) (ग) एवं (घ)	जाएगा । प्रमाणपत्र अगर भेजा जाय तो रजिस्ट्री से पावती के साथ या बिना आवेदक द्वारा दिए गए पते पर भेजा जाएगा। और ट्रस्ट इस यूनिट प्रमाणपत्र के खो-जाने, क्षतिग्रस्त होने, गलत जगह वितरित होने के बारे में कोई जिम्मेदारी नहीं लेगा । (घ) ट्रस्ट जारी प्रमाणपत्र जो किसी पात्र न्यास या संस्था या निगमित निकाय के लिए होगा, वह उस न्यास, संस्था अथवा निगमित निकाय के नाम से जारी किया जाएगा ।	यूनिटों के लिए ट्रस्ट एक लेखा विवरण आवेदन स्वीकार किए जाने की तिथि से 6 सप्ताह पूर्व जारी करेगा जिसमें फोलियो नं भी रहेगा । ii) प्रत्येक सदस्य को किसी अतिरिक्त खरीद या आंशिक पुनर्खरीद या स्विचओवर या घाटा 25(क) व 25(ग) के अनुसरण में यूनिटों के अंतरण या निक्षेपागार पद्धति में रखे गए यूनिटों के रीमैटिरियलाइजेशन पर एक अद्यतन लेखा विवरणी मिलेगी। iii) अनिवासी निवेशक लेखा-विवरणी के प्रेषण के लिए निम्नलिखित में से किसी एक तरीके का चुनाव कर सकता है :- (क) आवेदक के भारतीय / विदेशी पते पर या (ख) अनिवासी भारतीय के भारत में किसी सम्बन्धी के पते पर iv) विदेशी संस्थागत निवेशक के मामले में लेखा विवरण अर्जी में दिये हुए उनके पते पर या उनके वैश्विक अभिरक्षकों को भेजी जाएगी । v) यदि कोई निवेशक चाहे तो उसकी लेखा विवरणी के बदले में यूनिट प्रमाणपत्र जारी करने का अनुरोध प्राप्त होने की तिथि से 6 सप्ताह के भीतर उसे यूनिट प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा । vi) यूनिट प्रमाणपत्र और लेखा विवरणी दोनों ही समान रूप से निवेशक के योजना में प्रवेश के वैद्य साक्ष्य हैं । vii) खंडों के प्रावधान यूनिट धारकों के लिए और यूनिटों के लिए जो यूनिटप्रमाणपत्र के अन्तर्गत हैं यथोचित परिवर्तनों सहित लागू होंगे ।
अनिवासी भारतीय द्वारा निवेश के लिए प्रत्यावर्तन लाभ सहित भुगतान की विधि	कोई प्रावधान नहीं है ।	एनआरआई/ओसीबी द्वारा किए गए निवेशों को निवेशित पूंजी एवं उस पर अर्जित आय एवं पूंजी वृद्धि पर तब तक प्रत्यावर्तन का अधिकार होगा जब तक कि निवेशक भारत के बाहर निवास करेगा। इन मामलों में निवेश निम्न में से किसी एक पद्धति द्वारा किया जा सकता है : (क) किसी बैंक/भारत के बाहर परिचालित किसी विनिमय प्रतिष्ठान द्वारा यूटीआई के पक्ष में जारी रुपयों में

5(6)(ङ)		बैंक ड्राफ्ट जो भारत में स्थित उनके बैंक पर आहरित हो। (ख) भारत स्थित बैंक, जिसमें निवेशक का एनआरई खाता हो, पर जारी चेक द्वारा । (ग) निवेशक के एफसीएनआर जमा की राशि से जारी चेक/ड्राफ्ट द्वारा । **टिप्पणी :** नेपाली और भूटानी मुद्रा में भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा।
अनिवासी भारतीय के लिए प्रत्यावर्तन लाभ के बिना भुगतान की विधि 5 (6)(च)	कोई प्रावधान नहीं है ।	जहां एनआरओ खाते में धारित निधियों का उपयोग यूनिटों की खरीद के लिए किया जाता है तो इस प्रकार निवेश की गई निधियां और पूंजी वृद्धि (यदि कोई हो) भारत के बाहर प्रत्यावर्तन के लिए योग्य नहीं होंगी । इसी प्रकार निवेशक के भारत का निवासी रहने के दौरान रुपए में खरीदे गए यूनिटों में निवेश और तत्पश्चात उसके अनिवासी हो जाने पर यूनिटों का बिक्री प्रतिफल प्रत्यावर्तन के योग्य नहीं होगा । भारतीय रिज़र्व बैंक के दिनांक 19 अगस्त, 1994 के परिपत्र ए.डी. (एम.ए.शृंखला) सं. 18 के अनुसार वित्तीय वर्ष 1996-97 के दौरान और उसके उपरांत अर्जित सम्पूर्ण आय पूर्ण प्रत्यावर्तन के योग्य होगी । इन मामलों में यूटीआई एनआरओ खाते में जमा करने के लिए रुपये में अदायगी करेगा । निवेशकों को यह सलाह दी जाती है कि यदि वे यूनिटों पर आय वितरण का विदेश में विप्रेषण चाहते हैं तो अपने बैंक/कर सलाहकार से संपर्क करें ।
निगमित निकाय समितियों के पंजीकरण एवं उनके द्वारा आवेदन 7 (4)	कोई प्रावधान नहीं है ।	फर्म को सदस्य के रूप में पंजीकृत किया जाएगा और लेखा विवरणी फर्म के नाम से बनाई जाएगी ।
खर्चों की सीमाएं 7 (क)	आवर्ती आधार पर योजना में निम्नलिखित व्यय प्रभारित किए जाएंगे, जो किसी लेखा वर्ष में एनएवी के दैनिक औसत के 3% से ज्यादा नहीं होंगे । अनुमानित वार्षिक आवर्ती व्यय निम्नानुसार हैं :- व्यय — % प्रशासनिक व्यय - 1.00 कमीशन का भुगतान - 1.25 अभिरक्षण शुल्क - 0.25 विकास प्रारक्षित निधि - 0.10	**आवर्ती व्यय :** निम्नलिखित व्यय आवर्ती आधार पर योजना में प्रभारित किए जाएंगे । अनुमानित वार्षिक आवर्ती व्यय निम्नानुसार हैं : - **व्यय — औसत दैनिक एनएवी का %** प्रशासनिक व्यय - 0.95 अभिरक्षण शुल्क - 0.20 डीआरएफ में अंशदान - 0.25 कर्मचारी कल्याण निधि - 0.10 रजिस्ट्रार की फीस - 0.50

	कर्मचारी कल्याण निधि - 0.10 रजिस्ट्रार की फीस - 0.30 **योग - 3.00** उपरोक्त व्यय अनुमानित हैं और किए गए वास्तविक खर्चों के मद्देनजर परिवर्तन योग्य हैं। हालांकि किसी भी लेखा-वर्ष में, कुल खर्च एनएवी के दैनिक औसत के 3% के अन्दर ही होंगे जो सेबी (म्यूचुअलफंड) विनियम 1993 के अनुसार होंगे। इसके अलावा लेखा - वर्ष के दौरान प्रशासनिक व्यय, आरक्षित विकास निधि में अंशदान एवं कर्मचारी कल्याण निधि में अंशदान योजना के एनएवी के दैनिक औसत के 1.25% से अधिक नहीं होंगे। फीस का खर्च एवं लेखा संबंधी नीतियां सेबी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों विनियमों पर निर्भर करते हुए परिवर्तनीय होगी।	विपणन एवं बिक्री संवर्धन - 0.50 **योग - 2.50** उपरोक्त व्यय अनुमानित हैं और वास्तविक खर्चों के अनुसार परिवर्तनीय हैं। योजना के कुल वार्षिक आवर्ती व्यय, प्रशासनिक व्ययों, विकास प्रारक्षित निधि और कर्मचारी कल्याण निधि में अंशदान को सम्मिलित करते हुए निम्नलिखित सीमा के अधीन होंगे :- (क) औसत दैनिक शुद्ध आस्तियों के प्रथम 100 करोड़ रुपए पर - 2.50% (ख) औसत दैनिक शुद्ध आस्तियों के अगले 300 करोड़ रुपए पर - 2.25% (ग) औसत दैनिक शुद्ध आस्तियों के अगले 300 करोड़ रुपए पर - 2.00% (घ) शेष आस्तियों पर - 1.75% प्रशासनिक व्यय, विकास प्रारक्षित निधि एवं कर्मचारी कल्याण निधि में अंशदान, सेबी (एमएफ) विनिमय, 1996 के विनियम 52 के खण्ड 2 के अंतर्गत विनिर्दिष्ट सीमाओं से अधिक नहीं होंगे, जो इस प्रकार हैं :- (क) योजना के लिए प्रत्येक लेखा वर्ष में बकाया दैनिक औसत शुद्ध आस्तियों का सवा प्रतिशत जब तक कि शुद्ध आस्तियां 100 करोड़ रुपए से अधिक नहीं हो जातीं, और (ख) 100 करोड़ रुपए से अधिक की अतिरिक्त राशि का एक प्रतिशत, जहां इस प्रकार परिगणित शुद्ध आस्तियां 100 करोड़ रुपए से अधिक हों। सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियमावली, 1996 के अनुसार, यूटीआई निवेश प्रबंधन एवं परामर्श शुल्क नहीं लेता है। तथापि, यूटीआई द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कुल व्यय, सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियमावली, 1996 के विनियम 52 के अंतर्गत दर्शाई गई सीमा के भीतर ही हों।

यूनिटों की बिक्री 8	ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की बिक्री संविदा स्वीकृति तिथि को निर्णीत हुई मानी जाएगी। बिक्री संविदा के इस प्रकार निर्णीत होने पर ट्रस्ट या इसका एजेंट, जैसा भी मामला हो, इसके बाद जितना जल्दी संभव हो इसके बारे में आवेदक को 100 यूनिटों के बिक्री योग्य लॉट में अधिकतम 20 प्रमाणपत्र जारी करेगा और इससे अधिक के निवेश के लिए उसे बेचे गए बाकी यूनिटों के लिए एक समेकित प्रमाणपत्र जारी करेगा। यह समेकित प्रमाणपत्र यूनिटधारक के अनुरोध पर एक बार नि:शुल्क विभाजित किया जाएगा। हालांकि यूनिटधारक से लिखित अनुरोध प्राप्त होने पर ट्रस्ट अपने विवेक से और आवश्यक परिचालनगत और प्रक्रियागत औपचारिकताओं को पूरा किए जाने पर इस प्रकार बिक्री योग्य लॉटों में जारी प्रमाणपत्रों को दस-दस हजार यूनिटों के मूल्य वर्ग के प्रमाणपत्रों में समेकित करेगा। शेष यूनिट सौ-सौ यूनिटों के लॉटों में जारी किए जाएंगे। 10,000 यूनिटों के मूल्य वर्ग में जारी यूनिट प्रमाणपत्र यूनिटधारक के अनुरोध पर एक बार 100 यूनिटों के गुणकों में नि:शुल्क विभाजित किया जाएगा। जम्बो प्रमाणपत्र में शामिल यूनिटों की पुनर्खरीद/अंतरण/प्रेषण/बाई बैंक के लिए ट्रस्ट /यूनिट धारक यथा अपेक्षित प्रक्रियागत/ परिचालनगत औपचारिकताओं का पालन करेगा। यदि यूनिट निक्षेपागार माध्यम से धारित हैं तो यूनिट प्रमाणपत्र नहीं भेजा जाएगा।	किसी विशेष दिन 2 बजे अपराह्न तक [कृपया देखें 3 (ग)] ट्रस्ट के शाखा कार्यालयों में प्राप्त और स्वीकृत या रजिस्ट्रार के कार्यालय में प्राप्त बिक्री/पुनर्खरीद के सभी आवेदनों के संबंध में लागू शुद्ध आस्ति मूल्य उसी दिन का होगा। 2 बजे अपराह्न के बाद मिले सभी आवेदन अगले कार्य दिवस के एनएवी द्वारा शासित होंगे। गैर-व्यक्ति आवेदन, अपेक्षित दस्तावेजों के साथ केवल ट्रस्ट के कार्यालयों में ही स्वीकार किए जाएंगे। ट्रस्ट आवेदन स्वीकृति के 6 सप्ताह के भीतर लेखा विवरणी भेजेगा।
स्विच ओवर विकल्प 8क	यहां इसके प्रावधानों में कुछ भी शामिल होने के बावजूद ट्रस्ट योजना के चालू रहने के दौरान/ समाप्त होने पर अपने विवेक से योजना के यूनिटधारकों को उस समय आरंभ की गई / चल रही अन्य योजना/प्लान में, उस मूल्य पर, उस रूप में, उस रीति से और ऐसी शर्तों और निबंधनों पर जो ट्रस्ट द्वारा निर्धारित और घोषित किए जाएं, स्विचओवर करने की अनुमति दे सकता है।	स्विचओवर i. योजना के सदस्यों को योजना के अपने निवेश को ट्रस्ट द्वारा समय समय पर अनुमत ऐसी अन्य योजनाओं में या ऐसी अन्य योजनाओं से इस योजना में स्विचओवर करने की अनुमति दी जाएगी। ऐसे मामले में वे अपनी नवीनतम लेखा विवरणी या विधिवत् हस्ताक्षरित यूनिट प्रमाणपत्र, जैसा भी मामला हो, प्रस्तुत कर स्विचओवर करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। ii. स्विचओवर ट्रस्ट द्वारा यथा निर्धारित एनएवी अथवा एनएवी आधारित मूल्य पर प्रभावी होगा। iii. योजना से उन अन्य योजनाओं में या विलोमत:, जिनके बारे में ट्रस्ट द्वारा समय समय पर घोषणा की जाए, आंशिक स्विचओवर करने के लिए दोनों योजनाओं में धारिता की न्यूनतम निवेश सीमा को पूरा करना चाहिए। ट्रस्ट यूनिट प्रमाणपत्र/लेखा विवरणी को रद्द करने के लिए अपने पास रख लेगा और सदस्य को दोनों योजनाओं के लिए नई लेखा विवरणी जारी की जाएगी।

		IV. आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 54इए/54ईबी के अंतर्गत लाभ उठाने के लिए योजना में किए गए निवेश को क्रमश: 3 और 7 वर्ष की अवरुद्धता अवधि के समाप्त होने से पहले स्विचओवर की अनुमति नहीं दी जाएगी।
शुद्ध आस्ति मूल्य (एनएवी) की गणना और प्रकटीकरण 9 के अंतिम दो वाक्य	एनएवी पूर्ववर्ती आधार पर प्रेस को प्रकाशन के लिए रोजाना जारी की जाएगी। इन प्रावधानों में किसी भी बात के बावजूद आस्तियों का मूल्यांकन, एनएवी, पुनर्खरीद मूल्य का परिकलन तथा प्रकट करने की आवर्तिता सेबी (एमएफ) विनियमों/दिशानिर्देशों/समय समय पर सेबी द्वारा जारी निर्देशों के अनुसरण में होगी।	एनएवी प्रेस को प्रकाशन के लिए दैनिक आधार पर जारी की जाएगी। वाक्य संशोधित किया गया है और 'इस योजना से संबंधित आस्तियों का मूल्यांकन' शीर्षक के अंतर्गत अनुबंध III की मद 9 में शामिल किया गया है।
यूनिटों का कारोबार : 10	(क) यूनिट मुंबई, नई दिल्ली, कलकत्ता, मद्रास, बैंगलोर, अहमदाबाद, हैदराबाद, कानपुर और जयपुर स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध किए गए हैं। ट्रस्ट शुद्ध आस्ति मूल्य की घोषणा नित्य प्रति करेगा और उधृत किए जाने के लिए सभी स्टॉक एक्सचेंजों को रोजाना सूचित करेगा। (ख) अपने यूनिटों को बेचने का इच्छुक यूनिट धारक इन स्टाक एक्सचेंजों में से किसी पर भी बेच सकता है। (ग) ट्रस्ट प्रत्यक्ष रूप से या किसी अन्य तरीके से उस मूल्य या मूल्यों का संकेत नहीं देगा, जिस/जिन पर यूनिट बाजार के जरिए बेचे या खरीदे जा सकते हैं। तथापि, स्टॉक एक्सचेंजों में ट्रेडिंग में क्रय/विक्रय के अंतिम मूल्य प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित होंगे। फिर भी, ट्रस्ट, स्टॉक एक्सचेंजों से यूनिटों का असूचीकरण करने का अधिकार अपने पास रखता है यदि यूनिटधारकों या ट्रस्ट के हित में ऐसा करना आवश्यक समझा जाए। (घ) बाजार के माध्यम से यूनिट के खरीदार को स्वयं या मान्यताप्राप्त दलाल के माध्यम से ट्रस्ट के रजिस्ट्रार के यहां अंतरण विलेख और संबंधित यूनिट प्रमाणपत्र, यदि ठीक पाए जाएं तो अंतरण को प्रभावी करने के लिए, प्रस्तुत करने चाहिए। (ङ) अंतरण के लिए कोई आवेदन ट्रस्ट के किसी भी कार्यालय द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा और ट्रस्ट किसी भी प्रयोजन के लिए यूनिटधारकों के साथ डील नहीं करेगा।	खण्ड के अंत में निम्नलिखित परिच्छेद सम्मिलित किया गया है : दिनांक 26/4/2000 से पहले जारी किए गए योजना के यूनिट, जो बकाया हों, प्रमुख स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध किए गए हैं। ट्रस्ट द्वारा घोषित की जाने वाली तारीख से ऐसे यूनिटों को असूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। दिनांक 26/4/2000 से या उसके बाद जारी किए जाने वाले/बेचे जाने वाले यूनिट किसी भी स्टॉक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध नहीं किए जाएंगे।

	(च) बाजार के जरिए यूनिटों की खरीद फरोख्त, चाहे किसी भी मूल्य पर हो, यूनिटधारक या भावी यूनिटधारक के जोखिम पर होगी। लेकिन यूनिटों के अंतरण पर देय स्टाम्प शुल्क निर्धारित करने के लिए अंतरण की तारीख से पहले की तारीख के उच्च और निम्न मूल्य के औसत को आधार बनाया जाएगा। (छ) किसी यूनिटधारक द्वारा निक्षेपागार माध्यम से किसी अन्य व्यक्ति को या विलोमतः यूनिटों के अंतरण के मामले में अंतरण उन नियमों/विनियमों के अनुसार होगा जो निक्षेपागार माध्यम से प्रतिभूतियों के अंतरण के लिए लागू हों।	
यूनिटों का पुनः क्रय (बाई बैक) 10 (क)	योजना के प्रावधानों में किसी बात के बावजूद : (क) ट्रस्ट योजना के यूनिटों को बाजार से, जब कभी ऐसे यूनिट एनएवी से 10% या उससे भी कम मूल्य पर उधृत किए जा रहे हों, प्रचलित मूल्य पर बाई बैक कर सकता है। **(ख) ट्रस्ट समग्र सीमा के रूप में किसी एक वित्तीय वर्ष में स्कीम में जारी यूनिट पूंजी का 25% तक बाई बैक कर सकता है। पुनःक्रय किए गए यूनिट मोचित कर दिए जाएंगे।** व्याख्या : **(i) 'मार्केट' का अर्थ किसी भी उस मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज से है, जिसमें योजना के यूनिट सूचीबद्ध हैं।** **(ii) "प्रचलित मूल्य" का अर्थ मान्यताप्राप्त स्टॉक एक्सचेंजों में उस बाजार मूल्य से है जो ट्रस्ट द्वारा पुनः क्रय करते समय प्रचलित हो।**	स्कीम के प्रावधानों में किसी भी बात के बावजूद जब तक कि यूनिट पूंजी का कोई भी अंश किसी भी स्टॉक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध रहता है : (क) ट्रस्ट बाजार के ऐसे यूनिटों का प्रचलित मूल्य पर पुनःक्रय कर सकता है, जब कभी ऐसे यूनिट एनएवी के 10% या उससे भी कम मूल्य पर उधृत किए जाते हों। (ख) ट्रस्ट समग्र सीमा के रूप में किसी एक वित्तीय वर्ष में स्कीम में ऐसी यूनिट पूंजी का 25% तक बाई बैक कर सकता है। पुनःक्रय किए गए यूनिट समाप्त कर दिए जाएंगे। व्याख्या : (i) 'मार्केट' का अर्थ किसी भी उस मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज से है, जिसमें योजना के यूनिट सूचीबद्ध हैं। (ii) "प्रचलित मूल्य" का अर्थ मान्यताप्राप्त स्टॉक एक्सचेंजों में उस बाजार मूल्य से है जो ट्रस्ट द्वारा पुनः क्रय करते समय प्रचलित हो।
यूनिटों की पुनर्खरीद 11	**(क) यूनिटधारक को अपने यूनिटों को पुनर्खरीद के लिए प्रस्तुत करने की कोई बाध्यता नहीं होनी चाहिए और वह योजना के चालू रहने के दौरान जब तक चाहे यूनिट धारित रख सकेगा।** **(ख) पुनर्खरीद यूनिट प्रमाणपत्र और उसके पीछे छपा फार्म, जो पुनर्खरीद की तारीख को प्रमाणपत्र में सम्मिलित सभी यूनिटों की पुनर्खरीद के लिए विधिवत् भरा गया हो, प्राप्त होने पर प्रभावी होगी। यूनिट ट्रस्ट भी यूनिटधारक(कों) से सभी यूनिटधारकों द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित निर्धारित फार्म और अनुरोध प्राप्त होने पर प्रमाणपत्र में उल्लिखित सभी यूनिटों की पुनर्खरीद करेगा। यूनिट प्रमाणपत्र या फार्म, यदि कोई हो, यूनिट ट्रस्ट द्वारा रद्द किए जाने के लिए रख लिया जाएगा।**	1. पुनर्खरीद, बही बंदी की अवधि को छोड़ कर जो एक साल में 45 दिन से ज्यादा नहीं होगी, सारा साल खुली रहेगी। 2. मास्टरगेन के यूनिट का पुनर्खरीद मूल्य एनएवी से अधिक से अधिक 3% राशि काट कर तय किया जाएगा। इस राशि में दलाली, कमीशन, करों अन्य प्रशासनिक प्रभारों, खर्चों तथा निवेशों को प्राप्त करने में हुई प्रभावी लागत सम्मिलित होगी। 3. स्विचओवर/पुनर्खरीद विधिवत् हस्ताक्षरित लेखा विवरणी/यूनिट प्रमाणपत्र के प्राप्त होने पर प्रभावी होगी। आंशिक पुनर्खरीद की अनुमति दी जाएगी, बशर्ते सदस्य प्रति फोलियो रु. 5000/- का न्यूनतम शेष कायम रखे।

	(ग) पुनर्खरीद संविदा स्वीकृति तिथि को निर्णीत हुई मानी जाएगी। (घ) यूनिट ट्रस्ट द्वारा पुनर्खरीदे गए यूनिटों का भुगतान आवेदक द्वारा आवेदन में बताए गए तरीके से स्वीकृति तिथि के बाद जितना जल्दी संभव हो, किया जाएगा। आवेदक को देय राशि पर किसी भी प्रकार से ब्याज अदा नहीं किया जाएगा और प्रेषण का खर्च (डाक खर्च सहित) या ट्रस्ट द्वारा भेजे गए चेक या ड्राफ्ट को वसूल करने का खर्च आवेदक द्वारा वहन किया जाएगा। (ङ) निक्षेपागार पद्धति का यूनिटधारक यदि पुनर्खरीद चाहता है तो उसे समय समय पर बनाए जाने वाले नियमों/दिशानिर्देशों/प्रक्रियाओं का पालन करना होगा।	इस राशि की गणना पुनर्खरीद आवेदन प्राप्त होने की तारीख को लागू पुनर्खरीद कीमत के आधार पर की जाएगी। 4. आंशिक पुनर्खरीद के मामले में, सदस्य द्वारा धारित यूनिटों की संख्या पर निर्भर करते हुए, उसे नई लेखा विवरणी जारी की जाएगी। पुनर्खरीद रकम पर कोई ब्याज अदा नहीं किया जाएगा। 5. सदस्य(यों) की मृत्यु की स्थिति में और विधिक प्रतिनिधि द्वारा ट्रस्ट को लेखा विवरणी, मृतक सदस्य के नाम बकाया यूनिटों की पुनर्खरीद का अनुरोध पत्र प्रस्तुत किए जाने पर, ट्रस्ट, दावे की मान्यता के संबंध में बनाई गई अपेक्षाओं को पूरा किए जाने पर ट्रस्ट द्वारा यथा निर्मित नियमों और दिशानिर्देशों के अनुसरण में यूनिटों की पुनर्खरीद करेगा और दावे के निपटान की तारीख तक बकाया रकम का भुगतान करेगा। सदस्य के विधिक प्रतिनिधि को मृतक के नाम सभी यूनिटों का पुनर्खरीद मूल्य लेने के बजाए सदस्य के रूप में यूनिट धारित करने और सदस्य के रूप में पंजीकृत हुए रहने की अनुमति दी जा सकती है और इस प्रकार इच्छित यूनिटों को धारित किए जाने के संबंध में न्यूनतम धारिता और निवेश पात्रता की शर्तों के अधीन लेखा विवरणी जारी की जाएगी। 6. ट्रस्ट द्वारा पुनर्खरीदे गए यूनिटों के संबंध में भुगतान कटौतियों, यदि कोई हों, के बाद पुनर्खरीद अनुरोध संसाधित किए जाने वाले स्थान में पुनर्खरीद अनुरोध की पर्ची की तारीख से 10 कार्यदिवसों के भीतर (बशर्ते आवेदन सही हो) किया जाएगा। आवेदक को देय रकम पर किसी भी प्रकार से ब्याज अदा नहीं किया जाएगा और प्रेषण खर्च (डाक खर्च सहित) और ट्रस्ट द्वारा भेजे गए चेक या ड्राफ्ट को वसूल करने का खर्च आवेदक द्वारा वहन किया जाएगा। 7. अनिवासी निवेशकों के मामले में पुनर्खरीद राशि निवेश के स्रोत पर निर्भर करते हुए, जैसे कि नीचे दिया गया है, प्रेषित की जाएगी: क) जहां यूनिट विदेश से विदेशी मुद्रा प्रेषित करके या सदस्य के एफसीएनआर जमा राशियों से या भारत में किसी बैंक में सदस्य के अनिवासी बाह्य (एनआरई) खाते में धारित निधि से खरीदे गए हों, वहां सदस्य को रकम विदेशी मुद्रा में भेजी जा सकती है या एनआरई या अनिवासी सामान्य (एनआरओ) खाते में जमा कराई जा सकती है या भारत में उसके संबंधी को दी जा सकती है। ख) जहां यूनिट आवेदक के भारत में निवासी होते हुए या सदस्य के एनआरओ खाते में धारित निधि से खरीदे गए हों, वहां पुनर्खरीद राशि या तो भारत में स्थित बैंक में निवेशक के एनआरओ खाते में जमा करने के लिए या भारत में उसके संबंधी को भेजी जा सकती है। 8. विदेशी संस्थागत संस्थाओं के मामले में पुनर्खरीद राशि सेबी/आरबीआई द्वारा समय समय पर जारी अनुदेशों के अनुसार विशेष अनिवासी रुपया खाते में जमा की जाएगी।

ट्रस्ट का आवेदन स्वीकार या रद्द करने का अधिकार **13**	ट्रस्ट को यह अधिकार होगा कि वह अपने विवेक के अनुसार योजना के अंतर्गत यूनिट जारी करने के लिए आवेदन स्वीकृत या अस्वीकृत कर सके। आवेदन करने के संबंध में किसी व्यक्ति की पात्रता या अन्यथा के बारे में ट्रस्ट का निर्णय अंतिम होगा।	ट्रस्ट को यह अधिकार होगा कि वह अपने विवेक के अनुसार योजना के अंतर्गत यूनिट जारी करने के लिए आवेदन स्वीकृत और/या अस्वीकृत कर सके। ट्रस्ट निम्नलिखित परिस्थितियों में यूनिट जारी करने हेतु आवेदन अस्वीकृत कर देगा : (i) यदि प्रारंभिक निवेश के लिए आवेदन रु. 5000/- की न्यूनतम निवेश राशि से कम एवं उसके बाद प्रति फोलियो रु.1000/- से कम के लिए प्राप्त हुआ हो, (ii) यदि आवेदन पहले आवेदक द्वारा हस्ताक्षरित न हो। (iii) यदि आवेदक योजना में निवेश करने के लिए पात्र न हो। आवेदन करने के संबंध में किसी व्यक्ति की पात्रता या अन्यथा के बारे में ट्रस्ट का निर्णय अंतिम होगा। (iv) **यदि आवेदन अपूर्ण पाया गया तो आवेदन रद्द किए जाने के योग्य होगा।** **प्रथम आवेदक के बैंक विवरण रहित आवेदन** अस्वीकार **किए जाने के योग्य होगा।** रद्द किए जाने के मामलों में आवेदन राशि बिना किसी ब्याज या अन्य देयता के ट्रस्ट द्वारा अपेक्षित परिचालनगत और प्रक्रियागत औपचारिकताएं पूरी होने के बाद वापस की जाएगी।
योजना के अंतर्गत यूनिट जारी किए जाने से पूर्व आवेदक द्वारा अपेक्षाओं का अनुपालन **14**	योजना के अंतर्गत आवेदन करने वाले व्यक्तियों को योजना में आवेदन करने की अपनी योग्यता और ट्रस्ट की सभी अपेक्षाओं का पालन करने के लिए ट्रस्ट को संतुष्ट करना होगा। मिथ्या घोषणा के अंतर्गत यूनिट धारित करने वाला व्यक्ति यूनिट प्रमाणपत्र को रद्द किए जाने का भागी होगा और उसका नाम यूनिटधारकों के रजिस्टर से निकाल दिया जाएगा। ऐसी स्थिति में ट्रस्ट को यूनिटों को सममूल्य पर पुनर्खरीदने का अधिकार होगा। राशि पर कोई भी ब्याज नहीं लगेगा चाहे ट्रस्ट को पुनर्खरीद करने और पुनर्खरीद रकम आवेदक को भेजने में कितना भी समय लगे। परंतु ऐसी स्थिति में, निक्षेपागार माध्यम से यूनिट धारण करने वाले के संबंध में ट्रस्ट समय समय पर बनाए जाने वाले नियमों / दिशानिर्देशों / प्रक्रियाओं का पालन करेगा।	क) योजना में यूनिटों के लिए आवेदन कर रहे व्यक्ति को अवयस्क की ओर से आवेदन करने के लिए अपनी पात्रता के लिए ट्रस्ट को संतुष्ट करना होगा और ट्रस्ट द्वारा निर्धारित सभी अपेक्षाएं पूर्ण करनी होंगी, जैसे कि अवयस्क के मामले में जन्मतिथि प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना। ख) कोई भी वयस्क, जो किसी नाबालिग का माता-पिता हो, सौतेला माता-पिता हो या विधिक अभिभावक हो, अधिनियम की धारा 21 की उपधारा (2ए) के अनुसार और उपबंधित सीमा तक यूनिट रख सकता है और क्रय-विक्रय कर सकता है। अपेक्षानुसार ऐसा वयस्क ट्रस्ट द्वारा विनिर्दिष्ट रीति से नाबालिग की उम्र और नाबालिग की ओर से यूनिट रखने तथा क्रय-विक्रय करने की क्षमता का प्रमाणपत्र ट्रस्ट के समक्ष पेश करेगा। आवेदन में ऐसे वयस्क द्वारा किए गए कथन के अनुसार बिना किसी अतिरिक्त प्रमाण के ट्रस्ट को कार्य करने का अधिकार होगा। ग) भागीदारी फर्म /सहकारी समितियों/निगमित निकायों/ कंपनियों की ओर से यूनिटों की खरीद के लिए किए जाने वाले आवेदनों के साथ भागीदारी विलेख/सोसाइटी के उपनियम /निगमित निकाय को नियंत्रित करने वाले कानून/कंपनी के बहिर्नियमों एवं अंतर्नियमों की प्रमाणित प्रति और प्रबंध निकाय के संकल्प की प्रति जिसमें योजना में निवेश के लिए प्राधिकृत किया गया हो। यूनिटों की पुनर्खरीद के समय प्रबंध निकाय के संकल्प, जिसमें पुनर्खरीद के लिए प्राधिकृत किया गया हो एवं पुनर्खरीद की प्रक्रिया के लिए औपचारिकताएं पूर्ण करने एवं पुनर्खरीद की राशि का चेक लेने के लिए प्राधिकृत अधिकारी/अधिकारियों के नाम प्रस्तुत करने होंगे।

		घ) गलत घोषणा करके यूनिट रखने वाला व्यक्ति अपनी सदस्यता के निरस्तीकरण का भागी होगा और उसका नाम सदस्यो की पंजी से काट दिया जाएगा। ङ) उपरोक्त परिस्थिति में ट्रस्ट को अधिकार होगा कि वह ऐसे यूनिटों की पुनर्खरीद अंकित मूल्य या एनएवी, जो भी कम हो, पर कर ले और इसमें से दण्ड के रूप में ऐसी राशि का 25% या ऐसी राशि जिसे ट्रस्ट निश्चित करे, काट ले। इसके अतिरिक्त, यदि कोई आय वितरण गलती से अदा कर दिया गया हो तो उसकी वसूली पुनर्खरीद आय में से की जाएगी और शेष राशि सबंधित व्यक्ति को वापस की जाएगी। पुर्नखरीद करने और आवेदक को पुनर्खरीद की राशि भेजने में ट्रस्ट को जो भी समय लगेगा उस राशि पर कोई भी ब्याज देय नहीं होगा।
बिक्री और पुनर्खरीद मूल्य **15(1)**	यूनिट ट्रस्ट द्वारा जिस मूल्य पर यूनिट बेचा जाएगा (यहां इसके बाद "बिक्री मूल्य" कहा जाएगा) और जिस मूल्य पर यूनिट ट्रस्ट द्वारा यूनिट की पुनर्खरीद की जाएगी (यहां इसके बाद "पुनर्खरीद मूल्य" कहा जाएगा) वह दैनिक आधार पर घोषित किया जाएगा। बिक्री मूल्य शुद्ध आस्ति मूल्य (पूर्ववर्ती) होगा। पुनर्खरीद मूल्य एनएवी (पूर्ववर्ती) के 5% घटाने पर होगा।	यूनिटो का बिक्री मूल्य आवेदन स्वीकृति के दिन के समाप्त होने के एनएवी पर होगा। ट्रस्ट द्वारा बिक्री संविदा स्वीकृति तिथि को निर्णीत हुई मानी जाएगी। मास्टरगेन के यूनिट का पुनर्खरीद मूल्य यूनिट के एनएवी से अधिक से अधिक 3% राशि काट कर तय किया जाएगा। यह कटौती दलाली, कमीशन, करों और अन्य प्रशासनिक प्रभारों, खर्चों और निवेश करने के संबंध में हुए अन्य खर्चों को पूरा करने के लिए की जाएगी।
योजना से संबंधित आस्तियों का मूल्यांकन **17**	विद्यमान प्रावधान अनुबंध की मद 9 में दिए गए प्रावधानों द्वारा प्रतिस्थापित किए जाएंगे।	अनुबध की मद 9 का सदर्भ ले।
यूनिटों के संबंध में ट्रस्ट को मान्यता नहीं **20**	जो व्यक्ति धारक के रूप में पंजीकृत हो और जिसके नाम यूनिट प्रमाणपत्र जारी किया गया हो, ट्रस्ट द्वारा केवल उसी व्यक्ति को यूनिट धारक के रूप में और यूनिट प्रमाण में बताए गए यूनिटों के प्रति अधिकार, हक या हित रखने वाले के रूप में मान्यता देगा और ट्रस्ट उसे इसके एकमात्र स्वामी के रूप में मान्य कर सकता है और इसके प्रतिकूल किसी नोटिस या किसी ट्रस्ट के किसी निष्पादन के नोटिस या यहां स्पष्ट रूप से किए गए प्रावधान के सिवाय या किसी सक्षम प्राधिकार वाले न्यायालय के आदेश से किसी ट्रस्ट या इक्विटी या अन्य हित को मान्य करने को बाध्य नहीं होगा जिससे किसी यूनिट प्रमाणपत्र या उसके यूनिट प्रभावित होते हों।	निम्नलिखित को खंड के अंत में जोड़ा जाता है : उपरोक्त प्रावधान यथोचित परिवर्तनों सहित 'लेखा विवरणी' और 'सदस्यों ' के यूनिटों पर लागू होंगे।
यूनिट प्रमाणपत्रों का विनिमय और प्रमाणपत्र के कट-फट खराब या गुम आदि हो जाने पर अपनाई जाने वाली प्रक्रिया **21**	(1) योजना के प्रावधानों के अधीन प्रत्येक यूनिटधारक अपने किसी एक यूनिट प्रमाणपत्र सभी यूनिट प्रमाणपत्रों को उसी संख्या के यूनिटों में 100 यूनिटों के गुणकों में एक या अधिक यूनिट प्रमाणपत्रों में परिवर्तित करवाने का हकदार है। इस प्रकार के विनिमय के लिए आवेदन करते समय यूनिटधारक परिवर्तित करवाने वाले प्रमाणपत्र(त्रों) को ट्रस्ट को	निम्नलिखित को 'लेखा विवरणी का विनिमय और लेखा विवरणी के कट-फट, खराब, गुम आदि हो जाने पर अपनाई जाने वाली प्रक्रिया ' शीर्षक खंड के अंत में शामिल किया जाता है। ऐसे मामलों में लेखा विवरणी साधारण अनुरोध कर जारी की जाएगी।

	सौंपेगा और नया/नए प्रमाणपत्र जारी किए जाने के लिए ट्रस्ट को सारा धन (यदि इसके अंतर्गत कुछ देय हो) अदा करेगा। (2) (ख) यदि कोई प्रमाणपत्र कट-फट या खराब हो जाता है तो ट्रस्ट अपने विवेक से पात्र व्यक्ति को कुल उतने ही यूनिटों का नया प्रमाणपत्र जारी कर सकता है जितने यूनिट कटे-फटे या खराब हो गए प्रमाणपत्र मे हों। यदि कोई प्रमाणपत्र गुम, चोरी या नष्ट हो गया हो तो ट्रस्ट अपने विवेक से पात्र व्यक्ति को इसके बदले नया प्रमाणपत्र जारी कर सकता है। ऐसा कोई नया प्रमाणपत्र तब तक जारी नहीं किया जाएगा जब तक आवेदक ने पहले i) मूल पत्र के कट-फट, खराब, गुम, चोरी या नष्ट हो जाने का ट्रस्ट की दृष्टि से संतोषजनक प्रमाण प्रस्तुत न कर दिया हो ; ii) तथ्यों की छानबीन के संबंध में सभी खर्चे अदा न कर दिए हों ; iii) (खराब या कट-फट जाने के मामले में) खराब या कटा फटा हुआ प्रमाणपत्र ट्रस्ट को प्रस्तुत और अभ्यर्पित न कर दिया हो ; और iv) यथा अपेक्षा ट्रस्ट को क्षतिपूर्ति प्रस्तुत न कर दी हो। (ख) इस खंड के प्रावधानों के अंतर्गत ट्रस्ट सद्भाव में ऐसा प्रमाणपत्र जारी करने के लिए कोई देनदारी नहीं उठाएगा। (3) इस खंड के प्रावधानों के अंतर्गत कोई प्रमाणपत्र जारी किए जाने से पहले ट्रस्ट आवेदक से यह अपेक्षा कर सकता है कि वह यूनिट प्रमाणपत्र के लिए प्रति प्रमाणपत्र एक रुपए का शुल्क और स्टाम्प शुल्क, यदि कोई हो और ऐसे प्रमाणपत्र जारी करने और भेजे जाने के संबंध में देय डाक रजिस्ट्री प्रभार सहित अन्य प्रभारों के प्रति ट्रस्ट की राय में जो राशि पर्याप्त हो, अदा करे।	
सदस्यों का रजिस्टर 21 क	कोई प्रावधान विद्यमान नहीं है।	सदस्यों के पंजीकरण के संबंध में निम्नलिखित प्रावधान लागू होंगे : (1) ट्रस्ट द्वारा अपने कार्यालयों में सदस्यों का एक रजिस्टर रखा जाएगा और इसमें निम्नलिखित प्रविष्टियां की जाएंगी - (क) फोलियो नंबर और सदस्य के नाम यूनिटों की संख्या ; (ख) सदस्य का नाम व पता ;

		(ग) दूसरे व तीसरे धारक का/के नाम; (घ) धारिता का स्वरूप; (ङ) नामित/हिताधिकारी का नाम; (च) सदस्यता में शामिल होने की तारीख; (2) यूनिट प्रमाणपत्र(त्रों) और यूनिट धारक(कों) को लागू खंड 21 में निर्धारित प्रतिबंध लेखा विवरणी और आवेदित यूनिट/सदस्य के नाम यूनिटों पर यथोचित परिवर्तनों के साथ लागू होंगे।
यूनिटधारकों द्वारा नामांकन **24**	1) एकल या संयुक्त धारिता वाले दो यूनिटधारक इस संबंध में बनाए गए विनियमों के अधीन 2 व्यक्तियों से अधिक के पक्ष में नामांकन कर सकते हैं या रद्द कर सकते हैं। 2) यूनिटधारक जो या तो माता-पिता या नाबालिग की ओर से आवेदन करने वाले विधिक अभिभावक और पात्र संस्था, समितियां हैं, उन्हें नामित करने का कोई अधिकार नहीं होगा।	**8. सदस्यों द्वारा नामांकन** i) नामांकन सुविधा केवल अपनी ओर से आवेदन करने वाले व्यक्ति अर्थात् एकल या संयुक्त रूप से दो तक के लिए उपलब्ध है। ii) केवल एक व्यक्ति नामित किया जा सकता है। iii) अवयस्क अनिवासी भारतीय सहित अवयस्क नामित किए जा सकते हैं। iv) अनिवासी भारतीय का नामांकन भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय समय पर निर्धारित अपेक्षाओं के अनुरूप किया जाएगा। v) योजना के चालू रहने के दौरान नामांकन में किसी भी समय परिवर्तन किया जा सकता है। vi) आवेदक, जो नाबालिग की ओर से विधिक अभिभावक या माता-पिता है तथा पात्र संस्था, समिति, निगमित निकाय, एचयूएफ और भागीदारी फर्म को नामांकन करने का अधिकार नहीं होगा। vii) अन्य प्रावधान विनियमों में उपलब्ध कराई गई सीमा तक रहेंगे। viii) सदस्य को सांविधिक नामांकन की सुविधा भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 की धारा 39ए के अंतर्गत उपलब्ध है। तदनुसार, जहां यूटीआई सामान्य विनियम, 1964 के अनुसार किसी यूनिट के संदर्भ में नामांकन किया गया है, सदस्य की मृत्यु के उपरांत यूनिट नामिती को विहित होंगे तथा किसी अधिकार, टाइटल, दावा तथा अन्य व्यक्ति के हित की शर्तों के अधीन या उपरोक्त यूनिटों के संदर्भ में ऐसे विनियमों में उल्लिखित एवं उपरोक्त यूनिटों के सदर्भ में किसी प्रभार या किसी भार ग्रस्तता की शर्त के अधीन लेखा विवरणी जारी की जाएगी। उपरोक्त अनुसार ट्रस्ट द्वारा किया गया भुगतान कथित यूनिटों के सदर्भ में सभी देयताओं से ट्रस्ट के लिए पूर्ण उन्मोचन होगा।

यूनिटों का अंतरण 25	(1) यूनिटों के अंतरण की अनुमति होगी। (2) यूनिट धारित करने वाले प्रत्येक यूनिट धारक को यूनिटों या धारित यूनिटों में किसी को ट्रस्ट के अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित रूप में लिखित में एक लिखत द्वारा अंतरण करने की अनुमति होगी। परतु कोई अंतरण पंजीकृत नहीं किया जाएगा, यदि ऐसे पंजीकरण के परिणामस्वरूप अंतरिती या अंतरणकर्ता के यूनिट 100 के गुणकों में न रहें। (3) अंतरण का प्रत्येक विलेख अंतरणकर्ता और अंतरिती द्वारा हस्ताक्षरित किया जाना चाहिए। अंतरणकर्ता तब तक अंतरित यूनिटों का धारक माना जाएगा, जब तक इन यूनिटों के संबंध में अंतरिती का नाम रजिस्टर में दर्ज नहीं कर लिया जाता। यह खंड "यूनिटों का कारोबार" के साथ पढ़ा जाएगा। (4) किसी धारक द्वारा निक्षेपागार माध्यम के यूनिटों के किसी अन्य व्यक्ति को किए जाने वाले अंतरण के मामले में या विलोमत: अंतरण निक्षेपागार माध्यम में प्रतिभूतियों के अंतरण को चालित करने वाले नियमों/विनियमों के अनुसरण में होगा।	यूनिटों का अंतरण /गिरवी रखा जाना /समनुदेशन **क) अंतरण सुविधा-इस पेशकश दस्तावेज के अनुसरण में जारी यूनिट** निम्नलिखित अपवाद के अधीन लेखा विवरणी के अंतर्गत यूनिट अंतरण योग्य नहीं हैं। सतत रूप से खुली योजना होने के कारण बिक्री / पुनर्खरीद सुविधा एनएवी /एनएवी आधारित मूल्य पर हमेशा उपलब्ध रहेगी। हालांकि अंतरिती विधिक रूप से या गिरवी रखे जाने या मृत्यु हो जाने, एकमात्र धारक या संयुक्त धारको में उत्तरजीवियों के कार्यकलापों के समाप्त होने या दिवालिया होने पर स्वयं ही यूनिटों का धारक बन जाता है, तो ट्रस्ट द्वारा जो सबूत पर्याप्त माने जाते हैं, उनके प्रस्तुत किए जाने पर ट्रस्ट उन यूनिटों को अंतरित कर देगा बशर्ते कि अंतरिती अन्यथा यूनिट धारण करने हेतु पात्र हो। यदि अंतरिती कानून के द्वारा या बंधक के लागू होने पर कोई वाणिज्यिक आधिकारिक क्षमता में यूनिटधारक बन जाता है तो ट्रस्ट ऐसा सबूत पेश किए जाने के अधीन, जो उसकी राय में पर्याप्त हो, अंतरण प्रभावी करने की कार्रवाई करेगा यदि भावी अंतरिती अन्यथा यूनिट धारित करने का पात्र हो। **ख) यूनिटों का गिरवी रखा जाना /समनुदेशन** सदस्य ऋण लेने के लिए यूनिटों को प्रतिभूति के रूप में बैंकों /वित्तीय संस्थानों के पक्ष में गिरवी रख /समनुदेशन कर सकते हैं । ट्रस्ट द्वारा आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने पर / आवश्यक फार्म भरकर यूनिट गिरवी रखे जा सकते हैं । ट्रस्ट गिरवी रखे गए यूनिटों के लिए गिरवी/चार्ज / धारणाधिकार दर्ज करेगा। गिरवीकर्ता इस प्रकार गिरवी रखे गए यूनिटों को तब तक मोचित नहीं कर सकता है जब तक कि वह बैंक / वित्तीय संस्थान जिसके पास यूनिट गिरवी रखे गए हैं, ट्रस्ट को लिखित रूप में प्राधिकार पत्र नहीं देता है कि गिरवी/चार्ज / धारणाधिकार हटा लिया जाए । यूनिट गिरवी रखे जाने की अवधि में गिरवीकर्ता बैंक / वित्तीय संस्थान को उपरोक्त यूनिटों को उन्मोचित करने का पूरा अधिकार है। **ग) 26/4/2000 से पूर्व जारी यूनिटों का अंतरण** 26/4/2000 से पूर्व जारी व शेष बकाया यूनिटों का अंतरण जब तक कि वह असूचीबद्ध नहीं कर लिए जाते, निम्नलिखित के अधीन होगा : (i) अंतरण केवल यूनिट धारण करने योग्य अंतरणकर्ता व अंतरिती के मध्य और उनके द्वारा ही प्रभावी होगा। ट्रस्ट किसी अन्य अंतरण को मानने हेतु बाध्य नहीं होगा। (ii) यूनिट प्रमाण पत्र के साथ विधिवत् मुद्रांकित अंतरण विलेख इस प्रयोजन हेतु नियुक्त किसी भी रजिस्ट्रार कार्यालय में जमा करवाए जाते हैं । परंतु यह कि विशेष परिस्थितियों में ट्रस्ट अंतरण की लिखत के बिना उन शर्तों एवं निबंधनों पर और अंतरिती द्वारा ऐसे प्रमाण उपलब्ध कराए जाने पर जो ट्रस्ट द्वारा विनिर्दिष्ट किए जाएं, यूनिटों के अंतरण की अनुमति दे सकता है।

		(iii) ट्रस्ट के किसी भी कार्यालय में जमा कराया गया या स्वीकार किए गए विधिवत् मुद्रांकित व निष्पादित अंतरण विलेख के साथ प्रमाणपत्र निकटतम रजिस्ट्रार कार्यालय को भेज दिया जाएगा । (iV) अंतरण की प्रत्येक लिखत अंतरणकर्ता द्वारा (संयुक्त धारकों की स्थिति में सभी अंतरणकर्ताओं द्वारा) व अंतरिती द्वारा (संयुक्त धारकों की स्थिति में सभी अंतरितियों द्वारा) हस्ताक्षरित होनी चाहिए तथा अंतरणकर्ता (संयुक्त धारकों की स्थिति में सभी अंतरणकर्ताओं द्वारा) उस समय तक यूनिटों का धारक माना जाएगा जब तक कि रजिस्ट्रार द्वारा अंतरिती का नाम सदस्यों के रजिस्टर में दर्ज नहीं कर लिया जाता है । (V) रजिस्ट्रार अंतरणकर्ता से अंतरण कर्ता के हक या यूनिटों के अंतरण के उसके अधिकार के समर्थन में ऐसे प्रमाण मांग सकते हैं जिन्हें वे आवश्यक समझते हों । (VI) रजिस्ट्रार, उन आवश्यकताओं के अनुपालन के अधीन जिन्हें वे आवश्यक समझते हों और अपने विवेक से मूल प्रमाणपत्र यदि गुम, खो, नष्ट हो गया हो, तो उसे प्रस्तुत करने से छूट दे सकते हैं। (Vii) यूनिटों के अंतरण के पंजीकरण होने पर अंतरण की सभी लिखतें व निरस्त यूनिट प्रमाण पत्र रजिस्ट्रार द्वारा रख लिए जाएंगे । (Viii) रजिस्ट्रार किसी अंतरण को मान्यता देते हुए व पंजीकृत करते हुए अंतरिती को नई लेखा विवरणी जारी करेगा। यदि अंतरिती कानून के द्वारा या बंधक के लागू होने पर कोई वाणिज्यिक बैंक अधिकाधिक क्षमता में यूनिटधारक बन जाता है तो ट्रस्ट ऐसा सबूत पेश किए जाने के अधीन, जो उसकी राय में पर्याप्त हो, अंतरण प्रभावी करने की कार्रवाई करेगा यदि भावी अंतरिती अन्यथा यूनिट धारित करने का पात्र हो। (iX) विशेष परिस्थितियों में किसी कंपनी या निगमित निकाय की दूसरी कंपनी या निगमित निकाय या व्यक्ति / व्यक्तियों के साथ, जिसमें कोई भी नाबालिग नहीं है, ट्रस्ट द्वारा विचार किया जा सकता है । (X) उपरोक्त बताए गए उपबंधों की शर्त पर रजिस्ट्रार अंतरण का पंजीकरण कर लेगा व संबंधित अंतरण लिखत के साथ यूनिट प्रमाणपत्र जमा कराए जाने की तिथि से 30 दिनों के भीतर यूनिट प्रमाणपत्र लौटा देगा/नया यूनिट प्रमाणपत्र/लेखा विवरणी जारी कर देगा। संयुक्त अंतरितियों के मामले में लेखा विवरणी केवल प्रथम सदस्य को भेजी जाएगी और धारिता के संदर्भ में सभी भुगतान केवल प्रथम सदस्य के नाम किए जाएंगे ।
निवेश सीमाएं	(I) योजना की निधियों से किसी कंपनी	(I) योजना की निधियों से किसी कंपनी की प्रतिभूतियों में

27	की प्रतिभूतियों में निवेश उन कंपनियों की जारी व बकाया प्रतिभूतियों के 15% से अधिक नहीं होगा। परन्तु नए औद्योगिक उपक्रमों की आरंभ में जारी पूंजी में किसी भी समय 5% से अधिक नहीं होगा। (2) उप खंड(1) में निर्धारित सीमाएं ट्रस्ट की बॉण्डों और डिबेंचरों और किसी कंपनी के जमानती या गैर जमानती जमाओं में किए गए निवेश पर लागू नहीं होंगी। स्कीम डेरिवेटिव निवेशों में निवेश कर सकती है, जब कभी सेबी द्वारा इसकी अनुमति दी जाए और स्कीम द्वारा निवेश के लिए उपलब्ध हो। 01.01.1997 से योजना के अंतर्गत प्राप्त किसी भी अभिदान का निवेश सेबी विनियमों और भारतीय यूनिट ट्रस्ट के विनियामक ढांचे के अनुसार किया जाएगा अर्थात् : (1) स्कीम द्वारा जिन ऋण लिखतों में निवेश किया जाए उन सभी का क्रिसिल/इकरा/केयर या समय-समय पर मान्यता प्राप्त क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों द्वारा निवेश के रूप में दर्जा निर्धारित किया होना चाहिए : परंतु यदि ऋण लिखत का दर्जा निर्धारित न किया गया हो तो निवेश के लिए ट्रस्ट के न्यासी मंडल का अनुमोदन लेना होगा। (2) स्कीम द्वारा सावधि ऋण नहीं दिए जाएंगे। (3) निजी रूप से नियोजित डिबेंचरों, जमानती ऋण और दूसरी असूचीबद्ध ऋण लिखतों के माध्यम से किया गया निवेश स्कीम की कुल आस्तियों के 10% से अधिक नहीं होगा। (4) स्कीम किसी एक कंपनी के शेयरों में अपनी निधि के 5% से अधिक का निवेश नहीं करेगी। (5) किसी एक कंपनी के शेयरों, डिबेंचरों या अन्य प्रतिभूतियों में इस योजना सहित ट्रस्ट की सभी योजनाओं की निधियों के 15% से अधिक का निवेश नहीं किया जाएगा। (6) किसी एक उद्योग के शेयरों और डिबेंचरों में इस योजना सहित ट्रस्ट की सभी योजनाओं की निधियों के 15% से अधिक का	निवेश उन कंपनियों की जारी व बकाया प्रतिभूतियों के 15% से अधिक नहीं होगा। परंतु नए औद्योगिक उपक्रमों की आरंभ में जारी पूंजी में किसी भी समय 5% से अधिक नहीं होगा। (2) उप खंड(1) में निर्धारित सीमाएं ट्रस्ट की बॉण्डों और डिबेंचरों और किसी कंपनी के जमानती या गैर जमानती जमाओं में किए गए निवेश पर लागू नहीं होंगी। (3) इस योजना द्वारा कोई सावधि ऋण नहीं दिये जाएंगे। (4) ट्रस्ट प्रतिभूतियों का क्रय विक्रय सुपुर्दगियों के आधार पर करेगा और खरीद के सभी मामलों में संबंधित प्रतिभूतियों की सुपुर्दगी लेगा और बिक्री के सभी मामलों में प्रतिभूतियो की सुपुर्दगी करेगा और किसी भी मामले में खुद को ऐसी स्थिति में नहीं डालेगा जिससे इसे मंदड़िया बिक्री करनी पड़े या सौदे का वायदा (कैरी फारवर्ड) करना पड़े या बदला वित्त में लिप्त होना पड़े । (5) ट्रस्ट खरीदी गई प्रतिभूतियों का अंतरण ट्रस्ट के नाम करवाएगा। (6) आवश्यक प्राधिकार प्राप्त होने के अधीन यूटीआई, उचित परिस्थितियों में योजना की निवेश नीति, जोखिम को रोकने या कम से कम करने के उद्देश्य के लिए, ऐसी तकनीकों और लिखतों जैसे फ्यूचर्स और ऑप्शन्स और डेरिवेटिवों का, जब भारतीय बाजार में उनके प्रयोग की अनुमति मिल जाएगी, लागू विनियमों और प्रति-पक्षी जोखिम मूल्यांकन के अधीन, प्रयोग करेगा। (7) क) योजना सेबी द्वारा घोषित प्रतिभूति उधार देने वाली योजना की शर्तों के अनुसार स्टॉक उधार देने के कार्यक्रम में सहभाग करेगी। यह कार्य किसी अनुमोदित बिचौलिए के जरिए किया जाएगा। ख) किसी भी समय स्टॉक उधार दिए जाने पर किसी एकल बिचौलिए को योजना का अधिकतम उधार,योजना के इक्विटी पोर्टफोलियो के बाजार मूल्य का 10 प्रतिशत या सेबी द्वारा निर्धारित सीमा तक होगा। ग) यदि यूटीआई को स्टॉक उधार लेने की अनुमति दी जाती है तो योजना इस संबंध में सेबी दिशानिर्देशों के अनुसार उचित परिस्थितियों में स्टॉक उधार ले सकेगी। (8) योजना, विदेशी कंपनियों द्वारा जारी की गई तथा विदेश में सूचीबद्ध प्रतिभूतियों में अथवा भारतीय कंपनियों द्वारा विदेशी निवेशकों को जारी की गई प्रतिभूतियों तथा विदेशी स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध ऐसे निर्गमों में सीधे अभिदान करके अथवा सेबी/आरबीआई द्वारा समय-समय पर जारी किए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार विदेशी स्टॉक एक्सचेंजों के जरिए खरीद करके निवेश कर सकेगी। (9) योजना इनमें से किसी में निवेश नहीं करेगी ;

	निवेश नहीं किया जाएगा : परंतु यह प्रावधान उस योजना पर लागू नहीं होगा जो किसी एक या अधिक विनिर्दिष्ट उद्योगों के लिए बनाई गई हो और जिसके बारे में पेशकश दस्तावेज में घोषणा की गई हो। (7) इस योजना के निवेशों का ट्रस्ट की अन्य योजना/प्लान में अंतरण तभी किया जाएगा जब - (क) ऐसे अंतरण उधृत निवेशों के लिए स्पॉट आधार पर प्रचलित बाजार भाव पर किए जाते हों। (ख) इस प्रकार अंतरित प्रतिभूतियां अंतरित स्कीम/प्लान के उद्देश्य के अनुरूप होनी चाहिए। (ग) इस स्कीम से दूसरी स्कीम/प्लान में असूचीबद्ध या अनोधृत निवेश का अंतरण ट्रस्ट के न्यासी मंडल द्वारा बनाई गई नीतियों के अनुसार होगा। (8) योजना ट्रस्ट की दूसरी स्कीम/प्लान में तब तक निवेश नहीं करेगी या उधार नहीं देगी, जब तक सेबी द्वारा म्युचुअल फंड विनियमों/दिशानिर्देशों/निर्देशों के अधीन अन्यथा प्रावधान न किया गया हो। (9) स्कीम अपने निवेशों के वित्तपोषण के लिए तब तक निधियां उधार नहीं लेगी जब तक सेबी द्वारा म्यूचुअल फंड विनियमों/दिशानिर्देशों/निर्देशों के द्वारा अन्यथा अनुमति न दी जाए।	क) ट्रस्ट की समूह या सहायक कंपनी की कोई असूचीबद्ध प्रतिभूति ;या ख) ट्रस्ट की समूह या सहायक कंपनी द्वारा निजी नियोजन के माध्यम से जारी की गई कोई प्रतिभूति; या ग) ट्रस्ट की समूह कंपनियों की सूचीबद्ध प्रतिभूतियां जो ट्रस्ट की सभी योजनाओं की शुद्ध आस्तियों के 25% से अधिक हों। (10) योजना की प्रतिभूतियों के लेन देन के लिए शेयर-दलाली फर्म और यूटीआई की पूर्ण स्वामित्व वाली संस्था यूटीआई सिक्यूरिटीज़ एक्सचेंज लिमिटेड (यूटीआई-एसईएल) की सेवाएं ली जा सकती हैं जो नीतियों के अनुसार हों और ट्रस्ट के न्यासी मंडल द्वारा तय की गई सीमाओं के अधीन हों। यूटीआई एसईएल 1994 में स्थापित की गई थी। इसका पंजीकृत कार्यालय मुंबई में है। (11) स्कीम किसी कंपनी के इक्विटी शेयरों या इक्विटी सम्बद्ध लिखतों में इसके एनएवी के 10% से अधिक निवेश नहीं करेगी। (12) स्कीम किसी एक निर्गमकर्ता द्वारा जारी उन ऋण लिखतों में इसके एनएवी के 15% से अधिक निवेश नहीं करेगी, जिनका दर्जा सेबी द्वारा ऐसे कार्य के लिए प्राधिकृत एजेंसी द्वारा निवेश के लिए निर्धारित ग्रेड से नीचे तय न किया गया हो। इस निवेश सीमा को न्यासी मंडल के पूर्वानुमोदन से एनएवी के 20% तक बढ़ाया जा सकता है। परंतु यह सीमा सरकारी प्रतिभूतियों और मुद्रा बाजार लिखतों में निवेश करने के लिए लागू नहीं होगी। (13) स्कीम किसी एक निर्गमकर्ता द्वारा जारी गैर दर्जा निर्धारित ऋण लिखतों में स्कीम के एनएवी के 10% से अधिक निवेश नहीं करेगी और ऐसी लिखतों में कुल निवेश योजना के एनएवी के 20% से अधिक नहीं होना चाहिए। इस प्रकार का सारा निवेश न्यासी मंडल के पूर्वानुमोदन से किया जाएगा।
आय वितरण **28**	स्कीम में हुई आमदनी और किए गए खर्च पर निर्भर करते हुए ट्रस्ट स्कीम में आय वितरण की घोषणा नहीं भी कर सकता है। वितरण योग्य आय, यदि कोई हो, हर साल 30 जून को वार्षिक लेखा बंदी के बाद जितना जल्दी हो सके अदा की जाएगी। लाभांश की घोषणा के मामले में आय वितरण वारंट लाभांश की घोषणा की तारीख से 42 दिन के भीतर भेज दिए जाएंगे।	(क) यद्यपि स्कीम का उद्देश्य वृद्धि करना है, योजना समय समय पर आय वितरण भी कर सकती है। (ख) ऐसे सदस्य जिन के नाम स्कीम द्वारा आय वितरण की घोषणा से पहले रजिस्टरों को बंद करते समय सदस्यों के रजिस्टर में होंगे, वे स्कीम में इस प्रकार वितरित आय प्राप्त करने के हकदार होंगे। (ग) स्कीम द्वारा वितरित आय ईसीएस के जरिए, जहां जहां यह सुविधा उपलब्ध है या चेक या ऐसे बैंक(कों) की शाखाओं में भुनाए जाने वाले वारंटों के माध्यम से अदा की जाएगी जिन के बारे में ट्रस्ट पूर्व भुगतान व्यवस्था निर्दिष्ट कर दे। (घ) आय वितरण की घोषणा के मामले में आय वितरण वारंट आय वितरण की घोषणा की तारीख से 42 दिन के भीतर भेज दिए

		जाएगा। (ङ) वितरित आय का पुनर्निवेश : सदस्य स्कीम द्वारा घोषित आय, यदि कोई हो, का और यूनिटों में पुनर्निवेश का विकल्प चुन सकता है। ऐसे विकल्प के प्रयोग किए जाने की स्थिति में उसकी यूनिटधारिता की सारी आय, कर कटौती के बाद, यदि कोई हो, यहां ऊपर खंड VIII (ग) मे उपबंधित तरीके से सदस्य को अदा किए जाने के बजाए स्कीम के और यूनिटों में एनएवी पर पुनर्निवेशित की जाएगी और उसके फोलियो में जमा की जाएगी। ऐसे जमा के बाद नई लेखा विवरणी जारी की जाएगी। **च) <u>निवेशकों के बैंक विवरण एवं इलेक्ट्रॉनिक समाशोधन सेवा :</u>** i) आय वितरण वारंटों/पुनर्खरीद चेकों/परिपक्वता चेकों को कपटपूर्ण तरीके से भुना लिए जाने से बचने के लिए सेबी ने निवेशकों के हित में आवेदन पत्र में उपयुक्त स्थान पर बैंक ब्यौरे देना अनिवार्य कर दिया है। **बैंक ब्यौरे के बिना आवेदन रद्द कर दिए जाएंगे** । तदनुसार,नीचे मद (ii) में दिए गए ग्यारह शहरों में न रहने वाले आवेदकों से निवेदन किया जाता है कि वे रिकार्ड हेतु आवेदन पत्र तथा पावती रसीद के उपयुक्त स्थान पर अपने बैंक खाते (अर्थात खाते का प्रकार,खाता संख्या और बैंक का नाम) का पूरा ब्यौरा दें। तब आय वितरण वारंट/पुनर्खरीद चेक,इस प्रकार निर्दिष्ट बैंक ब्यौरे के साथ खाते में जमा करने के लिए सदस्य के नाम जारी कर उसे भेजे जाएंगे। ii) वर्तमान में ईसीएस सुविधा मुंबई/ कलकत्ता/ चेन्नई/ नई दिल्ली/ अहमदाबाद/ बड़ौदा/ पुणे/ भुवनेश्वर/ बंगलोर / हैदराबाद/ जयपुर (भविष्य में केंद्रों के नाम जोड़े या निकाले जा सकते हैं) में रहने वाले निवेशकों को संबंधित केन्द्रों पर उनके बैंक खाते में सीधे क्रेडिट के लिए उपलब्ध कराई गई है और जहां एकल लिखत की राशि रु. 5,00,000 से अधिक न हो।. निवेशकों को उनके बैंक खाते में क्रेडिट के ब्यौरे देते हुए एक विवरणी दी जाएगी। iii) निवेशक की बैंक शाखा उसके खाते में जमा करेगी और जमा प्रविष्टि को पास बुक/बैंक खाते की विवरणी में "ईसीएस" से निर्दिष्ट करेगी। आवेदक से अनुरोध किया जाता है कि वह आवेदन पत्र में अपने बैंक का नाम और पता,खाते का प्रकार और संख्या, 9 अंकों वाली बैंक एवं शाखा एमआईसीआर कोड संख्या का विवरण दे। iv) यदि इस सुविधा पर मिली प्रतिक्रिया इसके संचालन हेतु पर्याप्त नहीं है या कोई अन्य कारण से इसका संचालन नहीं किया जा सके तो "ईसीएस" के अंतर्गत आय का भुगतान

		करने के बजाय ट्रस्ट उपरोक्तानुसार आय वारंट जारी करके आय की अदायगी कर सकता है। छ) <u>एनआरआई/ ओसीबी निवेशकों को आय वितरण</u> एनआरआई/ ओसीबी निवेशकों को आय वितरण विदेशी मुद्रा नियंत्रण विनियमों के अनुसार अदा किया जाएगा। आय के भुगतान की वर्तमान स्थिति इस प्रकार है : i) वारंट सदस्य के नाम जारी किया जा सकता है तथा सदस्य के एनआरई/एनआरओ खाते में जमा करने के लिए उसके किसी ऐसे रिश्तेदार को भेजा जा सकता है जो भारत का निवासी हो, जैसा भी मामला हो। अथवा ii) वारंट किसी ऐसे रिश्तेदार के नाम जारी किए जा सकता है जो भारत का निवासी है तथा उसके खाते में जमा करने के लिए उसे भेजा जाएगा। (ज) ईसीएस सुविधा उन एनआरआई निवेशकों को भी उपलब्ध है जिनका मुंबई में अपना स्वयं का बैंक खाता है। ऐसे एनआरआई निवेशक जो अपने निवासी रिश्तेदार के खाते में आय वितरण क्रेडिट करना चाहते हैं, ईसीएस सुविधा ऊपर बताए गए उप खण्ड में दर्शाए स्थानों पर उन्हें भी उपलब्ध हो सकती है। (i) विदेशी संस्थागत निवेशकों के मामले में वितरित आय सेबी/आरबीआई द्वारा समय समय पर जारी अनुदेशों के अनुसार विशेष अनिवासी रुपए खाते में क्रेडिट की जाएगी।
लेखों का प्रकाशन 29	ट्रस्ट हर साल 30 जून के बाद जितना जल्दी संभव हो, उस तारीख को समाप्त अवधि के दौरान बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट तरीके से स्कीम के कामकाज को दिखाने वाले लेखे, बोर्ड द्वारा निर्धारित किए जाने वाले तरीके से प्रकाशित करेगा। ट्रस्ट किसी यूनिट धारक से लिखित में अनुरोध प्राप्त होने पर इस तरह प्रकाशित लेखों की प्रति भेजेगा। शुल्क, व्यय और लेखा नीतियां सेबी द्वारा जारी विनियमों / दिशानिर्देशों पर निर्भर करते हुए परिवर्तनीय होंगी।	संशोधित की गई और अनुबंध III लेखा नीतियों की मद 10 में शामिल की गई।
विकास प्रारक्षित निधि (डीआरएफ)	हर वर्ष साप्ताहिक औसत शुद्ध आस्ति मूल्य का 0.10% डीआरएफ में अंशदान के रूप में	(i) दैनिक औसत शुद्ध आस्ति मूल्य के 0.25% प्र.व. के बराबर राशि ट्रस्ट के डीआरएफ में अंशदान के रूप में रखी

में अंशदान 29 क	अलग रखा जाएगा।	जाएगी। डीआरएफ अंशदान आवर्ती व्यय का अंश होगा। (ii) ट्रस्ट ने इस निधि की स्थापना एक सामान्य निधि के रूप में 1983-84 में की थी ताकि ट्रस्ट नई योजनाओं को लागू करने के संबंध में अनुसंधान एवं विकास कार्यों को करने, नई पद्धतियों और प्रक्रियाओं का अवधारणा के स्तर पर प्रवर्तन करने तथा उत्पादन एवं विकास से संबंधित ऐसे बहुत से अन्य कार्यों, जो किसी विशेष योजना से जुड़े अथवा संबंधित न हों, पर होने वाले व्ययों को पूरा कर सके। इस निधि का उपयोग आर्थिक और पूंजी बाजार अनुसंधान, प्रबंधन और व्यावसायिक प्रशिक्षण, ट्रस्ट के लिए सर्वेक्षण एवं बाजार अनुसंधान, मार्केटिंग और कार्पोरेट के छवि निर्माण संबंधी ऐसे प्रयासों जो किसी विशेष योजना से जुड़े हुए न हों तथा मानव संसाधन विकास संबंधी प्रयासें जिनका दीर्घकालिक प्रभाव हो और जो ट्रस्ट के भविष्य के कार्यकलापों से संबंधित हों, तथा ट्रस्ट की किन्हीं भी योजनाओं में दिए गए आश्वासित प्रतिलाभ की दर में कमी होने पर,साथ ही नो लोड स्कीमों के निर्गम व्ययों की पूर्ति करने के लिए भी किया जा सकता है।
स्टाफ कल्याण निधि में अंशदान (29) (ख)	हर वर्ष साप्ताहिक औसत शुद्ध आस्ति मूल्य का 0.10% स्टाफ कल्याण ट्रस्ट में अंशदान के रूप में अलग रखा जाएगा।	दैनिक औसत शुद्ध आस्ति के 0.10% प्र.व. के बराबर राशि कर्मचारी कल्याण निधि में अंशदान के रूप में रखी जाएगी। ट्रस्ट ने कर्मचारी कल्याण निधि की स्थापना अपने कर्मचारियों के कल्याण के लिए की है जिसमें विपत्ति में सहायता, चिकित्सा सहायता अथवा इसी प्रकार के अन्य प्रयोजन शामिल हैं।
योजना में परिवर्धन और संशोधन 30	ट्रस्ट समय समय पर इस स्कीम में कुछ जोड़ सकता है या अन्यथा इसे संशोधित कर सकता है और इसमें किया गया कोई संशोधन / परिवर्धन राजपत्र में अधिसूचित किया जाएगा। स्कीम के प्रावधानों में संशोधन कार्यकारिणी समिति और सेबी के पूर्वानुमोदन से प्रभावी होंगे।	संशोधित किए गए और अनुबंध III में 'मूलभूत विशेषताएं' शीर्षक वाली मद 5 में शामिल किए गए।
स्कीम की प्रति उपलब्ध कराई जाएगी 34	इस स्कीम की एक प्रति, उसमें किए गए सभी संशोधनों को सम्मिलित करते हुए, ट्रस्ट के कार्यालयों में कारोबार के समय के दौरान निरीक्षण के लिए हमेशा उपलब्ध कराई जाएगी और किसी व्यक्ति को या आवेदन करने पर 5 रुपए अदा करने पर दी जाएगी।	संशोधित और नीचे दी गई 'निवेश के अधिकार और सेवाएं' शीर्षक वाली मद में सम्मिलित।
यूनिट धारकों के अधिकार	1. योजना के अधीन यूनिटधारकों को योजना की आस्तियों के लाभकारी स्वामित्व तथा योजना द्वारा घोषित लाभांश, यदि कोई हो, में समानुपातिक अधिकार है।	**निवेशकों के अधिकार एवं सेवाएं** **1.** योजना के अधीन सदस्यों को योजना की आस्तियों के लाभकारी स्वामित्व तथा योजना द्वारा घोषित आय में समानुपातिक अधिकार है।

	2. यूनिटधारकों को न्यासियों से ऐसी कोई भी जानकारी प्राप्त करने का अधिकार है जो उनके निवेशो पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हो तथा यूनिटधारकों को ऐसी जानकारी देने के लिए न्यासी बाध्य होंगे।	2. सदस्यों को न्यासियों से ऐसी कोई भी जानकारी प्राप्त करने का अधिकार है जो उनके निवेशों पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हो तथा सदस्यों को ऐसी जानकारी देने के लिए न्यासी बाध्य होंगे।
	3. यूनिटधारकों को लाभांश की घोषणा की तारीख से 42 दिन के भीतर लाभांश वारंट भेजे जाने का अधिकार है।	3. सदस्यों को स्वीकृति तिथि से छ: सप्ताह के भीतर लेखा विवरणी जारी किए जाने का अधिकार है।
	4. यूनिटधारकों को "निरीक्षण के लिए उपलब्ध दस्तावेज" शीर्षक में सूचीबद्ध दस्तावेजों के निरीक्षण का अधिकार है।	4. सदस्यों को अधिकार है कि जिस कार्यालय में पुनर्खरीद अनुरोध संसाधित किए जाते हैं वहां आवेदन प्राप्त होने की तिथि से 10 कार्य दिवसों के भीतर (बशर्ते आवेदन सही हो) पुनर्खरीद प्राप्तियां उन्हें भेजी जाएं। आय वितरण के मामले में, सदस्यों को यह अधिकार है कि आय वितरण वारंट आय वितरण की घोषणा किए जाने की तिथि से 42 दिनों के भीतर उन्हें भेजे जाएं। 5. सभी सदस्यों को पूंजी वृद्धि यूनिट योजना के संदर्भ में संक्षिप्त वार्षिक रिपोर्ट संबद्ध लेखा वर्ष की समाप्ति की तिथि से छ: माह के भीतर भेजी जाएगी एवं संपूर्ण वार्षिक रिपोर्ट निरीक्षण के लिए ट्रस्ट के केंद्रीय निवेशक संपर्क कक्ष में उपलब्ध कराई जाएगी एवं इसकी एक प्रति सदस्यों को न्यूनतम शुल्क, यदि कोई हो, के भुगतान पर उपलब्ध कराई जाएगी। 6. योजना की मूलभूत विशेषताओं में किसी तरह का परिवर्तन तभी किया जाएगा जब व्यक्तिगत संप्रेषण द्वारा सूचित किए जाने के अलावा निवेशकों को एनएवी पर आहरण करने की अनुमति हो। 7. निर्दिष्ट परिस्थितियों के अंतर्गत सदस्यों अनुमोदन पोस्टल बैलट के जरिए मांगा जाएगा। 8. सदस्यों को केन्द्रीय निवेशक संपर्क कक्ष, भारतीय यूनिट ट्रस्ट, एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय, बेसमेंट द्वार नं. 1, सर विट्ठलदास ठाकरसी मार्ग, मुंबई-400 020 में रखे निम्नलिखित दस्तावेजों के निरीक्षण का अधिकार है : * यूटीआई अधिनियम * सामान्य विनियमावली * अभिरक्षक, रजिस्ट्रार और आदाता बैंकों के साथ किए गए करार * पूंजीवृद्धि यूनिट योजना के पेशकश दस्तावेज की प्रति

दावा त्याग खंड	अनुबंध III की मद 1 के रूप में जोड़ा गया।	अनुबंध III की मद 1 देखें।
नियत तत्परता प्रमाणपत्र	सेबी को प्रस्तुत किया जाता है। तदुपरांत मानक प्रारूप के अनुरूप जोड़ा जाएगा।	
37. स्कीम का परिसमापन	अनुबंध III की मद 4 के अनुसार नए प्रावधान जोड़े गए।	अनुबंध III की मद 4 देखें।
38. अंतर योजना लेन देन	अनुबंध III की मद 7 के अनुसार नए प्रावधान जोड़े गए।	अनुबंध III की मद 7 देखें।
39. सहायक लेन देन व उधार	अनुबंध III की मद 8 के अनुसार नए प्रावधान जोड़े गए।	अनुबंध III की मद 8 देखें।
40. निवेशों का कर निरूपण	अनुबंध III की मद 11 के अनुसार नए प्रावधान जोड़े गए।	अनुबंध III की मद 11 देखें।
41. यूटीआई की संरचना और प्रबंधन	अनुबंध III की मद 12 के अनुसार सूचना जोड़ी गई।	अनुबंध III की मद 12 देखें।
अभिरक्षक एवं लेखा परीक्षक	अनुबंध III की मद 14 व 15 के अनुसार विद्यमान प्रावधान अद्यतन किए गए।	अनुबंध III की मद 14 व 15 देखें।
42. दंड, लंबित मुकदमे, निरीक्षणों/ जांचों के महत्त्वपूर्ण निष्कर्ष	अनुबंध III की मद 17 के अनुसार नए प्रावधान जोड़े गए।	अनुबंध III की मद 17 देखें।
घनीभूत वित्तीय सूचना	नवीनतम आंकड़े जोड़े गए।	

अनुबंध II

मास्टरगेन - हटाए गए प्रावधान

खंड सं. विशिष्टताएं	विद्यमान प्रावधान	टिप्पणी
चौथी मद	प्रमुख शेयर बाजार में सूचीकरण के द्वारा तरलता	हटाया गया, क्योंकि यूनिट सूचीबद्ध नहीं किए जाएंगे।
यूनिटों के लिए आवेदन 5 (i) - दूसरा परिच्छेद	किसी भी खंड में कुछ भी अंतर्विष्ट होने के बावजूद, योजना के अंतर्गत यूनिटों के अंतरण की स्थिति में, या तो उन शेयर बाजारों के जरिए जहां योजना सूचीबद्ध है या अन्यथा, योजना के अंतर्गत (अंतरितियों) को कोई एक या उत्तरजीवी आधार पर यूनिटों को धारण करने की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी और कथित अंतरितियों द्वारा इस सुविधा हेतु किए गए अनुरोध पर ट्रस्ट द्वारा किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा।	हटाया गया, क्योंकि किसी एक या उत्तरजीवी द्वारा निवेश की अनुमति दी गई।
यूनिटों के लिए आवेदन 5 (viii)	किसी अन्य कंपनी या निगमित निकाय या किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के साथ एक कंपनी या अन्य निगमित निकाय, जिनमें से कोई भी नाबालिग न हो।	हटाया गया, क्योंकि ऐसी धारिता की केवल अंतरण पर ही अनुमति
यूनिटों के लिए आवेदन 5 (6) (क) - अंतिम वाक्य	परंतु यह कि यदि जो आवेदक ऐसे स्थान से यूनिटों के लिए आवेदन करना चाहता है, जहां ट्रस्ट का कार्यालय नहीं है, तो वह आवेदित यूनिटों की संख्या के लिए बैंक ड्राफ्ट, उसमें से बैंक ड्राफ्ट के लिए देय प्रभार काटकर, के साथ आवेदन पत्र ट्रस्ट के नजदीकी दफ्तर को भेज सकता है।	हटाया गया, क्योंकि ड्राफ्ट प्रभार निवेशक द्वारा वहन किए जाएंगे।
15 का अंतिम वाक्य	बिक्री और पुनर्खरीद मूल्य की गणना और उनके बीच का अंतर सेबी द्वारा इस संबंध में स्थापित विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के अनुसार होगा।	हटाया गया, क्योंकि अब य अप्रासंगिक है।
यूनिट प्रमाणपत्र का प्ररूप 18	100 यूनिटों के बिक्री योग्य लॉटों में जारी यूनिट प्रमाणपत्र यहां संलग्न प्ररूप क के अनुसार होगा और 10,000 यूनिटों के मूल्यवर्ग में जारी प्रमाणपत्र यहां संलग्न प्ररूप ख के अनुसार होगा। प्रत्येक यूनिट प्रमाणपत्र पर विभेदक संख्या (ख), यूनिटों की संख्या और और यूनिटधारक का नाम होगा।	हटाया गया, क्योंकि लेखा विवरणी जारी की जाएगी।

यूनिट प्रमाणपत्र तैयार करने की विधि 19	समय-समय पर बोर्ड द्वारा किए गए निर्धारण के अनुसार यूनिट प्रमाणपत्र उत्कीर्ण या अश्ममुद्रित या मुद्रित किया जाएगा और ट्रस्ट द्वारा सम्यक रूप से प्राधिकृत दो व्यक्तियों द्वारा ट्रस्ट की ओर से हस्ताक्षरित होगा। हरेक ऐसा हस्ताक्षर या तो अपने हाथ से किया जाएगा या यांत्रिक विधि से किया जाएगा। जब तक यूनिट प्रमाणपत्र पर इस प्रकार से हस्ताक्षर नहीं किया जाता तब तक वह विधिमान्य नही होगा। इस प्रकार से हस्ताक्षरित यूनिट प्रमाणपत्र विधि मान्य होगा तथा इसके बावजूद भी कि जारी किए जाने के पूर्व उस पर जिस व्यक्ति का हस्ताक्षर था अब वह ट्रस्ट की ओर से यूनिट प्रमाणपत्र पर हस्ताक्षर के लिए प्राधिकृत नहीं रहा हो, बाध्यकारी होगा। किंतु, यह और कि इस प्रकार से तैयार किए गए यूनिट प्रमाणपत्र पर ऐसे प्राधिकृत व्यक्ति का हस्ताक्षर हो, जो प्रमाणपत्र जारी करते समय मृत हो, तो ट्रस्ट उस रीति से, जिसे वह सर्वाधिक उपयुक्त समझता है, प्रमाणपत्र पर विद्यमान ऐसे व्यक्ति का हस्ताक्षर निरस्त कर सकता है और किसी अन्य प्राधिकृत व्यक्ति से उस पर हस्ताक्षर करवा सकता है। इस प्रकार निर्गत यूनिट प्रमाणपत्र भी विधिमान्य होगा।	हटाया गया, क्योंकि लेखा विवरणी जारी की जाएगी।
यूनिटधारकों के लाभ 33	इस योजना की बंदी के समय योजना के अंतर्गत पूंजी और प्रारक्षित निधि और अधिशेष यदि कोई हो, के रूप में सभी प्रोद्भूत लाभ यूनिटधारकों को, जो योजना की पूर्ण कालावधि हेतु उसकी बंदी तक यूनिटें धारण करते हैं, उपलब्ध होंगे।	हटाया गया, क्योंकि यह एक सतत खुली योजना है।
उपबंधों का अर्थ लगाने का अधिकार 35	योजना के किसी उपबंध के निर्वचन में कोई संदेह उत्पन्न होने पर अध्यक्ष या उनकी अनुपस्थिति में कार्यपालक न्यासी को योजना के उपबंधों का अर्थ लगाने का अधिकार होगा। ऐसा अर्थ किसी भी रूप में प्रतिकूल प्रभाव डालनेवाला नहीं होगा या योजना की मूल संरचना के विपरीत नहीं होगा तथा ऐसा निर्णय निश्चायक होगा।	हटाया गया, क्योंकि सेबी के विनियम इसकी आज्ञा नहीं देते।
उपबंधों का शिथिलीकरण / परिवर्तन / संशोधन	अध्यक्ष या उनकी अनुपस्थिति में ट्रस्ट के कार्यपालक न्यासी कठिनाइयों को कम करने के उद्देश्य से या योजना के निर्बाध और सहज परिचालन के लिए योजना के किसी उपबंध को शिथिल, परिवर्तित या संशोधित कर सकते हैं, यदि किसी यूनिटधारक या यूनिट धारक वर्ग के लिए ऐसा करना उचित समझा जाए। स्पष्टीकरण : योजना के प्रावधानों को शिथिल, परिवर्तित या संशोधित करने की शक्ति का प्रयोग यूनिटधारक को निक्षेपागार पद्धति में यूनिट धारण करने और कारोबार करने में समर्थ बनाने के उद्देश्य से भी किया जा सकता है।	हटाया गया, क्योंकि सेबी के विनियम इसकी आज्ञा नहीं देते।
निरीक्षण के लिए उपलब्ध दस्तावेज	निम्नलिखित दस्तावेज निरीक्षण के लिए केंद्रीय निवेशक संपर्क कक्ष, भारतीय यूनिट ट्रस्ट, एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय, बेसमेंट, द्वार नं. 1, सर विट्ठलदास ठाकरसी मार्ग, मुंबई-400020 में उपलब्ध होंगे : • यूटीआई अधिनियम • सामान्य विनियम • अभिरक्षकों और रजिस्ट्रारों के साथ किए गए करार • मास्टरगेन 1992 के प्रावधानों की प्रति।	हटाए गए और यूनिटधारकों के अधिकारों में शामिल किए गए।
यूनिट प्रमाणपत्र का प्ररूप क और प्ररूप ख हटाए गए		हटाए गए, क्योंकि प्रमाणपत्र जारी नहीं किया जाएगा।

अनुबंध III

मास्टरगेन

क्र.सं.	'मानक पेशकश दस्तावेज' द्वारा अपेक्षित अंतर्वेश
1.	*परित्याग खंड :* योजना के विवरण भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (म्यूचुअल फंड) विनियम,1996 के अनुसार तैयार किए गए हैं, यथा तिथि तक संशोधित एवं सेबी के पास पंजीकृत हैं और जन साधारण के अभिदान हेतु पेश किए गए यूनिट सेबी द्वारा न तो अनुमोदित अथवा अननुमोदित किए गए हैं न ही सेबी ने पेशकश दस्तावेज की यथार्थता अथवा पर्याप्तता को ही प्रमाणित किया है।
2.	*नियत तत्परता प्रमाणपत्र :* मानक पेशकश दस्तावेज के अनुसार अंतर्विष्ट किया गया
3.	*विषय वस्तु :* मानक पेशकश दस्तावेज के अनुसार सारणी "विषय वस्तु" का अंतर्वेश किया गया
4.	*योजना की समाप्ति :* (i) योजना की कालावधि अनिश्चित है। तथापि ट्रस्ट योजना और उसके अंतर्गत बनाए गए प्लान को निम्नलिखित परिस्थितियों में समाप्त कर सकता है : (क) कोई ऐसी घटना घटित होने पर जिससे ट्रस्ट की राय में योजना की समाप्ति आवश्यक हो, या (ख) योजना के 75% सदस्यों द्वारा योजना को समाप्त करने का संकल्प पारित करने पर ; या (घ) योजना के सदस्यों के हित में सेबी ऐसा करने के लिए निर्देश दे। (ii) जहां उपर्युक्त उप खण्ड (i) के अनुसरण में योजना परिसमाप्त की जाती है, तो ट्रस्ट योजना को समाप्त करने वाले कारणों की सूचना, समापन के कम से कम एक सप्ताह पहले सेबी को और अखिल भारतीय स्तर पर परिचालित होने वाले दो दैनिक समाचार पत्रों में और मुंबई में एक स्थानीय भाषा के समाचार पत्र में देगा। (iii) समाप्ति संबंधी विज्ञापन की तिथि को और उस तिथि से ट्रस्ट - (क) इस योजना से संबंधित कोई भी व्यावसायिक क्रियाकलाप नहीं करेगा। (ख) इस योजना के अंतर्गत यूनिटों को उत्पन्न और रद्द करना बंद करेगा।

(ग) इस योजना में यूनिटों को जारी करना और यूनिटों का प्रतिदान भी बंद करेगा।

(iv) न्यासी मंडल सदस्यों की एक बैठक बुलाएगा जिसमें उपस्थित सदस्यों द्वारा विचार किया जाएगा तथा साधारण बहुमत से आवश्यक संकल्प पारित किया जाएगा और बैठक में मतदान द्वारा न्यासियों अथवा किसी अन्य व्यक्ति को योजना की समाप्ति हेतु कदम उठाने के लिए प्राधिकृत किया जाएगा।

(v) (क) न्यासी मंडल या योजना के उप खंड (iv) के अन्तर्गत प्राधिकृत व्यक्ति योजना से संबंधित आस्तियों को योजना के सदस्यों के सर्वोत्तम हित में निपटाएगा।

(ख) ऊपर दिए गए उप खण्ड (iv)(क) के अनुसार, की गई बिक्री की राशि का पहले दृष्टान्त में, योजना के अंतर्गत ऐसी देयताओं के उन्मोचन के लिए उपयोग किया जाएगा जो उचित रूप से देय हों और ऐसी समाप्ति से संबंधित व्ययों को चुकाने के लिए उचित प्रावधान करने के बाद समाप्ति का निर्णय लेने वाली तिथि को योजना की आस्तियों में यूनिट धारकों के हित के समानुपात में उन्हें शेष राशि का भुगतान किया जाएगा।

(vi) परिसमापन पूरा होने पर, ट्रस्ट सेबी और सदस्यों को समाप्ति के बारे में एक रिपोर्ट प्रेषित करेगा जिसमें ऐसी परिस्थितियां, जिनके कारण योजना समाप्त हुई, समाप्ति से पूर्व योजना की आस्तियों के निपटान के लिए उठाए गए कदम, समाप्ति के लिए किया गया योजना का व्यय, सदस्यों को वितरण के लिए उपलब्ध शुद्ध आस्तियां और योजना के लेखा परीक्षकों से प्राप्त एक प्रमाणपत्र भेजेगा।

(vii) इसमें ऊपर दी गई किसी भी बात के बावजूद, जब तक योजना समाप्त न हो जाए या समापन की कार्यवाही पूरी न हो जाए, सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियमावली, 1996 के प्रावधान, अर्धवार्षिक रिपोर्ट और वार्षिक रिपोर्ट के प्रकटीकरण के लिए लागू रहेंगे।

(viii) उपरोक्त खण्ड (vii) में संदर्भित रिपोर्ट प्राप्त करने के बाद यदि सेबी संतुष्ट हो जाता है कि योजना समाप्त करने की सारी कार्यवाही पूरी हो गयी है, तो योजना समाप्त हो जाएगी।

(ix) ट्रस्ट, अनुरोध पत्र के साथ लेखा विवरणी प्राप्त होने पर और अन्य प्रक्रिया और परिचालन संबंधी औपचारिकताएं पूरी करने पर यथाशीघ्र पुनर्खरीद मूल्य का भुगतान करेगा।

(x) अनिवासी निवेशकों के मामले में, पुनर्खरीद राशियां निवेश के स्रोत पर निर्भर करते हुए विप्रेषित की जाएंगी ।

5.	मूल विशेषताएं (क) "मूल विशेषताओं" का अर्थ निम्नलिखित है : (i) योजना का प्रकार : पूंजी वृद्धि यूनिट योजना एक इक्विटी योजना है जो दिनांक 01 जनवरी, 1997 से सतत खुली कर दी गई। (ii) निवेश उद्देश्य : जैसा कि इस पेशकश दस्तावेज के खंड 8 (ख) के अंतर्गत बताया गया है। (iii)निर्गम की शर्तें : यूनिटों की पुनर्खरीद एवं व्यय के संबंध में इस पेशकश दस्तावेज में प्रावधान है। (ख) योजना की मूल विशेषताओं में कोई भी परिवर्तन तभी किया जाएगा जब : (i)मौजूदा सदस्यों को व्यक्तिगत संपर्क द्वारा सूचित किया गया हो और (ii)अखिल भारतीय स्तर पर परिचालित होने वाले अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र और साथ ही मराठी समाचार पत्र में विज्ञापन दिया गया हो। (iii)सदस्यों को किसी भी प्रकार के निकासी भार के बिना प्रचलित एनएवी पर निकासी का विकल्प दिया गया हो। (ग) बोर्ड द्वारा समय-समय पर योजना और इसके संशोधन/परिवर्धन को भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 की धारा 21(4) की शर्तों के अनुसार सरकारी राजपत्र में अधिसूचित किया जाएगा। (घ) योजना की मूल विशेषताओं में कोई परिवर्तन/संशोधन/परिवर्धन सेबी के पूर्व अनुमोदन से किया जाएगा। अन्य कोई परिवर्तन/संशोधन/परिवर्धन, जो मूल विशेषताओं में संशोधन नहीं है और जो यूनिटधारकों के हितों को प्रभावित नहीं करते हैं, उनके बारे में सेबी को सूचित किया जाएगा।
6.	**ट्रस्ट की योजनाओं में कार्पोरेट निवेश और इन कंपनियों में ट्रस्ट का निवेश दिखाने वाली सारणी को 'मानक पेशकश दस्तावेज' के अनुसार जोड़ दिया गया।**
7.	**अंतर योजना अंतरण** इस योजना से ट्रस्ट की दूसरी योजना/प्लान में तथा दूसरी योजना/प्लान से इस योजना में अंतरण केवल तभी किया जाएगा जब - क) उधृत लिखतों के लिए प्रचलित बाजार मूल्य पर ऐसे अंतरण स्पॉट आधार पर किए गए हों। *स्पष्टीकरण :* "स्पॉट आधार" का अर्थ वही होगा जो स्टॉक एक्सचेंज द्वारा स्पॉट सौदों के लिए निर्दिष्ट है।

	ख) ऐसी अंतरित प्रतिभूतियां उस योजना/प्लान के निवेश उद्देश्यों के अनुरूप हों जिनमें ऐसे अंतरण किए जाते हैं ; और ग) प्लान से/में असूचीबद्ध या अनोद्धृत निवेश का ट्रस्ट की अन्य योजना/प्लान में/से अंतरण ट्रस्ट के न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित नीतियों के अनुसार किया गया हो।
8	**संयुक्त सौदे एवं उधार** 1. योजना, यूनिटों की पुनर्खरीद/ प्रतिदान या सदस्यों को आय का वितरण, यदि कोई हो, करने के उद्देश्य से योजना की अस्थाई नकदी जरूरतों को पूरा करने के लिए उधार लेने के अलावा उधार नहीं लेगी। परन्तु उधार, योजना की शुद्ध आस्ति के 20% से अधिक नहीं लिया जाएगा और इस तरह के उधार की अवधि छः माह से अधिक नहीं होगी। 2. भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 की धारा 20 के अनुसार ट्रस्ट को निम्नलिखित उधार लेने की शक्तियां प्राप्त हैं : (i) ट्रस्ट, भारत या भारत से बाहर के किसी प्राधिकरण या व्यक्ति जो सरकार या रिज़र्व बैंक न हो, ऐसी प्रतिभूति के प्रति एवं ऐसी शर्तों एवं परिस्थितियों पर जिस पर वे आपस में सहमत हों, उधार ले सकता है। (ii) ट्रस्ट रिज़र्व बैंक से उधार ले सकता है - (क) भारत में इस समय लागू किसी कानून द्वारा जिससे न्यासी ट्रस्ट का धन निवेश करने हेतु प्राधिकृत है, स्टॉक, निधियों एवं प्रतिभूतियों के प्रति (अचल संपत्तियों के अतिरिक्त) मांग पर या नियत अवधि की समाप्ति पर प्रतिदेय जो इस प्रकार ली गई राशि की तिथि से नब्बे दिन से अधिक न हो ; (ख) केंद्रीय सरकार के अनुमोदन से बांडों की प्रतिभूति के प्रति, जिसे ट्रस्ट जारी कर सकता है, मांग पर या जिस तिथि से ऐसी राशि उधार ली गई है, उस तिथि से अठारह महीनों की अवधि के भीतर प्रतिदेय है; (ग) प्रथम यूनिट योजना के अतिरिक्त किसी अन्य योजना के प्रयोजन हेतु जिसे इस संदर्भ में रिज़र्व बैंक द्वारा विनिर्दिष्ट किया गया है ट्रस्ट की ऐसी अन्य संपत्तियों की प्रतिभूति के प्रति या ऐसी शर्तों एवं नियमों पर : बशर्ते कि इस खंड के अंतर्गत उधार ली गई कोई राशि एवं किसी एक समय पर बकाया

	राशि - (क) ऐसी प्रत्येक योजना के संबंध में पांच करोड़ रुपए से ज्यादा न हो ; एवं (ख) समग्र रूप से ऐसी समस्त योजनाओं के संबंध में दस करोड़ रुपए से अधिक न हो । (iii) ट्रस्ट द्वारा उप धारा (ii) के अंतर्गत जारी बांड की मूल राशि की अदायगी की गारंटी केंद्रीय सरकार द्वारा दी जाएगी एवं ब्याज का भुगतान बांड जारी करते समय केंद्रीय सरकार द्वारा निर्धारित दर पर किया जाएगा।
9.	**इस योजना की आस्तियों का मूल्यांकन** (क) अवरुद्ध अवधि के अधीन वाले निवेशों, यदि कोई हों, सहित उद्धृत निवेशों परंतु सरकारी प्रतिभूतियों को छोड़कर, का मूल्यांकन, मूल्यांकन की तारीख को बाजार में बंद मूल्य पर किया जाता है तथा इसके उपलब्ध न होने पर मूल्यांकन की तारीख से साठ दिन पूर्व की अवधि में बिल्कुल हाल ही की उपलब्ध दर पर किया जाता है। यदि मूल्यांकन की तारीख से साठ दिन पूर्व की अवधि हेतु, कोई भाव उपलब्ध नहीं है तो उसे अनोद्धृत निवेश माना जाता है। (ख) उद्धृत सरकारी प्रतिभूतियां मूल्यांकन तिथि को अंतिम एनएसई बाजार दरों पर मूल्यांकित की जाती है और इसकी अनुपस्थिति में मूल्यांकन तिथि से पहले 7 दिन की अवधि के अंदर उपलब्ध नवीनतम भाव को मूल्यांकन के लिए लिया जाता है। यदि मूल्यांकन की तिथि से सात दिन पूर्व की अवधि हेतु कोई भाव उपलब्ध नहीं हो तो उसे अनोद्धृत सरकारी प्रतिभूतियां माना जाएगा। (ग) उद्धृत डिबेंचरें और बांडों के मामले में, बाजार दर, जो ब्याज सहित है उसे ब्याज तत्त्व यदि कोई हो, के लिए समायोजित किया जाता है। (घ) शेयरों के अधिकार पात्रता का मूल्यांकन,लाभांश तत्त्व हेतु बट्टा काटकर,जहां लागू हो, बाजार दर पर किया जाता है। (ङ) अनोद्धृत अधिमान शेयर/संचयी परिवर्तनीय अधिमान शेयर लागत पर लिए जाते हैं। (च) अनोद्धृत इक्विटी शेयर जैसे कि न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित किया जाए,उचित मूल्यांकन आधार पर मूल्यांकित किए जाते है। (छ) अनोद्धृत डिबेंचर, बॉण्ड एवं अंतरणीय नोट परिपक्वता पर प्रतिफल पर मूल्यांकित किए जाते हैं, जो न्यासी मंडल द्वारा मूल्य वृद्धि के अनुमोदन के साथ भारत सरकार की प्रतिभूतियों (आय कर्व) से जुड़ा है।

(ज) अनोद्धृत वारंट, अंतरनिहित इक्विटी शेयरों के बाजार दर पर, लाभांश तत्त्व के लिए बट्टा काटकर, यदि कोई हो, तथा देय प्रायोगिक मूल्य से कम करके मूल्यांकित किए जाते हैं। जिन मामलों में इस तरह लिए गए मूल्य से प्रायोगिक देय मूल्य ज्यादा हो, वहां वारंटों का मूल्य शून्य लिया जाता है।

(झ) अनोद्धृत सरकारी प्रतिभूतियों, यदि कोई हों, का मूल्यांकन प्रचलित ब्याज दर पर परिपक्वता पर प्रतिफल के आधार पर किया जाता है।

(ञ) परिवर्तनीय डिबेंचर एवं बॉण्ड, जहां मिश्र बाजार भाव उपलब्ध न हो, वहां परिवर्तनीय भाग का मूल्यांकन संबंधित इक्विटी शेयरों के बाज़ार दर पर, जिनमें लाभांश तत्त्व, यदि कोई हो, काट कर किया जाता है। ऐसे डिबेंचरों एवं बॉण्डों का अपरिवर्तनीय भाग, यदि कोई हो, का मूल्यांकन, उपरोक्त (छ) के अनुसार किया जाता है। जहां परिवर्तनीय भाग के लिए परिवर्तन की शर्तें विनिर्दिष्ट न हों, वहां उन्हें लागत पर लिया जाता है।

(ट) पूंजी सूचकांकित बॉण्ड लागत पर मूल्यांकित किए जाते हैं।

(ठ) <u>मुद्रा बाजार लिखतों के लिए मूल्यांकन नीति :-</u>

(i) मुद्रा बाज़ार लिखतें एवं अन्य आस्तियां बही मूल्य पर ली जाती हैं।

(ii) अंतर बैंक कॉल बाज़ार में निवेशित राशि लागत पर ली जाती है।

(iii) बट्टे /ब्याज उपार्जन लिखतों में निवेशित राशि का मूल्यांकन,उस प्रतिफल पर किया जाता है जिसमें लिखत का सौदा पिछली बार किया गया था। इस उद्देश्य हेतु भाव मूल्यांकन तिथि से पहले दो कार्य दिवसों की अवधि के भीतर उपलब्ध हाल ही का भाव ध्यान में लिया जाता है। जब पिछले दो कार्य दिवसों में कोई भाव उपलब्ध न हो, तो लिखत लागत एवं लिखत के परिपक्व होने के बाकी बचे दिनों के लिए लागू एक समान लागत और पृष्ठ मूल्य के मध्य अंतर पर मूल्यांकित किया जाता है।

(iv) अनोद्धृत डिबेंचरों सहित अन्य मुद्रा बाजार लिखतों का मूल्यांकन लागत एवं लिखत के परिपक्व होने के बाकी बचे दिनों पर लागू एक समान लागत और पृष्ठ मूल्य के अंतर पर किया जाता है।

तथापि, खंड 8ख, 9, 17 एवं 27 के संदर्भ में किसी बात के बावजूद, निवेश नीतियां, एनएवी का निर्धारण, एवं आस्तियों का मूल्यांकन, पुनर्खरीद मूल्य का निर्धारण एवं एनएवी के प्रकटीकरण की आवृत्ति, पुनर्खरीद मूल्य और पोर्टफोलियो समय-समय पर सेबी द्वारा जारी सेबी (एमएफ) विनियमों/दिशानिर्देशों /निदेशों के प्रावधानों के अनुसार होगा।

10.	**लेखा नीतियां**

1. आय की मान्यता

(क) सूचीबद्ध इक्विटी शेयरों पर लाभांश आय भूतपूर्व लाभांश तिथि पर प्रोद्भूत की जाती है। असूचीबद्ध इक्विटी शेयरों एवं अधिमान शेयरों पर लाभांश आय का हिसाब प्राप्ति आधार पर किया जाता है।

(ख) निवेशों पर ब्याज एवं प्रतिबद्धता प्रभार का हिसाब प्रोद्भवन आधार पर किया जाता है।

(ग) निवेशों की बिक्री पर लाभ या हानि की पहचान भारित औसत लागत के आधार पर व्यापार तिथियों पर की जाती है।

(घ) डिबेंचर/बॉण्डों के प्रतिदान पर प्रीमियम एवं लाभ या हानि की पहचान देय तिथि पर की जाती है।

(ङ) जब कोई राशि जिम्मे नहीं आती हो तो हामीदारी कमीशन को नकदी आधार पर राजस्व माना जाता है। जिम्मे आई राशि के मामले में, पूर्ण हामीदारी कमीशन एवं निवेशों की लागत में से कम किया जाता है।

(च) शेयरों एवं डिबेंचरों के निवेश पर आरंभिक शुल्क को ऐसे निवेशों की लागत से कम किया जाता है।

(छ) जीरो कूपन बॉण्डों, डीप डिस्काऊंट बाण्डों और अन्य दीर्घावधि बट्टाकृत लिखतों के संबंध में पुनर्खरीद मूल्य एवं परिपक्वता मूल्य के मध्य अंतर को वाईटीएम आधार पर लिखत के शेष अवधि के दौरान आय समझा जाता है।

(ज) अन्य आय को प्राप्ति आधार पर लिया जाता है।

2. व्यय

क. व्यय की गणना प्रोद्भवन आधार पर की जाती है।

ख. भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 की धारा 25(4) के प्रावधानों के अनुसार यूनिट योजना 1964 के अंतर्गत किए गए खास सामान्य खर्चों का निर्धारण अन्य योजनाओं पर किया जाता है।

ग. नियत आस्तियों वाली यूनिट योजना 1964 कथित आस्तियों के उपयोग के लिए अन्य योजनाओं से स्वीकृत आधार पर पट्टा किराया वसूल करती है।

3. निवेश

क. निवेशों को लागत पर या अवलिखित लागत पर लिया जाता है।

ख. द्वितीयक बाजार कारोबार के मामले में निवेश को व्यापार तिथियों पर किया गया माना जाता है।

ग. आबंटन पर प्राथमिक बाजार निर्गमों में अभिदान को निवेश माना जाता है।

घ. बोनस/अधिकार पात्रताओं को पूर्ववर्ती-बोनस/पूर्ववर्ती अधिकार तिथियों पर माना जाता है।

ङ. निवेश अर्थात् डिबेंचर और बॉण्ड प्रतिदान/देय तिथि को चालू आस्तियों में अंतरित किए जाते हैं।

च. निवेश की लागत में दलाली एवं सेवा - कर शामिल हैं लेकिन स्टाम्प की लागत शामिल नहीं है, जिसे राजस्व में प्रभारित किया जाता है।

4. प्रावधान एवं मूल्यह्रास :

(क) संदिग्ध समझी गई आय के प्रति प्रावधान :

पिछली दो तिमाही या उससे अधिक के लिए देय बाकी ब्याज आय के संबंध में प्रावधान किया जाता है। यदि लाभांश,पिछले लाभांश की तिथि से एक वर्ष से अधिक के लिए बकाया है तब वर्ष के अंत में प्रावधान किया जाता है।

(ख) निवेश के मूल्य में ह्रास

(i) उपरोक्त खंड 17 के अनुसार गणना किए गए निवेशों के कुल मूल्य की तुलना ऐसे निवेशों की कुल लागत से की जाती है और पारिणामिक ह्रास, यदि हो, सामान्य प्रारक्षित निधि/यूनिट प्रीमियम प्रारक्षित निधि में प्रभारित किए जाते हैं। यदि कुल मूल्य, कुल लागत या पिछले वर्ष के अंत के कुल मूल्य से अधिक हो जाता है तो मूल्य वृद्धि, यूनिट प्रीमियम प्रारक्षित निधि/सामान्य प्रारक्षित निधि में उस सीमा तक जोड़ी है जहां तक ह्रास पिछली बार समायोजित किया गया था।

(ii) जहां अनोधृत इक्विटी या अधिमान शेयर पिछले वर्षों में अपलिखित किए गए हों, वहां ऐसे निवेशों की लागत को उधृत या उचित मूल्य उपलब्ध होते ही उसकी लागत पर पुनरांकित किया जाता है।

(iii) आस्तियां जिन पर ब्याज पिछली दो तिमाही या अधिक से बकाया है, अनुपयोज्य आस्तियों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। ऐसी आस्तियों के लिए प्रावधान अलग-अलग बनाया जाता है (जैसा कि नीचे तालिका में दर्शाया गया है)। ऐसा प्रावधान उसी कंपनी की अन्य उपयोगी आस्तियों के लिए नहीं किया जाता है।

आस्ति के अनुपयोज्य रहने की अवधि	प्रावधान का प्रतिशत	
	रक्षित आस्ति	अ-रक्षित आस्ति

दो वर्षों तक	10%	10%
दो वर्षों से अधिक परंतु तीन वर्षों तक	20%	100%
तीन वर्षों से अधिक परंतु पांच वर्षों तक	30%	100%
पांच वर्षों से अधिक	50%	100%

(iv) जहां मूल पुनर्भुगतान (i) 3वर्षों तक की अवधि के संतुलित परिपक्वता वाले ऋण लिखतों के संबंध में पिछली देय अवधि के दो तिमाहियों हेतु और (ii) 3वर्षों से अधिक अवधि के संतुलित परिपक्वता वाले ऋण लिखतों के संबंध में पिछली देय अवधि के एक वर्ष हेतु बकाया रहता है, वहां ऐसी बकाया किस्तों हेतु प्रावधान किया जाता है। ऐसी आस्तियों के लिए समग्र प्रावधान,उपरोक्त तालिका में उल्लिखित प्रतिशत (जमानती आस्तियों हेतु 50% तथा गैर जमानती आस्तियों हेतु 100%) या चूक वाली राशि, जो भी अधिक हो,तक सीमित है।

ऐसे मामले जिनमें मूल चूक जारी रहती है,किसी भी परवर्ती किस्त के लिए प्रावधान, संबंधित देय तिथि से 30 दिनों के बाद किया जाता है।

(v) देय बकाया ब्याज के पूंजीकरण के द्वारा, ब्याज के निधियन के मामले में, उसके चूक की अवधि के बावजूद प्रावधान किया जाता है।

(vi) गैर निष्पादी आस्तियों के लिए प्रावधान यूनिट प्रीमियम प्रारक्षित निधि/सामान्य प्रारक्षित निधि/राजस्व लेखा,जैसा भी मामला हो, में प्रभारित किए जाते हैं।

(vii) अनुच्छेद 4(क)और 4(ख)(iv) के अंतर्गत बनाए गए प्रावधान प्राप्ति या आस्तियों के पुनर्संरचना आधार पर पुनरांकित किए जाते हैं। 4(ख)(v) के अंतर्गत प्रावधान प्राप्ति आधार पर पुनरांकित किए जाते हैं।

5. आय वितरण :

(क) पूंजीकरण हेतु लंबित आवेदन राशि के संबंध में उन योजनाओं के आय वितरण के लिए प्रावधान किए जाते हैं, जहां यूनिटें अंकित मूल्य पर बेची गई हों । अन्य योजनाओं के लिए ऐसा कोई प्रावधान नहीं किया जाता है। आय वितरण को पूंजीकरण किए जाने वाले वर्ष में राजस्व विनियोजन लेखे में प्रभारित किया जाता है।

(ख) आय वितरण हेतु प्रावधान यूनिट पूंजी पर न्यासी मंडल द्वारा समय-समय पर अनुमोदित दर पर किया जाता है।

6. वित्तीय परिणामों का प्रकाशन :

यथा 31 दिसंबर अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम 2 माह के भीतर एवं यथा 30 जून लेखा-परीक्षित वार्षिक परिणाम लेखे को अंतिम रूप देने के 6 माह के भीतर एक अंग्रेजी दैनिक एवं एक मराठी दैनिक में प्रकाशित किया जाएगा।

11.	**निवेशों का कर - निरूपण**

1. निवासी / अनिवासी भारतीय/ओसीबी

(i) योजना के अंतर्गत आय और पूंजी वृद्धि, यदि कोई हुई हो, पर कराधान प्रचलित कर कानूनों के अधीन होगा।

(ii) वर्तमान में, ट्रस्ट की सभी योजनाओं/प्लानों के अंतर्गत सभी वर्ग के निवेशकों को प्राप्त होने वाली आय, यदि कोई हो, आयकर अधिनियम, 1961की धारा 10 (33) के अंतर्गत पूर्णत: कर मुक्त होगी।

योजना के लिए, उसके द्वारा किए गए किसी भी आय वितरण पर आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 115 आर के अंतर्गत 10% की दर से आय वितरण कर और उस पर 10% अधिभार का भुगतान करना आवश्यक है। तथापि, सतत खुली इक्विटी उन्मुख निधि होने के कारण, इस योजना को 31 मार्च, 2002 तक कथित धारा के अंतर्गत उपरोक्त कर लागू नहीं है, बशर्ते योजना की कुल राशि का 50% से अधिक का निवेश घरेलू कंपनियों के इक्विटी शेयरों में किया जाता है।

(iii) वर्तमान में, रुपए में उत्पन्न अथवा एनआरओ निधियों में से योजना में निवेश से होने वाला कोई भी दीर्घावधि पूंजीगत अभिलाभ आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 48 और 112 में दिए गए निर्देशों के अधीन होगा। वर्तमान में निवेशक को लागत स्फीति सूचकांक का लाभ उठाने के बाद दीर्घावधि पूंजीगत अभिलाभ पर 20% की दर से कर का भुगतान करना होता है। तथापि, एनआरई खातों के जरिए किए गए निवेश से प्राप्त होने वाले पूंजीगत अभिलाभ कर योग्य नहीं हैं।

(iv) इस प्लान के अंतर्गत यूनिटों में किए गए निवेश का मूल्य धनकर से पूर्णत: मुक्त है।

(v) उपहार कर अधिनियम, 1958 ने 1 अक्तूबर, 1998 या उसके बाद दिए गए उपहारों के मामले में उपहार कर की उगाही को समाप्त कर दिया है।

2. धारा 54 ईए के अंतर्गत पूंजीगत अभिलाभ कर छूट हेतु पात्रता

दीर्घावधि पूंजीगत आस्तियों के अंतरण से प्राप्त होने वाली सम्पूर्ण या आंशिक शुद्ध राशि का पूंजी वृद्धि यूनिट योजना में किया गया निवेश आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 54 ईए के अंतर्गत पूंजीगत अभिलाभ कर छूट के लिए पात्र होगा, बशर्ते यूनिटों की पुनर्खरीद आवेदन की स्वीकृति तिथि से तीन वर्षों के बाद की जाए।

3. धारा 54 ईबी के अंतर्गत पूंजीगत अभिलाभ कर छूट हेतु पात्रता

दीर्घावधि पूंजीगत आस्तियों के अंतरण से प्राप्त होने वाले सम्पूर्ण या आंशिक पूंजीगत अभिलाभ का पूंजी वृद्धि यूनिट योजना में किया गया निवेश आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 54 ईबी के अंतर्गत पूंजीगत अभिलाभ कर छूट के लिए पात्र होगा, बशर्ते यूनिटों की पुनर्खरीद आवेदन की स्वीकृति की तिथि से सात वर्षों के बाद की जाए।

4. पात्र न्यासों के लिए

आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 11(2)(बी) के अंतर्गत यूनिट स्वीकृत प्रतिभूतियां हैं। अत: यूनिटों में निवेश कर रहे पात्र ट्रस्ट आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 11 और 13 के अंतर्गत आय और निधि के लिए आवश्यक कर छूट के योग्य होंगे।

12 **भारतीय यूनिट ट्रस्ट की स्थापना एवं प्रबंधन**

यूटीआई की स्थापना

भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 के अंतर्गत भारतीय यूनिट ट्रस्ट की स्थापना एक सांविधिक संस्था के रूप में की गई थी जिसका उद्देश्य बचत एवं निवेश को प्रोत्साहन देने तथा प्रतिभूतियों के अर्जन, धारण, प्रबंधन और निपटान से ट्रस्ट को प्रोद्भूत होनेवाली आय, लाभों और अभिलाभों में सहभागिता थी। इसने 1 जुलाई, 1964 से कार्य करना आरंभ किया।

यूटीआई का प्रबंधन

ट्रस्ट के कार्यों एवं व्यवसाय का प्रबंधन न्यासी मंडल में निहित है, जिसका भारत सरकार द्वारा नियुक्त एक पूर्णकालिक अध्यक्ष होता है। मंडल के अलावा, एक सांविधिक कार्यकारिणी समिति होती है जिसमें अध्यक्ष, कार्यपालक न्यासी तथा भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा नामित दो अन्य न्यासी होते हैं। यह समिति मंडल की कार्यक्षमता के अंतर्गत आने वाले किसी भी मामले पर कार्य करने के लिए सक्षम है।

न्यासी मंडल *

1.	श्री पी.एस. सुब्रमन्यम	अध्यक्ष, भारतीय यूनिट ट्रस्ट
2.	श्री जी.पी. मुनिअप्पन	कार्यपालक निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक
3.	श्री जी.पी.गुप्ता	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, आईडीबीआई
4.	श्री एन.एस. सेखसरिया	प्रबंध निदेशक, गुजरात अंबुजा सिमेन्ट्स लि.
5.	श्री राजेन्द्र पी चितले	सनदी लेखाकार
6.	डॉ. विश्वनाथ वी. देसाई	अर्थशास्त्री
7.	श्री जी. कृष्णमूर्ति	अध्यक्ष, भारतीय जीवन बीमा निगम
8.	श्री जी.जी वैद्य	अध्यक्ष, भारतीय स्टेट बैंक
9.	श्री के.सी. चौधरी	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, सेंट्रल बैंक ऑफ

इंडिया

* वर्तमान में न्यासियों की अन्य निदेशिकाएं इस प्रकार हैं :

1. **श्री पी.एस. सुब्रमन्यम** - (i) अध्यक्ष एवं निदेशक-इंडिया फंड, (ii) अध्यक्ष एवं निदेशक - इंडिया ग्रोथ फंड, (iii) अध्यक्ष एवं निदेशक - इंडिया ऐक्सेस लि., (iv) अध्यक्ष एवं निदेशक - इंडिया पब्लिक सेक्टर फंड लि., (v) शासी परिषद के अध्यक्ष - यूटीआई इंस्टिट्यूट ऑफ कैपिटल मार्केट्स, (vi) अध्यक्ष एवं निदेशक - यूटीआई निवेशक सलाहकार सेवा लि., (vii) अध्यक्ष एवं निदेशक - यूटीआई निवेशक सेवा लि., (viii) अध्यक्ष एवं निदेशक - यूटीआई सिक्यूरिटीज़ एक्सचेंज लि., (ix) निदेशक - यूटीआई बैंक लि., (x) अध्यक्ष एवं निदेशक - ओवर द काउंटर एक्सचेंज ऑफ इंडिया, (xi) सदस्य -भारतीय जीवन बीमा निगम, (xii) निदेशक - भारतीय मितिकाटा एवं वित्त गृह लि., (xiii) निदेशक - सिक्यूरिटीज़ ट्रेडिंग कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लि., (xiv)निदेशक - नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि., (xv) न्यासी - इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग।

2. **श्री जी.पी.गुप्ता** - (i) अध्यक्ष - भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक, (ii) निदेशक इंडिया फंड, (iii) निदेशक - इंडिया ग्रोथ फंड, (iv) निदेशक-भारतीय मितिकाटा एवं वित्त गृह लि., (v) निदेशक-भारतीय आयात-निर्यात बैंक, (vi) निदेशक-भारतीय प्रतिभूति व्यापार निगम लि., (vii) निदेशक-इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलेपमेंट फाइनेंस कं. ऑफ इंडिया लि., (viii) निदेशक - इंडियन एयरलाइन्स लि. (ix) निदेशक - आईडीबीआई बैंक लि. (x) निदेशक - नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि., (xi) सदस्य - भारतीय जीवन बीमा निगम, (xii) सदस्य - भारतीय साधारण बीमा निगम, (xiii) निदेशक - दक्षिण एशिया क्षेत्रीय निधि, (xiv) अध्यक्ष - दक्षिण एशिया विकास निधि, (xv) समिति सदस्य-भारतीय बैंकर संस्थान, (xvi) सदस्य-बैंकर प्रशिक्षण कॉलेज (आरबीआई), (xvii) सदस्य - एशिया एवं प्रशांत में विकासशील वित्तीय संस्थाओं का संघ, (xviii) सदस्य-बैंकिंग कर्मचारी चयन संस्था, (xix) सदस्य-भारतीय कंपनी सचिव संस्था।

3. **श्री एन.एस. सेखसरिया** - (i) निदेशक - गृह वित्त लि. (ii) निदेशक - राधा माधव इन्वेस्टमेंट्स लि. (iii) निदेशक- होम ट्रस्ट हाऊसिंग फाइनेंस कं. लि., (iv) निदेशक - अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन (v) निदेशक - अंबुजा शैक्षणिक संस्थान।

4. **श्री राजेन्द्र पी. चितले** - (i) निदेशक - भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (ii) निदेशक - नेशनल सिक्यूरिटीज़ क्लीयरिंग कार्पोरेशन लि. (iii) निदेशक - जे एम कैपिटल मैनेजमेंट लि. (iv) निदेशक - ज्युरीच एसेट मैनेजमेंट कंपनी (इंडिया) लि. (v) निदेशक - इंडिया इंडेक्स सर्विसेज़ एण्ड प्रोडक्ट लि. (vi) निदेशक - एसोशिएशन ऑफ लिजिंग एण्ड फाइनेंशिएल सर्विसेज कंपनीज (vii) सदस्य - राष्ट्रीय शेयर बाजार की कार्यकारी समिति (शासी मंडल) (viii) सदस्य - इंडिया एडवाइजरी बोर्ड ऑफ बैंक ऑफ अमेरिका एनटी एवं एसए (ix) सदस्य - निवेश समिति, भारतीय जीवन बीमा निगम।

5. श्री वी. वी. देसाई - सलाहकार - आईसीआईसीआई लिमिटेड

6. श्री जी. कृष्णमूर्ति - (i) अध्यक्ष - एलआईसी (अंतर्राष्ट्रीय) ईसी, बहरीन (ii) अध्यक्ष - एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लि. (iii) निदेशक - भारतीय साधारण बीमा निगम (iv) निदेशक - पोयशा औद्योगिक कं. (v) अध्यक्ष, शासी मंडल - नेशनल इन्श्योरेंस अकादमी (vi) निदेशक - नेशनल हाउसिंग बैंक (vii) निदेशक - यूटीआई बैंक लि. (viii) निदेशक- मितिकाटा एवं भारतीय वित्त गृह (ix) ,निदेशक - केनिन्डिया एश्योरेंस कं. लि., केनया (x) निदेशक - भारतीय औद्योगिक ऋण एवं निवेश निगम लि.(xi) अध्यक्ष - इन्श्योरेंस काउंसिल का शासी निकाय।

7. श्री जी जी वैद्य - (i) अध्यक्ष - एसबीआई कैपिटल मार्केट लि., (ii) अध्यक्ष - एसबीआई निधि प्रबंधन लि. (iii) अध्यक्ष - एसबीआई गिल्ट्स लि. (iv) अध्यक्ष - एसबीआई सिक्यूरिटीज़ लि. (v) अध्यक्ष - एसबीआई फैक्टर्स् एण्ड कमर्शियल सर्विसेज़ लि. (vi) अध्यक्ष - एसबीआई यूरोपियन बैंक लि. (vii) अध्यक्ष - स्टेट बैंक ऑफ इंदौर (viii) अध्यक्ष - स्टेट बैंक ऑफ सौराष्ट्र (ix) अध्यक्ष - स्टेट बैंक ऑफ पटियाला (x) अध्यक्ष - स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर (xi) अध्यक्ष - स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद (xii) अध्यक्ष - स्टेट बैंक ऑफ मैसूर (xiii)अध्यक्ष - स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर (xiv) अध्यक्ष - स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कैलिफोर्निया) (xv) अध्यक्ष - स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कनाडा) (xvi) उपाध्यक्ष, शासी मंडल - इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ बैंकर्स (xvii) निदेशक - राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (xviii) निदेशक - भारतीय आयात-निर्यात बैंक (xix) निदेशक - साधारण बीमा निगम (xx) सदस्य, शासी मंडल एवं अध्यक्ष, वित्त समिति - राष्ट्रीय बैंक प्रबंधन संस्था, (xxi) सदस्य, शासी मंडल एवं अध्यक्ष, वित्त समिति एवं कार्यालय परिसर समिति एवं आईबीपीएस कर्मचारी भविष्य निधि प्रशासक समिति - बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (xxii) सदस्य - बैंकिंग टेक्नॉलोजी विकास एवं अनुसंधान संस्था (xxiii) निदेशक - इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास वित्त निगम (xxiv) निदेशक - इन्फ्रास्ट्रक्चर लिजिंग एवं फाइनेंस सर्विसेज़ लि. (xxv) निदेशक - भारतीय निर्यात ऋण एवं गारंटी निगम।

8. श्री के सी चौधरी - (i) अध्यक्ष - बैंक अंकेक्षण पर लघु समूह, भारतीय बैंक संघ, (ii) अध्यक्ष - बैंकिंग परिचालन, भारतीय बैंक संघ, (iii) अध्यक्ष -, ऋण संबंधी मामलों पर लघु समूह, भारतीय बैंक संघ, (iv) अध्यक्ष - आईबीए व्यापार निकाय/संघों के साथ समन्वय हेतु कार्य समूह, (v) अध्यक्ष - भारतीय बैंक संघ (vi) सदस्य - प्रबंध समिति, भारतीय बैंक संघ - (vii) अध्यक्ष - सेंटबैंक गृह वित्त लि. (viii) अध्यक्ष - सेंटबैंक फाइनेंशियल एण्ड कस्टोडियल सर्विसेज लि., (ix) निदेशक - भारतीय कृषि वित्त निगम , (x) निदेशक - मास्टरकार्ड एशिया/पेसेफिक बोर्ड, (xi) निदेशक - द न्यू इंडिया एश्योरेंस कं. लि., (xii) सदस्य - टास्क फोर्स, भारतीय बैंक संघ।

13.	**निधि का प्रबंधन -** निधि प्रबंधन का नाम उसकी योग्यता एवं अनुभव को भी जोडा गया।
14.	**अभिरक्षक** निम्नलिखित को सेबी द्वारा आवश्यक समझने पर जोड़ा गया है। भारतीय स्टाक धारिता निगम लि. (एसएचसीआईएल) का सेबी रजिस्ट्रेशन नंबर आईएन/सीयूएस/011 है। एसएचसीआईएल शुल्क की दर इस प्रकार है :

	इलेक्ट्रॉनिक	वास्तविक
डीमैटिरियलाइजेशन	रु. 5 प्रति प्रमाणपत्र	-
खरीद	कारोबार के मूल्य पर 5.5 आधार बिंदु	प्रति डीआईपी रु. 100
बिक्री	कारोबार के मूल्य पर 5.5 आधार बिंदु	प्रति डीआईएस रु. 100
अभिरक्षा	अभिरक्षा में आस्ति मूल्य पर 1.5 आधार बिंदु	अभिरक्षा में आस्ति मूल्य पर 8 आधार बिंदु
गैर बाजार खरीद	कारोबार के मूल्य पर 5.5 आधार बिंदु	-
गैर बाजार बिक्री	कारोबार के मूल्य पर 5.5 आधार बिंदु	-
रीमैटिरियलाइजेशन	प्रति प्रमाणपत्र रु. 15 अथवा परिवर्तन मूल्य के 15 आधार बिंदु इनमें से जो भी अधिकतम है	-

15.	**लेखा परीक्षक** मेसर्स चतुर्वेदी एंड कंपनी, सनदी लेखाकार, 60, बेंटिक स्ट्रीट, कलकत्ता 700 069 एवं मेसर्स बाटलीबॉय एण्ड पुरोहित, सनदी लेखाकार , नेशनल इंश्योरेंस बिल्डिंग, 204, डी.एन. रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 । योजना के लेखा परीक्षकों की नियुक्ति आईडीबीआई द्वारा की जाती है और वे प्रत्येक वर्ष बदले जाने के अधीन हैं।
16.	**निवेशकों की शिकायतों के निवारण का डाटा दर्शानेवाली सारणी**
17.	**जुर्माना, लंबित मुकदमा, निरीक्षणों/जांच-पड़तालों के महत्वपूर्ण निष्कर्ष** 1. भारतीय यूनिट ट्रस्ट/न्यासी मंडल या न्यासियों या मुख्य कर्मी में से किसी (विशेषत: निधि प्रबंधक) के प्रति सेबी अधिनियम या उसकी कोई विनियमों के अंतर्गत सेबी द्वारा या किसी स्टॉक एक्सचेंज द्वारा (जहां यूटीआई की योजना की यूनिटें सूचीबद्ध हैं)जुर्माना लगाने का कोई मामला नहीं है। 2. न्यासी मंडल या न्यासियों या मुख्य कर्मी सहित भारतीय यूनिट ट्रस्ट के व्यापार से संबंधित कोई महत्वपूर्ण मुकदमे की कार्यवाही लंबित नहीं है। भारतीय यूनिट ट्रस्ट, न्यासी मंडल या न्यासियों या मुख्य कर्मी के प्रति कोई अपराधिक मामला लंबित नहीं है।

	3. न तो सेबी और न ही किसी अन्य नियामक एजेन्सी ने भारतीय यूनिट ट्रस्ट के परिचालनों या सिस्टम्स में किसी कमी को पेशकश दस्तावेज़ में दर्शाए जाने की विशेष रूप से सलाह दी है। 4. भारतीय यूनिट ट्रस्ट, न्यासी मंडल/न्यासी या मुख्य कर्मी के प्रति सेबी अधिनियम और उसके अंतर्गत बनाए गए विनियमों के अधीन कोई पूछताछ/अधिनिर्णय की कार्यवाही नहीं है।
18.	**संक्षिप्त वित्तीय जानकारी देने वाली सारणी को जोड़ा गया।**

अनुबंध - I

ग्रैंडमास्टर यूनिट स्कीम - संशोधित / शामिल किए गए प्रावधान

खण्ड सं	वर्तमान प्रावधान	संशोधित प्रावधान
प्रमुख बाते 2री मद	निवासी और अनिवासी दोनो वयस्क व्यक्तियों / अवयस्कों / हिंदू अविभक्त परिवारों / न्यासों / भागीदारी फर्मों / सोसाइटियों / निगमि निकायो (कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत पंजीकृत कंपनियों सहित) / विदेशी संस्थागत निवेशकों के लिए खुला।	निवासी व्यक्तियों एवं संस्थाओं तथा अनिवासी भारतीयो, विदेशी निगमित निकायों और विदेशी संस्थागत निवेशको के लिए खुला।
प्रमुख बातें 3री मद	एनएवी पर आधारित मूल्य पर पुनर्खरीद	**6ठी मद -** पुनर्खरीद बट्टे पर की जाएगी, जो यूनिट के दैनिक एनएवी के 3% से अधिक नहीं होगा। प्रतिफोलियो रु. 5,000/- का न्यूनतम शेष रखने की शर्त पर आंशिक पुनर्खरीद की अनुमति होगी।
प्रमुख बातें	मदें शामिल नहीं	निम्नलिखित को शामिल किया गया : **3री मद -** न्यूनतम निवेश रु. 5,000/- है तथा कोई अधिकतम सीमा नहीं है। उसी फोलियो के अंतर्गत बाद में निवेश करने के लिए न्यूनतम निवेश रु. 1,000/- है। **4थी मद -** प्रत्येक यूनिट का अंकिम मूल्य रु. 10/- है। **5वीं मद -** बिक्री और पुनर्खरीद आवेदन स्वीकार किए जाने की तारीख को कारोबार की समाप्ति पर मौजूद एनएवी पर आधारित होंगे। बिक्री एनएवी पर की जाएगी। **7वीं मद -** आय के पुनर्निवेश की सुविधा, यदि कोई हो, एनएवी पर उपलब्ध होगी। **8वी मद -** ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर घोषित अन्य योजनाओं में इस योजना से तथा अन्य योजनाओं से इस योजना में स्विचओवर की सुविधा एनएवी अथवा एनएवी पर आधारित मूल्य पर उपलब्ध होगी। **9वी मद -** वर्तमान में योजना द्वारा आय का वितरण यदि कोई हो, आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 10 (33) के अंतर्गत निवेशकों के हाथ में पूर्णत: करमुक्त है। साथ ही, सतत खुली इक्विटी उन्मुख निधि होने के कारण आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 115 आर के अंतर्गत 31 मार्च, 2000 तक की अवधि के लिए इस पर आय वितरण कर नहीं लगेगा।

		10वीं मद - यूनिटों की पुनर्खरीद पर हुई पूंजी वृद्धि, यदि कोई हो, से होने वाले पूंजी लाभ पर आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 48 और 112 के अंतर्गत कर के फायदे उपलब्ध होंगे। **11वीं मद** - निवेश आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 54ईए और 54ईबी के अंतर्गत पूंजी लाभ कर से छूट के लिए पात्र है, जो निधि के स्रोत पर निर्भर होगा तथा आवेदन स्वीकार किए जाने की तारीख से क्रमश: तीन /सात वर्षों की अवरुद्ध (लॉक-इन) अवधि के बाद ही यूनिटों की पुनर्खरीद किए जाने की शर्त पर होगा। **12वीं मद** - योजना के अंतर्गत यूनिटों के निवेश का मूल्य धन कर से पूर्णत: मुक्त होगा। **13वीं मद** - दान कर अधिनियम, 1958 द्वारा 1 अक्तूबर, 1998 को या उसके बाद किए गए दान पर दान कर की वसूली समाप्त कर दी गई है। इस प्रकार योज यूनिटों के दान को दान कर की वसूली से पूर्णत: मुक्त किया गया है।
जोखिम कारक 1ली मद	योजना के यूनिटों में निवेश में बाजार जोखिम रहता है तथा योजना के पोर्टफोलियो पर बाजार के बलों के प्रभाव के अनुसार योजना का एनएवी घट बढ़ सकता है।	म्यूचुअल फंडों और प्रतिभूतियों में किए जाने वाले निवेशों मे बाजार के जोखिम रहता है तथा पूंजी बाजारों को प्रभावित करने वाले कारकों और बलों के अनुसार योजना के अंतर्गत जारी यूनिटों का एनएवी घट-बढ़ सकता है।
जोखिम कारक	प्रावधान नहीं किया गया।	**4थी मद - व्युत्पन्न लिखतें** - ऑप्शन एण्ड फ्यूचर्स जैसी व्युत्पन्न प्रतिभूतियों में ट्रेडिंग करना अत्यधिक विशिष्टीकृत कार्यकलाप होगा तथा उसमें सामान्य निवेश से अधिक जोखिम रहता है। यद्यपि योजना का इरादा व्युत्पन्न लिखतों में सिर्फ पोर्टफोलियो के बचाव प्रयोजनों के लिए ट्रेडिंग करता है, तथापि इस बाजार के अन्य भागीदारों के कार्यों के कारण इस खण्ड का समग्र बाजार अत्यधिक सट्टात्मक स्वरूप का हो सकता है। व्युत्पन्न लिखतों में ट्रेडिंग की सफलता भविष्य में बाजार के घट-बढ़ की भविष्यवाणी करने संबंधी निधि-प्रबंधक की योग्यता पर निर्भर करता है तथा यदि निधि प्रबंधक की भविष्य वाणी गलत हुई तो निधि का कार्यनिष्पादन इस निवेश रणनीति को न अपनाए जाने की स्थिति में जो कार्यनिष्पादन होता उससे भी खराब हो सकता है। **5वीं मद - विदेशी बाजार में निवेश** - विदेशी बाजार में निवेश की सफलता इस बात पर निर्भर रहती है कि निधि प्रबंधक में उस बाजार की स्थितियों को जो भारतीय बाजारों से भिन्न हो सकती है, समझने की और उसे जानकारी का

		विश्लेषण करने की कितनी क्षमता है। चूंकि इसने विदेशी बाजारों में परिचालन शामिल है; अत: इसने बाजार जोखिम के ही साथ-साथ विनिमय दर के घट-वद का जोखिम भी हो सकता है। 6वीं मद - स्टॉकक लेंडिंग - यह कम से कम जोखिम सहित योजना के लिए अतिरिक्त आय अर्जित करने का एक साधन है। स्टॉक उधार दिए जाने की अवधि के दौरान विक्री के लिए सुलभ स्टॉक की अनुपलब्धता के रूप में जोखिम हो सकता है। उधार दी गई प्रतिभूतियां वापस करने में उधारकर्ता/मध्यस्थ द्वारा चूक की संभावना के रूप मे योजना को स्टॉक लेंडिंग कार्यकलाप में जोखिम उठाना पड़ सकता है। तथापि, इस प्रक्रिया में शामिल मध्यस्थ द्वारा उधारकर्ता से उपयुक्त संपार्थिक प्रतिभूतियां लेकर उक्त जोखिम को पर्याप्त रूप में कवर किया जा सकेगा। संपार्थिक प्रतिभूतियों पर ट्रस्ट का ग्रहणाधिकार होगा। प्रतिभूति उधार देने की प्रक्रिया में शामिल कोई भी जोखिम न्यूनतम करने के लिए ट्रस्ट विभिन्न स्थानों पर अन्य उपयुक्त जांचों और नियंत्रणों का इस्तेमाल करेगा।
परिभाषाएं II (घ क)	(घ क) आवेदक द्वारा ट्रस्ट को ट्रस्ट के द्वारा यूनिटों की बिक्री या पुनर्खरीद के लिए आवेदन किए जाने के संदर्भ में स्वीकृति की तारीख से अभिप्राय उस दिन से है, जिस दिन ट्रस्ट, इस बात से संतुष्ट होने पर कि आवेदन नियमानुसार है, उसे स्वीकार करे :	(क) आवेदक द्वारा ट्रस्ट को ट्रस्ट के द्वारा यूनिटों की बिक्री या पुनर्खरीद के लिए आवेदन किए जाने के संदर्भ में 'स्वीकृति की तारीख' से अभिप्राय उन दिन से है, जिद दिन ट्रस्ट का शाखा कार्यालय, इस बात से संतुष्ट होने पर कि आवेदन हर तरह से पूर्ण है, उसे स्वीकार करे। फ्रेंचाइज कार्यालय / वसूली केन्द्र में बिक्री और पुनर्खरीद के लिए आवेदन प्राप्त किए जाने के संदर्भ में 'स्वीकृति की तारीख' रजिस्ट्रार के कार्यालय में आवेदन प्राप्त किए जाने की तारीख, या फ्रेंचाइज कार्यालय अथवा वसूली केन्द्र में उसकी प्राप्ति की तारीख (टी) से 5वां कार्यदिवस (टी+ 5), जो भी पहले हो, होगी। ट्रस्ट उक्त कार्यदिवसों की संख्या 5 से भी कम कर सकता है, जैसा भी निर्णय लिया जाए। वर्तमान मद (क) को पुन:क्रमांकि कर (ख) किया गया है।
परिभाषाएं खण्ड II	कोई प्रावधान मौजूद नहीं है।	(ग) अवयस्क के संदर्भ में "वैकल्पिक आवेदक" से अवयस्क की ओर से आवेदन करने वाले माता-पिता से इतर माता-पिता अभिप्रेत हैं।
परिभाषाएं II (ख)	"आवेदक" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है, जिसने योजना के अंतर्गत यूनिटों के लिए आवेदन किया हो।	(घ) "आवदेक" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है, जो योजना में भाग लेने के लिए पात्र है तथा योजना के खण्ड IV के तहत आवेदन करता है और जो अवयस्क नहीं है।

परिभाषाएं II	कोई प्रावधान मौजूद नहीं है।	(घ क) 'पात्र संस्था' से भारतीय यूनिट ट्रस्ट सामान्य विनियमावली, 1964 में यथापरिभाषित पात्र संस्था अभिप्रेत है।।
परिभाषाएं II	कोई प्रावधान मौजूद नहीं है।	(घ ख) 'फर्म', 'भागीदार' और 'भागीदारी' के भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 (1932 का 9) में उन्हें दिए गए अर्थ अभिप्रेत हैं, परन्तु 'भागीदारी' शब्द में ऐसा व्यक्ति भी शामिल होगा जो अवयस्क होने के कारण भागीदारी के लाभों में शामिल हो।
परिभाषाएं II	(ज क) यूनिटधारक से निक्षेपागार (डिपोजिटरी) के रूप में यूनिट रखने वाले व्यक्ति सहित फिलहाल यूनिट रखने वाला व्यक्ति अभिप्रेत है।	(ज) योजना के अंतर्गत एक अभिव्यक्ति के रूप में प्रयुक्त "सदस्य" शब्द से ऐसा आवेदक अभिप्रेत और शामिल है, जिसे _________ को या उसके बाद योजना के अंतर्गत यूनिट आबंटित किए गए हों। "सदस्य" से "यूनिटधारक" भी अभिप्रेत है, जिसमें यूनिट प्रमाणपत्र के अंतर्गत तथा निक्षेपागार (डिपोजिटरी) के रूप में यूनिट रखने वाले व्यक्ति शामिल है तथा सभी अभिव्यक्तियां को पर्यायवाची के रूप में पढ़ा जा सकता है। वर्तमान मद (ज) को (छ) के रूप में क्रमांकित किया गया है। वर्तमान मद (छ) को समाप्त किया गया।
परिभाषाएं II	कोई प्रावधान मौजूद नहीं है।	(ट क) " आरबीआई" से भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 के अंतर्गत स्थापित भारतीय रिज़र्व बैंक अभिप्रेत है।
परिभाषाएं II (झ)	"रजिस्ट्रार" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है, जिसे योजना के अंतर्गत समय-समय पर रजिस्ट्रार के रूप में कार्य करने के लिए नियुक्त किया जाए।	"रजिस्ट्रार" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है, जिसे ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर योजना के अंतर्गत रजिस्ट्रार और अंतरण एजेंट के रूप में कार्य करने के लिए रखा जाए।
परिभाषाएं II	कोई प्रावधान मौजूद नहीं है।	(ड ख) "सोसाइटी " से 1860 के सोसाइटी रजिट्रेशन अधिनियम के अंतर्गत स्थापित सोसाइटी अथवा फिलहाल प्रवृत्त किसी राज्य या केंद्रीय कानून के अंतर्गत स्थापित कोई अन्य सोसाइटी अभिप्रेत है।
परिभाषाएं II (ण)	'यूनिट' से दस रुपए के अंकित मूल्य का एक अविभाजित शेयर अभिप्रेत है।	'यूनिट' से यूनिट पूंजी में दस रुपए के अंकित मूल्य का एक अविभाजित शेयर अभिप्रेत है।
परिभाषाएं II (त)	'यूनिट पूंजी' से योजना के अंतर्गत जारी और आबंटित यूनिटों के अंकित मूल्य का जोड़ अभिप्रेत है।	"यूनिट पूंजी" से योजना के अंतर्गत बेचे गए और फिलहाल बकाया यूनिटों के अंकित मूल्य का जोड़ अभिप्रेत है।

परिभाषाएं	कोई प्रावधान मौजूद नहीं है।	(त क) "यूनिट ट्रस्ट" अथवा "ट्रस्ट" से अधिनियम की धारा 3 के अंतर्गत स्थापित भारतीय यूनिट ट्रस्ट अभिप्रेत है। वर्तमान मद 'त क' समाप्त कर दिया गया।
परिभाषाएं II (द)	इस योजना में जिन शब्दों को परिभाषित नहीं किया गया है उनका वही अर्थ होगा जो अर्थ उन्हें अधिनियम के तहत दिया गया है।	इसमें परिभाषित न की गई अन्य सभी ऐसी अभिव्यक्तियों से, जिन्हें अधिनियम/विनियमों में परिभाषित किया गया है; अधिनियम/नियमों द्वारा उन्हें दिए गए अर्थ अभिप्रेत होंगे।
परिभाषाएं खण्ड II (ध)	कोई प्रावधान मौजूद नहीं है।	योजना में, ________ के बाद, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, उपयुक्त स्थानों पर "सदस्य" शब्द में "यूनिटधारक" शामिल होगा/होंगे तथा "यूनिटधारकों" का रजिस्टर शब्दावली में "सदस्यों का रजिस्टर" भी शामिल होगा।
निवेशकों की श्रेणी IV (1)	निवासी भारतीय, जो वयस्क व्यक्ति हो, अकेले या तीन व्यक्तियों के साथ संयुक्त रूप से संयुक्त आधार पर।	निवासी व्यक्ति या अनिवासी भारतीय अकेले अथवा किसी अन्य के साथ या अन्य दो व्यक्तियों के साथ संयुक्त/कोई या उत्तरजीवी आधार पर।
निवेशकों की श्रेणी IV (3)	<u>अवयस्क</u> अवयस्क की ओर से पिता, माता अथवा विधिक अभिभावक निवेश करने के लिए पात्र होंगे।	निवासी या अनिवासी भारतीय अवयस्क की ओर से माता-पिता, सौतेले माता-पिता या अन्य विधिक अभिभावक। वयस्क और अवयस्क संयुक्त रूप से आवेदन नहीं कर सकते।
निवेशकों की श्रेणी IV (9)	कोई प्रावधान मौजूद नहीं है।	बैंक जिसमें अनुसूचित बैंक, क्षेत्रफल ग्रामीण बैंक, सहकारी बैंक आदि शामिल हैं।
निवेशकों की श्रेणी IV (10)	कोई प्रावधान मौजूद नहीं है।	वित्तीय संस्था।
निवेशकों की श्रेणी IV (4)	निगमित निकाय से सोसाइटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम, 1860 के अंतर्गत पंजीकृत अथवा उस समय प्रवृत्त राज्य या केंद्रीय कानून के अंतर्गत स्थापित कंपनी अभिप्रेत होगी और शामिल होगी। ऐसी सोसाइटी को इसमें इसके बाद "सोसाइटी" कहा जाएगा।	(4) निगमित निकाय, जिसमें कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत बनाई गई या उस समय प्रवृत्त राज्य या केंद्रीय कानून के अंतर्गत स्थापित कंपनी शामिल है।
निवेशकों की श्रेणी IV (6)	सोसाइटी से ऊपर निगमित निकाय की परिभाषा में विनिर्दिष्ट सोसाइटी अभिप्रेत होगी और शामिल होगी।	(6) योजना के अंतर्गत परिभाषित सोसाइटी।
निवेशकों की श्रेणी IV (7)	भागीदारी फर्म : भागीदारी फर्म से भागीदारी अधिनियम,	(7) भागीदारी फर्म : भागीदारी फर्म द्वारा कोई भी आवेदन फर्म के अधिक से

	1932 (1932 का 9) में उसे दिया गया अर्थ अभिप्रेत होगा, परंतु भागीदारी अभिव्यक्ति में ऐसा कोई भी व्यक्ति शामिल होगी जिसे अवयस्क होने से कारण भागीदारी फर्म के लाभों में शामिल किया गया हो।	अधिक तीन सदस्यों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा तथा पहले नाम वाले व्यक्ति को ट्रस्ट द्वारा सभी व्यावहारिक प्रयोजनों के लिए सदस्य सदस्य के रूप में मान्यता दी जाएगी।
निवेशकों की श्रेणी IV (11)	कोई प्रावधान मौजूद नहीं है।	(11) सेना/नौसेना/वायु सेना/पैरामिलिटरी निधि।
निवेशकों की श्रेणी IV (12)	कोई प्रावधान मौजूद नहीं है।	(12) सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम (पीएसयू)
व्ययों की सीमा V का पहला पेराग्राफ	निम्नलिखित व्यय आवर्ती आधार पर योजना से किए जाएंगे, जिनकी मात्राकिसी लेखांकन वर्ष में औसत दैनिक निवल आस्ति मूल्य के 3% से अधिक नहीं होगी। अनुमानित आवर्ती व्यय निम्नानुसार है : व्यय — % प्रशासनिक व्यय — 1.00 अभिरक्षा शुल्क — 0.50 विकास प्रारक्षित निधि — 0.10 स्टाफ कल्याण निधि — 0.10 पंजीकरण शुल्क — 0.50 विविध — 0.80 कुल — 3.00	आवर्ती व्यय : निम्नलिखित व्यय आवर्ती आधार पर योजना से किए जएंगे। अनुमानित वार्षिक आवर्ती व्यय निम्नानुसार हैं : व्यय — औसत दैनि एनएवी का % प्रशासनिक व्यय — 0.95 अभिरक्षक शुल्क — 0.20 विकास प्रारक्षित निधि में अंशदान — 0.25 स्टाफ कल्याण निधि — 0.10 पंजीकरण शुल्क — 0.50 विपणन और बिक्री संवर्धन — 0.50 कुल — 2.50 उक्त राशियां अनुमानित हैं तथा किए गए वास्तविक व्ययों के अनुसार परस्पर परिवर्तित हो सकती हैं। प्रशासनिक व्यय, विकास प्रारक्षित निधि तथा स्टाफ कल्याण निधि में अंशदान सहित योजना के कुल [illegible] आवर्ती व्यय निम्नलिखित सीमाओं के अधीन होंगे : (क) औसत दैनिक निवल आस्तियों के पहले रु. 100 करोड़ रुपए पर - 2.50% (ख) औसत दैनिक निवल आस्तियों के अगले रु. 300 करोड़ रुपए पर - 2.25% (ग) औसत दैनिक निवल आस्तियों के अगले रु. 300 करोड़ रुपए पर - 2.00% (घ) शेष आस्तियों पर - 1.75%
व्ययों की सीमा V का दूसरा पैरा	उक्त व्यय अनुमानित हैं तथा किए गए वास्तविक व्ययों के अनुसार उनमें परस्पर परिवर्तन हो सकता है। तथापि, किसी भी लेखांकन वर्ष के दौरान सेबी (म्यूचुअल	प्रशासनिक व्यय, विकास प्रारक्षित निधि एवं स्टाफ कल्याण निधि में अंशदान सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियमावली, 1996 के विनियम 52 के खण्ड 2 के तहत विनिर्दिष्ट सीमाओं से अधिक नहीं होगा, अर्थात्

	फंड) विनियमावली, 1993 के अनुसार कुल व्यय दैनिक औसत निवल आस्ति मूल्य के 3% की सीमा के भीतर होगा। उसके अलावा, प्रशासनिक व्यय, विकास प्रारक्षित निधि एवं स्टाफ कल्याण न्यास में अंशदान पर हुए व्यय लेखांकन वर्ष के दौरान योजना के दैनिक औसत एनएवी के 1.25% से अधिक नहीं होंगे। शुल्क व्यय और लेखांकन नीतियों में परिवर्तन हो सकता है, जो सेबी द्वारा जारी विनियमों / दिशानिर्देशों पर निर्भर होगा।	(क) जब तक योजना की निवल आस्तियों रु. 100 करोड़ से अधिक नहीं हो जाती तब तक प्रत्येक लेखांकन वर्ष में बकाया दैनिक औसत निवल आस्ति का 1/4 प्रतिशत, तथा (ख) जब इस प्रकार परिकलित निवल आस्तियों रु. 100 करोड़ से अधिक हो जाए तो रु. 100 करोड़ से अधिक की राशि पर एक प्रतिशत। ट्रस्ट सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियमावली, 1996 के प्रावधानों के अनुसार कोई निवेश प्रबंधन और परामर्श शुल्क नहीं लगाता, तथापि यह सुनिश्चित करेगा कि वार्षिक आवर्ती व्यय सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियमावली, 1996 के अंतर्गत विनिर्दिष्ट सीमाओं के भीतर रहें।
यूनिटों की बिक्री VI (ख)	एक व्यक्ति या तीन से अनधिक कई व्यक्तियों को, जो वयस्क हो (संयुक्त आधार पर), यूनिटों के लिए आवेदन करने की अनुमति दी जा सकती है।	एक व्यक्ति या तीन से अनधिक कई व्यक्तियों को, जो वयस्क हों (संयुक्त / कोई एक या उत्तरजीवी आधार पर) यूनिटों के लिए आवेदन करने की अनुमति दी जा सकती है।
यूनिटों की बिक्री VI (घ)	यूनिटों का अंकित मूल्य रु. 10 होगा। आवेदन न्यूनतम दो सौ यूनिटों सहित सौ यूनिटों के गुणजों में निर्धारित फार्म में ही किए जाएंगे। निवेश की कोई अधिकतम सीमा नहीं है।	न्यूनतम रु. 5000/- के लिए आवेदन किया जाएगा। कोई अधिकतम सीमा नहीं है तथा यूनिटों का आवंटन दशमलव के तीन अंकों तक किया जाएगा। उसी फोलियो के अंतर्गत बाद में निवेश करने के लिए न्यूनतम निवेश रु. 1000/- है। निवासी या अनिवासी भारतीय द्वारा अनिवासी साधारण खाते के माध्यम से रु. 50,000/- और अधिक का निवेश किए जाने पर निवेशक को आयकर पी.ए.एन./ जी.आई.आर. क्रमांक तथा आयकर सर्कल का पता, यदि कोई हो, प्रस्तुत करना होगा।
यूनिटों की बिक्री VI (ङ) का दूसरा और तीसरा वाक्य	यदि अदायगी चेक द्वारा की गई हो, तो ऐसे चेक की वसूली की शर्त पर, स्वीकृति की तारीख वह तारीख होगी जिस दिन ट्रस्ट के शाखा कार्यालय अथवा प्राधिकृत वसूली केंद्र द्वारा आवेदन प्राप्त किया जाए। यदि अदायगी ड्राफ्ट द्वारा की गई हो, तो ऐसे ड्राफ्ट की वसूली की शर्त पर, स्वीकृति की तारीख वह तारीख होगी जिस दिन ट्रस्ट के शाखा कार्यालय अथवा प्राधिकृत वसूली केंद्र द्वारा आवेदन प्राप्त किया जाए।	यदि अदायगी चेक/ड्राफ्ट द्वारा की जाए, तो ऐसे आवेदन की स्वीकृति चेक/ड्राफ्ट की वसूली की शर्त पर होगी। अनिवासी भारतीयों को अपने आवेदन अधिमानतः अनिवासी शाखा, मुंबई में या आवेदन प्रस्तुत किए जाने के स्थान पर देय अनिवासी (बाह्य)/अनिवासी (साधारण) चेक अथवा रुपया ड्राफ्ट के साथ ट्रस्ट की किसी शाखा में प्रस्तुत करने चाहिए। विदेशी संस्थागत निवेशकों को भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अनुमोदित नामित बैंक/प्राधिकृत व्यापारी के यपास रखे विशेष अनिवासी रुपया खाते में नामे डालकर राशि की अदायगी करके निवेश करना चाहिए। किसी दिन 2 बजे अपराह्न तक यूटीआई के शाखा कार्यालयों में बिक्री/पुनर्खरीद के लिए प्राप्त और स्वीकृत अथवा रजिस्ट्रार के कार्यालय में प्राप्त [कृपया II (घक) देखें] सभी आवेदनों के संबंध में उसी दिन का एनएवी

		लागू होगा। 2 बजे अपराह्न के बाद प्राप्त और स्वीकृत सभी आवेदनों पर अगले कारोबार दिवस का एनएवी लागू होगा। संस्थाओं से अपेक्षित दस्तावेजों के साथ प्राप्त आवेदन ट्रस्ट के कार्यालयों में ही स्वीकार किए जाएंगे।
यूनिटों की बिक्री VI (i)	यदि अपेक्षित हो तो यूनिट प्रमाणपत्र भेज दिया जाएगा। प्रमाणपत्र पंजीकृत डाक, पावती ससिहत या पावती के बिना, आवेदक द्वारा दिए पते पर भेजा जाएगा तथा ट्रस्ट इस प्रकार भेजे गए यूनिट प्रमाणपत्र के खो जाने, नुकसान हो जाने, गलत सुपुर्दगी हो जाने के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।	लेखा विवरण 1) ________ को या उसके बाद बेचे गए यूनिटों के लिए ट्रस्ट एक फोलियो क्रमांक देते हुए एक लेखा-विवरण आवेदन की स्वीकृति की तारीख से 6 सप्ताह के भीतर जारी करेगा। 2) **सदस्य द्वारा फोलियो के अंतर्गत अतिरिक्त खरीद या आंशिक पुनर्खरीद या स्विचओवर या निम्नलिखित खण्ड XI(क) और XI (ग) के अनुसरण में यूनिटों का अंतरण या निक्षेपागार (डिपॉजिटरी) के रूप में गए यूनिटों का पुनर्भौतिकीकरण किए जाने [illegible] बार हर सदस्य को उसके फोलियो का अद्यतन लेखा-विवरण प्राप्त होगा।** 3) अनिवासी भारतीय लेखा-विवरण भेजने की निम्नलिखित विधियों में से कोई एक विधि चुन सकता है : (i) आवेदक के भारतीय/विदेशी पते पर अथवा (ii) भारत में अनिवासी भारतीय आवेदक के संबंध के पते पर। 4) विदेशी संस्थागत निवेशकों के मामले में, लेखा-विवरण उनके सार्वभौमिक अभिरक्षकों के पास अथवा आवेदन में प्रस्तुत पते पर भेज जाएगा। 5) यदि सदस्य चाहे तो लेखा-विवरण के स्थान पर प्रमाणपत्र जारी करने का अनुरोध प्राप्त होने के छ: सप्ताह के भीतर उसे यूनिट प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा। 6) यूनिट प्रमाणपत्र/लेखा-विवरण दोनों रूप से वैध, साक्ष्य हैं। 7) इन खण्डों के प्रावधान यूनिट प्रमाणपत्र द्वारा कवर किए गए यूनिटों तथा यूनिटधारकों पर यथावश्यक परिवर्तन सहित लागू होंगे।
यूनिटों की बिक्री VI (ञ) और (ट)	कोई प्रावधान मौजूद नहीं।	(ञ) पुन:प्रत्यावर्तन लाभों के साथ अनिवासी भारतीय निवेश के लिए अदायगी की विधि -

अनिवासी भारतीयों/विदेशी निगमित निकायों द्वारा किए गए निवेशों में निविष्ट पूंजी और उस पर अर्जित आय एवं पूंजी वृद्धि के पुन:प्रत्यावर्तन का अधिकार तब तक रहेगा जब तक निवेशक भारत के बाहर का निवासी बना रहे। इन मामलों में निम्नलिखित में से किसी एक विधि से निवेश किया जा सकेगा :

(i) भारत के बाहर कार्यरत बैंक/विनियम गृह द्वारा उनके भारतीय संपर्की बैंकों पर ट्रस्ट के पक्ष में रुपयों में जारी ड्राफ्ट के द्वारा।

(ii) भारत में किसी बैंक के पास रखे गए निवेशक के अनिवासी बाह्य खाते पर आहरित चेक द्वारा।

(iii) निवेशक की विदेशी मुद्रा अनिवासी (एफसीएनआर) जमाओं की अग्रिम राशियों से जारी चेक/ड्राफ्ट द्वारा।

नोट : नेपाली और भूटानी मुद्राओं में अदायगी स्वीकार नहीं की जाती।

(ट) पुन:प्रत्यावर्तन लाभों के बिना अनिवासी भारतीय विश के लिए अदायगी की विधि

i) जहां अनिवासी साधारण खातों में रखी गई निधियों का उपयोग यूनिटों की खरीद के लिए किया जाता है, वहां इस प्रकार निविष्ट निधियाएवं पूंजी वृद्धि (यदि कोई हो), को भारत के बाहर प्रत्यावर्तित करने के लिए पाए नहीं होंगी। इसी तरह, भारत में निवेशक के निवासी रहते हुए रुपयों में खरीदे गए यूनिटों मे किया गया निवेश बाद में उसके अनिवासी बन जाने पर यूनिटों की बिक्री आगम राशियों के पुन:प्रत्यावर्तन के लिए पात्र नहीं होगा।

ii) भारतीय रिज़र्व बैंक के 19 अगस्त 1994 के परिपत्र ए.डी. (एम.ए. शृंखला) सं. 18 के अनुसार वित्तीय वर्ष 1996-97 तथा उसके बाद उस पर किया गया समग्र आय वितरण पूर्ण पुन: प्रत्यावर्तन के लिए पात्र होगा। ऐसे मामलों में अनिवासी साधारण खाते में जमा किए जाने के लिए ट्रस्ट रुपयों मे अदायगी करेगा। यदि निवेशक यूनिटों पर किए जाने वाले आय वितरण को विदेश में प्रेषित करना चाहते हों तो उनसे अनुरोध है कि वे अपने बैंकों/कर परामर्शदाताओं से सलाह ले।

सदस्यों का रजिस्टर Xक	कोई प्रावधान मौजूद नहीं।	सदस्यों के पंजीकरण के लिए निम्नलिखित प्रावधान लागू होंगे : (1) ट्रस्ट द्वारा उसके कार्यालयों में सदस्यों का एक रजिस्टर रखा जाएगा तथा उस रजिस्टर में निम्नलिखित प्रविष्टियां की जाएंगी ः (क) फोलियो नंबर तथा सदस्य के नाम जमा बकाया यूनिटों की संख्या, (ख) सदस्य का नाम और पता; (ग) दूसरे और तीसरे धारक का नाम; (घ) धारिता के स्वरूप; (ङ) नामिती/हिताधिकारी का नाम; (च) सदस्यता में प्रवेश की तारीख **(2) यूनिट प्रमाणपत्र(पत्रों) तथा यूनिटधारक(कों) पर लागू खण्ड X में विनिर्दिष्ट प्रतिबंध यथावश्यक परिवर्तन सहित लेखा-विवरण पर तथा सदस्य के नाम में जमा/ द्वारा आवेदित यूनिटों पर लागू होंगे।**

ग्रैंडमास्टर यूनिट स्कीम - संशोधित / शामिल किये गये प्रावधान

खण्ड सं.	वर्तमान प्रावधान	संशोधित प्रावधान
निर्गम के बाद यूनिटों का अंतरण : खण्ड XI	योजना के अंतर्गत जारी किये गये और बकाया सभी यूनिट प्रमुख शेयर बाज़ारों पर योजना की सूचीबद्धता के बाद निम्नलिखित शर्तों पर मुक्त रूप से अंतरणीय हैं : (क) योजना के प्रावधानों के अनुसार जारी किया गया यूनिट प्रमाणपत्र बेचानयोग्य है तथा उसे व्यक्तियों, व्यक्त और योजना के प्रावधानों के खण्ड IV में उल्लिखित ऐसी अन्य श्रेणियों को अंतरित किया जा सकता है । अंतरण विलेख की स्वीकृति तथा अंतरिती को शामिल किया जाना पूर्णतः ट्रस्ट के विवेक पर होगा । (ख)ऐसे अंतरणकर्ताओं और अंतरितियों द्वारा और के बीच ही, जो यूनिट रखने के लिए सक्षम हों, अंतरण किया जा सकता है। किसी अन्य अंतरण को मान्यता देने के लिए ट्रस्ट बाध्य नहीं होगा । (ग) सभी अंतरण शेयर बाज़ारों द्वारा निर्धारित शेयर अंतरण फार्म का प्रयोग करते हुए किये जाएंगे तथा वे न्यूनतम दो सौ यूनिटों के लिए और उसके बाद सौ यूनिटों के गुणजों में होंगे । (घ)संबंधित यूनिट प्रमाणपत्र और योजना द्वारा समय-समय पर यथानिर्धारित शुल्क के साथ अंतरण संबंधी लिखतें इस प्रयोजन के लिए नियुक्त रजिस्ट्रारों के किसी कार्यालय	यूनिटों का अंतरण/ उन्हें गिरवी रखना/ उनका समनुदेशन: क) इस पेशकश दस्तावेज़ के अनुसरण में जारी यूनिटों के संबंध में अंतरण की सुविधा अंतरण की सुविधा : निम्नलिखित अपवादों को छोड़कर लेखा-विवरण के तहत आने वाले यूनिट अंतरणीय नहीं हैं । परन्तु सतत खुली योजना होने के कारण, बिक्री /पुनर्खरीद की सुविधा *एन ए वी / एन ए वी* आधारित मूल्य पर सतत आधार पर उपलब्ध है । तथापि, यदि कोई व्यक्ति विधि के परिचालन द्वारा अथवा गिरवी लागू करने पर (जैसाकि नीचे (ख) में दिया गया है) अथवा मृत्यु, दिवालियेपन या एकमात्र धारक के कार्यों के समापन के कारण अथवा संयुक्त धारको के उत्तरजीवी के रूप में यूनिटों का धारक बन जाए, तो ट्रस्ट की राय में पर्याप्त समझे जाने वाले साक्ष्य प्रस्तुत किये जाने पर ट्रस्ट अंतरण को लागू करेगा बशर्ते आशयित अंतरिती अन्यथा यूनिट रखने के लिए पात्र हो । गैर-सूचीबद्धता संबंधी औपचारिकताएं पूरी होने तक ________ के पहले जारी किये गये और बकाया रहने वाले यूनिटों के भी अंतरण की अनुमति दी जाएगी । नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एन एस डी एल) के पास निर्भौतिकीकृत किये गये यूनिटों के मामले में अंतरण की सुविधा तब तक उपलब्ध रहेगी जब तक निक्षेपागार से उन्हें हटाने की औपचारिकताएं पूरी न कर ली जाएं । ख) यूनिटों को गिरवी रखना/ उनका समनुदेशन: सदस्य ऋण लेने के लिए बैंक/ अन्य वित्तीय संस्थाओं

में प्रस्तुत की जाएगी।

(ङ) ट्रस्ट के किसी कार्यालय में प्रस्तुत या स्वीकृत कोई अंतरण विलेख रजिस्ट्रारों के निकटतम कार्यालय के पास भेज दिया जाएगा।

(च) अंतरण के प्रत्येक लिखत पर अंतरणकर्ता एवं अंतरिती द्वारा हस्ताक्षर किये जाएंगे तथा अंतरणकर्ता को तब तक यूनिटों का धारक माना जाता रहेगा, जब तक रजिस्ट्रारों द्वारा यूनिटधारकों के रजिस्टर में अंतरिती का नाम शामिल नहीं कर लिया जाता।

(छ) रजिस्ट्रार अंतरणकर्ता के हक या यूनिट अंतरित करने के उसके अधिकार के समर्थन में आवश्यक समझे जाने वाले किसी भी साक्ष्य की मांग कर सकते हैं।

(ज) रजिस्ट्रार आवश्यक समझी गयी अपेक्षाओं का अनुपालन किये जाने की शर्त पर खो गये, चोरी हो गये या नष्ट हो गये मूल यूनिट प्रमाणपत्र को प्रस्तुत किये जाने की अपेक्षा को अभिमुक्त कर सकते हैं।

(झ) यूनिटों के अंतरण का पंजीकरण होने पर अंतरण की सभी लिखतें और यूनिट प्रमाणपत्र रजिस्ट्रार द्वारा रखे जा सकते हैं।

(ञ) अंतरण को मान्यता देने वाले एवं उसका पंजीकरण करने वाले रजिस्ट्रार अंतरण के संबंध में देय प्रभार अदा किये जाने और उनकी वसूली होने पर के पक्ष में प्रतिभूति के रूप में यूनिटों को गिरवी रख सकते हैं / उनको समनुदेशित कर सकते हैं। ट्रस्ट द्वारा अपेक्षित फार्म भरकर / औपचारिकताएं पूरी करके यूनिटों को गिरवी रखा जा सकता है। ट्रस्ट गिरवी रखे गये यूनिटों पर गिरवी/ प्रभार/ ग्रहणाधिकार दर्ज करेगा। गिरवी रखने वाला व्यक्ति इस प्रकार गिरवी रखे गये यूनिटों का मोचन तब तक नहीं कर सकता, जब तक वे बैंक / वित्तीय संस्थाएं, जिन्हें यूनिट गिरवी रखे गये हैं, ट्रस्ट को लिखित रूप में इस बात के लिए प्राधिकृत नहीं कर देतीं कि गिरवी/ प्रभार/ ग्रहणाधिकार हटा लिया जाए। यूनिटों के गिरवी रखे रहने तक गिरवीदार बैंक / वित्तीय संस्थाओं को ऐसे यूनिटों का मोचन करने का पूरा अधिकार होगा।

ग) ________ के पहले जारी किये गये यूनिटों का अंतरण

_____ के पहले जारी किये गये / बेचे गये और बकाया रहने वाले यूनिटों का अंतरण, उनके गैर-सूचीबद्ध होने तक, जैसा कि नीचे खण्ड XXIV में उल्लेख किया गया है, निम्नलिखित शर्तों के अनुसार होगा :

(i) अंतरणकर्ताओं और अंतरितियों द्वारा और के बीच ही, जो यूनिट रखने के लिए सक्षम हों, अंतरण किया जा सकता है। किसी अन्य अंतरण को मान्यता देने के लिए ट्रस्ट बाध्य नहीं होगा।

(ii) संबंधित यूनिट प्रमाणपत्र के साथ सम्यक् रूप से स्टांपित निर्धारित अंतरण विलेख इस प्रयोजन के लिए नियुक्त रजिस्ट्रार के किसी कार्यालय में प्रस्तुत किया जाएगा। परन्तु यह कि विशेष परिस्थितियों में ट्रस्ट अंतरण लिखत के बिना इन शर्तों पर यूनिटों के अंतरण की अनुमति दे सकता है कि अंतरिती ट्रस्ट द्वारा विनिर्दिष्ट सबूत पेश करेगा।

(iii) ट्रस्ट के किसी कार्यालय में प्रस्तुत या उसके किसी कार्यालय द्वारा स्वीकृत सम्यक् रूप से स्टांपित एवं निष्पादित अंतरण विलेख के साथ प्रमाणपत्र रजिस्ट्रार के निकटतम कार्यालय को प्रेषित कर दिया जाएगा।

अंतरिती को मूल या नया यूनिट प्रमाणपत्र जारी कर सकते हैं और उसे एक या कई प्रमाणपत्र जारी कर सकते हैं।

(ट) यदि अंतरिती शासकीय क्षमता में, विधि के परिचालन द्वारा अथवा यदि गिरवी लागू करने पर कोई अनुसूचित बैंक यूनिटों का धारक बन जाए, तो रजिस्ट्रार उनकी राय में पर्याप्त समझे जाने वाले साक्ष्य प्रस्तुत किये जाने पर अंतरण को लागू करेंगे बशर्ते आशयित अंतरिती अन्यथा यूनिट रखने के लिए पात्र हो।

(ठ) मान्यताप्राप्त शेयर बाजारों में ग्रैंडमास्टर यूनिट स्कीम के सूचीबद्ध होते ही, सूचीबद्धता करार के प्रावधानों और शेयर बाजारों द्वारा इस संबंध में जारी किये गये एवं योजना में उल्लिखित दिशा-निर्देशों के अनुसार अंतरण/ प्रेषण संबंधी औपचारिकताएं पूरी की जाएंगी।

(ड) निक्षेपागार (डिपोजिटरी) के रूप में यूनिट रखने वाले व्यक्ति द्वारा दूसरे व्यक्ति को अथवा दूसरे व्यक्ति के द्वारा निक्षेपागार के रूप में यूनिट रखने वाले व्यक्ति को यूनिटों का अंतरण किये जाने के मामले में, ऐसे नियमों / विनियमों के अनुसार अंतरण किया जाएगा जो निक्षेपागार के रूप में रखी गयी प्रतिभूतियों के अंतरण पर लागू हों।

(iv) अंतरण के प्रत्येक लिखत पर अंतरणकर्ता (संयुक्त धारिता के मामले में सभी अंतरणकर्ताओं) एवं अंतरिती (संयुक्त खरीद के मामले में सभी अंतरितियों) द्वारा हस्ताक्षर किये जाएंगे तथा अंतरणकर्ता को तब तक यूनिटों का धारक माना जाता रहेगा, जब तक रजिस्ट्रार द्वारा सदस्यों के रजिस्टर में अंतरिती का नाम शामिल नहीं कर लिया जाता।

(v) रजिस्ट्रार अंतरणकर्ता के हक या यूनिट अंतरित करने के उसके अधिकार के समर्थन में आवश्यक समझे जाने वाले किसी भी साक्ष्य की मांग कर सकते हैं।

(vi) रजिस्ट्रार आवश्यक समझी गयी अपेक्षाओं का अनुपालन किये जाने की शर्त पर तथा अपने विवेक पर खो गये, चोरी हो गये या नष्ट हो गये मूल यूनिट प्रमाणपत्र को प्रस्तुत किये जाने की अपेक्षा को अभिमुक्त कर सकता है।

(vii) यूनिटों के अंतरण का पंजीकरण होने पर अंतरण की सभी लिखतें और रद्द किया गया यूनिट प्रमाणपत्र रजिस्ट्रार द्वारा रखे जा सकते हैं।

(viii) अंतरण को मान्यता देने वाला तथा उसका पंजीकरण करने वाला रजिस्ट्रार अंतरिती को लेखा-विवरण जारी करेगा।

(ix) विशेष परिस्थितियों में, किसी कंपनी या अन्य निगमित निकाय द्वारा अन्य कंपनी या निगमित निकाय या व्यक्ति / व्यक्तियों, जिनमें से कोई भी अवयस्क न हो, के साथ यूनिट रखे जाने पर ट्रस्ट विचार करेगा।

(x) इसमें इसके पहले उल्लिखित प्रावधानों की शर्त पर ट्रस्ट अंतरण का पंजीकरण करेगा तथा संबंधित अंतरण लिखत के साथ यूनिट प्रमाणपत्र प्रस्तुत किये जाने की तारीख से 30 दिनों के भीतर अंतरिती को लेखा-विवरण जारी कर देगा। संयुक्त अंतरितियों के मामले में, लेखा-विवरण पहले सदस्य को भेजा जाएगा तथा धारिता के संबंध में सभी अदायगियां सिर्फ पहले

नामांकन	यूनिटधारकों द्वारा कोई नामांकन नहीं	सदस्यों द्वारा नामांकन
XII	योजना के अंतर्गत कोई नामांकन करने के लिए कोई प्रावधान नहीं होगा ।	(i) नामांकन की सुविधा अपनी ओर से अर्थात् अकेले या दो तक संयुक्त रूप से आवेदन करने वाले व्यक्तियों के लिए ही उपलब्ध है । (ii) सिर्फ एक व्यक्ति को नामांकित किया जा सकता है । (iii) अनिवासी भारतीय अवयस्क सहित अवयस्कों को नामांकित किया जा सकता है । (iv) अनिवासी भारतीयों का नामांकन समय-समय पर भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित अपेक्षाओं की शर्त पर है । (v) निवेश चालू रहने के दौरान किसी भी समय नामांकन को बदला जा सकता है । (vi) अवयस्क के माता-पिता या विधिक अभिभावक, पात्र संस्था, सोसाइटी, निगमित निकाय, हिन्दू अविभक्त परिवार और भागीदारी फर्म के रूप में आवेदन करने वाले आवेदकों को नामांकन करने का कोई अधिकार नहीं है । (vii) अन्य प्रावधान विनियमों में किये गये प्रावधानों के अनुसार होंगे । (viii) भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 की धारा 39क के अंतर्गत सदस्य को सांविधिक नामांकन की सुविधा उपलब्ध है ।तदनुसार, जहां भारतीय यूनिट ट्रस्ट सामान्य विनियमावली, 1964 के अनुसार किसी यूनिट के संबंध में नामांकन किया गया हो, वहां सदस्य(यों) की मृत्यु हो जाने पर यूनिट नामिती में निहित होगा तथा नामिती को इस प्रकार निहित यूनिट के संबंध में लेखा-विवरण जारी किया जाएगा, जो विनियमावली में किये गये प्रावधानों के अनुसार ऐसे यूनिटों के प्रति एवं उनके संबंध में किसी अन्य व्यक्ति के किसी अधिकार, हक़, दावे या अन्य हित की शर्त पर तथा ऐसे यूनिटों पर किसी भार या अवभार की शर्त पर होगा । उक्त प्रकार से ट्रस्ट द्वारा किये गये पारेषण (Transmission) से उक्त

		यूनिटों के संबंध में ट्रस्ट सभी दयता से पूर्णतः मुक्त हो जाएगा ।
लेखों का प्रकाशन XIII	लेखों का प्रकाशन : ट्रस्ट हर वर्ष 30 जून के बाद यथाशीघ्र निधि द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट रूप में लेखा प्रकाशित कराएगा, जिसमें उस तिथि को समाप्त अवधि के दौरान योजना के कार्य-परिणाम दर्शाये जाएंगे । ट्रस्ट यूनिटधारक से लिखित अनुरोध प्राप्त होने पर इस प्रकार से प्रकाशित लेखों की प्रति उसे प्रस्तुत करेगा । शुल्क, व्यय और लेखांकन नीतियां बदल सकती हैं, जो सेबी द्वारा जारी विनियमों/ दिशा-निर्देशों पर निर्भर होगा ।	संशोधित तथा अनुबंध III में 'लेखांकन नीति' के अंतर्गत मद 10 के रूप में शामिल ।
यूनिटों की पुनर्खरीद XV	(क) यूनिटधारक के समक्ष पुनर्खरीद के लिए अपने यूनिटों की पेशकश करने की कोई बाध्यता नहीं होगी तथा वह योजना चालू रहने के दौरान अपनी इच्छानुसार कितने भी समय तक उन्हें अपने पास रखने के लिए स्वतंत्र है । (ख) यूनिट ट्रस्ट, पुनर्खरीद के लिए यूनिटधारक द्वारा अनुरोध किये जाने पर, यूनिट प्रमाणपत्र में विनिर्दिष्ट सभी या आंशिक, जैसी भी स्थिति हो, यूनिटों की पुनर्खरीद करेगा जो हमेशा 100 यूनिटों के गुणजों में होगा बशर्ते इस प्रकार की गयी किसी भी आंशिक पुनर्खरीद से यूनिटधारक के पास	1. वर्ष में 45 दिनों से अनधिक अवधि के बुक-क्लोजर को छोड़कर पूरे साल पुनर्खरीद की सुविधा उपलब्ध रहेगी । 2. ग्रैंडमास्टर यूनिट स्कीम के यूनिटों का पुनर्खरीद मूल्य यूनिट के एनएवी से दलाली, कमीशन, कर और अ. प्रशासनिक प्रभारों, व्ययों एवं निवेशों की वसूली संबंधी प्रभाव लागतों के रूप में एनएवी के 3% से अनधिक राशि की कटौती करके ज्ञात किया जाएगा । 3. पुनर्खरीद के लिए सम्यक् रूप से उन्मोचित यूनिट प्रमाणपत्र या लेखा-विवरण, जैसी भी स्थिति हो, प्राप्त होने पर पुनर्खराद किया जाएगा । आंशिक पुनर्खरीद की अनुमति इस शर्त पर होगी कि सदस्य प्रति फोलियो न्यूनतम रु.5000, जिसकी गणना पुनर्खरीद आवेदन की स्वीकृति की तारीख को लागू पुनर्खरीद मूल्य पर की जाएगी, की शेषराशि रखें । पुनर्खरीद के लिए स्वीकृति

धारित यूनिटों की संख्या 200 यूनिटों से कम नहीं होनी चाहिए । इस प्रकार प्राप्त यूनिट प्रमाणपत्र रद्द किये जाने के लिए यूनिट ट्रस्ट अपने पास रख लेगा । यूनिट प्रमाणपत्र में दर्शाये गये यूनिटों के एक अंश की पुनर्खरीद किये जाने की स्थिति में यूनिट ट्रस्ट यूनिटधारक द्वारा धारित शेष यूनिटों के लिए एक नया यूनिट प्रमाणपत्र जारी करेगा ।

(ग) स्वीकृति की तारीख को पुनर्खरीद की संविदा समाप्त हुई मानी जाएगी ।

(घ) यूनिट ट्रस्ट पुनर्खरीद किये गये यूनिटों की अदायगी स्वीकृति की तारीख के बाद यथाशीघ्र आवेदनों में आवेदक द्वारा निर्दिष्ट रूप में करेगा । आवेदक को देय राशि पर किसी भी रूप में कोई ब्याज देय नहीं होगा तथा प्रेषण की लागत (डाकखर्च सहित) अथवा यूनिट ट्रस्ट द्वारा भेजे गये चेक या ड्राफ्ट की वसूली की लागत का वहन आवेदक द्वारा किया जाएगा ।

(ङ) निक्षेपागार (डिपोजिटरी) के रूप में यूनिट रखने वाला व्यक्ति यदि यूनिटों की पुनर्खरीद करना चाहे तो उसे समय-समय पर बनाये गये नियमों/ दिशा-निर्देशों/ प्रक्रियाओं का अनुसरण करना होगा ।

की तारीख को पुनर्खरीद की संविदा समाप्त हुई मानी जाएगी ।

4. आंशिक पुनर्खरीद किये जाने की स्थिति में सदस्य को एक नया लेखा-विवरण जारी किया जाएगा, जो उसके द्वारा धारित यूनिटों पर निर्भर होगा । पुनर्खरीद की आगमराशियों पर कोई ब्याज देय नहीं होगा ।

5. सदस्य/यों की मृत्यु और विधिक प्रतिनिधि द्वारा लेखा-विवरण, मृत सदस्य के नाम में बकाया यूनिटों की पुनर्खरीद के लिए अनुरोध पत्र ट्रस्ट को अभ्यर्पित किये जाने की स्थिति में, ट्रस्ट, दावे की मान्यता के संबंध में निर्धारित अपेक्षाओं के अनुपालन की शर्त पर, ट्रस्ट द्वारा निर्धारित नियमों और दिशा-निर्देशों के अनुसार यूनिटों की पुनर्खरीद करेगा तथा दावे के निपटान की तारीख तक बकाया राशि की अदायगी करेगा ।सदस्य के विधिक प्रतिनिधि को मृतक के नाम में जमा सभी यूनिटों का पुनर्खरीद मूल्य प्राप्त करने के बजाय सदस्य के रूप में यूनिट रखने और सदस्य के रूप में पंजीकृत बने रहने की अनुमति दी जाएगी तथा उसे धारित किये जाने वाले यूनिटों के संबंध में उसके नाम में लेखा-विवरण जारी किया जाएगा बशर्ते वह न्यूनतम धारिता की शर्त पूरी कर रहा हो एवं योजना के तहत यूनिट रखने के लिए अन्यथा पात्र हो ।

6. ट्रस्ट द्वारा पुनर्खरीद किये गये यूनिटों की अदायगी कटौती, यदि कोई हो, के बाद पुनर्खरीद संबंधी अनुरोध प्रॉसेस किये जाने वाले केन्द्र में पुनर्खरीद संबंधी अनुरोध पर्चों की प्राप्ति की तारीख से 10 कार्य-दिवसों के भीतर (बशर्ते आवेदन नियमानुसार हो) किया जाएगा ।

आवेदक को देय राशि के संदर्भ में किसी भी रूप में कोई ब्याज देय नहीं होगा तथा प्रेषण की लागत (डाक खर्च सहित) अथवा ट्रस्ट द्वारा भेजे गये चेक या ड्राफ्ट की वसूली की लागत का वहन आवेदक करेगा ।

7. अनिवासी निवेशकों के मामले में, पुनर्खरीद की आगमराशियां निवेश संबंधी स्रोत पर निर्भर रहते हुए निम्नानुसार प्रेषित की जाएंगी :-

	क) जब विदेश से प्रेषित विदेशी मुद्रा से अथवा सदस्य की एफ सी एन आर जमाराशियों की आगमराशियों से अथवा सदस्य के भारत स्थित बैंक के अनिवासी (बाह्य) खाते में रखी गयी निधियों से यूनिटों की खरीद की गयी हो, तो सदस्य को आगमराशियां विदेशी मुद्रा में प्रेषित की जा सकती हैं अथवा उसे अनिवासी (बाह्य) या अनिवासी साधारण खाते में जमा किया जा सकता है अथवा भारत में उसके रिश्तेदार को अदा किया जा सकता है। ख) जब आवेदक के भारत में निवासी रहने के दौरान अथवा सदस्य के अनिवासी साधारण खाते में रखी गयी निधियों से यूनिटों की खरीद की गयी हो, तो परिपक्वता संबंधी आगमराशियां या तो निवेशक के अनिवासी साधारण खाते में जमा किये जाने के लिए भारत में उसके बैंकर के पास प्रेषित की जा सकती हैं, अथवा उसे भारत में निवेशक के रिश्तेदार के पास भेजा जा सकता है। 9. विदेशी संस्थागत निवेशकों के मामले में, पुनर्खरीद संबंधी आगमराशियां उनके विशेष अनिवासी रुपया खाते में जमा की जाएंगी या उसे सेबी / भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी किये गये अनुदेशों के अनुसार प्रेषित किया जाएगा।
कोई प्रावधान मौजूद नहीं	XVA. स्विचओवर (i) योजना के अंतर्गत सदस्यों को इस योजना से ऐसी अन्य योजनाओं में या अन्य योजनाओं से इस योजना में अपने निवेश के स्विचओवर की अनुमति होगी। ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर ऐसी अनुमति दी जा सकती है। ऐसी स्थिति में वे अपना नवीनतम लेखा-विवरण / सम्यक् रूप से हस्ताक्षरित यूनिट प्रमाणपत्र, जैसी स्थिति हो, प्रस्तुत कर स्विचओवर के लिए आवेदन कर सकते हैं। (ii) स्विचओवर एन ए वी या एन ए वी पर आधारित मूल्य पर प्रभावी होगा, जिसका निर्णय ट्रस्ट द्वारा किया

		जाएगा। (iii) इस योजना से ऐसी अन्य योजनाओं में या अन्य योजनाओं से इस योजना में ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर घोषित आंशिक स्विचओवर में दोनों योजनाओं के अंतर्गत न्यूनतम सीमा तक निवेश रखने की शर्त पूरी होनी चाहिए। यूनिट प्रमाणपत्र/ लेखा-विवरण ट्रस्ट द्वारा रद्द किये जाने के लिए रख लिया जाएगा तथा सदस्य को दोनों योजनाओं के लिए नये लेखा-विवरण जारी किये जाएंगे। (iv) आय कर अधिनियम, 1961 की धारा 54 ईए/54 ईबी का लाभ प्राप्त करने के प्रयोजन के लिए योजना में किये गये निवेश का स्विचओवर क्रमश: 3 और 7 वर्ष की लॉक-इन अवधि की समाप्ति के पूर्व करने की अनुमति नहीं होगी।
आवेदन स्वीकार करने या अस्वीकार करने का ट्रस्ट का अधिकार खण्ड XVII	ट्रस्ट को योजना के तहत यूनिटों के निर्गम के लिए आवेदन स्वीकार करने या अस्वीकार करने का एकमात्र विवेकाधिकार है। योजना के तहत आवेदन करने के लिए किसी व्यक्ति की पात्रता या अपात्रता के बारे में ट्रस्ट का कोई भी निर्णय अंतिम होगा।	ट्रस्ट को योजना के तहत यूनिटों के निर्गम के लिए आवेदन स्वीकार करने और / या अस्वीकार करने का एकमात्र विवेकाधिकार है। निम्नलिखित परिस्थितियों में यूनिटों के निर्गम का आवेदन ट्रस्ट द्वारा अस्वीकार कर दिया जाएगा : (i) आवेदन प्रति फोलियो रु.5000 के न्यूनतम आरंभिक निवेश तथा बाद में रु.1000 के निवेश से कम के लिए प्राप्त हुआ हो। (ii) आवेदन पर पहले आवेदक द्वारा हस्ताक्षर न किया गया हो। (iii) आवेदक योजना में निवेश करने के लिए पात्र न हो। योजना के तहत आवेदन करने के लिए किसी व्यक्ति की पात्रता या अपात्रता के बारे में ट्रस्ट का कोई भी निर्णय अंतिम होगा ।iv) यदि आवेदन अपूर्ण पाया गया तो उसे रद्द कर दिया जाएगा। पहले आवेदक के बैंक विवरण से रहित आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। अस्वीकार किये गये ऐसे मामलों में अपेक्षित परिचालनात्मक और प्रक्रियात्मक औपचारिकताएं पूरी

		करने के बाद ब्याज या अन्य राशि के लिए किसी भी देयता आदि का वहन किये बिना राशि वापस की जाएगी ।
यूनिट जारी किये जाने के पूर्व आवेदक द्वारा योजना के अंतर्गत पूरी की जाने वाली अपेक्षाएं **XVIII**	**योजना के अंतर्गत यूनिटों के लिए आवेदन करने वाला व्यक्ति योजना के अंतर्गत आवेदन करने संबंधी अपनी पात्रता के बारे में ट्रस्ट को संतुष्ट करने के लिए और ट्रस्ट की सभी अपेक्षाएं पूरी करने के लिए बाध्य होगा । गलत घोषणा करके यूनिट प्राप्त करने वाले व्यक्ति का यूनिट प्रमाणपत्र रद्द कर दिया जाएगा तथा यूनिटधारकों के रजिस्टर से उसका नाम काट दिया जाएगा ।ऐसी स्थितियों में ट्रस्ट को सममूल्य पर यूनिटों की पुनर्खरीद करने का अधिकार होगा । उक्त राशि पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा चाहे पुनर्खरीद करने एवं आवेदक को पुनर्खरीद की आगमराशियां प्रेषित करने में ट्रस्ट को कितना ही समय क्यों न लगे ।** **परन्तु ऐसी स्थितियों में निक्षेपागार के रूप में यूनिट रखने वाले व्यक्ति के संबंध में, ट्रस्ट समय-समय पर बनाये जाने वाले नियमों / दिशा-निर्देशों / प्रक्रियाओं का पालन करेगा ।**	क) अवयस्क की ओर से योजना के अंतर्गत यूनिटों के लिए आवेदन करने वाले व्यक्ति आवेदन करने संबंधी अपनी पात्रता के बारे में ट्रस्ट को संतुष्ट करेंगे तथा ट्रस्ट द्वारा निर्धारित सभी अपेक्षाएं, यथा अवयस्क के मामले में जन्म प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना, पूरी करेंगे । ख) ऐसे वयस्क, जो अवयस्क के माता-पिता, सौतेले माता-पिता या अन्य विधिक अभिरक्षक हों, यूनिट रख सकते हैं और अधिनियम की धारा 21 की उप-ध (2क) के प्रावधानों के अनुसार तथा उसमें निर्धारित सीमा तक उनमें लेन-देन कर सकते हैं । अपेक्षा किये जाने पर ऐसे वयस्क को विनिर्दिष्ट रूप में अवयस्क की आयु का सबूत एवं अवयस्क की ओर से यूनिट रखने एवं उनमें लेन-देन करने की उसकी क्षमता का सबूत प्रस्तुत करना पड़ सकता है । ट्रस्ट किसी और सबूत के बिना आवेदन पत्र पर ऐसे वयस्क द्वारा प्रस्तुत विवरणों के आधार पर कार्य कर सकता है । ग) भागीदारी फर्म/ सहकारी सोसाइटी/ निगमित निकाय/ कंपनी जैसी संस्थाओं की ओर से यूनिटों के लिए किये जाने वाले आवेदनों के साथ भागी विलेख / सोसाइटी की उप-विधियों/ निगमित निकाय को शासित करने वाले कानून/ योजना में निवेश को प्राधिकृत करने संबंधी शासी निकाय (गवर्निंग बाडी) के संकल्प के साथ कंपनी के संगम ज्ञापन एवं संगम अनुच्छेद की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करनी होगी । यूनिटों की पुनर्खरीद के समय शासी निकाय का संकल्प प्रस्तुत करना होगा, जिसमें पुनर्खरीद के लिए प्राधिकृत किया गया हो एवं औपचारिकताएं पूरी करने व पुनर्खरीद चेक की वसूली के बारे में शासी निकाय के संबंधित अधिकारी (रियों) द्वारा प्राधिकृत किया गया हो ।

		घ) मिथ्या घोषणा के द्वारा यूनिट रखने वाले व्यक्ति की यूनिटधारिता रद्द कर दी जाएगी और उसका नाम सदस्यों के रजिस्टर से काट दिया जाएगा । ङ) उक्त मामलों में, ट्रस्ट को सममूल्य पर या एनएवी पर, जो भी कम हो, दण्ड के रूप में 25% की कटौती करने के बाद अथवा ट्रस्ट द्वारा निर्णीत मूल्य पर यूनिटों की पुनर्खरीद करने का तथा पुनर्खरीद की राशि से गलती से अदा किये गये आय वितरण, यदि कोई हो, की वसूली करने के बाद शेष राशि वापस करने का अधिकार होगा । उक्त राशि पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा चाहे पुनर्खरीद करने एवं आवेदक को पुनर्खरीद की आगमराशियां प्रेषित करने में ट्रस्ट को कितना ही समय क्यों न लगे ।
बिक्री और पुनर्खरीद मूल्य XIX (1)	यूनिट ट्रस्ट द्वारा जिस मूल्य पर यूनिट बेचा जाएगा (जिसे इसमें इसके बाद 'बिक्री मूल्य' कहा गया है), और जिस मूल्य पर यूनिट ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की पुनर्खरीद की जाएगी (जिसे इसमें इसके बाद 'पुनर्खरीद मूल्य' कहा गया है) उनकी घोषणा दैनिक आधार पर की जाएगी। बिक्री मूल्य पिछला एनएवी होगा । पुनर्खरीद मूल्य पिछले एनएवी से 3% के बट्टे पर निर्धारित किया जाएगा ।	यूनिट ट्रस्ट द्वारा जिस मूल्य पर यूनिट बेचा जाएगा, उसे इसमें इसके बाद 'बिक्री मूल्य' कहा जाएगा । यूनिटों का बिक्री मूल्य आवेदन स्वीकार किये जाने की तारीख की समाप्ति पर भावी मूल्य पर आधारित एनएवी पर निर्धारित किया जाएगा । ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की बिक्री की संविदा स्वीकृति की तारीख को समाप्त हुई मानी जाएगी । ग्रैंडमास्टर यूनिट स्कीम के यूनिटों का पुनर्खरीद मूल्य यूनिट के एनएवी से दलाली, कमीशन, कर एवं अन्य प्रशासनिक प्रभारों, व्ययों और निवेशों की वसूली के संबंध में प्रभाव लागतों की भरपाई के लिए 3% से अनधिक राशि की कटौती करके निर्धारित किया जाएगा ।
यूनिटधारकों को आय का वितरण XXI	(क) योजना के अंतर्गत प्राप्त आय तथा उसके अंतर्गत हुए व्यय पर निर्भर रहते हुए ट्रस्ट योजना के अंतर्गत आय वितरण की घोषणा कर या नहीं कर सकता है ।	आय का वितरण (क) यद्यपि योजना का उद्देश्य वृद्धि है, तथापि समय-समय पर योजना के तहत आय वितरित किया जा सकता है । (ख) जिन सदस्यों के नाम योजना द्वारा आय वितरण की

(ख) ट्रस्ट आवश्यक समझे गये अनुसार आय वितरण कर सकता है तथा वह वितरित न की गयी आय में से उचित समझी गयी राशि या राशियां एक या अधिक प्रारक्षित निधियों में अंतरित कर सकता है। जिन प्रारक्षित निधियों को किसी विशिष्ट प्रयोजन के लिए उपयोग हेतु निश्चित न किया गया हो, उनका उपयोग यूनिटधारकों के लाभ के लिए ही किया जाएगा।

(ग) प्रत्येक वर्ष 30 जून को योजना की वार्षिक लेखाबंदी के बाद यथाशीघ्र यूनिटधारकों को आय वितरण किया जाएगा।
लाभांश घोषित किये जाने की स्थिति में, आय वितरण वारंट लाभांश की घोषणा की तारीख से 42 दिनों के भीतर प्रेषित कर दिये जाएंगे।

(घ) जिन यूनिटधारकों के नाम योजना द्वारा आय वितरण की घोषणा के पूर्व बहियों की लेखाबंदी के समय यूनिटधारकों के रजिस्टर में शामिल हों, वे इस प्रकार वितरित आय प्राप्त करने और रखने के हकदार होंगे।

(ङ) यदि यूनिटधारक ने आय वितरण की घोषणा के पहले यूनिट अंतरित कर दिये हों तथा अंतरण प्रभावी न हुआ हो, तो अंतरिती बाद में तब तक आय वितरण का हकदार नहीं होगा जब तक अंतरिती आय वितरण की घोषणा के पहले लेखाबंदी के 30 घोषणा के पूर्व बहियों की लेखाबंदी के समय सदस्यों के रजिस्टर में शामिल हों, वे योजना के अंतर्गत इस प्रकार वितरित आय प्राप्त करने के हकदार होंगे।

(ग) योजना द्वारा वितरित आय ईसीएस, जहां-कहीं ऐसी सुविधा उपलब्ध हो, के माध्यम से अथवा बैंक/बैंकों के साथ पूर्व-अदायगी व्यवस्थाओं के तहत ट्रस्ट द्वारा विनिर्दिष्ट बैंक/बैंकों की शाखाओं में भुगतान-योग्य चेक या वारंट द्वारा अदा की जाएगी।

(घ) आय वितरण की घोषणा के मामले में, आय वितरण वारंट आय वितरण की घोषणा की तारीख से 42 दिनों के भीतर भेज दिया जाएगा।

(ङ) वितरित आय का पुनर्निवेश :

सदस्य योजना द्वारा घोषित आय, यदि कोई हो, का पुनर्निवेश और अधिक यूनिटों में करने का विकल्प चुन सकते हैं। ऐसा विकल्प चुनने पर उसके द्वारा धारित यूनिटों पर अर्जित समग्र आय; कर, यदि कोई हो, की कटौती कर; इसमें इसके ऊपर खण्ड VIII (ग) में उल्लिखित रूप में सदस्य को अदा करने के बजाय उसका पुनर्निवेश एन ए वी पर योजना के और यूनिटों में कर दिया जाएगा और उसे उसके फोलियो में जमा कर दिया जाएगा। इस प्रकार राशि जमा किये जाने पर एक नया लेखा-विवरण जारी किया जाएगा।

च) निवेशकों के बैंक संबंधी ब्यौरे तथा इलेक्ट्रॉनिक समाशोधन सेवा :

i) आय वितरण वारंट/ पुनर्खरीद चेक/ परिपक्वता चेक के कपटपूर्ण नकदीकरण को टालने के लिए सेबी ने निवेशकों के लिए यह अधिदेशात्मक कर दिया है कि वे अपने हित में आवेदन फार्म में उपयुक्त स्थान पर बैंक संबंधी ब्यौरे दें। बैंक के ब्यौरों से रहित आवेदन रद्द कर दिये जाएंगे।तदनुसार, नीचे मद (ii) में दिये गये ग्यारह शहरों से बाहर रहने वाले आवेदकों से अनुरोध है

दिन पूर्व रजिस्ट्रार के पास अंतरण दस्तावेज़ प्रस्तुत न कर दिया हो ।

(च) वितरित आय की अदायगी ग्रैंडमास्टर यूनिट स्कीम द्वारा उपयुक्त अदायगी सुविधाओं वाले बैंकरों पर आहरित चेक या वारंट के माध्यम से की जाएगी ।

(छ) यूनिटधारक के लिए यह विधिपूर्ण होगा कि वह जिन यूनिटों का धारक है उनके संबंध में योजना द्वारा घोषित और वितरित आय प्राप्त करे, भले ही उसने प्रतिफल के लिए उन यूनिटों को पहले ही अंतरित कर दिया हो जब तक कि अंतरणकर्ता से आय का दावा करने वाला अंतरिती आय देय होने की तारीख से 30 दिनों के भीतर अंतरण संबंधी आय सभी दस्तावेज़ों के साथ प्रमाणपत्र प्रस्तुत न कर दे ।

(ज) निक्षेपागार (डिपोजिटरी) के रूप में यूनिट रखने वाले यूनिटधारकों को समय-समय पर बनाये गये नियमों / विनियमों के अनुसार आय वितरित किया जाएगा ।

कि वे आवेदन फार्म में उपयुक्त स्थान पर तथा रिकॉर्ड के लिए पावती वाले अंश पर अपने बैंक खाते के पूरे ब्यौरे (अर्थात् खाते का स्वरूप, खाता क्रमांक तथा बैंक का नाम) प्रस्तुत करें। ऐसी स्थिति में आय वितरण वारंट /पुनर्खरीद चेक इस प्रकार विनिर्दिष्ट सदस्य के खाते में जमा किये जाने के लिए बैंक के ब्यौरों सहित सदस्य के नाम में बनाये जाएंगे और उन्हें प्रेषित किये जाएंगे।

ii) वर्तमान में मुम्बई/ कलकत्ता/ चेन्नई/ नई दिल्ली/ अहमदाबाद/ बड़ौदा/ पुणे/ भुवनेश्वर/ बंगलोर/ हैदराबाद/ जयपुर (बाद में अनेक केन्द्र जोड़े/ हटाये जा सकते हैं) से निवेशकों को ईसीएस की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है ताकि संबंधित केन्द्रों में उनके बैंक खातों में राशि सीधे जमा की जा सके बशर्ते एक लिखत की राशि रु.5,00,000/- से अधिक न हो । निवेशक को एक विवरण दिया जाएगा, जिसमें उसके बैंक खाते में जमा की गयी राशि के ब्यौरे होंगे ।

iii) निवेशक के बैंक की शाखा उसके खाते में राशि जमा करेगी तथा जमा की गयी प्रविष्टि को बैंक खाते के पासबुक/ विवरण में "ईसीएस" के नाम से दर्शाया जाएगा ।आवेदक से अनुरोध है कि वह आवेदन फार्म में ये ब्यौरे भरें - अपने बैंक का नाम और पता, खाते का स्वरूप और उसका क्रमांक, 9 अंकों का बैंक एवं शाखा माइकर कोड क्रमांक आदि ।

iv) उक्त शहरों से निवेशकों की पर्याप्त संख्या न होने पर अथवा अन्य किसी कारण से ट्रस्ट "ईसीएस" के माध्यम से आय अदा करने के बजाय बैंक खाते संबंधी ब्यौरों से युक्त आय वारंट जारी करके आय की अदायगी कर सकता है ।

छ) अनिवासी भारतीय/ विदेशी निगमित निकायों के निवेशकों को आय का वितरण

		अनिवासी भारतीय/ विदेशी निगमित निकायों के निवेशकों को आय का वितरण विदेशी मुद्रा नियंत्रण संबंधी विनियमों के अनुसार किया जाएगा । आय की अदायगी संबंधी वर्तमान स्थिति निम्नानुसार है: i) वारंट सदस्य के नाम में जारी कर भारत में रहने वाले उसके रिश्तेदार के पास भेजा जा सकता है ताकि उसे सदस्य के अनिवासी बाह्य / अनिवासी साधारण खाते में, जैसी स्थिति हो, जमा किया जा सके । अथवा ii)भारत में रहने वाले रिश्तेदार के नाम में वारंट जारी कर उसके खाते में जमा किये जाने के लिए उसके पास भेजा जा सकता है । ज) मुम्बई में अपना बैंक खाता रखने वाले अनिवासी भारतीय निवेशकों को भी ईसीएस की सुविधा उपलब्ध है । जो अनिवासी भारतीय निवेशक अपने निवासी रिश्तेदार के खाते में आय वितरण की राशि जमा कराना चाहते हों, उन्हें उपखण्ड XXI(च) (ii) में दर्शाये गये स्थानों पर ईसीएस की सुविधा प्रदान की जा सकती है । झ) विदेशी संस्थागत निवेशकों के मामले में, आय वितरण की राशि विशेष अनिवासी रुपया खाते में अ. समय-समय पर सेबी / भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी अनुदेशों के अनुसार जमा की जाएगी ।
इस योजना से संबंधित आस्तियों का मूल्यांकन	वर्तमान प्रावधानों को अनुबंध III की मद 9 के अंतर्गत किये गये प्रावधानों द्वारा प्रतिस्थापित कर दिया गया है ।	अनुबंध III की मद 9 देखें ।
XXII		
निवल आस्ति मूल्य की	एन ए वी (पिछले मूल्य के आधार पर) प्रतिदिन प्रकाशित किये जाने के लिए	एन ए वी प्रतिदिन प्रकाशित किये जाने के लिए प्रेस को

गणना और उसका प्रकटीकरण	प्रेस को जारी किया जाएगा।	जारी किया जाएगा।
XXIII.		
यूनिटों में लेन-देन (Trading) XXIV	यूनिट मुम्बई, नई दिल्ली, कलकत्ता, मद्रास, बंगलोर, अहमदाबाद, हैदराबाद, कानपुर और जयपुर स्थित शेयर बाजारों में सूचीबद्ध हैं। ट्रस्ट गुरुवार या उस दिन छुट्टी रहने पर पिछले कार्यदिवस को निर्धारित निवल आस्ति मूल्य की घोषणा करेगा तथा भाव उद्धृत किये जाने के प्रयोजन के लिए सभी शेयर बाजारों को वह मूल्य सूचित करेगा। (ख) जो यूनिटधारक अपनी धारिताओं का नकदीकरण कराना चाहते हों, वे उक्त में से किसी शेयर बाजार में यूनिटों में लेन-देन कर सकते हैं। (ग) ट्रस्ट सीधे या किसी अन्य रूप में उस मूल्य या उन मूल्यों का संकेत नहीं देगा, जिस/जिन पर बाजार के माध्यम से यूनिट खरीदे या बेचे जा सकें। तथापि अंतिम मूल्य, जिन पर किसी ट्रेडिंग में शेयर बाजारों में यूनिटों की खरीद या बिक्री की गयी थी, को प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जाएगा। तथापि, ट्रस्ट को शेयर बाजारों से यूनिटों को गैर-सूचीबद्ध करने का अधिकार है, यदि यूनिटधारकों अथवा ट्रस्ट के हित में ऐसा करना आवश्यक समझा जाए। (घ) स्वयं या मान्यताप्राप्त दलाल से	खण्ड के अंत में निम्नलिखित पैराग्राफ शामिल किया जाता है _____ के पूर्व जारी किये गये एवं _____ तक बकाया रहने वाले योजना के यूनिट प्रमुख शेयर बाजारों में सूचीबद्ध हैं। ट्रस्ट द्वारा घोषित की जाने वाली तारीख से ऐसे यूनिटों को गैर-सूचीबद्ध किये जाने का प्रस्ताव है। _____ को या उसके बाद जारी किये जाने वाले / बेचे जाने वाले यूनिटों को किसी भी शेयर बाजार में सूचीबद्ध नहीं किया जाएगा।

	बाजार के माध्यम से यूनिट खरीदने वाले को योजना के रजिस्ट्रार के पास अंतरण विलेख एवं संबंधित यूनिट प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए जो नियमानुसार पाये जाने पर अंतरण को प्रभावी करेंगे। (ङ) जिस किसी भी मूल्य पर बाजार से यूनिटों की खरीद या बिक्री की जाएगी वह यूनिटधारक या भवी यूनिटधारक के जोखिम पर होगा। तथापि, यूनिटों के अंतरण पर देय स्टांप शुल्क निर्धारित करने के प्रयोजन के लिए अंतरण की तारीख से पहले की तारीख में प्रचलित उच्च एवं निम्न मूल्यों के औसत को उक्त प्रभार का आधार बनाया जाएगा।

यूनिटों की वापस-खरीद XXIVA.	योजना के प्रावधानों में किसी प्रतिकूल बात के होते हुए भी : (क) यूनिटों का भाव उसके एन ए वी के 10% या उससे भी कम पर उद्धृत होने पर ट्रस्ट बाजार से प्रचलित दर पर योजना के अंतर्गत आने वाले यूनिटों की वापस-खरीद कर सकता है । (ख) एक समग्र सीमा के तौर पर ट्रस्ट किसी वित्तीय वर्ष में योजना के अंतर्गत जारी यूनिट पूंजी के 25% तक की वापस-खरीद कर सकता है । वापस-खरीद किये गये यूनिटों का मोचन कर लिया जाएगा । स्पष्टीकरण: (i) "बाजार" से कोई भी मान्यताप्राप्त शेयर बाजार अभिप्रेत है, जिसमें योजना के अंतर्गत आने वाले यूनिट सूचीबद्ध किये गये हों । (ii) "प्रचलित भाव" से ट्रस्ट के द्वारा यूनिटों की वापस-खरीद करते समय मान्यताप्राप्त शेयर बाजारों में प्रचलित यूनिटों का बाजार भाव अभिप्रेत है ।	योजना के प्रावधानों में किसी प्रतिकूल बात के होते हुए भी जब तक यूनिट पूंजी का कोई भाग किसी शेयर बाजार में सूचीबद्ध रहता है; (क) यूनिटों का भाव उसके एन ए वी के 10% या उससे भी कम पर उद्धृत होने पर ट्रस्ट बाजार से प्रचलित दर पर ऐसे यूनिटों की वापस-खरीद कर सकता है । (ख) एक समग्र सीमा के तौर पर ट्रस्ट किसी वित्तीय वर्ष में योजना के अंतर्गत जारी ऐसी यूनिट पूंजी के 25% तक की वापस-खरीद कर सकता है । वापस-खरीद किये गये यूनिटों को निर्वापित (extinguish) कर दिया जाएगा । *स्पष्टीकरण* (i) "बाजार" से कोई भी मान्यताप्राप्त शेयर बाजार अभिप्रेत है, जिसमें योजना के अंतर्गत आने वाले यूनिट सूचीबद्ध किये गये हों । (ii) "प्रचलित भाव" से ट्रस्ट के द्वारा यूनिटों की वापस-खरीद करते समय मान्यताप्राप्त शेयर बाजारों में प्रचलित यूनिटों का बाजार भाव अभिप्रेत है ।
निवेश पर प्रतिबंध **XXV**	(क) ट्रस्ट द्वारा योजना के अंतर्गत निवेशयोग्य निधियों का किसी कंपनी द्वारा जारी प्रतिभूतियों में निवेश कुल निधियों के 10% या ऐसी कंपनी द्वारा जारी एवं बकाया प्रतिभूतियों के 15%, जो भी कम हो, से अधिक नहीं होगा । (ख)ट्रस्ट द्वारा योजना के अंतर्गत निवेशयोग्य निधियों का किसी नयी कंपनी द्वारा जारी प्रतिभूतियों में निवेश ऐसी कंपनी द्वारा जारी प्रतिभूतियों के	(क) ट्रस्ट द्वारा योजना के अंतर्गत निवेशयोग्य निधियों का किसी कंपनी द्वारा जारी प्रतिभूतियों में निवेश कुल निधियों के 10% या ऐसी कंपनी द्वारा जारी एवं बकाया प्रतिभूतियों के 15%, जो भी कम हो, से अधिक नहीं होगा । (ख) ट्रस्ट द्वारा योजना के अंतर्गत निवेशयोग्य निधियों का किसी नयी कंपनी द्वारा जारी प्रतिभूतियों में निवेश ऐसी कंपनी द्वारा जारी प्रतिभूतियों के 10% से अधिक नहीं होगा तथा ऐसे सभी निवेशों का जोड़ निवेशयोग्य निधियों के 30% से अधिक नहीं होगा।

10% से अधिक नहीं होगा तथा ऐसे सभी निवेशों का जोड़ निवेशयोग्य निधियों के 30% से अधिक नहीं होगा।

स्पष्टीकरण:

नयी कंपनी से ऐसी कंपनी अभिप्रेत है जिसके शेयर निधि द्वारा शेयरों में निवेश किये जाने के एक वर्ष पूर्व की अवधि के भीतर किसी शेयर बाजार में सूचीबद्ध कराये गये हों।

(ग) सेबी द्वारा अनुमति दिये जाने एवं योजना द्वारा निवेश के लिए उपलब्ध होने पर योजना व्युत्पन्न लिखतों में निवेश कर सकती है।

(घ) ट्रस्ट परिचालनात्मक सुविधा के लिए या अवसरों के परिवर्तन की मांग के लिए किसी भी समय निधियों के 20% से अनधिक राशि का निवेश किसी अल्पावधि मुद्रा बाजार लिखत, परिवर्तनीय या अपरिवर्तनीय डिबेंचर, बैंक जमाराशि, पुनर्भाजित बिल या इसी तरह के अन्य लिखतों में बनाये रखेगा।

परन्तु जब तक ट्रस्ट योजना की निधियों का पूर्ण निवेश प्रतिभूतियों में नहीं कर देता, वह ऐसी निधियों का निवेश उक्त खण्ड (घ) में निर्दिष्ट प्रतिभूतियों सहित ऐसी प्रतिभूतियों में करके रखेगा जिसे समीचीन माना जाए।

(ङ) निवेश पर निर्धारित प्रतिबंध निवेश करते समय मौजूद परिस्थितियों के संदर्भ में लगाया जाएगा तथा उसे सीमा से अधिक नहीं माना जाएगा भले ही निवेशों के बाजार भाव में घट-बढ़ के कारण, जिस कंपनी की प्रतिभूतियों

स्पष्टीकरण:

नयी कंपनी से ऐसी कंपनी अभिप्रेत है जिसके शेयर निधि द्वारा शेयरों में निवेश किये जाने के एक वर्ष पूर्व की अवधि के भीतर किसी शेयर बाजार में सूचीबद्ध कराये गये हों।

(ग) ट्रस्ट परिचालनात्मक सुविधा के लिए या अवसरों के परिवर्तन की मांग के लिए किसी भी समय निधियों के 20% से अनधिक राशि का निवेश किसी अल्पावधि मुद्रा बाजार लिखत, परिवर्तनीय या अपरिवर्तनीय डिबेंचर, बैंक जमाराशि, पुनर्भाजित बिल या इसी तरह के अन्य लिखतों में बनाये रखेगा।

परन्तु जब तक ट्रस्ट योजना की निधियों का पूर्ण निवेश प्रतिभूतियों में नहीं कर देता, वह ऐसी निधियों का नि. . उक्त खण्ड (ग) में निर्दिष्ट प्रतिभूतियों सहित ऐसी प्रतिभूतियों में करके रखेगा जिसे समीचीन माना जाए।

(घ) निवेश पर निर्धारित प्रतिबंध निवेश करते समय मौजूद परिस्थितियों के संदर्भ में लगाया जाएगा तथा उसे सीमा से अधिक नहीं माना जाएगा भले ही निवेशों के बाजार भाव में घट-बढ़ के कारण, जिस कंपनी की प्रतिभूतियों में निवेश किया गया हो उस कंपनी द्वारा बोनस शेयर या राइट शेयर जारी किये जाने के कारण निवेश वस्तुत: सीमा से अधिक हो गया हो।

(ङ) इस योजना द्वारा कोई मीयादी ऋण नहीं दिया जाएगा।

(च) ट्रस्ट सुपुर्दगी के आधार पर प्रतिभूतियों की खरीद और बिक्री करेगा तथा खरीद के सभी मामलों में, संबंधित प्रतिभूतियों की सुपुर्दगी लेगा एवं बिक्री के सभी मामलों में, प्रतिभूतियों की सुपुर्दगी देगा और किसी भी हालत में वह स्वयं को ऐसी स्थिति में नहीं डालेगा जिससे इसे शार्ट-सेल करना पड़े या लेन-देन को कैरी-फारवर्ड करना पड़े या बदला वित्तपोषण का सहारा लेना पड़े।

(छ) ट्रस्ट अपने द्वारा खरीदी गयी प्रतिभूतियां अपने नाम में अंतरित करायेगा।

(ज) अपेक्षित प्राधिकार मिलने की शर्त पर, ट्रस्ट,

में निवेश किया गया हो उस कंपनी द्वारा बोनस शेयर या राइट शेयर जारी किये जाने के कारण निवेश वस्तुत: सीमा से अधिक हो गया हो।

01.08.96 से योजना के तहत प्राप्त किसी भी अभिदान का निवेश सेबी विनियमावली एवं भारतीय यूनिट ट्रस्ट द्वारा तैयार किये गये विनियामक ढांचे के अनुसार किया जाएगा, अर्थात्

(1) योजना द्वारा जिन ऋण लिखतों में निवेश किया गया हो उन्हें क्रिसिल/आइसीआरए/ केयर अथवा अन्य किसी क्रेडिट रेटिंग एजेंसी द्वारा, जो समय-समय पर मान्यता प्राप्त हो, निवेश ग्रेड की रेटिंग दी गयी हो : बशर्ते यदि ऋण लिखत की रेटिंग न करायी गयी हो, तो निवेश के लिए ट्रस्ट के न्यासी मंडल से विनिर्दिष्ट अनुमोदन लिया गया हो।

(2) इस योजना द्वारा कोई मीयादी ऋण नहीं दिया जाएगा।

(3) निजी तौर पर स्थानित डिबेंचरों, जमानती ऋणों एवं अन्य गैर-सूचीबद्ध ऋण लिखतों में निवेश योजना की कुल आस्तियों के 10% से अधिक नहीं होगा।

(4)योजना किसी एक कंपनी के शेयरों में अपनी निधियों के 5% से अधिक का निवेश नहीं करेगी।

(5) किसी एक कंपनी के शेयरों, डिबेंचरों या अन्य प्रतिभूतियों में इस योजना सहित ट्रस्ट की सभी योजनाओं की निधियों के 15% से अधिक राशि का निवेश नहीं किया जाएगा।

(6) किसी एक उद्योग के शेयरों,

उपयुक्त परिस्थितियों में, योजना की निवेश संबंधी नीति या बचाव या जोखिम को न्यूनतम करने के प्रयोजन पूरे करने के लिए सेबी द्वारा समय-समय पर किये गये निर्धारणों के अनुसार प्रयोज्य विनियमों एवं प्रतिपक्षी जोखिम के आकलन की शर्त पर फ्यूचर्स एण्ड ऑप्शन्स और अन्य व्युत्पन्न लिखतों जैसी तकनीकों एवं साधनों का उपयोग कर सकता है।

(झ) (i) योजना सेबी द्वारा घोषित प्रतिभूति उधार योजना के अनुसार स्टॉक लेंडिंग कार्यक्रम में भाग ले सकती है। यह कार्य अनुमोदित मध्यस्थ के जरिये किया जाएगा।

(ii) किसी भी समय पर स्टॉक-लेंडिंग कार्यक्रम में एक मध्यस्थ के प्रति योजना का अधिकतम एक्सपोज़र योजना के ईक्विटी पोर्टफोलियो के बाजार मूल्य के 10% अथवा सेबी द्वारा निर्दिष्ट सीमा तक होगा।

(iii) यदि ट्रस्ट को स्टॉक उधार लेने की अनुमति दी जाए तो योजना उपयुक्त परिस्थितियों में इस संबंध में सेबी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार स्टॉक उधार ले सकती है।

(ञ)योजना समुद्रपारीय/ विदेशी कंपनियों द्वारा जारी एवं विदेश में सूचीबद्ध प्रतिभूतियों में अथवा भारतीय कंपनियों द्वारा विदेशी/ समुद्रपारीय निवेशकों को जारी एवं विदेशी शेयर बाजारों में सूचीबद्ध प्रतिभूतियों में समय-समय पर इस संबंध में सेबी / भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किये गये दिशा-निर्देशों के अनुसार ऐसे निर्गमों में सीधे अभिदान करके अथवा विदेशी शेयर बाजारों में उनकी खरीद करके निवेश कर सकती है।

(ट) योजना निम्नलिखित में कोई निवेश नहीं करेगी;

डिबेंचरों में इस योजना सहित ट्रस्ट की सभी योजनाओं की निधियों के 15% से अधिक राशि का निवेश नहीं किया जाएगा :

परन्तु यह प्रावधान उस योजना पर लागू नहीं होगा, जो किसी एक या अधिक विनिर्दिष्ट उद्योग में निवेश के लिए शुरू की गयी हो तथा पेश-कश पत्र में उस आशय की घोषणा की गयी हो।

(7) इस योजना से ट्रस्ट की अन्य योजना/ प्लान में निवेशों का अंतरण निम्नलिखित स्थितियों में ही किया जाएगा -

(क) ऐसे अंतरण उद्धृत लिखतों के लिए हाजिर आधार पर प्रचलित बाजार भाव पर किये जाते हैं।

(ख) इस प्रकार अंतरित प्रतिभूतियां उस योजना/ प्लान के निवेश संबंधी उद्देश्यों के अनुरूप होंगी जिसमें ऐसा अंतरण किया गया हो।

(ग) गैर-सूचीबद्ध अथवा गैर-उद्धृत निवेशों का इस योजना से अन्य योजना/ प्लान में अंतरण ट्रस्ट के न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित नीतियों के अनुसार किया जाएगा।

(8) योजना अन्य योजना/ प्लान में तब तक निवेश नहीं करेगी/ को तब तक उधार नहीं देगी, जब तक म्युच्युअल फंड विनियमावली/ दिशा-निर्देशों/ निदेशों के तहत सेबी द्वारा अन्यथा उसके लिए प्रावधान न कर दिया गया हो।

(9) योजना अपने निवेशों के

क) ट्रस्ट की किसी सहयोगी या समूह कंपनी की गैर-सूचीबद्ध प्रतिभूति में निवेश; या

ख) ट्रस्ट की किसी सहयोगी या समूह कंपनी द्वारा निजी स्थानन के रूप में जारी कोई प्रतिभूति; या

ग) ट्रस्ट की समूह कंपनियों की सूचीबद्ध प्रतिभूतियों में निवल आस्तियों के 25% से अधिक का निवेश।

(ठ) यूटीआई सिक्योरिटीज एक्सचेंज लिमिटेड (यूटीआई एसईएल), जो एक स्टॉक-ब्रोकिंग फर्म है एवं यूटीआई के पूर्ण स्वामित्व में है, की सेवाओं का उपयोग ट्रस्ट के न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित नीतियों के अनुसार तथा निर्धारित सीमाओं के अधीन योजना के प्रतिभूति लेन-देनों के लिए किया जाएगा। यूटीआई एसईएल की स्थापना 1994 में की गयी थी तथा उस पंजीकृत कार्यालय मुम्बई में है।

(ड)योजना किसी एक कंपनी के ईक्विटी शेयरों या ईक्विटी संबद्ध लिखतों में अपने एन ए वी के 10% से अधिक का निवेश नहीं करेगी।

(ढ) योजना किसी एक निर्गमकर्ता द्वारा जारी किये गये ऋण लिखतों में, जिसे किसी क्रेडिट रेटिंग एजेंसी ने जो सेबी द्वारा इस प्रकार का कार्य करने के लिए प्राधिकृत हो निवेश ग्रेड से कम की रेटिंग नहीं दी हो, अपने एन ए वी के 15% से अधिक का निवेश नहीं करेगी। न्यासी मंडल के पूर्वानुमोदन से ऐसे निवेश की सीमा को बढ़ाकर योजना के एन ए वी के 20% तक किया जा सकता है। परन्तु इस प्रकार की सीमा सरकारी प्रतिभूतियों एवं मुद्रा बाजार लिखतों में किये जाने वाले निवेशों के लिए लागू नहीं होगी।

(ण)योजना किसी एक निर्गमकर्ता द्वारा जारी किये गये रेटिंग न कराये गये ऋण लिखतों में अपने एन ए वी के 10% से अधिक का निवेश नहीं करेगी तथा ऐसी लिखतों में कुल निवेश योजना के एन ए वी के 20% से अधिक नहीं होगा। ऐसे सभी निवेश न्यासी मंडल के पूर्वानुमोदन से किये जाएंगे।

	वित्तपोषण के लिए तब तक निधियां उधार नहीं लेगी जब तक म्युच्युअल फंड विनियमावली/ दिशा-निर्देशों/ निदेशों के तहत सेबी द्वारा अन्यथा उसकी अनुमति न दी गयी हो।	
यूनिट प्रमाणपत्रों के संबंध में न्यास को मान्यता नहीं दी जाएगी XXVIII	जिस व्यक्ति को यूनिटधारक के रूप में पंजीकृत किया गया हो तथा जिसके नाम में यूनिट प्रमाणपत्र जारी किया गया हो वही एकमात्र ऐसा व्यक्ति होगा जिसे ट्रस्ट यूनिटधारक मानेगा और उसी को ऐसे यूनिट प्रमाणपत्र व तत्संबंधी यूनिटों में तथा उसके प्रति अधिकार, हक़ या हित प्राप्त होगा; तथा ट्रस्ट ऐसे यूनिटधारक को उसका एकमात्र स्वमी मानेगा और वह इसके विपरीत किसी नोटिस द्वारा अथवा किसी न्यास के निष्पादन को नोट करने के लिए आबद्ध नहीं होगा अथवा जैसा कि यहां व्यक्त रूप में कोई प्रावधान किया गया हो या किसी यूनिट प्रमाणपत्र अथवा तत्संबंधी यूनिटों के प्रति हक़ को प्रभावित करने वाले किसी न्यास या ईक्विटी या अन्य हित को मान्यता देने के लिए जैसाकि किसी सक्षम अधिकारिता वाले न्यायालय ने आदेश दिया हो उसे छोड़कर।	खण्ड के अंत में निम्नलिखित को शामिल किया जाएगा। उक्त प्रावधान यथावश्यक परिवर्तन सहित 'लेखा-विवरण' द्वारा समाविष्ट यूनिटों और 'सदस्यों' पर लागू होंगे।
यूनिट प्रमाणपत्र का विनिमय एवं प्रमाणपत्र कटा-फटा, विरूप हो जाने, खो जाने आदि	इस योजना के प्रावधानों की शर्त पर, प्रत्येक यूनिटधारक को अपने किसी या सभी यूनिट प्रमाणपत्रों के बदले मार्केट लॉट में कुल उतने ही यूनिटों के लिए एक या अधिक यूनिट प्रमाणपत्र प्राप्त करने का हक़ होगा। ऐसे विनिमय के लिए आवेदन करते समय, यूनिटधारक विनिमय किये जाने वाले यूनिट	लेखा-विवरण के कट-फट जाने, विरूप हो जाने, खो जाने आदि की स्थिति में 'लेखा-विवरण का विनिमय और उसकी प्रक्रिया' शीर्षक के तहत खण्ड के नीचे निम्नलिखित को शामिल किया जाएगा। ऐसी स्थितियों में सामान्य अनुरोध पर एक लेखा-विवरण जारी किया जाएगा।

की स्थिति में उसकी प्रक्रिया XXIX	प्रमाणपत्र ट्रस्ट को अभ्यर्पित करेगा तथा ट्रस्ट को नये यूनिट प्रमाणपत्र या प्रमाणपत्रों के निर्गम के संबंध में सभी राशियां (यदि उसके तहत कोई राशि देय हो) अदा करेगा । (2) किसी यूनिट प्रमाणपत्र के कट-फट जाने या पुराने या विरूप हो जाने की स्थिति में ट्रस्ट अपने विवेक पर अधिकृत व्यक्ति को कटे-फटे या पुराने या विरूप हो गये यूनिट प्रमाणपत्र के बराबर के यूनिटों के लिए एक नया यूनिट प्रमाणपत्र जारी कर सकता है । किसी यूनिट प्रमाणपत्र के खो जाने, चोरी हो जाने या नष्ट हो जाने की स्थिति में ट्रस्ट अपने विवेक पर अधिकृत व्यक्ति को उसके बदले में एक नया यूनिट प्रमाणपत्र जारी कर सकता है । ऐसा कोई नया प्रमाणपत्र तब तक नहीं जारी किया जाएगा जब तक आवेदक ने पहले निम्नलिखित का अनुपालन न कर लिया हो : i) मूल यूनिट प्रमाणपत्र के कट-फट जाने, पुराने पड़ जाने, विरूप हो जाने, खो जाने, चोरी हो जाने या नष्ट हो जाने के संदर्भ में संतोषजनक साक्ष्य ट्रस्ट को प्रस्तुत कर दिया हो । ii) तथ्यों के अन्वेषण के संबंध में सभी व्ययों की अदायगी कर दी हो । iii) कट-फट जाने, पुराने पड़ जाने, विरूप हो जाने की स्थिति में ट्रस्ट के समक्ष कटा-फटा, पुराना, विरूप यूनिट प्रमाणपत्र प्रस्तुत एवं अभ्यर्पित

कर दिया हो; तथा

iv) ट्रस्ट को उसके द्वारा अपेक्षित क्षतिपूर्ति प्रस्तुत कर दिया हो। इस खण्ड के प्रावधानों के तहत ट्रस्ट सद्भावपूर्वक ऐसा प्रमाणपत्र जारी किये जाने के लिए किसी देयता का वहन नहीं करेगा।

(3) इस खंड के प्रावधानों के तहत कोई प्रमाणपत्र जारी करने के पूर्व, ट्रस्ट आवेदक से यह अपेक्षा कर सकता है कि वह यूनिट प्रमाणपत्र के लिए इसके द्वारा जारी प्रति यूनिट प्रमाणपत्र एक रुपये के शुल्क की अदायगी करे और साथ ही ऐसी राशि भी अदा करे जो ट्रस्ट की राय में स्टांप शुल्क, यदि कोई हो, या अन्य प्रभार या कर, ऐसे प्रमाणपत्र को जारी करने एवं भेजने के संबंध में देय डाक पंजीकरण प्रभारों सहित, को कवर करने के लिए पर्याप्त हो।

परन्तु निम्नलिखित मामलों में ऐसे यूनिट प्रमाणपत्र जारी किये जाने के लिए कोई शुल्क, स्टांप शुल्क या डाक पंजीकरण प्रभार देय नहीं होगा, अर्थात्

i) जब किसी आवेदक को जारी किया गया अथवा किसी अंतरिती को खण्ड XI(अ) के तहत जारी किया गया यूनिट प्रमाणपत्र पहली बार विभाजन के लिए प्रस्तुत किया गया हो।

ii) जब ट्रस्ट ने यूनिट प्रमाणपत्रों के समेकन का सुझाव दिया हो तथा इस प्रकार का सुझाव यूनिटधारक ने स्वीकार किया हो।

विकास प्रारक्षित निधि में अंशदान **XXX**	ट्रस्ट द्वारा हर साल दैनिक औसत निवल आस्ति मूल्य का 0.10% विकास प्रारक्षित निधि में अंशदान के रूपम मे अलग रखा जाएगा।	(i) दैनिक औसत निवल आस्ति मूल्य के 0.25% के बराबर राशि ट्रस्ट की विकास प्रारक्षित निधि मे अंशदान के लिए अलग रखा जाएगा। विकास प्रारक्षित निधि मे अंशदान आवर्ती व्यय का अंग होगा। (ii) ट्रस्ट ने वर्ष 1983-84 में इस निधि की स्थापना की, ताकि ट्रस्ट नई योजनाएं लागू करने से संबंधित अनुसंधान और विकास कार्यों का खर्च पूरा कर सके, संकल्पनात्मक स्तर पर नई प्रणालियां और प्रक्रियाएं शुरू कर सके तथा ऐसे अन्य विभिन्न उत्पादक और विकास कार्य कर सके जो किसी विशिष्ट योजना से संबद्ध या जुड़े हुए न हों। निधि का उपयोग निम्नांखित कार्यों के लिए भी किया जाता है। आर्थिक एवं पूंजी बाजार संबंधी अनुसंधान, प्रबंधन और व्यावसायिक प्रशिक्षण, ट्रस्ट के लिए सर्वेक्षण एवं बाजार संबंधी अनुसंधान, विप०. और कार्पोरेट छवि सुधार संबंधी प्रयास जो किसी विशिष्ट योजना से संबद्ध न हों, मानव संसाधन विकास संबंधी ऐसे प्रयास जिनका प्रमाण दीर्घकाल तक पड़े तथा जो ट्रस्ट के भावी कार्यकलापों से संबद्ध हों और आश्वासित प्रतिलाभ दर वाली ट्रस्ट की किसी योजना में आई गिरावट, यदि कोई हो, को पूरा करना तथा भार-रहित योजनाओं के निर्गम व्ययों का वहन करना।

स्टाफ कल्याण निधि में अंशदान XXXI	दैनिक औसत निवल आस्ति मूल्य का 0.10% प्रति वर्ष ट्रस्ट की स्टाफ कल्याण निधि में अंशदान के अलग रखा जाएगा।	दैनिक औसत निवल आस्ति मूल्य का 0.10% स्टाफ कल्याण निधि में अंशदान के लिए अलग रखा जाएगा। ट्रस्ट ने अपने कर्मचारियों के कल्याण के लिए स्टाफ कल्याण निधि की स्थापना की है, जिनमें विपदा में राहत, चिकित्सा राहत, स्वास्थ्य राहत और इसी प्रकार के अन्य प्रयोजन शामिल हैं।
योजना की प्रति उपलब्ध कराई जाए XXXIII	इस योजना की एक प्रति, जिसमें उसमें किए गए सभी संशोधन शामिल हो, रजिस्ट्रारों अथवा योजना के कार्यालयों में (जब स्थापित हो) उसके कारोबार समय में हर समय निरीक्षण के लिए उपलब्ध कराई जाएगी तथा रु. 5/- अदा करने पर यूनिटधारक को दी जाएगी।	संशोधित एवं ' निवेशकों के अधिकार और सेवाएं' शीर्षक के तहत शामिल।
योजना में परिवर्धन और संशोधन XXXIV	बोर्ड समय-समय पर इस योजना में परिवर्धन या अन्यथा संशोधन या परिवर्तन कर सकता है और उसमें किए गए संशोधन या परिवर्तन को शासकीय राजपत्र में अधिसूचित किया जाएगा। कोई भी संशोधन करते समय, सेबी का पुर्वानुमोदन प्राप्त किया जाएगा। कार्यपालक समिति और सेबी के पूर्वानुमोदन से योजना के प्रावधानों में संशोधन किया जा सकता है।	संशोधित तथा अनुबंध III में 'मौलिक विशिष्टताएं' शीर्षक के तहत मद 5 के रूप में शामिल।
यूनिटधारकों के अधिकार	1. योजना की आस्तियों के लाभकारी स्वामित्व में और उसके द्वारा घोषित लाभांश, यदि कोई हो, में योजना के यूनिटधारकों का यथानुपात अधिकार होगा। 2. यूनिटधारकों को न्यासियों से ऐसी कोई जानकारी मांगने का अधिकार होगा जिसका उनके निवेशों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े तथा न्यासी यूनिटधारकों को ऐसी जानकारी देने के लिए बाध्य होंगे। 3. यूनिटधारकों को लाभांश की घोषणा की तारीख से 42 दिनों के भीतर लाभांश वारंट उनके पास भिजवाए जाने का अधिकार है। 4. यूनिटधारकों को 'निरीक्षण के लिए उपलब्ध दस्तावेज' शीर्षक के अंतर्गत	**निवेशकों के अधिकार एवं सेवाएं** 1. योजना के अधीन सदस्यों को योजना की आस्तियों के लाभकारी स्वामित्व तथा योजना द्वारा घोषित आय में समानुपातिक अधिकार है। 2. सदस्यों को न्यासियों से ऐसी कोई भी जानकारी प्राप्त करने का अधिकार है जो उनके निवेशों पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हो तथा सदस्यों को ऐसी जानकारी देने के लिए न्यासी बाध्य होंगे। 3. सदस्यों को स्वीकृति तिथि से छ: सप्ताह के भीतर लेखा विवरणी जारी किए जाने का अधिकार है। 4. सदस्यों को अधिकार है कि जिस कार्यालय में पुनर्खरीद अनुरोध संसाधित किए जाते हैं वहां आवेदन प्राप्त होने की तिथि से 10 कार्य दिवसों के भीतर (बशर्ते आवेदन सही हो) पुनर्खरीद प्राप्तियां उन्हें भेजी जाएं।

	सूचीबद्ध सभी दस्तावेजों के निरीक्षण का अधिकार है।	आय वितरण के मामले में, सदस्यों को यह अधिकार है कि आय वितरण वारंट आय वितरण की घोषणा किए जाने की तिथि से 42 दिनों के भीतर उन्हें भेजे जाएं। 5. सभी सदस्यों को पूंजी वृद्धि यूनिट योजना के संदर्भ में संक्षिप्त वार्षिक रिपोर्ट संबद्ध लेखा वर्ष की समाप्ति की तिथि से छ: माह के भीतर भेजी जाएगी एवं संपूर्ण वार्षिक रिपोर्ट निरीक्षण के लिए ट्रस्ट के केंद्रीय निवेशक संपर्क कक्ष में उपलब्ध कराई जाएगी एवं इसकी एक प्रति सदस्यों को न्यूनतम शुल्क, यदि कोई हो, के भुगतान पर उपलब्ध कराई जाएगी। 8. योजना की मूलभूत विशेषताओं में किसी तरह का परिवर्तन तभी किया जाएगा जब व्यक्तिगत संप्रेषण द्वारा सूचित किए जाने के अलावा निवेशकों को एनएवी पर आहरण करने की अनुमति हो। 9. निर्दिष्ट परिस्थितियों के अंतर्गत सदस्यों का अनुमोदन पोस्टल बैलट के जरिए मांगा जाएगा। 8. सदस्यों को केन्द्रीय निवेशक संपर्क कक्ष, भारतीय यूनिट ट्रस्ट, एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय, बेसमेंट द्वार नं. 1, सर विट्ठलदास ठाकरसी मार्ग, मुंबई-400 020 में रखे निम्नलिखित दस्तावेजों के निरीक्षण का अधिकार है : * यूटीआई अधिनियम * सामान्य विनियमावली * अभिरक्षक, रजिस्ट्रार और आदाता बैंकों के साथ किए गए करार * ग्रैंडमास्टर यूनिट योजना के पेशकश दस्तावेज की प्रति।
दावा त्याग खण्ड	अनुबंध III की मद 1 के अनुसार नए प्रावधान शामिल किए गए।	अनुबंध III की मद 1 देखें।
सम्यक सचेतनता प्रमाणपत्र	सेबी को प्रस्तुत किया जाना है और तदुपरांत मानक फार्मेट के अनुसार शामिल किया जाना है।	
योजना का समापन	अनुबंध III की मद 4 के अनुसार नए प्रावधान शामिल किए गए।	अनुबंध III की मद 4 देखें।
अंतर-योजना अंतरण	अनुबंध III की मद 7 के अनुसार नए	अनुबंध III की मद 7 देखें।

	प्रावधान शामिल किए गए।	
सहयोगी लेनदेन और उधार	अनुबंध III की मद 8 के अनुसार नए प्रावधान शामिल किए गए।	अनुबंध III की मद 8 देखें।
निवेशों पर कर प्रावधान	अनुबंध III की मद 11 के अनुसार नए प्रावधान शामिल किए गए।	अनुबंध III की मद 11 देखें।
यूटीआई का गठन और प्रबंधन	अनुबंध III की मद 12 के अनुसार नए प्रावधान शामिल किए गए।	अनुबंध III की मद 12 देखें।
अभिरक्षक और लेखापरीक्षक	अनुबंध III की मद 14 और 15 के अनुसार वर्तमान जानकारी को अद्यतन किया गया।	अनुबंध III की मद 14 और 15 देखें।
दण्ड, लंबित मुकदमें, निरीक्षणों/जांचों के महत्वपूर्ण निष्कर्ष	अनुबंध III की मद 17 के अनुसार नए प्रावधान शामिल किए गए।	अनुबंध III की मद 17 देखें।
संघनित वित्तीय सूचना	नवीनतम आंकड़ों के अनुसार शामिल किया जाना है।	

अनुबंध II

ग्रैंडमास्टर यूनिट स्कीम समाप्त किए गए प्रावधान

खण्ड सं.	वर्तमान प्रावधान	टिप्पणियां
1.	*परिभाषाएं* (ग) 'आवेदन' से सभी आवेदकों के लिए यूनिटों की पेशकश हेतु निर्धारित आवेदन अभिप्रेत है; जिसमें निवेश करने वाली जनता के लिए योजना में यूनिटों के अभिदान के प्रयोजन की शर्तें दी गई हों। (घ) 'आबंटन' से इस प्रयोजन के लिए ट्रस्ट द्वारा निर्धारित रूप में वैध आवेदन के प्रति यूनिटों का आबंटन अभिप्रेत है। (छ) 'ग्रैंडमास्टर' से इसमें उसके बाद परिभाषित यूनिट तथा इसमे इसके बाद परिभाषित 'ग्रैंडमास्टर यूनिट योजना' या 'ग्रैंडमास्टरX की पूंजी में अंश या यूनिट अभिप्रेत है। (ञ) 'यूनिटों की पेशकशX से निवेशकों को दस्तावेजों की पेशकश के तहत ट्रस्ट द्वारा की गई यूनिटों की बिक्री की पूर्ण पेशकश अभिप्रेत है जिससे योजना के अंतर्गत पूंजी का गठन होगा।	समाप्त किया गया।

2.	**XIX का अंतिम पैराग्राफ** बिक्री और पुनर्खरीद मूल्य तथा उनके बीच के अंतर की गणना इस संबंध में सेबी द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के अनुसार किया जाएगा।	समाप्त किया गया क्योंकि अब यह अनावश्यक हो गया है।
3.	**निवल आस्ति मूल्य (एनएवी) का परिकलन और प्रकटीकरण मानक खण्ड XXIII का अंतिम पैराग्राफ** इन प्रावधानों में निहित किसी प्रावधान के होते हुए भी आस्तियों का मूल्यांकन, एनएवी का परिकलन, पुनर्खरीद मूल्य और उनके प्रकटीकरण की बारंबारता समय-समय पर सेबी द्वारा जारी सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियमावली/दिशानिर्देशों/निदेशों के प्रावधानों के अनुसार होगा।	यह पैराग्राफ समाप्त कर दिया गया है। आशोधित पैराग्राफ अनुबंध I में इस योजना से संबंधित आस्तियों के मूल्यांकन के अंतर्गत शामिल किया गया।
4.	***XXVI. यूनिट प्रमाणपत्र का प्ररूप*** यूनिटधारकों को आवेदन स्वीकार किए जाने की तारीख से 6 सप्ताह के भीतर प्रमाणपत्र जारी किए जाएंगे, जिनमें उन्हें आबंटित यूनिटों की संख्या दी जाएगी। यूनिट प्रमाणपत्र इसके साथ संबद्ध फार्म 'ए' में होंगे या ऐसे फार्म में होंगे जिसे योजना के कारगर परिचालन के लिए ट्रस्ट द्वारा अनुमोदित किया जाए। हर यूनिट प्रमाणपत्र पर अलग-अलग क्रमांक दिए जाएंगे, प्रमाणपत्र से संबंधित यूनिटों की संख्या तथा यूनिटधारक के नाम का उल्लेख किया जाएगा। प्रमाणपत्र अधिकतम 20 ग्रैंडमास्टर प्रमाणपत्रों (अर्थात् रु. 20,000/-) तक 100 ग्रैंडमास्टर यूनिटों के मार्केट लॉट में जारी किए जाएंगे। रु. 20,000/- से अधिक के किसी भी निवेश के लिए (अर्थात् 2000 ग्रैंडमास्टर यूनिटों से अधिक के लिए) एक समेकित प्रमाणपत्र (21वां प्रमाणपत्र) जारी किया जाएगा। निवेशक से अनुरोध प्राप्त होने पर समेकित प्रमाणपत्र को एक बार नि:शुल्क विभाजित किया जाएगा तथा उसके बाद ट्रस्ट द्वारा यथानिर्णीत प्रभारों की अदायगी पर विभाजन की अनुमति दी जाएगी। अनिवासी भारतीयों के लिए, 100 यूनिटों के मार्केट लॉट में प्रमाणपत्र जारी किए जाएंगे चाहे निवेश की गई राशि कुछ भी हो।	समाप्त किया गया क्योंकि अब लेखा-विवरण जारी किया जाएगा।
5.	***XXVII. यूनिट प्रमाणपत्र तैयार करने की विधि*** यूनिट प्रमाणपत्र, बोर्ड द्वारा समय समय पर लिए गए निर्णय के अनुसार, उत्कीर्ण (engraved) या शिलामुद्रित (lithographed) या मुद्रित किए जा सकते हैं तथा उन पर ट्रस्ट की ओर से सम्यक रूप से प्राधिकृत दो व्यक्तियों द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे। ऐसा प्रत्येक हस्ताक्षर या तो स्वत: अंकित (ऑटोग्रैफिक) होगा या उसे किसी यांत्रिक विधि द्वारा किया जाएगा। कोई भी यूनिट प्रमाणपत्र तब तक वैध नहीं होगा, जब तक उस पर हस्ताक्षर न किया गया हो। उस प्रकार हस्ताक्षरित यूनिट प्रमाणपत्र वैध और बाध्यकारी होंगे, भले ही उनके जारी किए जाने के पूर्व उन पर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति का ट्रस्ट की ओर से यूनिट प्रमाणपत्रों पर हस्ताक्षर करने का प्राधिकार समाप्त हो गया हो। परंतु यह भी कि यदि इस प्रकार तैयार किए गए यूनिट प्रमाणपत्र पर ऐसे प्राधिकृत व्यक्ति का हस्ताक्षर हो जो प्रमाणपत्र जारी किए जाने के समय मृत हो गया हो, तो ट्रस्ट इसके द्वारा सर्वाधिक उपयुक्त समझी गई विधि से प्रमाणपत्र पर प्रकट होने वाले ऐसे व्यक्ति का हस्ताक्षर रद्द कर उस पर किसी अन्य प्राधिकृत व्यक्ति का हस्ताक्षर कराएगा। इस प्रकार जारी किया गयायूनिट प्रमाणपत्र भी वैध होगा।	समाप्त किया गया क्योंकि अब लेखा-विवरण जारी किया जाएगा।

6.	**प्रावधानों की व्याख्या करने की शक्तियां** यदि योजना के किसी प्रावधान की व्याख्या के संदर्भ में कोई संदेह उत्पन्न हो, तो अध्यक्ष या उसकी अनुपस्थिति में कार्यपालक न्यासी को ऐसी शक्तियां प्राप्त होंगी कि वह योजना के प्रावधानों की व्याख्या उस सीमा तक करें, जहां तक इस प्रकार की व्याख्या योजना की मौलिक संरचना के प्रतिकूल या विपरीत न हो तथा इस प्रकार का निर्णय अंतिम और पूर्ण होगा।	समाप्त किया गया क्योंकि सेबी की विनियमावली के अंतर्गत इसकी अनुमति नहीं है।
7.	**प्रावधानों में ढील देना/बदलाव/आशोधन करना** दिक्कतें कम करने के लिए या योजना के कारगर और आसान परिचालन के लिए अध्यक्ष या उसकी अनुपस्थिति में ट्रस्ट का कार्यपालक न्यासी किसी यूनिटधारक के मामले में अथवा किसी श्रेणी के यूनिटधारकों के मामले में उपयुक्त समझी गई शर्तें पूरी करने पर, योजना का कोई प्रावधान बदल सकता है या उसमें आशोधन कर सकता है।	समाप्त किया गया क्योंकि सेबी की विनियमावली के अंतर्गत इसकी अनुमति नहीं है।

अनुबंध III

ग्रैंडमास्टर यूनिट योजना

क्र.सं.	'मानक पेशकश दस्तावेज' द्वारा अपेक्षित अंतर्वेश
1.	***परित्याग खंड :*** **योजना के विवरण भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (म्यूचुअल फंड) विनियम,1996 के अनुसार तैयार किए गए हैं, यथा तिथि तक संशोधित एवं सेबी के पास पंजीकृत हैं और जन साधारण के अभिदान हेतु पेश किए गए यूनिट सेबी द्वारा न तो अनुमोदित अथवा अननुमोदित किए गए हैं न ही सेबी ने पेशकश दस्तावेज की यथार्थता अथवा पर्याप्तता को ही प्रमाणित किया है।**
2.	***नियत तत्परता प्रमाणपत्र :*** मानक पेशकश दस्तावेज के अनुसार अंतर्विष्ट किया गया
3.	***विषय वस्तु :*** मानक पेशकश दस्तावेज के अनुसार सारणी "विषय वस्तु" का अंतर्वेश किया गया
4.	***योजना की समाप्ति :*** (i) योजना की कालावधि अनिश्चित है। तथापि ट्रस्ट योजना और उसके अंतर्गत बनाए गए प्लान को निम्नलिखित परिस्थितियों में समाप्त कर सकता है : (क) कोई ऐसी घटना घटित होने पर जिससे ट्रस्ट की राय में योजना की समाप्ति आवश्यक हो, या (ख) योजना के 75% सदस्यों द्वारा योजना को समाप्त करने का संकल्प पारित करने पर ; या (घ) योजना के सदस्यों के हित में सेबी ऐसा करने के लिए निर्देश दे। (ii) जहां उपर्युक्त उप खण्ड (i) के अनुसरण में, योजना परिसमाप्त की जाती है, तो ट्रस्ट योजना को समाप्त करने वाले कारणों की सूचना, समापन के कम से कम एक सप्ताह पहले सेबी को और अखिल भारतीय स्तर पर परिचालित होने वाले दो दैनिक समाचार पत्रों में और मुंबई में एक स्थानीय भाषा के समाचार पत्र में देगा। (iii) समाप्ति संबंधी विज्ञापन की तिथि को और उस तिथि से ट्रस्ट - (क) इस योजना से संबंधित कोई भी व्यावसायिक क्रियाकलाप नहीं करेगा। (ख) इस योजना के अंतर्गत यूनिटों को उत्पन्न और रद्द करना बंद करेगा।

(ग) इस योजना में यूनिटों को जारी करना और यूनिटों का प्रतिदान भी बंद करेगा।

(iv) न्यासी मंडल सदस्यों की एक बैठक बुलाएगा जिसमें उपस्थित सदस्यों द्वारा विचार किया जाएगा तथा साधारण बहुमत से आवश्यक संकल्प पारित किया जाएगा और बैठक में मतदान द्वारा न्यासियों अथवा किसी अन्य व्यक्ति को योजना की समाप्ति हेतु कदम उठाने के लिए प्राधिकृत किया जाएगा।

(v) (क) न्यासी मंडल या योजना के उप खंड (iv) के अन्तर्गत प्राधिकृत व्यक्ति योजना से संबंधित आस्तियों को योजना के सदस्यों के सर्वोत्तम हित में निपटाएगा।

(ख) ऊपर दिए गए उप खण्ड (v)(क) के अनुसार की गई बिक्री की राशि का पहले दृष्टान्त में, योजना के अंतर्गत ऐसी देयताओं के उन्मोचन के लिए उपयोग किया जाएगा जो उचित रूप से देय हों और ऐसी समाप्ति से संबंधित व्ययों को चुकाने के लिए उचित प्रावधान करने के बाद समाप्ति का निर्णय लेने वाली तिथि को योजना की आस्तियों में यूनिट धारकों के हित के समानुपात में उन्हें शेष राशि का भुगतान किया जाएगा।

(vi) परिसमापन पूरा होने पर, ट्रस्ट सेबी और सदस्यों को समाप्ति के बारे में एक रिपोर्ट प्रेषित करेगा जिसमें ऐसी परिस्थितियां, जिनके कारण योजना समाप्त हुई, समाप्ति से पूर्व योजना की आस्तियों के निपटान के लिए उठाए गए कदम, समाप्ति के लिए किया गया योजना का व्यय, सदस्यों को वितरण के लिए उपलब्ध शुद्ध आस्तियां और योजना के लेखा परीक्षकों से प्राप्त एक प्रमाणपत्र भेजेगा।

(vii) इसमें ऊपर दी गई किसी भी बात के बावजूद, जब तक योजना समाप्त न हो जाए या समापन की कार्यवाही पूरी न हो जाए, सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियमावली, 1996 के प्रावधान, अर्धवार्षिक रिपोर्ट और वार्षिक रिपोर्ट के प्रकटीकरण के लिए लागू रहेंगे।

(viii) उपरोक्त खण्ड (vii) में संदर्भित रिपोर्ट प्राप्त करने के बाद यदि सेबी संतुष्ट हो जाता है कि योजना समाप्त करने की सारी कार्यवाही पूरी हो गयी है, तो योजना समाप्त हो जाएगी।

(ix) ट्रस्ट, अनुरोध पत्र के साथ लेखा विवरणी प्राप्त होने पर और अन्य प्रक्रिया और परिचालन संबंधी औपचारिकताएं पूरी करने पर यथाशीघ्र पुनर्खरीद मूल्य का भुगतान करेगा।

(x) अनिवासी निवेशकों के मामले में, पुनर्खरीद राशियां निवेश के स्रोत पर निर्भर करते हुए विप्रेषित की जाएंगी ।

5.	मूल विशेषताएं (क) "मूल विशेषताओं" का अर्थ निम्नलिखित है : (i) योजना का प्रकार : ग्रैंडमास्टर यूनिट योजना एक इक्विटी योजना है जो दिनांक 01 अगस्त, 1996 से सतत खुली कर दी गई है। (ii) निवेश उद्देश्य : जैसा कि इस पेशकश दस्तावेज के खंड VII के अंतर्गत बताया गया है। (iii)निर्गम की शर्तें : यूनिटों की पुनर्खरीद एवं व्यय के संबंध में इस पेशकश दस्तावेज में प्रावधान है। (ख) योजना की मूल विशेषताओं में कोई भी परिवर्तन तभी किया जाएगा जब : (i)मौजूदा सदस्यों को व्यक्तिगत संपर्क द्वारा सूचित किया गया हो और (ii)अखिल भारतीय स्तर पर परिचालन द्वारा अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र और साथ ही मराठी समाचार पत्र में विज्ञापन दिया जाता है (iii)सदस्यों को किसी भी प्रकार के निकासी भार के बिना प्रचलित एनएवी पर निकासी का विकल्प दिया गया हो। (ग) बोर्ड द्वारा समय-समय पर योजना और इसके संशोधन/परिवर्धन को भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 की धारा 21(4) की शर्तों के अनुसार सरकारी राजपत्र में अधिसूचित किया जाएगा। (घ) योजना की मूल विशेषताओं में कोई परिवर्तन/संशोधन/परिवर्धन सेबी के पूर्व अनुमोदन से किया जाएगा। अन्य कोई परिवर्तन/संशोधन/परिवर्धन, जो मूल विशेषताओं में संशोधन नहीं है और जो यूनिटधारकों के हितों को प्रभावित नहीं करते हैं, उनके बारे में सेबी को सूचित किया जाएगा।
6.	***ट्रस्ट की योजनाओं में कार्पोरेट निवेश और इन कंपनियों में ट्रस्ट का निवेश दिखाने वाली सारणी को 'मानक पेशकश दस्तावेज' के अनुसार जोड़ दिया गया।***
7.	**अंतर योजना अंतरण** इस योजना से ट्रस्ट की दूसरी योजना/प्लान में तथा दूसरी योजना/प्लान से इस योजना में अंतरण केवल तभी किया जाएगा जब - क) उधृत लिखतों के लिए प्रचलित बाजार मूल्य पर ऐसे अंतरण स्पॉट आधार पर किए गए हों। *स्पष्टीकरण :* "स्पॉट आधार" का अर्थ वही होगा जो स्टॉक एक्सचेंज द्वारा स्पॉट सौदों के लिए निर्दिष्ट है।

	ख)	ऐसी अंतरित प्रतिभूतियां उस योजना/प्लान के निवेश उद्देश्यों के अनुरूप हों जिनमें ऐसे अंतरण किए जाते हैं।
	ग)	प्लान से/में असूचीबद्ध या अनोद्धृत निवेश का ट्रस्ट की अन्य योजना/प्लान में/से अंतरण ट्रस्ट के न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित नीतियों के अनुसार किया जाएगा।
8		**संयुक्त सौदे एवं उधार**
	1.	योजना, यूनिटों की पुनर्खरीद/ प्रतिदान या सदस्यों को आय का वितरण, यदि कोई हो, करने के उद्देश्य से योजना की अस्थाई नकदी जरूरतों को पूरा करने के लिए उधार लेने के अलावा उधार नहीं लेगी। परन्तु उधार, योजना की शुद्ध आस्ति के 20% से अधिक नहीं लिया जाएगा और इस तरह के उधार की अवधि छ: माह से अधिक नहीं होगी।
	2.	भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 की धारा 20 के अनुसार ट्रस्ट को निम्नलिखित उधार लेने की शक्तियां प्राप्त हैं :
	(i)	ट्रस्ट, भारत या भारत से बाहर के किसी प्राधिकरण या व्यक्ति जो सरकार या रिज़र्व बैंक न हो, ऐसी प्रतिभूति के प्रति एवं ऐसी शर्तों एवं परिस्थितियों पर जिस पर वे आपस में सहमत हों, उधार ले सकता है।
	(ii)	ट्रस्ट रिज़र्व बैंक से उधार ले सकता है - (क) भारत में इस समय लागू किसी कानून द्वारा जिससे न्यासी ट्रस्ट का धन निवेश करने हेतु प्राधिकृत है, स्टॉक, निधियों एवं प्रतिभूतियों के प्रति (अचल संपत्तियों के अतिरिक्त) मांग पर या नियत अवधि की समाप्ति पर प्रतिदेय जो इस प्रकार ली गई राशि की तिथि से नब्बे दिन से अधिक न हो ; (ख) केंद्रीय सरकार के अनुमोदन से बांडों की प्रतिभूति के प्रति, जिसे ट्रस्ट जारी कर सकता है, मांग पर या जिस तिथि से ऐसी राशि उधार ली गई है, उस तिथि से अठारह महीनों की अवधि के भीतर प्रतिदेय है; (ग) प्रथम यूनिट योजना के अतिरिक्त किसी अन्य योजना के प्रयोजन हेतु जिसे इस संदर्भ में रिज़र्व बैंक द्वारा विनिर्दिष्ट किया गया है ट्रस्ट की ऐसी अन्य संपत्तियों की प्रतिभूति के प्रति या ऐसी शर्तों एवं नियमों पर : बशर्ते कि इस खंड के अंतर्गत उधार ली गई कोई राशि एवं किसी एक समय पर बकाया राशि

(क) ऐसी प्रत्येक योजना के संबंध में पांच करोड़ रुपए से ज्यादा न हो ; एवं

(ख) समग्र रूप से ऐसी समस्त योजनाओं के संबंध में दस करोड़ रुपए से अधिक न हो ।

(iii) ट्रस्ट द्वारा उप धारा (ii) के अंतर्गत जारी बांड की मूल राशि की अदायगी की गारंटी केंद्रीय सरकार द्वारा दी जाएगी एवं ब्याज का भुगतान बांड जारी करते समय केंद्रीय सरकार द्वारा निर्धारित दर पर किया जाएगा।

9. **इस योजना की आस्तियों का मूल्यांकन**

(क) अवरुद्ध अवधि के अधीन वाले निवेशों, यदि कोई हों, सहित उद्धृत निवेशों परंतु सरकारी प्रतिभूतियों को छोड़कर, का मूल्यांकन, मूल्यांकन की तारीख को बाजार में बंद मूल्य पर किया जाता है तथा इसके उपलब्ध न होने पर मूल्यांकन की तारीख से साठ दिन पूर्व की अवधि में बिल्कुल हाल ही की उपलब्ध दर पर किया जाता है। यदि मूल्यांकन की तारीख से साठ दिन पूर्व की अवधि हेतु, कोई भाव उपलब्ध नहीं है तो उसे अनोद्धृत निवेश माना जाता है।

(ख) उद्धृत सरकारी प्रतिभूतियां मूल्यांकन तिथि को अंतिम एनएसई बाजार दरों पर मूल्यांकित की जाती हैं और इसकी अनुपस्थिति में मूल्यांकन तिथि से पहले 7 दिन की अवधि के अंदर उपलब्ध नवीनतम भाव को मूल्यांकन के लिए लिया जाता है। यदि मूल्यांकन की तिथि से सात दिन पूर्व की अवधि हेतु कोई भाव उपलब्ध नहीं हो तो उसे अनोद्धृत सरकारी प्रतिभूतियां माना जाएगा।

(ग) उद्धृत डिबैंचरों और बांडों के मामले में, बाजार दर, जो ब्याज सहित है उसे ब्याज तत्त्व यदि कोई हो, के लिए समायोजित किया जाता है।

(घ) शेयरों के अधिकार पात्रता का मूल्यांकन,लाभांश तत्व हेतु बट्टा काटकर,जहां लागू हो, बाजार दर पर किया जाता है।

(ङ) अनोद्धृत अधिमान शेयर/संचयी परिवर्तनीय अधिमान शेयर लागत पर लिए जाते हैं।

(च) अनोद्धृत इक्विटी शेयर जैसे कि न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित किया जाए,उचित मूल्यांकन आधार पर मूल्यांकित किए जाते हैं।

(छ) अनोद्धृत डिबेंचर, बॉण्ड एवं अंतरणीय नोट परिपक्वता पर प्रतिफल पर मूल्यांकित किए जाते हैं, जो न्यासी मंडल द्वारा मूल्य वृद्धि के अनुमोदन के साथ भारत सरकार की प्रतिभूतियों (यील्ड कर्व) से जुड़ा है।

(ज) अनोद्धृत वारंट, अंतरनिहित इक्विटी शेयरों के बाजार दर पर, लाभांश तत्त्व के लिए बट्टा काटकर, यदि कोई हो, तथा देय प्रायोगिक मूल्य से कम करके मूल्यांकित किए जाते हैं। जिन मामलों में इस तरह लिए गए मूल्य से प्रायोगिक देय मूल्य ज्यादा हो, वहां वारंटों का मूल्य शून्य लिया जाता है।

(झ) अनोद्धृत सरकारी प्रतिभूतियों, यदि कोई हों, का मूल्यांकन प्रचलित ब्याज दर पर परिपक्वता पर प्रतिफल के आधार पर किया जाता है।

(ञ) परिवर्तनीय डिबेंचर एवं बॉण्ड, जहां मिश्र बाजार भाव उपलब्ध न हो, वहां परिवर्तनीय भाग का मूल्यांकन संबंधित इक्विटी शेयरों के बाज़ार दर पर, जिनमें लाभांश तत्त्व, यदि कोई हो, काट कर किया जाता है। ऐसे डिबेंचरों एवं बॉण्डों का अपरिवर्तनीय भाग, यदि कोई हो, का मूल्यांकन, उपरोक्त (छ) के अनुसार किया जाता है। जहां परिवर्तनीय भाग के लिए परिवर्तन की शर्तें विनिर्दिष्ट न हों, वहां उन्हें लागत पर लिया जाता है।

(ट) पूंजी सूचकांकित बॉण्ड लागत पर मूल्यांकित किए जाते हैं।

(ठ) <u>मुद्रा बाजार लिखतों के लिए मूल्यांकन नीति :-</u>

(i) मुद्रा बाज़ार लिखतें एवं अन्य आस्तियां बही मूल्य पर ली जाती हैं।

(ii) अंतर बैंक कॉल बाज़ार में निवेशित राशि लागत पर ली जाती है।

(iii) बट्टे /ब्याज उपार्जन लिखतों में निवेशित राशि का मूल्यांकन,उस प्रतिफल पर किया जाता है जिसमें लिखत का सौदा पिछली बार किया गया था। इस उद्देश्य हेतु भाव मूल्यांकन तिथि से पहले दो कार्य दिवसों की अवधि के भीतर उपलब्ध हाल ही का भाव ध्यान में लिया जाता है। जब पिछले दो कार्य दिवसों में कोई भाव उपलब्ध न हो, तो लिखत लागत एवं लिखत के परिपक्व होने के बाकी बचे दिनों के लिए लागू एक समान लागत और पृष्ठ मूल्य के मध्य अंतर पर मूल्यांकित किया जाता है।

(iv) अनोद्धृत डिबेंचरों सहित अन्य मुद्रा बाजार लिखतों का मूल्यांकन लागत एवं लिखत के परिपक्व होने के बाकी बचे दिनों पर लागू एक समान लागत और पृष्ठ मूल्य के अंतर पर किया जाता है।

तथापि, खंड VII, XXII, XXIII एवं XXV के संदर्भ में किसी बात के बावजूद, निवेश नीतियां, एनएवी का निर्धारण, एवं आस्तियों का मूल्यांकन, पुनर्खरीद मूल्य का निर्धारण एवं एनएवी के प्रकटीकरण की आवृत्ति, पुनर्खरीद मूल्य और पोर्टफोलियो समय-समय पर सेबी द्वारा जारी सेबी (एमएफ) विनियमों/दिशानिर्देशों /निदेशों के प्रावधानों के अनुसार होगा।

10. लेखा नीतियां

1. आय की मान्यता

(क) सूचीबद्ध इक्विटी शेयरों पर लाभांश आय भूतपूर्व लाभांश तिथि पर प्रोद्भूत की जाती है। असूचीबद्ध इक्विटी शेयरों एवं अधिमान शेयरों पर लाभांश आय का हिसाब प्राप्ति आधार पर किया जाता है।

(ख) निवेशों पर ब्याज एवं प्रतिबद्धता प्रभार का हिसाब प्रोद्भवन आधार पर किया जाता है।

(ग) निवेशों की बिक्री पर लाभ या हानि की पहचान भारित औसत लागत के आधार पर व्यापार तिथियों पर की जाती है।

(घ) डिबेंचर/बॉण्डों के प्रतिदान पर प्रीमियम एवं लाभ या हानि की पहचान देय तिथि पर की जाती है।

(ङ) जब कोई राशि जिम्मे नहीं आती हो तो हामीदारी कमीशन को नकदी आधार पर राजस्व माना जाता है। जिम्मे आई राशि के मामले में, पूर्ण हामीदारी कमीशन एवं निवेशों की लागत में से कम किया जाता है।

(च) शेयरों एवं डिबेंचरों के निवेश पर आरंभिक शुल्क को ऐसे निवेशों की लागत से कम किया जाता है।

(छ) जीरो कूपन बॉण्डों, डीप डिस्काऊंट बाण्डों और अन्य दीर्घावधि बट्टाकृत लिखतों के संबंध में पुनर्खरीद मूल्य एवं परिपक्वता मूल्य के मध्य अंतर को वाईटीएम आधार पर लिखत के शेष अवधि के दौरान आय समझा जाता है।

(ज) अन्य आय को प्राप्ति आधार पर लिया जाता है।

2. व्यय

क. व्यय की गणना प्रोद्भवन आधार पर की जाती है।

ख. भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 की धारा 25(4) के प्रावधानों के अनुसार यूनिट योजना 1964 के अंतर्गत किए गए खास सामान्य खर्चों का निर्धारण अन्य योजनाओं पर किया जाता है।

ग. नियत आस्तियों वाली यूनिट योजना 1964 कथित आस्तियों के उपयोग के लिए अन्य योजनाओं से स्वीकृत आधार पर पट्टा किराया वसूल करती है।

3. निवेश

क. निवेशों को लागत पर या अवलिखित लागत पर लिया जाता है।

ख. द्वितीयक बाजार कारोबार के मामले में निवेश को व्यापार तिथियों पर किया गया माना जाता है।

ग. आबंटन पर प्राथमिक बाजार निर्गमों में अभिदान को निवेश माना जाता है।

घ. बोनस/अधिकार पात्रताओं को पूर्ववर्ती-बोनस/पूर्ववर्ती अधिकार तिथियों पर माना जाता है।

ङ. निवेश अर्थात् डिबेंचर और बॉण्ड प्रतिदान/देय तिथि को चालू आस्तियों में अंतरित किए जाते हैं।

च. निवेश की लागत में दलाली एवं सेवा - कर शामिल हैं लेकिन स्टाम्प की लागत शामिल नहीं है, जिसे राजस्व में प्रभारित किया जाता है।

4. प्रावधान एवं मूल्यह्रास :

(क) संदिग्ध समझी गई आय के प्रति प्रावधान :

पिछली दो तिमाही या उससे अधिक के लिए देय बाकी ब्याज आय के संबंध में प्रावधान किया जाता है। यदि लाभांश,पिछले लाभांश की तिथि से एक वर्ष से अधिक के लिए बकाया है तब वर्ष के अंत में प्रावधान किया जाता है।

(ख) निवेश के मूल्य में ह्रास

(i) उपरोक्त खंड XXII के अनुसार गणना किए गए निवेशों के कुल मूल्य की तुलना ऐसे निवेशों की कुल लागत से की जाती है और पारिणामिक ह्रास, यदि हो, सामान्य प्रारक्षित निधि/यूनिट प्रीमियम प्रारक्षित निधि में प्रभारित किए जाते हैं। यदि कुल मूल्य, कुल लागत या पिछले वर्ष के अंत के कुल मूल्य से अधिक हो जाता है तो मूल्य वृद्धि, यूनिट प्रीमियम प्रारक्षित निधि/सामान्य प्रारक्षित निधि में उस सीमा तक जोड़ी है जहां तक ह्रास पिछली बार समायोजित किया गया था।

(ii) जहां अनोधृत इक्विटी या अधिमान शेयर पिछले वर्षों में अपलिखित किए गए हों, वहां ऐसे निवेशों की लागत को उधृत या उचित मूल्य उपलब्ध होते ही उसकी लागत पर पुनरांकित किया जाता है।

(iii) आस्तियां जिन पर ब्याज पिछली दो तिमाहियां या अधिक अवधि से बकाया है, अनुपयोज्य आस्तियों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। ऐसी आस्तियों के लिए प्रावधान अलग-अलग बनाया जाता है (जैसा कि नीचे तालिका में दर्शाया गया है)। ऐसा प्रावधान उसी कंपनी की अन्य उपयोगी आस्तियों के लिए नहीं किया जाता है।

गैर निष्पादित आस्तियों की अवधि	प्रावधान का प्रतिशत

	रक्षित आस्तियां	अ-रक्षित आतियां
दो वर्षों तक	10%	10%
दो वर्षों से अधिक परंतु तीन वर्षों तक	20%	100%
तीन वर्षों से अधिक परंतु पांच वर्षों तक	30%	100%
पांच वर्षों से अधिक	50%	100%

(iv) जहां मूल पुनर्भुगतान (i) 3 वर्षों तक की अवधि के संतुलित परिपक्वता वाले ऋण लिखतों के संबंध में पिछली देय अवधि के दो तिमाहियों हेतु और (ii) 3 वर्षों से अधिक अवधि के संतुलित परिपक्वता वाले ऋण लिखतों के संबंध में पिछली देय अवधि के एक वर्ष हेतु बकाया रहता है, वहां ऐसी बकाया किस्तों हेतु प्रावधान किया जाता है। ऐसी आस्तियों के लिए समग्र प्रावधान,उपरोक्त तालिका में उल्लिखित प्रतिशत (जमानती आस्तियां हेतु 50% तथा गैर जमानती आस्तियों हेतु 100%) या चूक वाली राशि, जो भी अधिक हो, तक सीमित है।

ऐसे मामले जिनमें मूल चूक जारी रहती है,किसी भी परवर्ती किस्त के लिए प्रावधान, संबंधित देय तिथि से 30 दिनों के बाद किया जाता है।

(v) देय बकाया ब्याज के पूंजीकरण के द्वारा, ब्याज के निधियन के मामले में, उसके चूक की अवधि के बावजूद प्रावधान किया जाता है।

(vi) गैर निष्पादी आस्तियों के लिए प्रावधान यूनिट प्रीमियम प्रारक्षित निधि/सामान्य प्रारक्षित निधि/राजस्व लेखा,जैसा भी मामला हो, में प्रभारित किए जाते हैं।

(vii) अनुच्छेद 4(क)और 4(ख)(iv) के अंतर्गत बनाए गए प्रावधान प्राप्ति या आस्तियों के पुनर्संरचना आधार पर पुनरांकित किए जाते हैं। 4(ख)(v) के अंतर्गत प्रावधान प्राप्ति आधार पर पुनरांकित किए जाते हैं।

5. आय वितरण :

(क) आय वितरण हेतु प्रावधान यूनिट पूंजी पर न्यासी मंडल द्वारा समय-समय पर अनुमोदित दर पर किया जाता है।

6. वित्तीय परिणामों का प्रकाशन :

यथा 31 दिसंबर अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम 2 माह के भीतर एवं यथा 30 जून लेखा-परीक्षित वार्षिक परिणाम लेखे को अंतिम रूप देने के 6 माह के भीतर एक अंग्रेजी दैनिक एवं एक मराठी

	दैनिक में प्रकाशित किया जाएगा।
11.	**निवेशों का कर - निरूपण** 1. निवासी / अनिवासी भारतीय/ओसीबी (i) योजना के अंतर्गत आय और पूंजी वृद्धि, यदि कोई हुई हो, पर कराधान प्रचलित कर कानूनों के अधीन होगा। (ii) वर्तमान में, ट्रस्ट की सभी योजनाओं/प्लानों के अंतर्गत सभी वर्ग के निवेशकों को प्राप्त होने वाली आय, यदि कोई हो, आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 10 (33) के अंतर्गत पूर्णत: कर मुक्त होगी। योजना के लिए, उसके द्वारा किए गए किसी भी आय वितरण पर आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 115 आर के अंतर्गत 10% की दर से आय वितरण कर और उस पर 10% अधिभार का भुगतान करना आवश्यक है। तथापि, सतत खुली इक्विटी उन्मुख निधि होने के कारण, इस योजना को 31 मार्च, 2002 तक कथित धारा के अंतर्गत उपरोक्त कर लागू नहीं है, बशर्ते योजना की कुल राशि का 50% से अधिक का निवेश घरेलू कंपनियों के इक्विटी शेयरों में किया जाता है। (iii) वर्तमान में, रुपए में उत्पन्न अथवा एनआरओ निधियों में से योजना में निवेश से होने वाला कोई भी दीर्घावधि पूंजीगत अभिलाभ आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 48 और 112 में दिए गए निर्देशों के अधीन होगा। वर्तमान में निवेशक को लागत स्फीति सूचकांक का लाभ उठाने के बाद दीर्घावधि पूंजीगत अभिलाभ पर 20% की दर से कर का भुगतान करना होता है। तथापि, एनआरई खातों के जरिए किए गए निवेश से प्राप्त होने वाले पूंजीगत अभिलाभ कर योग्य नहीं हैं। (iv) इस प्लान के अंतर्गत यूनिटों में किए गए निवेश का मूल्य धनकर से पूर्णत: मुक्त है। (v) उपहार कर अधिनियम, 1958 ने योजना की यूनिटों के संबंध में उपहार कर की उगाही को समाप्त कर दिया है। 2. धारा 54 ईए के अंतर्गत पूंजीगत अभिलाभ कर छूट हेतु पात्रता यह योजना आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 54 ईए के अंतर्गत पूंजीगत अभिलाभ कर छूट के लिए पात्र होगी, बशर्ते यूनिटों की पुनर्खरीद आवेदन की स्वीकृति तिथि से तीन वर्षों के बाद की जाए। 3. धारा 54 ईबी के अंतर्गत पूंजीगत अभिलाभ कर छूट हेतु पात्रता दीर्घावधि पूंजीगत आस्तियों के अंतरण से प्राप्त होने वाले सम्पूर्ण या आंशिक पूंजीगत अभिलाभ का ग्रैण्डमास्टर यूनिट योजना में किया गया निवेश आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 54 ईबी के अंतर्गत पूंजीगत अभिलाभ कर छूट के लिए पात्र होगा, बशर्ते यूनिटों की पुनर्ख[illegible] आवेदन की

	स्वीकृति की तिथि से सात वर्षों के बाद की जाए। 4. पात्र न्यासों के लिए आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 11(2)(बी) के अंतर्गत यूनिट स्वीकृत प्रतिभूतियां हैं। अत: यूनिटों में निवेश कर रहे पात्र ट्रस्ट आयकर अधिनियम, 1961की धारा 11 और 13 के अंतर्गत आय और निधि के लिए आवश्यक कर छूट के योग्य होंगे।
	भारतीय यूनिट ट्रस्ट की स्थापना एवं प्रबंधन **यूटीआई की स्थापना** भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 के अंतर्गत भारतीय यूनिट ट्रस्ट की स्थापना एक सांविधिक संस्था के रूप में की गई थी जिसका उद्देश्य बचत एवं निवेश को प्रोत्साहन देने तथा प्रतिभूतियों के अर्जन, धारण, प्रबंधन और निपटान से ट्रस्ट को प्रोद्भूत होनेवाली आय, लाभों और अभिलाभों में सहभागिता थी। इसने 1जुलाई, 1964 से कार्य करना आरंभ किया। **यूटीआई का प्रबंधन** ट्रस्ट के कार्यों एवं व्यवसाय का प्रबंधन न्यासी मंडल में निहित है, जिसका भारत सरकार द्वारा नियुक्त एक पूर्णकालिक अध्यक्ष होता है। मंडल के अलावा, एक सांविधिक कार्यकारिणी समिति होती है जिसमें अध्यक्ष, कार्यपालक न्यासी तथा भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा नामित दो अन्य न्यासी होते हैं। यह समिति मंडल की कार्यक्षमता के अंतर्गत आने वाले किसी भी मामले पर कार्य करने के लिए सक्षम है। **न्यासी मंडल *** 1. श्री पी.एस. सुब्रमन्यम — अध्यक्ष, भारतीय यूनिट ट्रस्ट 2. श्री जी.पी. मुनिअप्पन — कार्यपालक निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक 3. श्री जी.पी.गुप्ता — अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक,आईडीबीआई 4. श्री एन.एस. सेखसरिया — प्रबंध निदेशक, गुजरात अंबुजा सिमेन्ट्स लि. 5. श्री राजेन्द्र पी चितले — सनदी लेखाकार 6. डॉ. विश्वनाथ वी. देसाई — अर्थशास्त्री 7. श्री जी. कृष्णमूर्ति — अध्यक्ष, भारतीय जीवन बीमा निगम 8. श्री जी.जी वैद्य — अध्यक्ष, भारतीय स्टेट बैंक 9. श्री के.सी. चौधरी — अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया

* **वर्तमान में न्यासियों की अन्य निदेशिकाएं इस प्रकार हैं :**

1. **श्री पी.एस. सुब्रमन्यम** - (i) अध्यक्ष एवं निदेशक-इंडिया फंड, (ii) अध्यक्ष एवं निदेशक - इंडिया ग्रोथ फंड, (iii) अध्यक्ष एवं निदेशक - इंडिया ऐक्सेस लि., (iv) अध्यक्ष एवं निदेशक - इंडिया पब्लिक सेक्टर फंड लि., (V) शासी परिषद के अध्यक्ष - यूटीआई इंस्टिट्यूट ऑफ कैपिटल मार्केट्स, (vi) अध्यक्ष एवं निदेशक - यूटीआई निवेशक सलाहकार सेवा लि., (vii) अध्यक्ष एवं निदेशक - यूटीआई निवेशक सेवा लि., (viii) अध्यक्ष एवं निदेशक - यूटीआई सिक्यूरिटीज़ एक्सचेंज लि., (ix) निदेशक - यूटीआई बैंक लि., (X) अध्यक्ष एवं निदेशक - ओवर द काउंटर एक्सचेंज ऑफ इंडिया, (xi) सदस्य -भारतीय जीवन बीमा निगम, (xii) निदेशक - भारतीय मितिकाटा एवं वित्त गृह लि., (xiii) निदेशक - सिक्यूरिटीज़ ट्रेडिंग कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लि., (xiv)निदेशक - नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि., (xv) न्यासी - इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग।

2. **श्री जी.पी.गुप्ता** - (i) अध्यक्ष - भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक, (ii) निदेशक - इंडिया फंड, (iii) निदेशक - इंडिया ग्रोथ फंड, (iv) निदेशक-भारतीय मितिकाटा एवं वित्त गृह लि., (V) निदेशक-भारतीय आयात-निर्यात बैंक, (vi) निदेशक-भारतीय प्रतिभूति व्यापार निगम लि., (vii) निदेशक-इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलेपमेंट फाइनेंस कं. ऑफ इंडिया लि., (viii) निदेशक - इंडियन एयरलाइन्स लि. (ix) निदेशक - आईडीबीआई बैंक लि. (X) निदेशक - नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि., (xi) सदस्य - भारतीय जीवन बीमा निगम, (xii) सदस्य - भारतीय साधारण बीमा निगम, (xiii) निदेशक - दक्षिण एशिया क्षेत्रीय निधि, (xiv) अध्यक्ष - दक्षिण एशिया विकास निधि, (xv) समिति सदस्य-भारतीय बैंकर संस्थान, (xvi) सदस्य-बैंकर प्रशिक्षण कॉलेज (आरबीआई), (xvii) सदस्य - एशिया एवं प्रशांत में विकासशील वित्तीय संस्थाओं का संघ, (xviii) सदस्य-बैंकिंग कर्मचारी चयन संस्था, (xix) सदस्य-भारतीय कंपनी सचिव संस्था।

3. **श्री एन.एस. सेखसरिया** - (i) निदेशक - गृह वित्त लि. (ii) निदेशक - राधा माधव इन्वेस्टमेंट्स लि. (iii) निदेशक- होम ट्रस्ट हाऊसिंग फाइनेंस कं. लि., (iv) निदेशक - अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन (V) निदेशक - अंबुजा शैक्षणिक संस्थान।

4. **श्री राजेन्द्र पी. चितले** - (i) निदेशक - भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (ii) निदेशक - नेशनल सिक्यूरिटीज़ क्लीयरिंग कार्पोरेशन लि. (iii) निदेशक - जे एम कैपिटल मैनेजमेंट लि. (iv) निदेशक - ज्युरीच एसेट मैनेजमेंट कंपनी (इंडिया) लि. (v) निदेशक - इंडिया इंडेक्स सर्विसेज़ एण्ड प्रोडक्ट लि. (vi) निदेशक - एसोशिएशन ऑफ लिजिंग एण्ड फाइनेंशिएल सर्विसेज कंपनीज (vii) सदस्य - राष्ट्रीय शेयर बाजार की कार्यकारी समिति (शासी मंडल) (viii) सदस्य - इंडिया एडवाइजरी बोर्ड ऑफ बैंक ऑफ अमेरिका एनटी एवं एसए (ix) सदस्य - निवेश समिति, भारतीय जीवन बीमा निगम।

	5. **श्री वी. वी. देसाई - सलाहकार - आईसीआईसीआई लिमिटेड**
	6. **श्री जी. कृष्णामूर्ति - (i)** अध्यक्ष - एलआईसी (अंतर्राष्ट्रीय) ईसी, बहरीन (ii) अध्यक्ष एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लि. (iii) निदेशक - भारतीय साधारण बीमा निगम (iv) निदेशक - पोयशा औद्योगिक कं. (v) अध्यक्ष, शासी मंडल - नेशनल इन्श्योरेंस अकादमी (vi) निदेशक - नेशनल हाउसिंग बैंक (vii) निदेशक - यूटीआई बैंक लि. (viii) निदेशक- मितिकाटा एवं भारतीय वित्त गृह (ix) निदेशक - केनिन्डिया एश्योरेंस कं. लि., केनया (x) निदेशक - भारतीय औद्योगिक ऋण एवं निवेश निगम लि.(xi) अध्यक्ष - इन्श्योरेंस काउंसिल का शासी निकाय।
	श्री जी जी वैद्य - (i) अध्यक्ष - एसबीआई कैपिटल मार्केट लि., (ii) अध्यक्ष - एसबीआई निधि प्रबंधन लि. (iii) अध्यक्ष - एसबीआई गिल्ट्स लि. (iv) अध्यक्ष - एसबीआई सिक्यूरिटीज़ लि. (v) अध्यक्ष - एसबीआई फैक्टर्स् एण्ड कमर्शियल सर्विसेज़ लि. (vi) अध्यक्ष - एसबीआई यूरोपियन बैंक लि. (vii) अध्यक्ष - स्टेट बैंक ऑफ इंदौर (viii) अध्यक्ष - स्टेट बैंक ऑफ सौराष्ट्र (ix) अध्यक्ष - स्टेट बैंक ऑफ पटियाला (x) अध्यक्ष - स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर (xi) अध्यक्ष - स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद (xii) अध्यक्ष - स्टेट बैंक ऑफ मैसूर (xiii)अध्यक्ष - स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर (xiv) अध्यक्ष - स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कैलिफोर्निया) (xv) अध्यक्ष - स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कनाडा) (xvi) उपाध्यक्ष, शासी मंडल - इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ बैंकर्स (xvii) निदेशक - राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (xviii) निदेशक - भारतीय आयात-निर्यात बैंक (xix) निदेशक - साधारण बीमा निगम (xx) सदस्य, शासी मंडल एवं अध्यक्ष, वित्त समिति - राष्ट्रीय बैंक प्रबंधन संस्था, (xxi) सदस्य, शासी मंडल एवं अध्यक्ष, वित्त समिति एवं कार्यालय परिसर समिति एवं आईबीपीएस कर्मचारी भविष्य निधि प्रशासक समिति - बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (xxii) सदस्य - बैंकिंग टेक्नॉलोजी विकास एवं अनुसंधान संस्था (xxiii) निदेशक - इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास वित्त निगम (xxiv) निदेशक - इन्फ्रास्ट्रक्चर लिजिंग एवं फाइनेंस सर्विसेज़ लि. (xxv) निदेशक - भारतीय निर्यात ऋण एवं गारंटी निगम।
	8. श्री के सी चौधरी - (i) अध्यक्ष - बैंक अंकेक्षण पर लघु समूह, भारतीय बैंक संघ, (ii) अध्यक्ष - बैंकिंग परिचालन, भारतीय बैंक संघ, (iii) अध्यक्ष - ऋण संबंधी मामलों पर लघु समूह, भारतीय बैंक संघ, (iv) अध्यक्ष - आईबीए व्यापार निकाय/संघों के साथ समन्वय हेतु कार्य समूह, (v) अध्यक्ष - भारतीय बैंक संघ (vi) सदस्य - प्रबंध समिति, भारतीय बैंक संघ - (vii) अध्यक्ष - सेंटबैंक गृह वित्त लि. (viii) अध्यक्ष - सेंटबैंक फाइनेंशियल एण्ड कस्टोडियल सर्विसेज लि., (ix) निदेशक - भारतीय कृषि वित्त निगम , (x) निदेशक - मास्टरकार्ड एशिया/पेसेफिक बोर्ड, (xi) निदेशक - द न्यू इंडिया एश्योरेंस कं. लि., (xii) सदस्य - टास्क फोर्स, भारतीय बैंक संघ।
13.	**निधि का प्रबंधन -** **निधि प्रबंधन के नाम के साथ उसकी योग्यता एवं अनुभव को भी जोड़ा गया।**

14.	**अभिरक्षक** निम्नलिखित को सेबी द्वारा आवश्यक समझने पर जोड़ा गया है। भारतीय स्टाक धारिता निगम लि. (एसएचसीआईएल) का सेबी रजिस्ट्रेशन नंबर आईएन/सीयूएस/011 है। एसएचसीआईएल शुल्क की दर इस प्रकार है :

	इलेक्ट्रॉनिक	वास्तविक
डीमैटिरियलाइजेशन	रु. 5 प्रति प्रमाणपत्र	-
खरीद	कारोबार के मूल्य पर 5.5 आधार बिंदु	प्रति डीआईपी रु. 100
बिक्री	कारोबार के मूल्य पर 5.5 आधार बिंदु	प्रति डीआईएस रु. 100
अभिरक्षा	अभिरक्षा में आस्ति मूल्य पर 1.5 आधार बिंदु	अभिरक्षा में आस्ति मूल्य पर 8 आधार बिंदु
गैर बाजार खरीद	कारोबार के मूल्य पर 5.5 आधार बिंदु	-
गैर बाजार बिक्री	कारोबार के मूल्य पर 5.5 आधार बिंदु	-
रीमैटिरियलाइजेशन	प्रति प्रमाणपत्र रु. 15 अथवा परिवर्तन मूल्य के 15 आधार बिंदु इनमें से जो भी अधिकतम है	-

15.	**लेखा परीक्षक** मेसर्स चतुर्वेदी एंड कंपनी, सनदी लेखाकार, 60, बेंटिक स्ट्रीट, कलकत्ता 700 069 एवं मेसर्स बाटलीबॉय एण्ड पुरोहित, सनदी लेखाकार, नेशनल इंश्योरेंस बिल्डिंग, 204, डी.एन. रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 । योजना के लेखा परीक्षकों की नियुक्ति आईडीबीआई द्वारा की जाती है और वे प्रत्येक वर्ष बदले जाने के अधीन हैं।
16.	**निवेशकों की शिकायतों के निवारण का डाटा दर्शानेवाली सारणी**
17.	**जुर्माना, लंबित मुकदमा, निरीक्षणों/जांच-पड़तालों के महत्वपूर्ण निष्कर्ष** 1. भारतीय यूनिट ट्रस्ट/न्यासी मंडल या न्यासियों या मुख्य कर्मी में से किसी (विशेषत: निधि प्रबंधक) के प्रति सेबी अधिनियम या उसकी कोई विनियमों के अंतर्गत सेबी द्वारा या किसी स्टॉक एक्सचेंज द्वारा (जहां यूटीआई की योजना की यूनिटें सूचीबद्ध हैं)जुर्माना लगाने का कोई मामला नहीं है। 2. न्यासी मंडल या न्यासियों या मुख्य कर्मी सहित भारतीय यूनिट ट्रस्ट के व्यापार से संबंधित कोई महत्वपूर्ण मुकदमे की कार्यवाही लंबित नहीं है। भारतीय यूनिट ट्रस्ट, न्यासी मंडल या न्यासियों या मुख्य कर्मी के प्रति कोई अपराधिक मामला लंबित नहीं है।

	3. न तो सेबी और न ही किसी अन्य नियामक एजेन्सी ने भारतीय यूनिट ट्रस्ट के परिचालनों या सिस्टम्स में किसी कमी को पेशकश दस्तावेज़ में दर्शाए जाने की विशेष रूप से सलाह दी है। 4. भारतीय यूनिट ट्रस्ट, न्यासी मंडल/न्यासी या मुख्य कर्मी के प्रति सेबी अधिनियम और उसके अंतर्गत बनाए गए विनियमों के अधीन कोई पूछताछ/अधिनिर्णय की कार्यवाही नहीं है।
18.	**संक्षिप्त वित्तीय जानकारी देने वाली सारणी को जोड़ा गया।**

अनुबंध I

यूजीएस 10000-संशोधित किए गए / जोड़े गए प्रावधान

खंड सं.	वर्त्तमान प्रावधान	संशोधित प्रावधान
विशेषताएं मद सं.3	प्रारंभिक पेशकश अवधि के पश्चात् बिक्री एनएवी पर 3% भार डाल कर की जाएगी और पुनर्खरीद एनएवी पर होगी।	**मद सं. 5-** बिक्री एवं पुनर्खरीद मूल्य, जिस दिन आवेदन स्वीकार किया जाता है उस दिन की समाप्ति के एनएवी पर आधारित होगा। बिक्री एनएवी के 3% भार पर होगी। **मद सं. 6-** पुनर्खरीद, यूनिटों के दैनिक एनएवी पर होगी। आंशिक पुनर्खरीद की अनुमति होगी बशर्ते न्यूनतम शेष प्रति फोलियो 5000 रुपए हो।
विशेषताएं मद सं.5	आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 48 एवं 112 के अंतर्गत पूंजी वृद्धि पर कर लाभ।	**मद सं. 10** यूनिटों की पुनर्खरीद पर पूंजी वृद्धि से प्राप्त होने वाला पूंजीगत अभिलाभ, यदि कोई हो, आयकर अधिनियम 1961 की धारा 48 तथा 112 के अंतर्गत कर लाभों के अधीन होगा।
विशेषताएं मद सं.6	आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 54ईए/54ईबी के अंतर्गत निर्धारित निधि के स्रोत पर निर्भर करते हुए पूंजीगत अभिलाभ कर छूट, बशर्ते अवरुद्ध अवधि स्वीकृति तिथि से क्रमशः तीन/सात वर्ष हो।	**मद सं.11** फंड के स्रोत पर निर्भर करते हुए प्लान के अतर्गत किया गया निवेश आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 54ईए /54ईबी के अंतर्गत पूंजीगत अभिलाभ कर छूट के योग्य होगा, बशर्ते स्वीकृति तिथि से अवरुद्ध अवधि क्रमशः तीन वर्ष/सात वर्ष हो।
विशेषताएं	मद शामिल नहीं है।	निम्नलिखित को जोड़ा गया : **मद सं.3** न्यूनतम निवेश 5000 रुपए है तथा अधिकतम कोई सीमा नहीं है। एक फोलियो खाते के अंतर्गत अतिरिक्त न्यूनतम निवेश की राशि केवल 1000 रुपए है। **मद सं.4** यूनिट का अंकित मूल्य 10 रुपए है । **मद सं. 7** यदि आय का पुनर्निवेश करना हो, तो वह एनएवी पर करने की सुविधा उपलब्ध है। **मद सं. 8** इस योजना से इसी प्रकार की अन्य योजनाओं में अथवा इसके विपरित

		स्विचओवर की सुविधा समय समय पर यूटीआई द्वारा घोषित एनएवी अथवा एनएवी आधारित मूल्य पर हो सकती है। **मद सं.9** वर्तमान मे योजना द्वारा यदि कोई आय का वितरण किया जाता है, तो आयकर अधिनियम 1961 की धारा 10(33) के अंतर्गत निवेशकों के हाथ में पूर्णत: कर मुक्त होगा। इसके अतिरिक्त, यह एक सतत खुला इक्विटी उन्मुख फंड होने के कारण, आयकर अधिनियम 1961 की धारा 115 आर के अंतर्गत 31 मार्च, 2002 तक की अवधि हेतु इसे आय वितरण कर लागू नहीं होगा। **मद सं.12** प्लान के अंतर्गत यूनिटों के निवेश का मूल्य धनकर की उगाही से पूर्णत: मुक्त है। **मद सं.13** उपहार कर अधिनियम, 1958 ने 01 अक्तूबर, 1998 से या उसके पश्चात् दिए गए उपहारों के संबंध में उपहार कर की उगाही को समाप्त कर दिया है। अत: यूनिटों के उपहार पर उपहार कर की उगाही नहीं होगी।
जोखिम तत्व **मद सं.1**	योजना के यूनिटों में निवेशों पर बाजार का जोखिम होता है और योजना के शुद्ध आस्ति मूल्य (एनएवी) का ऊपर या नीचे जाना योजना के पोर्टफोलियो पर बाजार की शक्तियों के प्रभाव पर निर्भर करता है।	म्यूचुअल फंड योजनाओं व प्रतिभूतियों में किए गए निवेश पर बाजार का जोखिम होता है व योजना के तहत जारी यूनिटों के एनएवी का ऊपर या नीचे जाना प्रतिभूति बाजार को प्रभावित करने वाले तत्वों और घटकों पर निर्भर करता है ।
जोखिम तत्व	**प्रावधान नहीं किया गया।**	**मद सं. 4 डेरीवेटिव्ज :** ऑप्शन्स एवं फ्यूचर्स जैसे डेरीवेटिव प्रतिभूतियों में लेन-देन करना एक अत्यंत विशेषीकृत कार्य है एवं इसमें सामान्य निवेश के जोखिमों से कहीं अधिक जोखिम होता है । हालांकि योजना का अभिप्राय केवल पोर्टफोलियो के बचाव के उद्देश्य से ही डेरीवेटिव में लेन-देन करना है, इस खंड में समग्र बाज़ार बहुत ही अनिश्चित हो सकता है जो इस बाज़ार में अन्य प्रतिभागियों के कार्य के कारण होता है । डेरीवेटिव में लेन-देन की सफलता निधि प्रबंधक के बाजार की भावी प्रवृति का पूर्वानुमान लगाने की क्षमता पर निर्भर करती है और यदि निधि प्रबंधक अपने पूर्वानुमान में गलत होता है तो निधि

		का कार्यनिष्पादन, यदि यह निवेश योजना प्रयोग में न लाई गई होती, तो जो रहा होता, उसकी तुलना में कम हो सकता है। **मद सं.5 विदेशी बाजारों में निवेश :** विदेशी बाजारो में निवेश की सफलता निधि प्रबंधक की बाज़ार की उन परिस्थितियों एवं जानकारियों, जो भारतीय बाजारों से भिन्न हो सकती हैं, का विश्लेषण करने की योग्यता पर निर्भर करता है । जैसा कि इसमें विदेशी बाज़ारो में परिचालन शामिल है, बाजारो के जोखिमों के अलावा विनिमय दर के उतार-चढ़ाव के जोखिम भी हो सकते हैं । **मद सं.6- स्टॉक उधार देना:** यह कम से कम जोखिम के साथ योजना के लिए अतिरिक्त आय जुटाने का एक साधन है । शेयर उधार दिए जाने की अवधि के दौरान बिक्री हेतु सुलभ स्टॉक की अनुपलब्धता के रूप में जोखिम हो सकता है । योजना में उधारकर्ता / बिचौलिए द्वारा प्रतिभूतियों के पुनर्भुगतान में चूक की संभावना से स्टॉक ऋण गतिविधि के द्वारा भी जोखिम हो सकता है । हालांकि इस जोखिम को इस प्रक्रिया में सम्मिलित बिचौलिए द्वारा उधारकर्त्ता से समुचित जमानत लेकर उचित रूप से सुरक्षा प्रदान की जाएगी । यूटीआई का इस जमानत पर ग्रहणाधिकार रहेगा। यूटीआई प्रतिभूति उधार प्रक्रिया के जोखिम को न्यून करने हेतु विभिन्न स्थानों पर अन्य उचित जांच एवं नियंत्रण भी रखेगा।
यूटीआई की स्थापना एवं प्रबंधन, ट्रस्टियों की अन्य निदेशिकताएं	वर्त्तमान सूचनाओ को अनुबंध 3 के मद संख्या 9 के अंतर्गत दी गई सूचनाओं से प्रतिस्थापित किया जाएगा।	अनुबंध III की मद संख्या 9 का संदर्भ लें।
परिभाषाएं **II (क)**	"स्वीकृति तिथि" का अर्थ ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की बिक्री या पुनर्खरीद के लिए किसी आवेदक द्वारा ट्रस्ट को प्रेषित आवेदन पत्र के संदर्भ में वह तिथि है जब ट्रस्ट संतुष्ट होकर समझता है कि आवेदन सही है और उसे स्वीकार करता है;	आवेदक द्वारा ट्रस्ट को बिक्री या पुनर्खरीद हेतु जमा कराए आवेदन पत्र के संदर्भ में "स्वीकृति तिथि" का तात्पर्य उस दिन से है जिस दिन ट्रस्ट का शाखा कार्यालय यह संतुष्टि कर ले कि उक्त आवेदन पत्र व्यवस्थित है व उसे स्वीकार ले।विशेष बिक्री केन्द्रों व संग्रहण केन्द्रों द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रों के संदर्भ में स्वीकृति तिथि शाखा / रजिस्ट्रार कार्यालय में प्राप्त

		तारीख से होगी जो कि विशेष विक्रय केन्द्रों या संग्रहण केन्द्रों(टी) में प्राप्त प्रार्थना पत्र की प्राप्ति से 5 कार्यदिवसों (टी+5)में जो से जो पहले हो मानी जाएगी ।
परिभाषाएं **II (ङक)**	कोई प्रावधान उपलब्ध नहीं है।	योजना के अंतर्गत "सदस्य" के रूप में प्रयुक्त अभिव्यक्ति का अर्थ और इसमें शामिल उस आवेदक से है जिसे इस योजना में 23/04/2002 तारीख को या उससे पूर्व यूनिट आबंटित किए गए हों । "सदस्य" से तात्पर्य यूनिटधारक भी है जिसमें निक्षेपागार विधि से धारित यूनिट धारक व्यक्ति भी सम्मिलित हैं व दोनों अभिव्यक्तियों को समानार्थी रूप में पढ़ा जा सकता है ।
परिभाषाएं **II (जक)**	कोई प्रावधान उपलब्ध नहीं है।	"व्यक्ति" में ऊपर यथापरिभाषित पात्र न्यास शामिल है ।
परिभाषाएं **II (ङख)**	कोई प्रावधान उपलब्ध नहीं है।	"आरबीआई" से तात्पर्य है भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 के अंतर्गत स्थापित भारतीय रिजर्व बैंक।
यूनिटों के लिए आवेदन IV(1) (i)	निवासी अथवा अ-निवासी वयस्क व्यक्ति एकल अथवा अन्य व्यक्ति के साथ संयुक्त/अकेले अथवा उत्तरजीवी आधार पर ।	निवासी व्यक्ति या एनआरआई द्वारा एकल या अन्य व्यक्ति के साथ या दो व्यक्तियों तक संयुक्त / कोई एक या उत्तरजीवी आधार पर।
यूनिटों के लिए आवेदम IV(1)	सभी श्रेणी के भावी निवेशकों के लिए कोई प्रावधान नहीं था।	xi) सेना / नौसेना /वायु सेना /पैरामिलिट्री निधियां xii) सार्वजनिक क्षेत्र का प्रतिष्ठान(पीएसयू) xiii) वित्तीय संस्थान । xiv) सेबी में पंजीकृत विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई)
निवेश की न्यूनतम राशि V	आवेदन न्यूनतम 5,000/- रुपए की राशि के लिए और उसके बाद 1000/- रुपए के गुणकों में किया जाना चाहिए। निवेश की अधिकतम सीमा प्रति निवेश 10,000/- रुपए है। जब यूनिटें प्रारंभिक पेशकश अवधि के बाद बिक्री के लिए खुली होगी, तब यह सीमा स्थगित की जाएगी। यूनिटें दशमलवके तीन स्थानों तक अंशों में	आवेदन न्यूनतम रु. 5000/- के लिए किया जाएगा। कोई अधिकतम सीमा नहीं होगी तथा यूनिट दशमलव के बाद तीन अंकों तक आबंटित किए जाएंगे । उसी फोलियो के तहत आगामी निवेश हेतु न्यूनतम राशि रु.1000/- होगी । रु.50,000/- और उससे अधिक निवेश के मामले

	आबंटित की जाएंगी।	मे निवेशक को सलाह दी जाती है कि यदि उसका आयकर पीएएन / जीआईआर संख्या है तो तो वह उसे तथा संबंधित आयकर सर्किल के पते का उल्लेख करे ।
भुगतान की विधि **VIII(1) (i) & (ii)**	(1) (i) किसी आवेदक द्वारा आवेदित यूनिटों के लिए भुगतान आवेदन पत्र के साथ नकद, चेक या ड्राफ्ट द्वारा किया जाएगा। यदि आवेदन शाखा कार्यालयों में जमा किये जाएं, तो चेक या ड्राफ्ट उसी शहर में स्थित बैंकों की शाखा पर आहरित किये जाएं, जिस शहर में स्थित शाखा कार्यालय में आवेदन जमा किया जाता है। लेकिन, जहां आवेदक ट्रस्ट के शाखा कार्यालय/संग्रहण केंद्र/विशेष बिक्री कार्यालय/बैंक की नामित शाखा वाले स्थान से भिन्न स्थान से आवेदन करना चाहे तो आवेदित यूनिटों के लिये आवेदन पत्र के साथ देय बैंक ड्राफ्ट के लिये भारतीय बैंक संघ के दिशानिर्देशों के अनुसार देय बैंक प्रभार घटाकर आवेदित यूनिटों हेतु बैंक ड्राफ्ट ट्रस्ट को भेज सकता है। संग्रहण केंद्र/विशेष बिक्री कार्यालयों को आवेदन पत्र के साथ स्थानीय भुगतान योग्य चेकों या उन स्थानों पर भुगतान योग्य डिमांड ड्राफ्ट जहां तक योजना विकेंद्रीकृत किया गया है,को स्वीकार करने के लिए अधिकृत किया गया है। ऐसे मामलों में आवेदक भारतीय बैंक संघ के दिशानिर्देशों के अनुसार देय प्रभार घटा सकता है। उदाहरणार्थ, यदि आवेदन राशि रु.10,000/- है तो इस राशि के लिए बैंक का ड्राफ्ट प्रभार रु.20/- है। इस तरह, ड्राफ्ट रु.9,980/- (रु.10,000/- में से रु. 20/- घटाकर) के लिए बनवाया जा सकता है। ड्राफ्ट कमीशन प्रभार प्लान के आरंभिक निर्गम व्ययों का एक अंश होगा। किंतु, जहां ट्रस्ट का	(क) किसी आवेदक द्वारा आवेदित यूनिटों के लिए भुगतान आवेदन पत्र के साथ नकद राशि, चेक या ड्राफ्ट द्वारा किया जाएगा । यदि आवेदन ट्रस्ट के शाखा कार्यालयों में जमा किए जाएं, तो चेक या ड्राफ्ट उसी शहर में स्थित बैंकों की शाखा पर आहरित किए जाएं, जिस शहर में स्थित शाखा कार्यालय में आवेदन जमा किया जाता है। ख) यदि भुगतान चेक/ड्राफ्ट द्वारा किया जाए तो आवेदन की स्वीकृति ट्रस्ट के शाखा कार्यालय अथवा अधिकृत संग्रहण केंद्र द्वारा आवेदन की प्राप्ति की तिथि होगी, बशर्ते चेक / ड्राफ्ट की वसूली हो। ग) यदि योजना के अंतर्गत आवेदन राशि, न्यूनतम निवेश से कम है तो सम्पूर्ण राशि, बिना किसी ब्याज के ऐसी रीति से जैसा ट्रस्ट उचित समझे, आवेदक के खर्च पर वापस कर दी जाएगी। घ) बेहतर हो यदि अनिवासी भारतीय अपना आवेदन एनआरआई शाखा कार्यालय, मुंबई में प्रस्तुत करें अथवा ट्रस्ट की किसी शाखा में उस जगह पर देय एनआर(ई)/एनआर(ओ) चेक्स या रुपये के ड्राफ्ट सहित प्रस्तुत किया जाए।

कार्यालय/संग्रहण केंद्र/विशेष बिक्री कार्यालय है और आवेदन स्थानीय बैंक ड्राफ्ट के साथ मिला है तो बैंक ड्राफ्ट कमीशन निवेशक को ही वहन करना होगा।

(ii) यदि भुगतान चेक द्वारा किया जाए तो स्वीकृति तिथि, ट्रस्ट के शाखा कार्यालय या प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र द्वारा आवेदन प्राप्ति की तिथि होगी, बशर्ते चेक की वसूली हो।

यदि भुगतान ड्राफ्ट द्वारा किया जाए तो स्वीकृति तिथि, ऐसे ड्राफ्ट की निर्गम तिथि होगी, बशर्ते ड्राफ्ट की वसूली हो और आवेदन ट्रस्ट के शाखा कार्यालय या प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र में ड्राफ्ट जारी होने की तिथि से 7 दिनों के भीतर प्राप्त हो जाए। यदि योजना के अंतर्गत आवेदित यूनिटों के लिए भुगतान द्वारा प्रस्तुत की गई राशि आवेदित यूनिटों के लिए देय राशि के लिए पर्याप्त नहीं है, तो आवेदक को उतने कम यूनिट जारी किए जाएंगे जितने योजना के अंतर्गत जारी किए जा सकते हैं। आवेदक को देय बकाया उसके खर्चे पर ट्रस्ट द्वारा निर्धारित उचित रीति से, वापस कर दिया जाएगा।

भुगतान की विधि
VIII(1) (iii) & (iv)

(iii) प्रत्यावर्तन लाभों के साथ निवेश की विधि :

एनआरआई/ओसीबी द्वारा किए गए निवेश पर प्रत्यावर्तन का अधिकार निवेशित पूंजी और उस पर अर्जित आय तथा पूंजी वृद्धि (यदि लागू हो) पर तब तक होगा जब तक निवेशक भारत के बाहर का निवासी बना रहेगा। इन मामलों में निवेश निम्नलिखित विधियों में से किसी एक के माध्यम से किया जा सकता है।

iii) प्रत्यावर्तन लाभ सहित एनआरआई निवेश के लिए भुगतान पद्धति।

एनआरआई/ओसीबी द्वारा किए गए निवेशों को निवेशित पूंजी एवं उस पर अर्जित आय एवं पूंजी वृद्धि पर तब तक प्रत्यावर्तन का अधिकार होगा जब तक कि निवेशक भारत के बाहर निवास करेगा। इन मामलों में निवेश निम्न में से किसी एक पद्धति द्वारा किया जा सकता है:

क) किसी बैंक/ भारत के बाहर परिचालित किसी विनिमय प्रतिष्ठान द्वारा यूटीआई के पक्ष में जारी रुपयों में बैंक ड्राफ्ट जो भारत में स्थित उनके बैंक पर आहरित हो।

(क) विदेशी मुद्रा में ड्राफ्ट

(ख) यूटीआई के पक्ष में रुपये में जारी किया गया ड्राफ्ट जो उनके भारतीय संपर्ककर्ता बैंकों पर आहरित हो।

(ग) भारत स्थित बैंक में निवेशक द्वारा कायम किए गए एनआरई खाते पर आहरित चेक द्वारा।

(घ) एफसीएनआर जमाओं की राशि से जारी किए गए चेक/ड्राफ्ट द्वारा।

इसके अलावा, नेपाल और भूटान की मुद्राओं में अदायगी स्वीकार नहीं की जाती है। यूनिटों में निवेश रुपये में किया जाता है, विदेशी मुद्रा के सभी ड्राफ्टों को उस दर पर रुपये में परिवर्तित किया जाता है जो परिवर्तन के समय प्रचलित हो।

यदि कोई कमी पड़ती है, तो उसे एनआरआई निवेशक द्वारा विप्रेषण किया जाएगा।

उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए यह सलाह दी जाती है कि एनआरआई/ओसीबी निवेशक उपर्युक्त (ख) और (ग) में उल्लिखित लिखतों के द्वारा अदायगी करें।

(iv) प्रत्यावर्तन लाभों के बिना निवेश की विधि :

जहां एनआरओ खाते में धारित निधियों का उपयोग यूनिटों की खरीद के लिए किया जाता है तो इस प्रकार निवेश की गई निधियां और पूंजी वृद्धि (यदि लागू हो) भारत के बाहर प्रत्यावर्तन के लिए योग्य नहीं होगी।

ख) भारत स्थित बैंक, जिसमें निवेशक का एनआरई खाता हो, पर जारी चेक द्वारा ।

ग) निवेशक के एफसीएनआर जमा की राशि से जारी चेक/ड्राफ्ट द्वारा ।

टिप्पणी: नेपाली और भूटानी मुद्रा में भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

iv) प्रत्यावर्तन लाभ रहित एनआरआई निवेश के लिए भुगतान पद्धति ।

क) यदि एनआरओ खाते में रखी गई राशि का यूनिटें खरीदने के लिए उपयोग किया गया हो तो पूंजी वृद्धि (कोई हो तो) भारत के बाहर प्रत्यावर्तन के लिए पात्र नहीं होगी। इसी प्रकार जब निवेशक भारतवासी था तब यूनिटें रुपये में खरीदी हों एवं इसके बाद वह अनिवासी हो गया हो तो उस निवेश की बिक्री से प्राप्त राशि पर प्रत्यावर्तन लाभ की पात्रता नहीं होगी।

ख)आरबीआई. के दिनांक 19 अगस्त, 1994 के परिपत्र एडी (एम.ए. सीरीज़)सं18 के अनुसार वित्तीय वर्ष 1996-97 एवं उसके बाद अर्जित निवेश पर आय वितरण पूर्णतया प्रत्यावर्तन लाभ के लिए पात्र होगा ।ऐसे मामलों में यूटीआई एनआरओ खाते में भुगतान जमा करेगा। जो निवेशक यूनिटों के आय वितरण पर विप्रेषण विदेश में चाहते हैं उन्हें सलाह दी जाती है कि वे अपने बैंक/कर सलाहकार से संपर्क करें।

	तथापि भा.रि. बैंक के दिनांक 19 अगस्त, 1994 के परिपत्र ए.डी. (एम.ए.शृंखला) सं. 18 के अनुसार वित्तीय वर्ष 1996-97 के दौरान और उसके उपरांत अर्जित सम्पूर्ण आय पूर्ण प्रत्यावर्तन के योग्य होगी । जबकि इन मामलों में यूटीआई-एनआरओ खाते मे जमा करने के लिए रुपये में अदायगी करेगा। निवेशकों को यह सूचना दी जाती है कि यदि वे यूनिटों पर आय का प्रेषण प्राप्त करना चाहते हों तो अपने बैंक/कर सलाहकार से संपर्क करें।	
विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा भुगतान की विधि VIII (v)	कोई प्रावधान नहीं था ।	विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा भुगतान भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अनुमोदित प्राधिक3त बैंकों/अधिकृत डीलरों के यहां खोले गए विशेष अनिवासी रुपया खाता में डेबिट के जरिए भुगतान किया जाना चाहिए।
आवेदन स्वीकृत या अस्वीकृत करने का ट्रस्ट का अधिकार VIII (2)(क)(i)	यदि आवेदन रु. 5000/- की न्यूनतम निवेश राशि से कम के लिए प्राप्त हुआ हो,	यदि प्रारंभिक निवेश के लिए आवेदन रु. 5000/- की न्यूनतम निवेश राशि से कम एवं उसके बाद प्रति फोलियो रु.1000/- से कम के लिए प्राप्त हुआ हो।
आवेदन स्वीकृत या अस्वीकृत करने का ट्रस्ट का अधिकार VIII (2)(क)(iv)	कोई प्रावधान नहीं था ।	पहले आवेदक के बैंक विवरण से रहित किसी भी आवेदन को अस्वीकृत किया जा सकता है।
भुगतान की विधि VIII (3) आखिरी से दूसरा अनुच्छेद	ट्रस्ट को अधिकार होगा कि वह ऐसी स्थिति में 25% दण्ड के तौर पर घटाने के बाद सममूल्य पर या ट्रस्ट द्वारा निर्धारित मूल्य पर यूनिटों की पुनर्खरीद करे और शेष वापस करे। योजना के अंतर्गत यूनिटों की प्रारंभिक	ऐसी स्थिति में ट्रस्ट को यह अधिकार होगा कि वह ऐसे यूनिटों की पुनर्खरीद अंकित मूल्य या एनएवी, जो भी कम हो, पर कर ले और इसमें से दण्ड के रूप में ऐसी राशि का 25% या ऐसी राशि जिसे ट्रस्ट निश्चित करे, काट ले और शेष राशि संबंधित व्यक्ति को वापस कर दे ।

यूनिटों की बिक्री IX

अधिमान पेशकश 15 अप्रैल, 1998 से 29 मई, 1998 (दोनों दिन शामिल) तक खुली रहेगी। यह निधि नई बिक्री हेतु, जैसा कि ट्रस्ट द्वारा निर्धारित किया गया हो, आवधिक अंतराल पर 6 माह बाद किसी भी समय, खुली रहेगी।

प्रारंभिक पेशकश की अवधि के दौरान यूनिटों की बिक्री सममूल्य पर होगी। तत्पश्चात् बिक्री साप्ताहिक एनएवी पर 3% भार डालकर होगी। यूनिटों की बिक्री हेतु लागू साप्ताहिक एनएवी की गणना पूर्व सप्ताह के एनएवी पर आधारित होगी। ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की बिक्री हेतु संविदा स्वीकृति तिथि को समाप्त समझी जाएगी।ऐसी बिक्री-संविदा की समाप्ति पर ट्रस्ट जितना जल्दी संभव हो सके। आवेदक को यूनिट प्रमाणपत्र जारी करेगा जो इस बात का सबूत होगा कि उसे योजना में यूनिटधारक के रूप में प्रवेश दिया गया है । ट्रस्ट द्वारा पात्र न्यास, फर्म अथवा निगमित निकाय को जारी किया गया यूनिट प्रमाणपत्र पात्र न्यास/फर्म/निगमित निकाय के नाम पर बनाया जाएगा। इस तरह से प्रेषित यूनिट प्रमाणपत्र के खो जाने, क्षतिग्रस्त हो जाने, गलत डिलिवरी या डिलिवरी नहीं होने का कोई दायित्व ट्रस्ट पर नहीं होगा। ट्रस्ट यूनिट प्रमाणपत्र, यूनिटों की प्रारंभिक पेशकश की समाप्ति तिथि से 6 सप्ताह अथवा स्वीकृति तिथि से 6 सप्ताह के भीतर जैसा भी मामला हो, भेजेगा।

क) फंड बिक्री और पुनर्खरीद के लिए माह के पहले सोमवार से इसके ठीक बाद के सोमवार या ऐसी अवधि के लिए जैसा कि ट्रस्ट द्वारा तय किया जाए खुलेगी। ट्रस्ट के शाखा कार्यालयों में आवेदन केवल उन्हीं दिनों में स्वीकार किए जाएंगे जो दिन संबंधित शाखा कार्यालय के लिए कार्यदिवस हों। यूनिटों का बिक्री मूल्य आवेदन की स्वीकृति की तिथि के दिन कार्य की समाप्ति के समय के एनएवी के 3% भार पर होगा। यूनिटों की बिक्री के लिए संविदा स्वीकृति तिथि पर निर्णीत मानी जाएगी। बिक्री संविदा के इस प्रकार निर्णीत हो जाने पर, ट्रस्ट इसके बाद जितनी जल्दी संभव हो, आवेदक को इस आशय की लेखा विवरणी जारी करेगा। ट्रस्ट द्वारा पात्र संस्था,फर्म अथवा निगमित निकाय को जारी लेखा विवरणी पात्र संस्था,फर्म अथवा निगमित निकाय के नाम पर बनाई जाएगी। ट्रस्ट इस प्रकार भेजी गई लेखा विवरणी के खो जाने , क्षतिग्रस्त हो जाने, या गलत जगह पर पहुँच जाने या प्राप्त न होने के लिए उत्तरादायी नहीं होगा ।

ख) यूटीआई शाखा/कार्यालय या रजिस्ट्रार कार्यालय में दोपहर 2.00 बजे तक बिक्री / पुनर्खरीद के लिए प्राप्त एवं स्वीकार किए गए आवेदनों के संबंध में (कृपया III (1) देखें) लागू एनएवी उसी दिन की एनएवी होगी। दोपहर 2.00 बजे के बाद प्राप्त एवं स्वीकार किए गए सभी आवेदन, अगले कार्य दिवस के एनएवी द्वारा नियंत्रित होंगे।

ग) अपेक्षित कागजात के साथ गैर वैयक्तिक आवेदन केवल ट्रस्ट के कार्यालयों में ही स्वीकृत किए जाएंगे।

घ) ट्रस्ट आवेदन की स्वीकृति की तारीख से 6 सप्ताह के भीतर लेखा विवरणी भेजेगा।

यूनिटों की पुनर्खरीद X(3)

पुनर्खरीद यथोचित रूप से उन्मोचित यूनिट प्रमाणपत्र प्राप्त होने पर प्रभावी होगी।

पुनर्खरीद, पुनर्खरीद कंपोजिट सर्विसेज फार्म में दी गई पुनर्खरीद पर्ची/विधिवत् प्रभारित यूनिट प्रमाणपत्र के प्राप्त होने पर प्रभावी होगी।

यूनिटों की पुनर्खरीद X(6)	आंशिक पुनर्खरीद की अनुमति होगी बशर्ते, यूनिटधारक न्यूनतम शेष रु. 5000/- (अंकित मूल्य) कायम रखे।	आंशिक पुनर्खरीद की अनुमति है बशर्ते निवेशक पुनर्खरीद आवेदन की स्वीकृति की की तारीख को लागू पुनर्खरीद के आधार पर परिकलित प्रति फोलियो रु 5000/- का न्यूनतम शेष बरकरार रखे।
यूनिटों की पुनर्खरीद खंड X(9)	कोई प्रावधान नहीं।	एफआईआई के मामलों में पुनर्खरीद राशि विशेष अनिवासी रुपया खाते में या समय समय पर सेबी/आरबीआई द्वारा जारी अनुदेशों के अनुसार जमा कराए जाएंगे।
स्विचओवर XII	कोई प्रावधान नहीं।	i) इस योजना के अंतर्गत सदस्यों को अपने निवेश को अन्य इक्विटी योजना में एवं विलोमत: स्विच ओवर की अनुमति होगी जो ट्रस्ट द्वारा समय समय पर दी जाती है। इस तरह के मामले में वे लेखा विवरणी या विधिवत् हस्ताक्षरित यूनिट प्रमाणपत्र, जैसा भी मामला हो, जमा करा कर स्विच ओवर के लिए आवेदन कर सकते हैं। ii) स्विच ओवर ट्रस्ट द्वारा किए गए निर्णयानुसार, एनएवी या एनएवी आधारित मूल्य पर होगा। iii) ट्रस्ट द्वारा समय समय पर की जाने वाली घोषणा के अनुसार इस योजना से अन्य इक्विटी योजना में एवं विलोमत: स्विच ओवर की अनुमति होगी बशर्ते निवेशक दोनों योजनाओं में न्यूनतम धारिता सीमा की शर्त का पालन करता हो। यूनिट प्रमाणपत्र / लेखा विवरणी को रद्द करने के लिए ट्रस्ट अपने पास रख लेगा एवं जैसा भी मामला हो, उसके अनुसार दोनों योजनाओं के लिए नई लेखा विवरणी जारी करेगा। iv) आयकर अधिनियम 1961 की धारा 54ईए/54ईबी के अंतर्गत कर में छूट के प्रयोजन से किए

		गए निवेश पर क्रमश: 3 एवं 7 वर्ष की अवरुद्ध अवधि से पूर्व स्विच ओवर की अनुमति नही होगी ।
बिक्री एवं पुनर्खरीद मूल्य का प्रकाशन XII	ट्रस्ट जितना जल्दी संभव हो, बिक्री एवं पुनर्खरीद मूल्य को निर्धारण करने के बाद उन्हें प्रकाशन हेतु प्रेस को जारी करेगा।	XIII ट्रस्ट, बिक्री और पुनर्खरीद मूल्य निर्धारित करने के बाद, इसे प्रकाशन के लिए दैनिक रूप से भेजेगा।
खाता विवरणी **खंड XIII के रूप में एक नया खंड जोड़ा जाएगा ।**	खंड XIII (**यूनिट प्रमाणपत्र का फार्म**) और खंड XV (**यूनिट प्रमाणपत्र के कट-फट जाने, विरूपित हो जाने, खो जाने आदि की स्थिति में प्रक्रिया**) के अंतर्गत विद्यमान प्रावधान को "खाता विवरणी" शीर्षकयुक्त नए खंड XIV से प्रतिस्थापित किया जाएगा।	1) ----/---/--- को व उसके पश्चात् बेचे गए यूनिटों हेतु आवेदन पत्र स्वीकार किए जाने के 6 सप्ताह से पूर्व ट्रस्ट लेखा विवरणी जारी करेगा । 2) प्रत्येक सदस्य को नीचे दिए XXIV(क) व XXIV(ख) के अनुसार किसी भी अतिरिक्त पुनर्खरीद या आंशिक पुनर्खरीद या स्विचओवर या हस्तांतरण पर या निक्षेपागार विधि से धारित यूनिट का रीमैटिरियलाइजेशन करने पर प्रत्येक सदस्य को अद्यतन लेखा विवरणी भेजी जाएगी । 3) अनिवासी भारतीय लेखा विवरणी के प्रेषण हेतु निम्न में से किसी एक विधि का चयन कर सकते हैं i)आवेदक के भारतीय / विदेशी पते पर अथवा ii)अनिवासी भारतीय निवेशक के भारत में रिश्तेदार के पते पर 4) एफआईआई के मामले में लेखा विवरणी उनके वैश्विक अभिरक्षकों को या आवेदन में दिए गए पते पर भेजा जाएगा। 5) यदि सदस्य की इच्छा हो तो उसे लेखा विवरणी की जगह यूनिट प्रमाणपत्र जारी किए जाने के उसके अनुरोध के प्राप्त होने की तिथि से छ: सप्ताह के भीतर यूनिट प्रमाणपत्र भेजा जाएगा। 6) यूनिट प्रमाणपत्र एवं लेखा विवरणी दोनों ही निवेशक के योजना मे शामिल होने के वैध प्रमाण हैं

		लेखा विवरण / यूनिट प्रमाण पत्र के फट जाने, खराब हो जाने, खो जाने की स्थिति में दूसरा विवरण / प्रमाण पत्र जारी किया जाना उपरोक्त मामलों में साधारण निवेदन पर लेखा विवरणी जारी कर दी जाएगी।
यूनिटधारकों की पंजी XVI(6)	प्रावधान विद्यमान नहीं है।	उपरोक्त प्रावधान 'लेखा विवरणी' और 'सदस्य' से संबंधित यूनिटों पर यथोचित परिवर्तनों के साथ लागू होगा।
यूनिटधारकों द्वारा नामांकन XVIII	नामांकन सुविधा केवल व्यक्तियों के लिए अपनी ओर से अर्थात् अकेले या दो व्यक्तियों तक संयुक्त रूप से आवेदन करने पर उपलब्ध है। आवेदक एक व्यक्ति को नामांकित कर सकता है। नाबालिग और अनिवासी भारतीय भी नामित किए जा सकते हैं। योजना के चालू रहने के दौरान आवेदक नामांकन में कभी भी परिवर्तन कर सकता है। परंतु यह भी कि नाबालिगों, हिंदू अविभक्त परिवारों, भागीदारी संस्थाओं, पात्र न्यासों, समितियों और निगमित निकायों की ओर से आवेदन करने वाले व्यक्ति नामांकन नहीं कर सकते। (2) रजिस्ट्रार ऐसे निर्देशों और योजना के प्रावधानों के अधीन निर्धारित फार्म जारी कर सकते हैं और उपरोक्त उपखण्ड (1) के अधीन निर्धारित फार्म में नामांकन स्वीकार कर सकते हैं और उसे पंजीकृत कर सकते हैं। वे ऐसे निर्देशों के अधीन ऐसे नामांकनों में विभिन्नता, संशोधन अथवा परिवर्तन और उनका पंजीकरण भी कर सकते हैं। अन्य प्रावधान विनियमों में किए गए प्रावधानों की सीमा तक होंगे।	i) नामांकन सुविधा केवल अपनी ओर से आवेदन करने वाले व्यक्ति अर्थात् एकल या संयुक्त रूप से दो तक के लिए उपलब्ध है। ii) केवल एक व्यक्ति नामित किया जा सकता है। iii) अवयस्क अनिवासी भारतीय भी नामित किए जा सकते हैं। iv) अनिवासी भारतीय का नामांकन भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा समय समय पर निर्धारित अपेक्षाओं के अनुरूप किया जाएगा। v) निवेश के जारी रहने के दौरान नामांकन में किसी भी समय परिवर्तन किया जा सकता है। vi) आवेदक, जो नाबालिग की ओर से विधिक अभिभावक या माता-पिता है तथा पात्र संस्था, समिति, निगमित निकाय, एचयूएफ और भागीदारी फर्म को नामांकन करने का अधिकार नहीं होगा। vii) अन्य प्रावधान विनियमों में उपलब्ध कराई गई सीमा तक रहेंगे। viii) सदस्य को सांविधिक नामांकन की सुविधा भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 की धारा

		39ए के अंतर्गत उपलब्ध है। तदनुसार, जहां यूटीआई सामान्य विनियम, 1964 के अनुसार किसी यूनिट के संदर्भ में नामांकन किया गया है, सदस्य की मृत्यु के उपरांत यूनिट के संबंध में देय राशि पर नामिती का अधिकार होगा तथा किसी अधिकार, टाइटल, दावा तथा अन्य व्यक्ति के हित की शर्तों के अधीन या उपरोक्त यूनिटों के संदर्भ में ऐसे विनियमों में उल्लिखित एवं उपरोक्त यूनिटों के संदर्भ में किसी प्रभार या किसी भार ग्रस्तता की शर्त के अधीन नामिती को एक लेखा विवरणी जारी किया जाएगा। उपरोक्त अनुसार ट्रस्ट द्वारा किया गया भुगतान कथित यूनिटों के संदर्भ में सभी देयताओं से ट्रस्ट के लिए पूर्ण उन्मोचन होगा ।
सदस्य की मृत्यु **XIX (1) पहला अनुच्छेद**	यूनिटों के संयुक्त धारिता के मामले में प्रथम धारक की मृत्यु हो जाने पर ट्रस्ट द्वारा दूसरे नामित यूनिटधारक को योजना के यूनिटों के हकदार होने या उनके हिताधिकारी होने की मान्यता दी जाएगी।	यूनिटों की संयुक्त धारिता की स्थिति में प्रथम धारक की मृत्यु होने पर योजना की यूनिटों में दूसरे यूनिटधारक का हक या हित माना जाएगा। दोनों ही यूनिटधारकों की मृत्यु हो जाने पर योजना की यूनिटों में जीवित धारक का हक या हित माना जाएगा।
आय वितरण **XX**	क) सामान्यतः योजना के अंतर्गत कोई आय वितरण नहीं होगा। वृद्धि को शुद्ध आस्ति मूल्य में दर्शाया जाएगा। हालांकि ट्रस्ट के पास भविष्य में आय वितरण का अधिकार सुरक्षित है। ख) जब कभी आय का वितरण किया जाएगा, निवेशकों को दो विकल्प होंगे - i) आय विकल्प : योजना के अंतर्गत घोषित आय वितरण यूनिटधारकों को वितरित किया जाएगा। ii) पुनर्निवेश विकल्प : पुनर्निवेश विकल्प के अंतर्गत घोषित आय वितरण का ट्रस्ट द्वारा निर्धारित मूल्य पर यूनिटों में पुनर्निवेश किया जाएगा। यूनिओ का भिन्न	क) यद्यपि चूंकि इस योजना का उद्देश्य संवृद्धि है, फिर भी ट्रस्ट, योजना के अंतर्गत आय पर निर्भर करते हुए समय समय पर आय वितरण घोषित कर सकता है। ख) ऐसे सदस्य जिनके नाम, आय वितरण घोषित करने से पूर्व बही बंद करने पर पंजीकृत होंगे वे योजना के अंतर्गत वितरित आय प्राप्त करने के लिए पात्र होंगे । ग) जहां ईसीएस की सुविधा है वहां इस योजना के अंतर्गत आय वितरण ईसीएस के माध्यम से या ट्रस्ट द्वारा पूर्व भुगतान के लिए की गई व्यवस्था वाले विनिर्दिष्ट बैंक/बैंकों की शाखाओं पर भुनाए जाने वाले चेक या वारंट के माध्यम से किया

में दशमलव के तीन स्थानो तक आबंटन किया जाएगा।

तदनुसार यूनिटधारक को एक लेखा विवरणी भेज कर उसकी यूनिटधारिता की स्थिति की उसे सूचना दी जाएगी।

ग) यूनिटधारकों को आय वितरण वारंटों का प्रेषण आय वितरण की घोषणा के 42 दिनों के भीतर किया जाएगा।

घ) ऐसे यूनिटधारक जिनके नाम योजना द्वारा आय वितरण की घोषणा से पूर्व रजिस्टर की बंदी के समय रजिस्टर में दर्ज हो, इस प्रकार घोषित आय प्राप्त करने के हकदार होंगे।

ङ) वितरित आय का भुगतान यूजीएस 10000 द्वारा अपने बैंकों पर आहरित चेक या आय वितरण वारंट द्वारा या ईसीएस के माध्यम से
किया जाएगा।

निवेशकों का बैंक विवरण

निवेशकों के लिए आवेदन पत्र में उचित स्थान पर बैंक का पूरा ब्यौरा जैसे खाता की प्रकृति, खाता संख्या, निवेशक का नाम और उसका बैंक ब्यौरा देना जरूरी है। ऐसी स्थिति में चेक निवेशक के नाम से बना कर उसके खाते में जमा किए जाने के लिए भेज दिए जाएंगे।

बैंक विवरण रहित कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

इलेक्ट्रॉनिक समाशोधन सेवा :

हाल ही में, भारतीय रिजर्व बैंक ने समाशोधन गृह के जरिए एक नई अवधारणा इलेक्ट्रॉनिक समाशोधन सेवा (ईसीएस) आरंभ की है जिससे कागज के लिखतों को जारी करने तथा उनको संभालने की आवश्यकता का निराकरण किया जाए और इस प्रकार ग्राहक सेवा में सुधार करके उसे सुविधाजनक बनाया जा सके। इस संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार निवेशक से अपेक्षित है कि वह ईसीएस हेतु अपना अधिदेश आवेदन पत्र में दिए गए

जाएगा।

घ) यदि आय वितरण की घोषणा की जाती है, तो आय वितरण वारंटों का प्रेषण आय वितरण की घोषणा किए जाने की तिथि से 42 दिनों के भीतर किया जाएगा।

ङ) वितरित आय का पुनर्निवेश :

सदस्य,योजना द्वारा घोषित आय वितरण,यदि कोई हो,का और यूनिटों में निवेश के विकल्प का प्रयोग कर सकते हैं। ऐसे विकल्प का प्रयोग करने पर उनकी यूनिटधारिता पर सम्पूर्ण आय,कर कटौती के पश्चात् ,यदि कोई हो, उपरोक्त खण्ड IX (ग) में बताए गए अनुसार सदस्य को भुगतान करने के बजाए,एनएवी पर योजना की ओर यूनिटों में पुनर्निवेशित की जाएगी और उसके फोलियो में जमा की जाएगी। इस प्रकार जमा किए जाने के बाद एक नई लेखा विवरणी जारी की जाएगी।

घ) निवेशकों के बैंक विवरण और *इलेक्ट्रॉनिक समाशोधन सेवा :*

i) आय वितरण वारंटों/पुनर्खरीद चेकों/परिपक्वता चेकों के कपटपूर्ण तरीके से भुनाने से बचने के लिए सेबी ने निवेशकों के हित में आवेदन पत्र में उपयुक्त स्थान पर बैंक ब्यौरे देना अनिवार्य कर दिया है। बैंक ब्यौरे के बिना आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। तदनुसार,नीचे मद (i) (ख) में दिए गए ग्यारह शहरों में न रहने वाले आवेदकों से निवेदन किया जाता है कि वे रिकार्ड हेतु आवेदन पत्र तथा पावती रसीद के उपयुक्त स्थान पर अपने बैंक खाते (अर्थात खाते का प्रकार,खाता संख्या और बैंक का नाम) का पूरा ब्यौरा दें। तब आय वितरण वारंट/पुनर्खरीद चेक,इस प्रकार निर्दिष्ट बैंक ब्यौरे के साथ खाते में जमा करने के लिए

प्रारूप के अनुसार उसमें सभी विवरण पूरा करके प्रस्तुत करें। इससे ट्रस्ट को निवेशक के संबंधित बैंक खाते में आय की राशि अतिशीघ्र जमा करने में सहायता मिलेगी ।

जो आवेदक यह सुविधा प्राप्त करना चाहते हैं वे आवेदन पत्र में अपने बैंक का नाम और पता, खाते का प्रकार और नंबर, 9 अंकों वाली बैंक एवं शाखा कूट संख्या इत्यादि भरें।

यद्यपि इस सुविधा का लाभ प्राप्त करना अनिवार्य नहीं है।

यदि इस सुविधा पर मिली प्रतिक्रिया इसके संचालन हेतु पर्याप्त नहीं है या कोई अन्य कारण से इसका संचालन नहीं किया जा सके तो "ईसीएस" के अंतर्गत आय का भुगतान करने के बजाय ट्रस्ट उपरोक्तानुसार आय वारंट जारी करके आय की अदायगी कर सकता है।

सदस्य के नाम जारी कर उसे भेजे जाएंगे।

ii) वर्तमान में ईसीएस सुविधा मुंबई/कलकत्ता/चेन्नई/नई दिल्ली/ अहमदाबाद/बड़ौदा/पुणे/भुवनेश्वर/बंगलोर / हैदराबाद और जयपुर में रहने वाले निवेशकों को संबंधित केन्द्रों पर उनके बैंक खाते में सीधे क्रेडिट के लिए उपलब्ध कराई गई है और जहां एकल लिखत की राशि रु. 5,00,000 से अधिक न हो। निवेशकों को उनके बैंक खाते में क्रेडिट के ब्यौरे देते हुए एक विवरणी दी जाएगी।

iii) निवेशक की बैंक शाखा उसके खाते में जमा करेगी और जमा प्रविष्टि को पास बुक/बैंक खाते की विवरणी में 'ईसीएस' से निर्दिष्ट करेगी। आवेदक से अनुरोध किया जाता है कि वह आवेदन पत्र में अपने बैंक का नाम और पता, खाते का प्रकार और संख्या, 9 अंकों वाली बैंक एवं शाखा एमआईसीआर कोड संख्या का विवरण दें।

iv) यदि इस सुविधा पर मिली प्रतिक्रिया इसके संचालन हेतु पर्याप्त नहीं है या कोई अन्य कारण से इसका संचालन नहीं किया जा सके तो "ईसीएस" के अंतर्गत आय का भुगतान करने के बजाय ट्रस्ट उपरोक्तानुसार आय वारंट जारी करके आय की अदायगी कर सकता है।

छ) एनआरआई/ ओसीबी निवेशकों को आय वितरण

एनआरआई/ ओसीबी निवेशकों को आय वितरण विदेशी मुद्रा नियंत्रण विनियमों के अनुसार अदा किया जाएगा। आय के भुगतान की वर्तमान स्थिति इस प्रकार है :

i) वारंट सदस्य के नाम जारी किया जा सकता है तथा सदस्य के

एनआरई/एनआरओ खाते में जमा करने के लिए उसके किसी ऐसे रिश्तेदार को भेजा जा सकता है जो भारत का निवासी हो, जैसा भी मामला हो।

अथवा

ii) वारंट किसी ऐसे रिश्तेदार के नाम जारी किया जा सकता है जो भारत का निवासी है तथा उसके खाते में जमा करने के लिए उसे भेजा जाएगा।

(ज) ईसीएस सुविधा उन एनआरआई निवेशकों को भी उपलब्ध है जिनका मुंबई में अपना स्वयं का बैंक खाता है। वे एनआरआई निवेशक जो अपने निवासी रिश्तेदार के खाते में आय वितरण क्रेडिट करना चाहते हैं ईसीएस सुविधा उप खण्ड IX (ङ) (ii) में दर्शाए स्थानों पर उन्हें भी उपलब्ध हो सकती है।

इस योजना से संबंधित आस्तियों का मूल्यांकन XXI	वर्तमान प्रावधानों को अनुबंध III के मद संख्या 6 में दिए गए प्रावधानों से प्रतिस्थापित किया जाएगा।	अनुबंध III की मद सं.6 का संदर्भ लें।
शुद्ध आस्ति मूल्य (एनएवी) का अभिकलन और प्रकटीकरण XXII	योजना के अंतर्गत जारी यूनिटों के शुद्ध आस्ति मूल्य का परिकलन योजना के उपबंधों और उपबंधों को ध्यान में रखते हुए योजना की आस्तियों के मूल्य को निर्धारित कर और योजना की देयताओं को घटाकर किया जाएगा। प्रति यूनिट शुद्ध आस्ति मूल्य का परिकलन योजना के एनएवी में उस तिथि को जारी और बकाया यूनिटों की कुल संख्या से भाग दे कर किया जाएगा। अभिदान बंद होने के छः माह के भीतर और उसके बाद साप्ताहिक आधार पर शुद्ध आस्ति मूल्य (पूर्ववर्ती आधार पर) समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु जारी किया जाएगा।	योजना के अंतर्गत जारी यूनिटों के शुद्ध आस्ति मूल्य का परिकलन योजना के उपबंधों और उपबंधों को ध्यान में रखते हुए योजना की आस्तियों के मूल्य को निर्धारित कर और योजना की देयताओं को घटाकर किया जाएगा। प्रति यूनिट शुद्ध आस्ति मूल्य का परिकलन योजना के एनएवी में उस तिथि को जारी और बकाया यूनिटों की कुल संख्या से भाग दे कर किया जाएगा। एनएवी दैनिक आधार पर प्रकाशन हेतु प्रेस को जारी किया जाएगा। ट्रस्ट ने बाकायदा एक प्रेस विज्ञप्ति दे कर 29 नवंबर 1999 से परवर्ती आधार पर एनएवी की घोषणा शुरू की है।
योजना के प्रयोजनार्थ ट्रस्टों को स्वीकृति और मान्यता नहीं दिया जाना XXIII		खंड XXIII के अंत में निम्नलिखित वाक्य को जोड़ा जाएगा -- " उपरोक्त प्रावधान 'लेखा विवरणी' और 'सदस्य' द्वारा बताए गए यूनिटों पर यथोचित परिवर्तनों सहित लागू होंगे।"
यूनिटों का अंतरण/गिरवी रखा जाना/समनुदेशन XXIV	इस योजना के अंतर्गत यूनिटों के अंतरण/गिरवीकरण/समनुदेशन की अनुमति प्रारंभिक पेशकश अवधि की समाप्ति से छः महीने बाद दी जाएगी। इस योजना के अंतर्गत जारी तथा बकाया सभी यूनिट निम्न शर्तों के अधीन, मुक्त रूप से अंतरणीय होंगे : (क) इस योजना के	योजना के अंतर्गत जारी की गई और बकाया सभी यूनिटें 22/02/2000 से अंतरणीय हैं। **अंतरण की सुविधा - इस पेशकश दस्तावेज के अनुसरण में जारी की गई यूनिटें.** निम्नलिखित अपवाद की शर्त के अधीन सदस्यों को सदस्यों को जारी की गई लेखा विवरणी के अंतर्गत जारी की गई यूनिट अंतरणीय नहीं है चूंकि योजना एक इंटरवल फंड है, यूनिटें नियमित आदार पर एनएवी आधारित मूल्य/ एनएवी पर

प्रावधानों के अनुसार जारी यूनिट प्रमाणपत्र परक्राम्य है और जैसा कि इस योजना के प्रावधानों के खण्ड IV में उल्लेख किया गया है इसे व्यक्तिगत, व्यक्त या अन्य श्रेणियों को अंतरित किया जा सकता है।

इस योजना के अंतर्गत अंतरण विलेख की स्वीकृति एवं यूनिटधारक का अंतरिती के रूप में प्रवेश पूर्णतः न्यास के अधिकार के अधीन होगा।

(ख) यूनिटधारण करने की क्षमता रखनेवाले अंतरणकर्ता और अंतरिती के द्वारा और बीच अंतरण प्रभावकारी होगा। किसी अन्य अंतरण को मान्यता देने के लिए योजना बाध्य नहीं होगा।

(ग) संबंधित यूनिट प्रमाणपत्रों के साथ अंतरण दस्तावेज तथा ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर निर्धारित शुल्क इस कार्य हेतु नियुक्त किए गए रजिस्ट्रार के किसी भी कार्यालय में प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

(घ) ट्रस्ट के किसी भी कार्यालय में प्रस्तुत या कार्यालय द्वारा स्वीकृत अंतरण संलेख नजदीक के रजिस्ट्रार के कार्यालय में अग्रेषित किए जाएंगे।

(ड.) प्रत्येक अंतरण लिखत पर अंतरणकर्ता तथा अंतरिती के हस्ताक्षर होंगे और रजिस्ट्रार द्वारा अंतरिती का नाम धारकों के रजिस्ट्रर में दाखिल करने तक अंतरणकर्ता को ही यूनिट का धारक समझा जाएगा।

(च) अंतरणकर्ता के स्वस्वाधिकार या उसके यूनिटों का अंतरण करने के अधिकार के समर्थन में रजिस्ट्रार ऐसा कोई सबूत मांग सकते हैं जो उन्हें

बिक्री पुनर्खरीद के लिए उपलब्ध हैं। हालांकि यदि कोई व्यक्ति कानूनी मान्यता के द्वारा या गिरवीकरण (जैसा कि नीचे 'ग' में दिया गया है)लागू होने के कारण या मृत्यु, दिवालियापन या संयुक्त धारक के समाप्त होने के कारण यूनिटों का धारक हो जाता है तो ऐसे प्रमाण प्रस्तुत किए जाने पर यदि इच्छुक अंतरिती अन्यथा यूनिट धारण करने के लिए पात्र है तो ट्रस्ट ऐसे अंतरण को लागू करेगा।

ख) यूनिटों का गिरवीकरण / समनुदेशन : सदस्य ऋण प्राप्त करने के लिए बैंकों अन्य वित्तीय संस्थानों के पक्ष में यूनिटों को गिरवी रख सकते हैं/उनका समनुवेशन कर सकते हैं। ट्रस्ट द्वारा अपेक्षित निर्धारित फार्म भर कर / औपचारिकताएं पूरी करने के बाद यूनिटों को गिरवी रखा जा सकता है।

ट्रस्ट गिरवी रखे गए यूनिटों के विरूद्ध गिरवी/प्रभार/लियन रिकार्ड करेगा। गिरवी रखने वाला इस प्रकार गिरवी रखे गए यूनिटों को तब तक नहीं भुना सकता है जब तक कि वे बैंक/वित्तीय संस्थान जिनके पास यूनिटें गिरवी रखी गई हैं ट्रस्ट को इस बात के लिए लिखित रूप से अधिकृत करें गिरवी प्राप्त करने वाले बैंक/वित्तीय संस्थानों को ऐसी यूनिओं को भुनाने का पूरा अधिकार होगा।

आवश्यक लगे।

(छ) यदि यूनिट प्रमाणपत्र खो गया हो, चुरा लिया गया हो, नष्ट हो गया हो तो कुछ अपेक्षाओं, जिन्हें रजिस्ट्रार जरुरी समझे को पूरा करने के बाद मूल यूनिट प्रमाणपत्र की प्रस्तुति के संबंध में रजिस्ट्रार छूट देंगे।

(ज) यूनिटों के अंतरण का पंजीकरण होने पर अंतरण के सभी लिखत और यूनिट प्रमाणपत्र रजिस्ट्रार के पास रहेंगे।

(झ) अंतरण को मान्यता देने तथा पंजीकृत करने वाले रजिस्ट्रार, उक्त अंतरण एवं प्रमाणपत्रों तथा वारंटों को जारी करने के संबंध में देय प्रभारों की अदायगी तथा वसूली के बाद, मूल या नया यूनिट प्रमाणपत्र अंतरिती को जारी करेंगे।

(ञ) यदि कोई अंतरिती अधिकारिक क्षमता के कारण विधि के परिचालन से या गिरवी लागू होने पर अनुसूचित बैंक यूनिटों का धारक बन जाता है तो इच्छुक अंतरिती यूनिटों के धारण के लिए अन्यथा पात्र होने पर रजिस्ट्रार ऐसे साक्ष्य जिसे पर्याप्त समझें, के प्रस्तुतीकरण के अधीन अंतरण प्रभावी करेंगे।

(ट) इसमें ऊपर उल्लिखित प्रावधानों के अधीन ट्रस्ट अंतरण को पंजीकृत करेगा और यूनिट प्रमाणपत्र दाखिल करने की तिथि से 30 दिनों के भीतर अंतरिती को लाभांश वारंट, यदि कोई हो, सहित यूनिट प्रमाणपत्र अंतरण संबंधी सभी लिखतों के साथ वापस करेगा।

निवेश उद्देश्य एवं नीतियां XXV (i) से (viii)	निवेश उद्देश्य एवं नीतियां तथा अंतर योजना अंतरण के संबंधमें वर्तमान प्रावधानों को अनुबंध III की मद सं.2 और 4 के अंतर्गत दिए गए प्रावधानों से प्रतिस्थापित किया जाएगा। तथापि, ऊपर खण्ड XX, XXI और XXIV के संबंध में किसी भी बात के होते हुए, आस्तियों का मूल्यांकन, शुद्ध आस्ति मूल्य का अभिकलन, पुनर्खरीद मूल्य और उनके प्रकटीकरण का अंतराल सेबी द्वारा समय-समय पर जारी सेबी (एमएफ) विनियमों के प्रावधानों/दिशा निर्देशों और निदेशों के अनुसरण में होगा।	अनुबंध III की मद संख्या 2 और 4 का संदर्भ लें। तथापि, खण्ड XX, XXI एवं खण्ड XXIV के संबंध में किसी बात के बावजूद निवेश नीतियां, एनएवी का निर्धारण, आस्तियों का मूल्यांकन, पुनर्खरीद मूल्य का निर्धारण तथा एनएवी, पुनर्खरीद मूल्य व पोर्टफोलियो के प्रकटीकरण का अंतराल समय-समय पर सेबी द्वारा जारी सेबी (एमएफ) विनियमों/दिशानिर्देशों/निदेशों के प्रावधानों के अनुसार होगा।
योजना में परिवर्धन और संशोधन XXIX	बोर्ड समय-समय पर इस योजना में परिवर्धन या अन्यथा संशोधन कर सकता है और उसमें किये गये परिवर्धन/संशोधन की अधिसूचना सरकारी राजपत्र में की जाएगी। किसी संशोधन के मामले में सेबी का पूर्व अनुमोदन लिया जाएगा। जब योजना की मूल विशेषताओं या ट्रस्ट या शुल्क या देय प्रभारों में या अन्य कोई ऐसा परिवर्तन किया जाना हो जिससे योजना परिवर्तित हो जाए या सदस्यों के हितों पर प्रभाव पड़े तो ऐसे परिवर्तन करने के लिए कम से कम तीन-चौथाई यूनिटधारकों की सहमति ली जाए : परन्तु यह कि तब तक ऐसा कोई परिवर्तन न किया जाए जब तक तीन-चौथाई सदस्यों ने अपनी सहमति न दे दी हो और जो अपनी सहमति न दें उन्हें योजना से अपनी धारिताएं मोचित करने की अनुमति है। व्याख्या : इस खण्ड के प्रयोजन के लिए "मूल विशेषताओं" का अर्थ है निवेश उद्देश्य, तथा योजना की शर्तें।	निम्नलिखित रूप से हटाया और संशोधित किया जाएगा : 2. मूलभूत विशेषताएं क) "मूलभूत विशेषताओं" का अर्थ निम्नलिखित है। i) योजना का प्रकार : यूनिट ग्रोथ इक्विटी स्कीम 10000 एक इक्विटी योजना है। ii) निवेश उद्देश्य : जैसा कि इस पेशकश दस्तावेज के खंड XXV (क) (ख) के अंतर्गत बताया गया है। iii) निर्गम की शर्तें : पुनर्खरीद एवं व्यय के संबंध में इस पेशकश दस्तावेज में प्रावधान है। ख) योजना की मूलभूत विशेषताओं में कोई भी परिवर्तन किया जाएगा यदि (i) यदि वर्तमान सदस्यों को व्यक्तिगत पत्र के माध्यम सूचित

किया जाए।

(ii) अखिल भारतीय परिचालन वाले एक अंग्रेजी दैनिक और एक मराठी दैनिक में विज्ञापन दिया जाए।

(iii) सदस्यों को बिना किसी निकासी प्रभार के लागू एनएवी पर योजना से बाहर निकलने की अनुमति दी जाए।

ग) बोर्ड समय-समय पर योजना में परिवर्धन या अन्यथा उसमें संशोधन कर सकता है तथा ऐसा कोई संशोधन/परिवर्धन सरकारी राजपत्र में अधिसूचित किया जाएगा जैसा कि यूटीआई अधिनियम 1963 की धारा 21(4) के अनुसार आवश्यक है।

घ) योजना की मूलभूत विशेषताओं में कोई परिवर्तन/संशोधन/परिवर्धन सेबी के पूर्व अनुमोदन से किया जाएगा। अन्य परिवर्तन/संशोधन/परिवर्धन के मामले में जो मूलभूत विशेषताओं में संशोधन न हों और जो यूनिटधारकों के हितों को प्रभावित नहीं करते हों, सेबी की जानकारी में लाए जाएंगे।

यूनिटधारकों को लाभ XXXIV	योजना की समाप्ति के समय पूंजी, प्रारक्षित निधि और अधिशेष के संबंध में योजना में उपचित सभी लाभ केवल उन्हीं यूनिटधारकों को प्राप्त होंगे जो योजना की समाप्ति तक पूरी अवधि के लिये यूनिट के धारक रहे हों।	योजना के बंद होने के समय पूंजी, प्रारक्षित एवं अधिशेष, यदि कोई हो, के संबंध में योजना के अंतर्गत उपचित योजना के सभी लाभ केवल उन्हीं यूनिटधारकों को उपलब्ध होंगे जो योजन की पूर्ण अवधि के दौरान योजना के बंद होने तक यूनिटों को धारण करते हैं।
	योजना के यूनिटधारकों का अनुमोदन निम्नलिखित परिस्थितियों में मांगा जाएगा : (i) यूनिटधारकों के हित में जब कभी सेबी द्वारा ऐसा किया जाना अपेक्षित हो, या (ii) योजना के तीन-चौथाई यूनिटधारकों द्वारा जब कभी मांग करने पर ऐसा किया जाना आवश्यक हो, (iii) जब न्यासियों ने बहुमत से समाप्त करने का निर्णय लिया हो या यूनिटों का समयपूर्व प्रतिदान किया जाए ; या, (iv) जब कोई परिवर्तन योजना के खण्ड XXIX में उल्लिखित मूलभूत विशिष्टताओं में या शुल्क और देय व्यय में किया जाना हो या अन्य कोई परिवर्तन जिससे योजना संशोधित होता हो या यूनिटधारकों का हित प्रभावित होता हो, तो ऐसा प्रस्तावित परिवर्तन तब तक न किया जाए जब तक तीन-चौथाई यूनिटधारकों की सहमति न ले ली	**इन्हें हटा दिया जाए क्योंकि इन्हें 'मूलभूत विशेषताएं' शीर्षकयुक्त संशोधित खंड XXIX / 'योजना की समाप्ति' शीर्षकयुक्त खंड XXX में शामिल कर लिया गया है।**

जाए।

लागू कर कानून	वर्तमान प्रावधानो को अनुबंध III के मद संख्या 8 में दिए गए अद्यतन प्रावधानों से प्रतिस्थापित किया जाएगा।	अनुबंध III की मद स.8 का संदर्भ लें।
अभिरक्षक एवं लेखापरीक्षक	वर्तमान प्रावधानों को अनुबंध III के मद संख्या 11 और 12 में दिए गए अद्यतन प्रावधानों से प्रतिस्थापित किया जाएगा।	अनुबंध III की मद सं.11 और 12 का संदर्भ लें।
निवेशकों के अधिकार एवं सेवाएं	**यूनिटधारकों के अधिकार** 1. योजना के अधीन यूनिटधारक को योजना की आस्तियों के लाभकारी स्वामित्व तथा योजना द्वारा घोषित आय में समानुपातिक अधिकार है। 2. यूनिटधारक को न्यासियों से ऐसी कोई भी जानकारी प्राप्त करने का अधिकार है जो उनके निवेशों पर प्रतिकूल प्रभाव रखती हो तथा यूनिटधारक को ऐसी जानकारी देने के लिए न्यासी बाध्य होंगे। 3. आय की घोषणा यदि कोई हो, किए जाने के 42 दिनों के भीतर यूनिटधारक आय वारंट के प्रेषित किए जाने के हकदार हैं। 4. यूनिटधारकों को 30 दिनों की अवधि के भीतर यूनिट अंतरित करवाने का अधिकार है। 5. यूनिटधारक को यूनिट ट्रस्ट द्वारा पुनर्खरीद किए गए यूनिटों के लिए स्वीकृति के तिथि के बाद 10 कार्यकारी दिवसों के भीतर भुगतान पाने का अधिकार है बशर्ते की पुनर्खरीद आवेदन सेबी (एमएफ) विनियम 1996 के विनियम 53(ख) के अंतर्गत	**निवेशकों के अधिकार एवं सेवाएं** **1.** योजना के अधीन सदस्यों को योजना की आस्तियों के लाभकारी स्वामित्व तथा योजना द्वारा घोषित आय में समानुपातिक अधिकार है। **2.** सदस्यों को न्यासियों से ऐसी कोई भी जानकारी प्राप्त करने का अधिकार है जो उनके निवेशो पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हो तथा सदस्यों को ऐसी जानकारी देने के लिए न्यासी बाध्य होंगे। **3.** सदस्यों को स्वीकृति तिथि से छः सप्ताह के भीतर लेखा विवरणी जारी किए जाने का अधिकार है। **4.** सदस्यों को अधिकार है कि जिस कार्यालय में पुनर्खरीद अनुरोध संसाधित किए जाते हैं वहां आवेदन प्राप्त होने की तिथि से 10 कार्य दिवसों के भीतर (बशर्ते आवेदन सही हो) पुनर्खरीद प्राप्तियां उन्हें भेजी जाएं। **5.** आय वितरण के मामले में, सदस्यों को यह अधिकार है कि आय वितरण वारंट आय वितरण की घोषणा किए जाने की तिथि से 42 दिनों के भीतर उन्हें भेजे जाएं। **6.** सभी सदस्यों को यूजीएस 10000

विनिर्दिष्ट अनुसार हो।

6. यूनिटधारक को "निरीक्षण के लिए उपलब्ध दस्तावेज" शीर्षक के अंतर्गत सूचीबद्ध किए गए सभी दस्तावेजों का निरीक्षण करने का अधिकार है।

के संदर्भ में संक्षिप्त वार्षिक रिपोर्ट संबद्ध लेखा वर्ष की समाप्ति की तिथि से छः माह के भीतर भेजी जाएगी एवं संपूर्ण वार्षिक रिपो निरीक्षण के लिए ट्रस्ट के केंद्रीय निवेशक संपर्क कक्ष में उपलब्ध कराई जाएगी एवं इसकी एक प्रति सदस्यों को न्यूनतम शुल्क, यदि कोई हो, के भुगतान पर उपलब्ध कराई जाएगी।

6. योजना की मूलभूत विशेषताओं में किसी तरह का परिवर्तन योजना के कम से कम तीन-चौथाई सदस्यों की स्वीकृति से ही किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, मूलभूत विशेषताओं में किसी प्रकार के परिवर्तन की स्थिति में, जो अपनी स्वीकृति नहीं देते हैं उन्हें योजना में अपनी धारिताएं उन्मोचित करने की अनुमति होगी।

7. निर्दिष्ट परिस्थितियों के अंतर्गत सदस्यों का अनुमोदन 'पोस्टल बैलट' के जरिए मांगा जाएगा।

9. सदस्यों को केन्द्रीय निवेशक संपर्क कक्ष, भारतीय यूनिट ट्रस्ट, एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय, बेसमेंट द्वार नं. 1, सर विट्ठलदास ठाकरसी मार्ग, मुंबई-400 020 में रखे निम्नलिखित दस्तावेजों के निरीक्षण का अधिकार है :

* यूटीआई अधिनियम
* सामान्य विनियमावली
* अभिरक्षक, रजिस्ट्रार और आदाता बैंकों के साथ किए गए करार
* यूजीएस 10000 के पेशकश दस्तावेज की प्रति

अंतरयोजना अंतरण	अनुबंध III की मद सं.4 के अनुसार नए प्रावधानों को जोड़ा गया।	**अनुबंध III की मद संख्या 4 का संदर्भ लें।**
संयुक्त सौदे एवं उधार	अनुबंध III की मद सं.5 के अनुसार नए प्रावधानों को जोड़ा गया।	**अनुबंध III की मद संख्या 5 का संदर्भ लें।**
निवेशकों की शिकायतें	विद्यमान सूचनाओं को अद्यतन किया गया।	
जुर्माना/लंबित मुकदमा या कार्यवाही, निरीक्षणों या जांच-पड़तालों से प्राप्त महत्वपूर्ण निष्कर्ष	कोई प्रावधान मौजूद नहीं है।	**अनुबंध III की मद संख्या 14 का संदर्भ लें।**

XXXV

निवेशों का कर निरूपण	अनुबंध III की मद सं.8 के अनुसार नए प्रावधानों को जोड़ा गया।	**अनुबंध III की मद संख्या 8 का संदर्भ लें।**
अभिरक्षक एवं लेखा-परीक्षक	अनुबंध III की मद सं.11 और 12 के अनुसार विद्यमान सूचनाओं को अद्यतन किया गया।	**अनुबंध III की मद संख्या 11 और 12 का संदर्भ लें।**
संक्षिप्त वित्तीय सूचनाएं	आंकड़ों को अद्यतन किया गया।	

अनुबंध II

यूजीएस 10000 -- प्रावधानों को हटाया गया।

खंड संख्या	वर्त्तमान प्रावधान	टिप्पणी
प्रबंधन के विचार से जोखिम के तत्व	ट्रस्ट 33 वर्षो से अधिक समय से कार्यरत है और इसने 5 करोड़ से अधिक निवेशकों से लगभग 58,000/- करोड़ रुपये की निधियों के प्रबंधन में निपुणता हासिल की है।	हटाया गया क्योंकि सेबी के वर्त्तमान नियमों के तहत इस प्रकार का प्रकटीकरण आवश्यक नहीं है।
यूनिट प्रमाणपत्र का फार्म XIII	यूनिट प्रमाणपत्र ट्रस्ट के कार्यपालक निदेशक द्वारा निर्णीत रूप के अनुसार होगा। प्रत्येक प्रमाणपत्र पर विभेदक संख्या, प्रमाणपत्र द्वारा प्रतिनिधित्व यूनिटों की संख्या और यूनिटधारक का नाम हो	हटाया गया।
यूनिट प्रमाणपत्र तैयार करने की रीति XIV	यूनिट प्रमाणपत्र जैसा बोर्ड समय-समय पर निर्धारित करेगा, यूनिट प्रमाणपत्र उत्कीर्ण या लिथोग्राफ या मुद्रित किया जाएगा और यूनिट ट्रस्ट द्वारा विधिवत् रूप से अधिकृत दो व्यक्तियों द्वारा, ट्रस्ट की ओर से हस्ताक्षरित होगा। ऐसा प्रत्येक हस्ताक्षर, स्वहस्ताक्षरित होगा या किसी यांत्रिक विधि से लगाया गया होगा। कोई भी यूनिट प्रमाणपत्र जब तक इस रूप में हस्ताक्षरित न हो, वैध नहीं होगा। इस प्रकार हस्ताक्षरित यूनिट प्रमाणपत्र वैध और बाध्यकारी होगा भले ही उसके जारी होने से पहले कोई व्यक्ति जिसका हस्ताक्षर उस पर है, यूनिट ट्रस्ट की ओर से यूनिट प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत व्यक्ति न रहा हो। किंतु यदि इस रूप में तैयार किए गए यूनिट प्रमाण पत्र में किसी प्राधिकृत व्यक्ति का हस्ताक्षर है जो प्रमाणपत्र जारी होने के समय मृत है तो ट्रस्ट किसी तरीके से जिसे वह सर्वोत्तम समझता है, प्रमाणपत्र पर विद्यमान उक्त व्यक्ति के हस्ताक्षर को निरस्त कर सकता है और उस पर किसी अन्य प्राधिकृत व्यक्ति का हस्ताक्षर करवा सकता है। इस रूप में जारी यूनिट प्रमाणपत्र भी वैध होंगे।	हटाया गया क्योंकि यूनिट प्रमाणपत्र को लेखा विवरणी से प्रतिस्थापित किया गया है।
उपबंधों के अर्थ निर्धारण का अधिकार XXXI	योजना के किसी भी उपबंध की व्याख्या में कोई संदेह उत्पन्न होने पर केवल अध्यक्ष और यदि उस समय कोई अध्यक्ष नियुक्त न हो, तो कार्यपालक न्यासी को योजना के उपबंधों के अर्थ निर्धारण का अधिकार होगा। ऐसा अर्थ किसी भी रूप में प्रतिकूल प्रभाव डालनेवाला या योजना की मूल संरचना के विपरीत नहीं होगा तथा ऐसा निर्णय निश्चायक, बाध्यकारी और अंतिम होगा।	हटाया गया ; क्योंकि यह शक्ति न्यासी मंडल में निहित है और इसे मूलभूत विशेषताओं में शामिल किया गया है।

उपबंधों में ढील **XXXII**	केवल अध्यक्ष और यदि कोई अध्यक्ष नियुक्त न हो तो ट्रस्ट का कार्यपालक न्यासी कठिनाइयों को कम करने के उद्देश्य से या योजना के निर्बाध और सहज संचालन के लिए किसी भी यूनिटधारक या यूनिटधारकों के वर्ग के मामले में ऐसी शर्तो के अधीन योजना के किसी भी उपबंध में ढील दे सकता है । जो कि सेबी की सूचना के अंतर्गत युक्तियुक्त समझी जाएं। पेशकश दस्तावेज में कोई परिवर्तन सेबी के पूर्व अनुमोदन के बाद और विनियमों के निबंधनों के अनुरूप ही किया जाएगा।	हटाया गया।

अनुबंध III

यूजीएस 10000

क्र.सं.	मानक पेशकश दस्तावेज द्वारा अपेक्षित अंतर्वेश
1.	*विषय वस्तु :* मानक पेशकश दस्तावेज के अनुसार सारणी "विषय वस्तु" का अंतर्वेश किया गया
	3. निवेश नीतियां (i) इस योजना द्वारा कोई सावधि ऋण नहीं दिया जाएगा। (ii) ट्रस्ट प्रतिभूतियों का क्रय विक्रय सुपुर्दगियों के आधार पर करेगा और खरीद के सभी मामलों में संबंधित प्रतिभूतियों की सुपुर्दगी लेगा और बिक्री के सभी मामलों में प्रतिभूतियों की सुपुर्दगी करेगा और किसी भी मामले में खुद को ऐसी स्थिति में नहीं डालेगा जिससे इसे मंदड़िया बिक्री करनी पड़े या सौदे का वायदा (कैरी फॉरवर्ड) करना पड़े या बदला वित्त में लिप्त होना पड़े । (iii) ट्रस्ट खरीदी गई प्रतिभूतियों का अंतरण ट्रस्ट के नाम करवाएगा। (iv) आवश्यक प्राधिकार प्राप्त होने के अधीन, ट्रस्ट, उचित परिस्थितियों में योजना की निवेश नीति, जोखिम को रोकने या कम से कम करने के उद्देश्य के लिए, समय-समय पर सेबी द्वारा निर्धारित, ऐसी तकनीकों और लिखतों जैसे फ्यूचर्स और ऑप्शन्स और अन्य डेरिवेटिवों का लागू विनियमों और प्रति-पक्षी जोखिम मूल्यांकन के अधीन, प्रयोग करेगा। (v)क) सेबी द्वारा घोषित प्रतिभूति उधार देने वाली योजना की शर्तों के अनुसार, योजना स्टॉक उधार देने के कार्यक्रम में सहभाग करेगी। यह कार्य किसी अनुमोदित बिचौलिए के जरिए किया जाएगा। ख) किसी भी समय स्टॉक उधार दिए जाने पर किसी एकल बिचौलिए को योजना का अधिकतम उधार,योजना के इक्विटी पोर्टफोलियो के बाजार मूल्य का 10 प्रतिशत अथवा वह सीमा होगी जिसे सेबी द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए । ग) यदि म्यूचुअल फंडों और ट्रस्ट को स्टॉक उधार लेने की अनुमति दी जाती है तो योजना इस संबंध में सेबी दिशानिर्देशों के अनुसार उचित परिस्थितियों में स्टॉक उधार ले सकेगी। (vi)योजना, विदेशी कंपनियों द्वारा जारी की गई तथा विदेश में सूचीबद्ध प्रतिभूतियों में अथवा भारतीय कंपनियों द्वारा विदेशी निवेशकों को जारी की गई प्रतिभूतियों तथा विदेशी स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध ऐसे निर्गमों में सीधे अभिदान करके अथवा सेबी/आरबीआई द्वारा समय-समय पर जारी किए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार विदेशी स्टॉक एक्सचेंजों के जरिए खरीद करके निवेश कर सकेगी।

	(vii) योजना इनमें से किसी में निवेश नहीं करेगी ; क) ट्रस्ट की समूह या सहायक कंपनी की कोई असूचीबद्ध प्रतिभूति ; या (ख) ट्रस्ट की समूह या सहायक कंपनी द्वारा निजी नियोजन के माध्यम से जारी की गई कोई प्रतिभूति; या ग) ट्रस्ट की समूह कंपनियों की सूचीबद्ध प्रतिभूतियां जो ट्रस्ट की सभी योजनाओं की शुद्ध आस्तियों के 25% से अधिक हों। (viii) योजना की प्रतिभूतियों के लेन देन के लिए शेयर-दलाली फर्म और यूटीआई की पूर्ण स्वामित्व वाली संस्था यूटीआई सिक्यूरिटीज़ एक्सचेंज लिमिटेड (यूटीआई-एसईएल) की सेवाएं ली जा सकती हैं जो नीतियों के अनुसार हों और ट्रस्ट के न्यासी मंडल द्वारा तय की गई सीमाओं के अधीन हों। यूटीआई एसईएल 1994 में स्थापित की गई थी। इसका पंजीकृत कार्यालय मुंबई में है। (ix) योजना किसी कंपनी के इक्विटी शेयरों या इक्विटी संबद्ध लिखतों में एनएवी के 10% से अधिक निवेश नहीं करेगी।
3.	***ट्रस्ट की योजनाओं में कार्पोरेट निवेश और इन कंपनियों में ट्रस्ट का निवेश दिखाने वाली सारणी को 'मानक पेशकश दस्तावेज ' के अनुसार जोड़ दिया गया।***
4.	**अंतर योजना अंतरण** इस योजना से ट्रस्ट की दूसरी योजना/प्लान में तथा दूसरी योजना/प्लान से इस योजना में अंतरण केवल तभी किया जाएगा जब - क) उधृत लिखतों के लिए प्रचलित बाजार मूल्य पर ऐसे अंतरण स्पॉट आधार पर किए गए हों। *स्पष्टीकरण :* "स्पॉट आधार" का अर्थ वही होगा जो स्टॉक एक्सचेंज द्वारा स्पॉट सौदों के लिए निर्दिष्ट है। ख) ऐसी अंतरित प्रतिभूतियां उस योजना/प्लान के निवेश उद्देश्यों के अनुरूप हों जिनमें ऐसे अंतरण किए जाते हैं; और ग) प्लान से/में असूचीबद्ध या अनोद्धृत निवेश का ट्रस्ट की अन्य योजना/प्लान में/से अंतरण ट्रस्ट के न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित नीतियों के अनुसार किया जाएगा।

5.	संयुक्त सौदे एवं उधार 1. योजना, यूनिटों की पुनर्खरीद/ प्रतिदान या सदस्यों को आय का वितरण, यदि कोई हो, करने के उद्देश्य से योजना की अस्थाई नकदी जरूरतों को पूरा करने के लिए उधार लेने के अलावा उधार नहीं लेगी। परन्तु उधार, योजना की शुद्ध आस्ति के 20% से अधिक नहीं लिया जाएगा और इस तरह के उधार की अवधि छ: माह से अधिक नहीं होगी। 2. भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 की धारा 20 के अनुसार ट्रस्ट को निम्नलिखित उधार लेने की शक्तियां प्राप्त हैं : (i) ट्रस्ट, भारत या भारत से बाहर के किसी प्राधिकरण या व्यक्ति, जो सरकार या रिज़र्व बैंक न हो, से ऐसी प्रतिभूति के प्रति एवं ऐसी शर्तों एवं परिस्थितियों पर जिस पर वे आपस में सहमत हों, उधार ले सकता है। (ii) ट्रस्ट रिज़र्व बैंक से उधार ले सकता है - (क) भारत में इस समय लागू किसी कानून द्वारा जिससे न्यासी ट्रस्ट का धन निवेश करने हेतु प्राधिकृत है, स्टॉक, निधियों एवं प्रतिभूतियों के प्रति (अचल संपत्तियों के अतिरिक्त) मांग पर या नियत अवधि की समाप्ति पर प्रतिदेय जो इस प्रकार ली गई राशि की तिथि से नब्बे दिन से अधिक न हो ; (ख) केंद्रीय सरकार के अनुमोदन से बांडों की प्रतिभूति के प्रति, जिसे ट्रस्ट जारी कर सकता है, मांग पर या जिस तिथि से ऐसी राशि उधार ली गई है, उस तिथि से अठारह महीनों की अवधि के भीतर प्रतिदेय है; (ग) प्रथम यूनिट योजना के अतिरिक्त किसी अन्य योजना के प्रयोजन हेतु जिसे इस संदर्भ में रिज़र्व बैंक द्वारा विनिर्दिष्ट किया गया है ट्रस्ट की ऐसी अन्य संपत्तियों की प्रतिभूति के प्रति या ऐसी शर्तों एवं नियमों पर : बशर्ते कि इस खंड के अंतर्गत उधार ली गई कोई राशि एवं किसी एक समय पर बकाया राशि - (क) ऐसी प्रत्येक योजना के संबंध में पांच करोड़ रुपए से ज्यादा न हो ; एवं (ख) समग्र रूप से ऐसी समस्त योजनाओं के संबंध में दस करोड़ रुपए से अधिक न हो । (iii) ट्रस्ट द्वारा उप धारा (ii) के अंतर्गत जारी बांड की मूल राशि की अदायगी की गारंटी

	(iii) ट्रस्ट द्वारा उप धारा (ii) के अंतर्गत जारी बांड की मूल राशि की अदायगी की गारंटी केंद्रीय सरकार द्वारा दी जाएगी एवं ब्याज का भुगतान बांड जारी करते समय केंद्रीय सरकार द्वारा निर्धारित दर पर किया जाएगा।
6.	<u>इस योजना की आस्तियों का मूल्यांकन</u> (क) अवरुद्ध अवधि के अधीन वाले निवेशों, यदि कोई हों, सहित उद्धृत निवेशों परंतु सरकारी प्रतिभूतियों को छोड़कर, का मूल्यांकन, मूल्यांकन की तारीख को बाजार में बंद मूल्य पर किया जाता है तथा इसके उपलब्ध न होने पर मूल्यांकन की तारीख से साठ दिन पूर्व की अवधि में बिल्कुल हाल ही की उपलब्ध दर पर किया जाता है। यदि मूल्यांकन की तारीख से साठ दिन पूर्व की अवधि हेतु, कोई भाव उपलब्ध नहीं है तो उसे अनोद्धृत निवेश माना जाता है। (ख) उद्धृत सरकारी प्रतिभूतियां मूल्यांकन तिथि को अंतिम एनएसई बाजार दरों पर मूल्यांकित की जाती है और इसकी अनुपस्थिति में मूल्यांकन तिथि से पहले 7 दिन की अवधि के अंदर उपलब्ध नवीनतम भाव को मूल्यांकन के लिए लिया जाता है। यदि मूल्यांकन की तिथि से सात दिन पूर्व की अवधि हेतु कोई भाव उपलब्ध नहीं हो तो उसे अनोद्धृत सरकारी प्रतिभूतियां माना जाएगा। (ग) उद्धृत डिबेंचरों और बांडों के मामले में, बाजार दर, जो ब्याज सहित है उसे ब्याज तत्त्व यदि कोई हो, के लिए समायोजित किया जाता है। (घ) शेयरों के अधिकार पात्रता का मूल्यांकन,लाभांश तत्व हेतु बट्टा काटकर,जहां लागू हो, बाजार दर पर किया जाता है। (ङ) अनोद्धृत अधिमान शेयर/संचयी परिवर्तनीय अधिमान शेयर लागत पर लिए जाते हैं। (च) अनोद्धृत इक्विटी शेयर जैसे कि न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित किया जाए,उचित मूल्यांकन आधार पर मूल्यांकित किए जाते है। (छ) अनोद्धृत डिबेंचर, बॉण्ड एवं अंतरणीय नोट परिपक्वता पर प्रतिफल पर मूल्यांकित किए जाते हैं, जो न्यासी मंडल द्वारा मूल्य वृद्धि के अनुमोदन के साथ भारत सरकार की प्रतिभूतियों (यील्ड कर्व) से जुड़ा है। (ज) अनोद्धृत वारंट, अंतरनिहित इक्विटी शेयरों के बाजार दर पर, लाभांश तत्त्व के लिए बट्टा काटकर, यदि कोई हो, तथा देय प्रायोगिक मूल्य से कम करके मूल्यांकित किए जाते हैं। जिन मामलों में इस तरह लिए गए मूल्य से प्रायोगिक देय मूल्य ज्यादा हो, वहां वारंटों का मूल्य शून्य लिया जाता है।

	(झ) अनोद्धृत सरकारी प्रतिभूतियां, यदि कोई हो, का मूल्यांकन प्रचलित ब्याज दर पर परिपक्वता पर प्रतिफल के आधार पर किया जाता है। (ञ) परिवर्तनीय डिबेंचर एवं बॉण्ड, जहां मिश्र बाजार भाव उपलब्ध न हो, वहां परिवर्तनीय भाग का मूल्यांकन संबंधित इक्विटी शेयरों के बाज़ार दर पर, जिनमें लाभांश तत्त्व, यदि कोई हो, काट कर किया जाता है। ऐसे डिबेंचरों एवं बॉण्डों का अपरिवर्तनीय भाग, यदि कोई हो, का मूल्यांकन, उपरोक्त (छ) के अनुसार किया जाता है। जहां परिवर्तनीय भाग के लिए परिवर्तन की शर्तें विनिर्दिष्ट न हों, वहां उन्हें लागत पर लिया जाता है। (ट) पूंजी सूचकांकित बॉण्ड लागत पर मूल्यांकित किए जाते हैं। (ठ) <u>मुद्रा बाजार लिखतों के लिए मूल्यांकन नीति :-</u> (i) मुद्रा बाज़ार लिखतें एवं अन्य आस्तियां बही मूल्य पर ली जाती हैं। (ii) अंतर बैंक कॉल बाज़ार में निवेशित राशि लागत पर ली जाती है। (iii) बट्टे /ब्याज उपार्जन लिखतों में निवेशित राशि का मूल्यांकन,उस प्रतिफल पर किया जाता है जिसमें लिखत का सौदा पिछली बार किया गया था। इस उद्देश्य हेतु भाव मूल्यांकन तिथि से पहले दो कार्य दिवसों की अवधि के भीतर उपलब्ध हाल ही का भाव ध्यान में लिया जाता है। जब पिछले दो कार्य दिवसों में कोई भाव उपलब्ध न हो, तो लिखत लागत एवं लिखत के परिपक्व होने के बाकी बचे दिनों के लिए लागू एक समान लागत और पृष्ठ मूल्य के मध्य अंतर पर मूल्यांकित किया जाता है। (iv) अनोद्धृत डिबेंचरों सहित अन्य मुद्रा बाजार लिखतों का मूल्यांकन लागत एवं लिखत के परिपक्व होने के बाकी बचे दिनों पर लागू एक समान लागत और पृष्ठ मूल्य के अंतर पर किया जाता है। **तथापि, खंड XXI, XXII एवं XXIII के संदर्भ में किसी बात के बावजूद, निवेश नीतियां, एनएवी का निर्धारण, एवं आस्तियों का मूल्यांकन, पुनर्खरीद मूल्य का निर्धारण एवं एनएवी के प्रकटीकरण की आवृत्ति, पुनर्खरीद मूल्य और पोर्टफोलियो समय-समय पर सेबी द्वारा जारी सेबी (एमएफ) विनियमों/दिशानिर्देशों /निदेशों के प्रावधानों के अनुसार होगा।**
7.	**लेखा नीतियां** **1. आय की मान्यता** (क) सूचीबद्ध इक्विटी शेयरों पर लाभांश आय भूतपूर्व लाभांश तिथि पर प्रोद्भूत की जाती है। असूचीबद्ध इक्विटी शेयरों एवं अधिमान शेयरों पर लाभांश आय का हिसाब प्राप्ति आधार पर किया जाता है।

(ख) निवेशों पर ब्याज एवं प्रतिबद्धता प्रभार का हिसाब प्रोद्भवन आधार पर किया जाता है।

(ग) निवेशों की बिक्री पर लाभ या हानि की पहचान भारित औसत लागत के आधार पर व्यापार तिथियों पर की जाती है।

(घ) डिबेंचर/बॉण्डों के प्रतिदान पर प्रीमियम एवं लाभ या हानि की पहचान देय तिथि पर की जाती है।

(ङ) जब कोई राशि जिम्मे नहीं आती हो तो हामीदारी कमीशन को नकदी आधार पर राजस्व माना जाता है। जिम्मे आई राशि के मामले में, पूर्ण हामीदारी कमीशन एवं निवेशों की लागत में से कम किया जाता है।

(च) शेयरों एवं डिबेंचरों के निवेश पर आरंभिक शुल्क को ऐसे निवेशों की लागत से कम किया जाता है।

(छ) जीरो कूपन बॉण्डों, डीप डिस्काऊंट बाण्डों और अन्य दीर्घावधि बट्टाकृत लिखतों के संबंध में पुनर्खरीद मूल्य एवं परिपक्वता मूल्य के मध्य अंतर को वाईटीएम आधार पर लिखत के शेष अवधि के दौरान आय समझा जाता है।

(ज) अन्य आय को प्राप्ति आधार पर लिया जाता है।

2. व्यय

क. व्यय की गणना प्रोद्भवन आधार पर की जाती है।

ख. भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 की धारा 25(4) के प्रावधानों के अनुसार यूनिट योजना 1964 के अंतर्गत किए गए खास सामान्य खर्चों का निर्धारण अन्य योजनाओं पर किया जाता है।

ग. नियत आस्तियों वाली यूनिट योजना 1964 कथित आस्तियों के उपयोग के लिए अन्य योजनाओं से स्वीकृत आधार पर पट्टा किराया वसूल करती है।

3. निवेश

क. निवेशों को लागत पर या अवलिखित लागत पर लिया जाता है।

ख. द्वितीयक बाजार कारोबार के मामले में निवेश को व्यापार तिथियों पर किया गया माना जाता है।

ग. आबंटन पर प्राथमिक बाजार निर्गमों में अभिदान को निवेश माना जाता है।

घ. बोनस/अधिकार पात्रताओं को पूर्ववर्ती-बोनस/पूर्ववर्ती अधिकार तिथियों पर माना जाता है।

ङ. निवेश अर्थात् डिबेंचर और बॉण्ड प्रतिदान/देय तिथि को चालू आस्तियों में अंतरित किए जाते हैं।

च. निवेश की लागत में दलाली एवं सेवा - कर शामिल हैं लेकिन स्टाम्प की लागत शामिल नहीं है, जिसे राजस्व में प्रभारित किया जाता है।

4. प्रावधान एवं मूल्यह्रास :

(क) संदिग्ध समझी गई आय के प्रति प्रावधान :

पिछली दो तिमाही या उससे अधिक के लिए देय बाकी ब्याज आय के संबंध में प्रावधान किया जाता है। यदि लाभांश,पिछले लाभांश की तिथि से एक वर्ष से अधिक के लिए बकाया है तब वर्ष के अंत में प्रावधान किया जाता है।

(ख) निवेश के मूल्य में ह्रास

(i) उपरोक्त खंड XXII के अनुसार गणना किए गए निवेशों के कुल मूल्य की तुलना ऐसे निवेशों की कुल लागत से की जाती है और पारिणामिक ह्रास, यदि हो, सामान्य प्रारक्षित निधि/यूनिट प्रीमियम प्रारक्षित निधि में प्रभारित किए जाते हैं। यदि कुल मूल्य, कुल लागत या पिछले वर्ष के अंत के कुल मूल्य से अधिक हो जाता है तो मूल्य वृद्धि, यूनिट प्रीमियम प्रारक्षित निधि/सामान्य प्रारक्षित निधि में उस सीमा तक जोड़ी है जहां तक ह्रास पिछली बार समायोजित किया गया था।

(ii) जहां अनोधृत इक्विटी या अधिमान शेयर पिछले वर्षों में अपलिखित किए गए हों, वहां ऐसे निवेशों की लागत को उधृत या उचित मूल्य उपलब्ध होते ही उसकी लागत पर पुनरांकित किया जाता है।

(iii) आस्तियां जिन पर ब्याज पिछली दो तिमाहियों या अधिक अवधि से बकाया है, अनुपयोज्य आस्तियों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। ऐसी आस्तियों के लिए प्रावधान अलग-अलग बनाया जाता है (जैसा कि नीचे तालिका में दर्शाया गया है)। ऐसा प्रावधान उसी कंपनी की अन्य उपयोगी आस्तियों के लिए नहीं किया जाता है।

गैर निष्पादित आस्तियों की अवधि	प्रावधान का प्रतिशत	
	रक्षित आस्ति	अ-रक्षित आस्ति
दो वर्षों तक	10%	10%
दो वर्षों से अधिक परंतु तीन वर्षों तक	20%	100%
तीन वर्षों से अधिक परंतु पांच वर्षों तक	30%	100%
पांच वर्षों से अधिक	50%	100%

(iv) जहां मूल पुनर्भुगतान (i) 3 वर्षों तक की अवधि के संतुलित परिपक्वता वाले ऋण लिखतों के संबंध में पिछली देय अवधि के दो तिमाहियों हेतु और (ii) 3 वर्षों से अधिक अवधि के संतुलित परिपक्वता वाले ऋण लिखतों के संबंध में पिछली देय अवधि के एक वर्ष हेतु बकाया रहता है, वहां ऐसी बकाया किस्तों हेतु प्रावधान किया जाता है। ऐसी आस्तियों के लिए समग्र प्रावधान,उपरोक्त तालिका में उल्लिखित प्रतिशत (जमानती आस्तियों हेतु 50% तथा गैर जमानती आस्तियों हेतु 100%) या चूक वाली राशि, जो भी अधिक हो, तक सीमित है।

ऐसे मामले जिनमें मूल चूक जारी रहती है,किसी भी परवर्ती किस्त के लिए प्रावधान, संबंधित देय तिथि से 30 दिनों के बाद किया जाता है।

(v) देय बकाया ब्याज के पूंजीकरण के द्वारा, ब्याज के निधियन के मामले में, उसके चूक की अवधि के बावजूद प्रावधान किया जाता है।

(vi) गैर निष्पादी आस्तियों के लिए प्रावधान यूनिट प्रीमियम प्रारक्षित निधि/सामान्य प्रारक्षित निधि/राजस्व लेखा,जैसा भी मामला हो, में प्रभारित किए जाते हैं।

(vii) अनुच्छेद 4(क)और 4(ख)(iv) के अंतर्गत बनाए गए प्रावधान प्राप्ति या आस्तियों के पुनर्संरचना आधार पर पुनरांकित किए जाते हैं। 4(ख)(v) के अंतर्गत प्रावधान प्राप्ति आधार पर पुनरांकित किए जाते हैं।

5. आय वितरण :

(क) आय वितरण हेतु प्रावधान यूनिट पूंजी पर न्यासी मंडल द्वारा समय-समय पर अनुमोदित दर पर किया जाता है।

6. वित्तीय परिणामों का प्रकाशन :

यथा 31 दिसंबर अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम 2 माह के भीतर एवं यथा 30 जून लेखा-परीक्षित वार्षिक परिणाम लेखे को अंतिम रूप देने के 6 माह के भीतर एक अंग्रेजी दैनिक एवं एक मराठी दैनिक में प्रकाशित किया जाएगा।

निवेशों का कर - निरूपण

1. निवासी / अनिवासी भारतीय/ओसीबी

(i) योजना के अंतर्गत आय और पूंजी वृद्धि, यदि कोई हुई हो, पर कराधान प्रचलित कर कानूनों के अधीन होगा।

(ii) वर्तमान में, ट्रस्ट की सभी योजनाओं/प्लानों के अंतर्गत सभी वर्ग के निवेशकों को प्राप्त होने

वाली आय, यदि कोई हो, आयकर अधिनियम, 1961की धारा 10 (33) के अंतर्गत पूर्णत: कर मुक्त होगी।

योजना के लिए, उसके द्वारा किए गए किसी भी आय वितरण पर आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 115 आर के अंतर्गत 10% की दर से आय वितरण कर और उस पर 10% अधिभार का भुगतान करना आवश्यक है। तथापि, सतत खुली इक्विटी उन्मुख निधि होने के कारण, इस योजना को 31 मार्च, 2002 तक कथित धारा के अंतर्गत उपरोक्त कर लागू नहीं है, बशर्ते योजना की कुल राशि का 50% से अधिक का निवेश घरेलू कंपनियों के इक्विटी शेयरों में किया जाता है।

(iii) वर्तमान में, रुपए में उत्पन्न अथवा एनआरओ निधियों में से योजना में निवेश से होने वाला कोई भी दीर्घावधि पूंजीगत अभिलाभ आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 48 और 112 में दिए गए निर्देशों के अधीन होगा। वर्तमान में निवेशक को लागत स्फीति सूचकांक का लाभ उठाने के बाद दीर्घावधि पूंजीगत अभिलाभ पर 20% की दर से कर का भुगतान करना होता है। तथापि, एनआरई खातों के जरिए किए गए निवेश से प्राप्त होने वाले पूंजीगत अभिलाभ कर योग्य नहीं हैं।

(iv) इस प्लान के अंतर्गत यूनिटों में किए गए निवेश का मूल्य धनकर से पूर्णत: मुक्त है।

(v) उपहार कर अधिनियम, 1958 ने योजना की यूनिटों के संबंध में उपहार कर की उगाही को समाप्त कर दिया है।

2. धारा 54 ईए के अंतर्गत पूंजीगत अभिलाभ कर छूट हेतु पात्रता

दीर्घावधि पूंजीगत आस्तियों के अंतरण में से प्राप्त होने वाले सम्पूर्ण या आंशिक शुद्ध अभिदान का यूजीएस 10000 में किया गया निवेश आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 54 ईबी के अंतर्गत पूंजीगत अभिलाभ कर छूट के लिए पात्र होगा, बशर्ते यूनिटों की पुनर्खरीद आवेदन की स्वीकृति की तिथि से तीन वर्षों के बाद की जाए।

3. धारा 54 ईबी के अंतर्गत पूंजीगत अभिलाभ कर छूट हेतु पात्रता

दीर्घावधि पूंजीगत आस्तियों के अंतरण से प्राप्त होने वाले सम्पूर्ण या आंशिक पूंजीगत अभिलाभ का यूजीएस 10000 में किया गया निवेश आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 54 ईबी के अंतर्गत पूंजीगत अभिलाभ कर छूट के लिए पात्र होगा, बशर्ते यूनिटों की पुनर्खरीद आवेदन की स्वीकृति की तिथि से सात वर्षों के बाद की जाए।

4. पात्र न्यासों के लिए

	आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 11(2)(बी) के अंतर्गत यूनिट स्वीकृत प्रतिभूतियां हैं। अत: यूनिटों में निवेश कर रहे पात्र ट्रस्ट आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 11 और 13 के अंतर्गत आय और निधि के लिए आवश्यक कर छूट के योग्य होंगे।
9.	**भारतीय यूनिट ट्रस्ट की स्थापना एवं प्रबंधन** **यूटीआई की स्थापना** भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 के अंतर्गत भारतीय यूनिट ट्रस्ट की स्थापना एक सांविधिक संस्था के रूप में की गई थी जिसका उद्देश्य बचत एवं निवेश को प्रोत्साहन देने तथा प्रतिभूतियों के अर्जन, धारण, प्रबंधन और निपटान से ट्रस्ट को प्रोद्भूत होनेवाली आय, लाभों और अभिलाभों में सहभागिता थी। इसने 1 जुलाई, 1964 से कार्य करना आरंभ किया। **यूटीआई का प्रबंधन** ट्रस्ट के कार्यों एवं व्यवसाय का प्रबंधन न्यासी मंडल में निहित है, जिसका भारत सरकार द्वारा नियुक्त एक पूर्णकालिक अध्यक्ष होता है। मंडल के अलावा, एक सांविधिक कार्यकारिणी समिति होती है जिसमें अध्यक्ष, कार्यपालक न्यासी तथा भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा नामित दो अन्य न्यासी होते हैं। यह समिति मंडल की कार्यक्षमता के अंतर्गत आने वाले किसी भी मामले पर कार्य करने के लिए सक्षम है। **न्यासी मंडल *** 1. श्री पी.एस. सुब्रमन्यम — अध्यक्ष, भारतीय यूनिट ट्रस्ट 2. श्री जी.पी. मुनिअप्पन — कार्यपालक निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक 3. श्री जी.पी. गुप्ता — अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, आईडीबीआई 4. श्री एन.एस. सेखसरिया — प्रबंध निदेशक, गुजरात अंबुजा सिमेन्ट्स लि. 5. श्री राजेन्द्र पी. चितले — सनदी लेखाकार 6. डॉ. विश्वनाथ वी. देसाई — अर्थशास्त्री 7. श्री जी. कृष्णमूर्ति — अध्यक्ष, भारतीय जीवन बीमा निगम 8. श्री जी.जी वैद्य — अध्यक्ष, भारतीय स्टेट बैंक 9. श्री के.सी. चौधरी — अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया *** वर्तमान में न्यासियों की अन्य निदेशिकाएं इस प्रकार हैं :** 1. **श्री पी.एस. सुब्रमन्यम** - (i) अध्यक्ष एवं निदेशक-इंडिया फंड, (ii) अध्यक्ष एवं निदेशक - इंडिया ग्रोथ फंड, (iii) अध्यक्ष एवं निदेशक - इंडिया ऐक्सेस लि., (iv)

		अध्यक्ष एवं निदेशक - इंडिया पब्लिक सेक्टर फंड लि., (v) शासी परिषद के अध्यक्ष - यूटीआई इंस्टिट्यूट ऑफ कैपिटल मार्केट्स, (vi) अध्यक्ष एवं निदेशक - यूटीआई निवेशक सलाहकार सेवा लि., (vii) अध्यक्ष एवं निदेशक - यूटीआई निवेशक सेवा लि., (viii) अध्यक्ष एवं निदेशक - यूटीआई सिक्यूरिटीज़ एक्सचेंज लि., (ix) निदेशक - यूटीआई बैंक लि., (x) अध्यक्ष एवं निदेशक - ओवर द काउंटर एक्सचेंज ऑफ इंडिया, (xi) सदस्य -भारतीय जीवन बीमा निगम, (xii) निदेशक - भारतीय मितिकाटा एवं वित्त गृ. लि., (xiii) निदेशक - सिक्यूरिटीज़ ट्रेडिंग कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लि., (xiv) निदेशक - नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि., (xv) न्यासी - इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग।
	2.	**श्री जी.पी.गुप्ता** - (i) अध्यक्ष - भारतीय लघु उधोग विकास बैंक, (ii) निदेशक - इंडिया फंड, (iii) निदेशक - इंडिया ग्रोथ फंड, (iv) निदेशक-भारतीय मितिकाटा एवं वित्त गृह लि., (v) निदेशक-भारतीय आयात-निर्यात बैंक, (vi) निदेशक-भारतीय प्रतिभूति व्यापार निगम लि., (vii) निदेशक-इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलेपमेंट फाइनेंस कं. ऑफ इंडिया लि., (viii) निदेशक - इंडियन एयरलाइन्स लि. (ix) निदेशक - आईडीबीआई बैंक लि. (x) निदेशक - नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि., (xi) सदस्य - भारतीय जीवन बीमा निगम, (xii) सदस्य - भारतीय साधारण बीमा निगम, (xiii) निदेशक - दक्षिण एशिया क्षेत्रीय निधि, (xiv) अध्यक्ष - दक्षिण एशिया विकास निधि, (xv) समिति सदस्य-भारतीय बैंकर संस्थान, (xvi) सदस्य-बैंकर प्रशिक्षण कॉलेज (आरबीआई), (xvii) सदस्य - एशिया एवं प्रशांत में विकासशील वित्तीय संस्थाओं का संघ, (xviii) सदस्य-बैंकिंग कर्मचारी चयन संस्था, (xix) सदस्य-भारतीय कंपनी सचिव संस्था।
	3.	**श्री एन.एस. सेखसरिया** - (i) निदेशक - गृह वित्त लि. (ii) निदेशक - राधा माधव इन्वेस्टमेंट्स लि. (iii) निदेशक- होम ट्रस्ट हाऊसिंग फाइनेंस कं. लि., (iv) निदेशक - अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन (v) निदेशक - अंबुजा शैक्षणिक संस्थान।
	4.	**श्री राजेन्द्र पी. चितले** - (i) निदेशक - भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (ii) निदेशक - नेशनल सिक्यूरिटीज़ क्लीयरिंग कार्पोरेशन लि. (iii) निदेशक - जे एम कैपिटल मैनेजमेंट लि. (iv) निदेशक - ज्युरीच एसेट मैनेजमेंट कंपनी (इंडिया) लि. (v) निदेशक - इंडिया इंडेक्स सर्विसेज़ एण्ड प्रोडक्ट लि. (vi) निदेशक - एसोशिएशन ऑफ लिजिंग एण्ड फाइनेंशिएल सर्विसेज कंपनीज (vii) सदस्य - राष्ट्रीय शेयर बाजार की कार्यकारी समिति (शासी मंडल) (viii) सदस्य - इंडिया एडवाइजरी बोर्ड ऑफ बैंक ऑफ अमेरिका एनटी एवं एसए (ix) सदस्य - निवेश समिति, भारतीय जीवन बीमा निगम।
	5.	**श्री वी. वी. देसाई - सलाहकार - आईसीआईसीआई लिमिटेड**
	6.	**श्री जी. कृष्णमूर्ति** - (i) अध्यक्ष - एलआईसी (अंतर्राष्ट्रीय) ईसी, बहरीन (ii) अध्यक्ष - एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लि. (iii) निदेशक - भारतीय साधारण बीमा निगम (iv) निदेशक - पोयशा औद्योगिक कं. (v) अध्यक्ष, शासी मंडल - नेशनल इन्श्योरेंस अकादमी

	(vi) निदेशक - नेशनल हाउसिंग बैंक (vii) निदेशक - यूटीआई बैंक लि. (viii) निदेशक- मितिकाटा एवं भारतीय वित्त गृह (ix) निदेशक - केनिन्डिया एश्योरेंस कं. लि., केनया (x) निदेशक - भारतीय औद्योगिक ऋण एवं निवेश निगम लि.(xi) अध्यक्ष - इन्श्योरेंस काउंसिल का शासी निकाय। 7. **श्री जी जी वैद्य -** (i) अध्यक्ष - एसबीआई कैपिटल मार्केट लि., (ii) अध्यक्ष - एसबीआई निधि प्रबंधन लि. (iii) अध्यक्ष - एसबीआई गिल्ट्स लि. (iv) अध्यक्ष - एसबीआई सिक्यूरिटीज़ लि. (v) अध्यक्ष - एसबीआई फैक्टर्स् एण्ड कमर्शियल सर्विसेज़ लि. (vi) अध्यक्ष - एसबीआई यूरोपियन बैंक लि. (vii) अध्यक्ष - स्टेट बैंक ऑफ इंदौर (viii) अध्यक्ष - स्टेट बैंक ऑफ सौराष्ट्र (ix) अध्यक्ष - स्टेट बैंक ऑफ पटियाला (x) अध्यक्ष - स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर (xi) अध्यक्ष - स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद (xii) अध्यक्ष - स्टेट बैंक ऑफ मैसूर (xiii)अध्यक्ष - स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर (xiv) अध्यक्ष - स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कैलिफोर्निया) (xv) अध्यक्ष - स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कनाडा) (xvi) उपाध्यक्ष, शासी मंडल - इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ बैंकर्स (xvii) निदेशक - राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (xviii) निदेशक - भारतीय आयात-निर्यात बैंक (xix) निदेशक - साधारण बीमा निगम (xx) सदस्य, शासी मंडल एवं अध्यक्ष, वित्त समिति - राष्ट्रीय बैंक प्रबंधन संस्था, (xxi) सदस्य, शासी मंडल एवं अध्यक्ष, वित्त समिति एवं कार्यालय परिसर समिति एवं आईबीपीएस कर्मचारी भविष्य निधि प्रशासक समिति - बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (xxii) सदस्य - बैंकिंग टेक्नॉलोजी विकास एवं अनुसंधान संस्था (xxiii) निदेशक - इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास वित्त निगम (xxiv) निदेशक - इन्फ्रास्ट्रक्चर लिजिंग एवं फाइनेंस सर्विसेज़ लि. (xxv) निदेशक - भारतीय निर्यात ऋण एवं गारंटी निगम। 8. **श्री के सी चौधरी -** (i) अध्यक्ष - बैंक अंकेक्षण पर लघु समूह, भारतीय बैंक संघ, (ii) अध्यक्ष - बैंकिंग परिचालन, भारतीय बैंक संघ, (iii) अध्यक्ष - ऋण संबंधी मामलों पर लघु समूह, भारतीय बैंक संघ, (iv) अध्यक्ष - आईबीए व्यापार निकाय/संघों के साथ समन्वय हेतु कार्य समूह, (v) अध्यक्ष - भारतीय बैंक संघ (vi) सदस्य - प्रबंध समिति, भारतीय बैंक संघ - (vii) अध्यक्ष - सेंटबैंक गृह वित्त लि. (viii) अध्यक्ष - सेंटबैंक फाइनेंशियल एण्ड कस्टोडियल सर्विसेज लि., (ix) निदेशक - भारतीय कृषि वित्त निगम , (x) निदेशक - मास्टरकार्ड एशिया/पेसेफिक बोर्ड, (xi) निदेशक - द न्यू इंडिया एश्योरेंस कं. लि., (xii) सदस्य - टास्क फोर्स, भारतीय बैंक संघ।
10.	**निधि का प्रबंधन -** **निधि प्रबंधन के नाम के साथ उसकी योग्यता एवं अनुभव को भी जोड़ा गया।**
11.	**अभिरक्षक** निम्नलिखित को सेबी द्वारा आवश्यक समझने पर जोड़ा गया है। भारतीय स्टाक धारिता निगम लि. (एसएचसीआईएल) का सेबी रजिस्ट्रेशन नंबर आईएन/सीयूएस/011 है।

	एसएचसीआईएल शुल्क की दर इस प्रकार है : | | इलेक्ट्रॉनिक | वास्तविक | डीमैटिरियलाइजेशन — रु. 5 प्रति प्रमाणपत्र — - खरीद — कारोबार के मूल्य पर 5.5 आधार बिंदु — प्रति डीआईपी रु. 100 बिक्री — कारोबार के मूल्य पर 5.5 आधार बिंदु — प्रति डीआईएस रु. 100 अभिरक्षा — अभिरक्षा में आस्ति मूल्य पर 1.5 आधार बिंदु — अभिरक्षा में आस्ति मूल्य पर 8 आधार बिंदु गैर बाजार खरीद — कारोबार के मूल्य पर 5.5 आधार बिंदु — - गैर बाजार बिक्री — कारोबार के मूल्य पर 5.5 आधार बिंदु — - रीमैटिरियलाइजेशन — प्रति प्रमाणपत्र रु. 15 अथवा परिवर्तन मूल्य के 15 आधार बिंदु इनमें से जो भी अधिकतम है
12.	**लेखा परीक्षक** मेसर्स चतुर्वेदी एंड कंपनी, सनदी लेखाकार, 60, बेंटिक स्ट्रीट, कलकत्ता 700 069 एवं मेसर्स बाटलीबॉय एण्ड पुरोहित, सनदी लेखाकार , नेशनल इंश्योरेंस बिल्डिंग, 204, डी.एन. रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 । योजना के लेखा परीक्षकों की नियुक्ति आईडीबीआई द्वारा की जाती है और वे प्रत्येक वर्ष बदले जाने के अधीन हैं।
13.	**निवेशकों की शिकायतों के निवारण का डाटा दर्शानेवाली सारणी**
14.	**जुर्माना, लंबित मुकदमा, निरीक्षणों/जांच-पड़तालों के महत्वपूर्ण निष्कर्ष** 1. भारतीय यूनिट ट्रस्ट/न्यासी मंडल या न्यासियों या मुख्य कर्मी में से किसी (विशेषत: निधि प्रबंधक) के प्रति सेबी अधिनियम या उसकी कोई विनियमों के अंतर्गत सेबी द्वारा या किसी स्टॉक एक्सचेंज द्वारा (जहां यूटीआई की योजना की यूनिटें सूचीबद्ध हैं)जुर्माना लगाने का कोई मामला नहीं है। 2. न्यासी मंडल या न्यासियों या मुख्य कर्मी सहित भारतीय यूनिट ट्रस्ट के व्यापार से संबंधित कोई महत्वपूर्ण मुकदमे की कार्यवाही लंबित नहीं है। भारतीय यूनिट ट्रस्ट, न्यासी मंडल या न्यासियों या मुख्य कर्मी के प्रति कोई अपराधिक मामला लंबित नहीं है।

	3. न तो सेबी और न ही किसी अन्य नियामक एजेन्सी ने भारतीय यूनिट ट्रस्ट के परिचालनों या सिस्टम्स में किसी कमी को पेशकश दस्तावेज़ में दर्शाए जाने की विशेष रूप से सलाह दी है। 4. भारतीय यूनिट ट्रस्ट, न्यासी मंडल/न्यासी या मुख्य कर्मी के प्रति सेबी अधिनियम और उसके अंतर्गत बनाए गए विनियमों के अधीन कोई पूछताछ/अधिनिर्णय की कार्यवाही नहीं है।
15.	**संक्षिप्त वित्तीय जानकारी देने वाली सारणी को जोड़ा गया।**

अनुबंध I

पी ई एफ - संशोधित / शामिल किये गये प्रावधान

खण्ड सं.	वर्तमान प्रावधान	संशोधित प्रावधान
	शामिल नहीं	प्रमुख बातें एक सतत खुली वृद्धि योजना निवासी व्यक्ति तथा संस्थाएं एवं अनिवासी भारतीय, विदेशी निगमित निकाय और विदेशी संस्थागत निवेशक निवेश कर सकते हैं । न्यूनतम निवेश रु.5000/- है तथा कोई अधिकतम सीमा नहीं है । उसी फोलियो के अंतर्गत बाद में निवेश करने के लिए न्यूनतम निवेश रु.1000/- है । प्रत्येक यूनिट का अंकित मूल्य रु.10/- है । बिक्री और पुनर्खरीद उस दिन की समाप्ति के *एन ए वी* पर किया जाएगा, जिस दिन आवेदन स्वीकार किया जाता है । बिक्री *एन ए वी* में बिक्री-भार, जो *एन ए वी* के 3% से अधिक नहीं होगा, जोड़कर निकाली गयी दर पर की जाएगी । पुनर्खरीद *एन ए वी* पर की जाएगी । आय के पुनर्निवेश की सुविधा, यदि कोई हो, *एन ए वी* पर उपलब्ध होगी । इस योजना से अन्य योजनाओं में परिवर्तन (स्विचओवर) की सुविधा, जिनकी घोषणा ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर की जा सकती है, तथा अन्य योजनाओं से इस योजना में परिवर्तन (स्विचओवर) की सुविधा *एन ए वी* या *एन ए वी* पर आधारित मूल्य

		पर उपलब्ध होगी । वर्तमान में योजना द्वारा किया गया आय वितरण, यदि कोई हो, आय कर अधिनियम, 1961 की धारा 10(33) के अंतर्गत निवेशकों के हाथों में पूर्णतः कर-मुक्त है । इसके अलावा, सतत खुली ईक्विटी उन्मुख निधि होने के कारण इस पर आय कर अधिनियम, 1961 की धारा 115आर के अंतर्गत मार्च 2002 तक की अवधि के लिए आय वितरण कर भी नहीं लगेगा । यूनिटों की पुनर्खरीद पर पूंजी वृद्धि, यदि कोई हो, से मिलने वाले पूंजी लाभ पर आय कर अधिनियम, 1961 की धारा 48 एवं 112 के अंतर्गत मिलने वाले कर संबंधी लाभ भी उपलब्ध होंगे । यह निवेश आय कर अधिनियम, 1961 की धारा 54ईए एवं 54ईबी के अंतर्गत पूंजी लाभ कर से छूट के लिए भी पात्र होगा, जो निधि के स्रोत पर निर्भर होगा तथा आवेदन की स्वीकृति की तारीख से क्रमशः तीन / सात वर्ष की अवरुद्ध (लॉक-इन) अवधि के बाद ही यूनिटों की पुनर्खरीद किये जाने की शर्त पर होगा । योजना के अंतर्गत यूनिटों में किये गये निवेश का मूल्य धन कर से पूर्णतः मुक्त है । दान कर अधिनियम, 1958 के अंतर्गत 1 अक्तूबर 1998 को या उसके बाद किये गये दान के संबंध में दान कर समाप्त कर दिया गया है । इस प्रकार इस योजना के अंतर्गत यूनिट दान में दिये जाने पर वह दान कर की वसूली से पूर्णतः मुक्त होगा ।
परिभाषा III (क)	आवेदक द्वारा ट्रस्ट को ट्रस्ट के द्वारा यूनिटों की बिक्री या पुनर्खरीद के लिए आवेदन किये	आवेदक द्वारा ट्रस्ट को ट्रस्ट के द्वारा यूनिटों की बिक्री या पुनर्खरीद के लिए आवेदन किये जाने के संदर्भ में 'स्वीकृति की तारीख' से अभिप्राय उस दिन

	जाने के संदर्भ में 'स्वीकृति की तारीख' से अभिप्राय उस दिन से है, जिस दिन ट्रस्ट, इस बात से संतुष्ट होने पर कि आवेदन नियमानुसार है, उसे स्वीकार करे।	से है, जिस दिन ट्रस्ट का शाखा कार्यालय, इस बात से संतुष्ट होने पर कि आवेदन हर तरह से पूर्ण है, उसे स्वीकार करे। फ्रांचाइज कार्यालय / वसूली केन्द्र में बिक्री और पुनर्खरीद के लिए आवेदन किये जाने के संदर्भ में 'स्वीकृति की तारीख' रजिस्ट्रार के कार्यालय में आवेदन प्राप्त किये जाने की तारीख, या फ्रांचाइज कार्यालय अथवा वसूली केन्द्र में उसकी प्राप्ति की तारीख (टी) से 5वां कार्यदिवस (टी+5), जो भी पहले हो, होगी। ट्रस्ट उक्त कार्यदिवसों की संख्या 5 से भी कम कर सकता है, जैसा भी निर्णय लिया जाए।
परिभाषा III (खक)	वर्तमान में कोई प्रावधान नहीं है।	अवयस्क के मामले में 'वैकल्पिक आवेदक' से ऐसे माता-पिता अभिप्रेत हैं, जो अवयस्क की ओर से आवेदन करने वाले माता-पिता से भिन्न हों।
परिभाषा III (ग)	'आवेदक' से योजना के अंतर्गत आने वाले आवेदक अभिप्रेत हैं तथा इनमें उन सब श्रेणियों के व्यक्ति शामिल होंगे जिनका विशिष्ट उल्लेख इसके बाद दिये गये खण्ड V में किया गया है।	"आवेदक" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है, जो योजना में भाग लेने के लिए पात्र है तथा योजना के खण्ड के तहत आवेदन करता है और जो अवयस्क नहीं है।
परिभाषा III	वर्तमान में कोई प्रावधान नहीं है।	(ङ क) 'पात्र संस्था' से भारतीय यूनिट ट्रस्ट सामान्य विनियमावली, 1964 में यथापरिभाषित पात्र संस्था अभिप्रेत है।
परिभाषा III	वर्तमान में कोई प्रावधान नहीं है।	(ङ ख) 'फर्म', 'भागीदार' और 'भागीदारी' से भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 (1932 का 9) में उन्हें दिये गये अर्थ अभिप्रेत हैं, परन्तु 'भागीदार' शब्द में ऐसे व्यक्ति भी शामिल होंगे जो अवयस्क होने के कारण भागीदारी के लाभों में शामिल हो।
परिभाषा III	वर्तमान में कोई प्रावधान नहीं है।	(झ क) योजना के अंतर्गत एक अभिव्यक्ति के रूप में प्रयुक्त ''सदस्य'' शब्द से ऐसा आवेदक अभिप्रेत और शामिल है, जिसे 23.02.2000 को या उसके बाद योजना के अंतर्गत यूनिट आवंटित किये गये हों। ''सदस्य'' से यूनिट प्रमाणपत्र के अंतर्गत यूनिट रखने वाला ''यूनिटधारक'' भी अभिप्रेत है तथा दोनों

		अभिव्यक्तियों को पर्यायवाची के रूप में पढ़ा जाए। वर्तमान परिभाषा (झ क) को नया क्रमांक (झ ग) दिया गया है।
परिभाषा III	वर्तमान में कोई प्रावधान नहीं है।	(झ ख) ''अनिवासी भारतीय (एन आर आइ)'' से भारतीय राष्ट्रिकता /मूल के अनिवासी अभिप्रेत हैं। किसी व्यक्ति को '' भारतीय मूल का व्यक्ति'' तब माना जाएगा जब वह या उसके माता-पिता में से कोई, या उसके पितामह-पितामही में से कोई, चाहे वे पीढ़ी अथवा परंपरा में कितने ही बड़े क्यों न हों, चाहे पितृपक्ष के हों या मातृपक्ष के, मूल रूप में अधिनियमित भारत शासन अधिनियम, 1935 में यथापरिभाषित भारत में पैदा हुआ हो।
परिभाषा III (m)	''यूनिट रखने वाला व्यक्ति या यूनिटधारक'' से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है, जिसके पास फिलहाल यूनिट हों।	''व्यक्ति'' में ऊपर परिभाषित पात्र संस्था शामिल होगी।
परिभाषा III	वर्तमान में कोई प्रावधान नहीं है।	(ड क) ''आर बी आई'' से भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 के अंतर्गत स्थापित भारतीय रिजर्व बैंक अभिप्रेत है।
परिभाषा III (n)	''रजिस्ट्रार'' से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है, जिसकी सेवाएं योजना के अंतर्गत समय-समय पर रजिस्ट्रार के रूप में कार्य करने के लिए ट्रस्ट द्वारा ली जाएं।	''रजिस्ट्रार'' से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है, जिसकी सेवाएं योजना के अंतर्गत समय-समय पर रजिस्ट्रार के रूप में कार्य करने के लिए ट्रस्ट द्वारा ली जाएं।
परिभाषा III (ड क)	"निगमित निकाय" में सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 अथवा फिलहाल लागू किसी राज्य या केन्द्र के कानून के अंतर्गत पंजीकृत सोसाइटियां शामिल हैं; इस अभिव्यक्ति में बैंक, वित्तीय संस्थाएं तथा कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत पंजीकृत कंपनियां शामिल होंगी।	(त क) "सोसाइटी" से सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत स्थापित सोसाइटी अथवा फिलहाल लागू किसी राज्य या केन्द्र के कानून के अंतर्गत स्थापित कोई अन्य सोसाइटी शामिल है।
यूनिटों के लिए	1) निवासी भारतीय, जो वयस्क	1) निवासी [illegible] अथवा अनिवासी भारतीय अकेले

आवेदन V	व्यक्ति हो, अकेले या दूसरे वयस्क व्यक्ति के साथ संयुक्त / कोई एक या उत्तरजीवी आधार पर निवेश कर सकता है । ii) उक्त शर्तो पर पुन:प्रत्यावर्तनीय आधार पर अनिवासी भारतीय । iv) विनियमावली में यथापरिभाषित पात्र न्यास, विनियमावली में प्रावधान किये गये अनुसार और उसमें प्रावधान की गयी सीमा तक; v) अन्य निगमित निकाय, सोसाइटियों, बैंकों, वित्तीय संस्थाओं तथा कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत बनायी गयी कंपनियों सहित ।	या किसी अन्य अथवा दो तक अन्य व्यक्तियों के साथ संयुक्त रूप से संयुक्त / कोई एक या उत्तरजीवी आधार पर निवेश कर सकता है । iii) योजना के अंतर्गत यथापरिभाषित कोई पात्र संस्था, जिसमें निजी न्यास - जो अप्रतिसंहरणीय न्यास हो तथा जिसका सृजन लिखित रूप में तैयार लिखत द्वारा किया गया हो - शामिल है । iv) वित्तीय संस्था v) योजना के अंतर्गत यथापरिभाषित सोसाइटी vi) पंजीकृत सहकारी सोसाइटी vii) बैंक, जिसमें अनुसूचित बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, सभी सहकारी बैंक आदि शामिल हैं । viii) निगमित निकाय, जिसमें कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत बनायी गयी अथवा फिलहाल लागू राज्य या केन्द्र के कानून के अंतर्गत स्थापित कंपनी शामिल है । ix) हिन्दू अविभक्त परिवार, निवासी और अनिवासी दोनों । x) कोई सेना/नौसेना/वायुसेना/ पैरामिलिटरी निधि । xi) भागीदारी फर्म किसी भागीदारी फर्म द्वारा आवेदन अधिक-से-अधिक फर्म के तीन सदस्यों द्वारा किया जाएगा तथा ट्रस्ट द्वारा मान्यताप्राप्त पहले व्यक्ति को सभी व्यावहारिक प्रयोजनों के लिए सदस्य माना जाएगा । xii) सार्वजनिक क्षेत्र का कोई उपक्रम । xiii) सेबी के पास पंजीकृत कोई विदेशी संस्थागत निवेशक ।
निवेश की न्यूनतम राशि VI	कम-से-कम रु.2000/- के लिए निवेश किया जाएगा तथा कोई अधिकतम सीमा नहीं है । दशमलव के तीन अंकों तक यूनिटों का आबंटन किया जाएगा ।	कम-से-कम रु.5000/- के लिए आवेदन किया जाएगा । कोई अधिकतम सीमा नहीं है तथा दशमलव के तीन अंकों तक यूनिटों का आवंटन किया जाएगा । उसी फोलियो में बाद में निवेश करने के लिए न्यूनतम निवेश रु.1000/- है । निवासी या अनिवासी भारतीय द्वारा अनिवासी साधारण खाते में से रु.50,000/-

		और उससे अधिक का निवेश किये जाने के मामले में, निवेशक को सूचित किया जाता है कि वह आय कर पीएएन / जीआइआर क्रमांक तथा आय कर सर्कल का पता, यदि उसके पास हो, प्रस्तुत करे ।
व्यय संबंधी सीमा **VIII**	निर्गम संबंधी आरंभिक व्यय योजना के अंतर्गत जुटायी गयी निधियों के 6% से अधिक नहीं होगा । निर्गम संबंधी आरंभिक व्यय को छोड़कर योजना में प्रभारित कुल व्यय किसी लेखा-वर्ष के दौरान दैनिक औसत निवल आस्ति मूल्य के 3% से अधिक नहीं होगा ।	निर्गम संबंधी आरंभिक व्यय योजना के अंतर्गत जुटायी गयी निधियों के 6% से अधिक नहीं होगा । निर्गम संबंधी आरंभिक व्यय को छोड़कर योजना में प्रभारित कुल व्यय किसी लेखा-वर्ष के दौरान दैनिक औसत निवल आस्ति मूल्य के 2.5% से अधिक नहीं होगा ।
भुगतान की विधि (IX)	(1) आवेदक द्वारा आवेदित यूनिटों के लिए सभी अदायगियां आवेदन के साथ नकद, चेक या ड्राफ्ट द्वारा की जाएंगी जहां आवेदन यूटीआई के शाखा कार्यालय में प्रस्तुत किया जा रहा हो, चेक या ड्राफ्ट उस शहर के भीतर बैंकों की शाखाओं पर आहरित किये जाने चाहिए, जिसमें वह शाखा कार्यालय स्थित हो जहां आवेदन प्रस्तुत किया गया हो ।परन्तु यह कि जिस स्थान पर ट्रस्ट का शाखा कार्यालय हो उससे भिन्न स्थान से यूनिटों के लिए आवेदन करने का इच्छुक आवेदक यूनिट ट्रस्ट के शाखा कार्यालय में आवेदन के साथ आवेदित यूनिटों की संख्या के लिए बैंक ड्राफ्ट (बैंक ड्राफ्ट के लिए देय प्रभार उससे काटने के बाद) भेजकर ऐसा कर सकता है ।	(क) आवेदक द्वारा आवेदित यूनिटों के लिए सभी अदायगियां आवेदन के साथ नकद, चेक या ड्राफ्ट द्वारा की जाएंगी जहां आवेदन यूटीआई के शाखा कार्यालयों में प्रस्तुत किया जा रहा हो, चेक या ड्राफ्ट उस शहर/कस्बे के भीतर बैंकों की शाखाओं पर आहरित किये जाने चाहिए, जिसमें ट्रस्ट का वह शाखा कार्यालय स्थित हो जहां आवेदन प्रस्तुत किया गया हो । (ख) यदि अदायगी चेक/ड्राफ्ट द्वारा की गयी हो, आवेदन की स्वीकृति ऐसे चेक/ड्राफ्ट की वसूली की शर्त पर होगी । (ग) अनिवासी भारतीयों को अधिमानतः एनआरआई शाखा, मुम्बई में या ट्रस्ट के किसी भी शाखा कार्यालय में अनिवासी (बाह्य) / अनिवासी (साधारण) चेक अथवा आवेदन प्रस्तुत किये जाने के स्थान पर देय रुपया ड्राफ्ट के साथ अपने आवेदन प्रस्तुत करने चाहिए । (घ)विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा किसी नामित बैंक / प्राधिकृत व्यापारी, जिसे भारतीय रिज़र्व बैंक ने

	(2) यदि अदायगी चेक द्वारा की जाए, तो ऐसे चेक की वसूली की शर्त पर, स्वीकृति की तारीख वह तारीख होगी, जिस दिन ट्रस्ट या प्राधिकृत वसूली केन्द्र द्वारा चेक प्राप्त किया गया हो । यदि अदायगी ड्राफ्ट द्वारा की जाए, तो ऐसे ड्राफ्ट की वसूली की शर्त पर, स्वीकृति की तारीख वह तारीख होगी, जिस दिन ट्रस्ट या प्राधिकृत वसूली केन्द्र द्वारा आवेदन प्राप्त किया गया हो । यदि आवेदित यूनिटों के लिए अदायगी के रूप में प्रस्तुत राशि आवेदित यूनिटों के लिए देय राशि को कवर करने के लिए पर्याप्त न हो, तो आवेदक को कम संख्या में उतने यूनिट जारी किये जाएंगे जितने योजना के अंतर्गत जारी किये जा सकते हों, शेष राशि उसकी लागत पर ट्रस्ट द्वारा उपयुक्त समझे गये तरीके से वापस कर दी जाएगी । iii) पुन:प्रत्यावर्तन लाभों सहित निवेश की विधि अनिवासी भारतीयों / विदेशी निगमित निकायों द्वारा किये गये निवेशों में निविष्ट पूंजी और उस पर अर्जित आय एवं पूंजी वृद्धि (यदि लागू हो) के	अनुमोदित किया हो, के पास रखे गये विशेष अनिवासी रुपया खाता में नामे डालकर अदायगी करते हुए निवेश किया जाएगा । 1. पुन:प्रत्यावर्तन लाभों सहित अनिवासी भारतीय द्वारा किये गये निवेश के लिए अदायगी की विधि अनिवासी भारतीयों / विदेशी निगमित निकायों द्वारा किये गये निवेशों में निविष्ट पूंजी और उस पर अर्जित आय एवं पूंजी वृद्धि के पुन:प्रत्यावर्तन का अधिकार होगा, जब तक कि निवेशक भारत के बाहर का निवासी बना रहे । इन मामलों में निवेश निम्नलिखित में से किसी एक विधि से किया जा सकता है : (क) भारत के बाहर कार्यरत बैंक / विनिमय गृह द्वारा उनके भारतीय संपर्की बैंकों पर आहरित ट्रस्ट के पक्ष में रुपये में जारी ड्राफ्ट । (ख)भारत स्थित बैंक में रखे गये निवेशक के अनिवासी बाह्य खाते पर आहरित चेक द्वारा । (ग) निवेशक की विदेशी मुद्रा अनिवासी जमाराशियों की आगमराशियों से जारी चेक / ड्राफ्ट द्वारा । नोट: नेपाली तथा भूटानी मुद्राओं में अदायगी स्वीकार नहीं की जाती । 2) पुन:प्रत्यावर्तन लाभों के बिना अनिवासी भारतीय द्वारा किये गये निवेश के लिए अदायगी की विधि क) जहां अनिवासी साधारण खाते में रखी गयी निधियों का उपयोग यूनिटों की खरीद के लिए किया गया हो, उन मामलों में इस प्रकार निविष्ट निधियां तथा पूंजी वृद्धि (यदि कोई हो), भारत के बाहर पुन:प्रत्यावर्तन के लिए पात्र नहीं होंगी । इसी तरह, निवेशक के भारत में निवासी रहते हुए उसके द्वारा रुपयों में खरीदे गये यूनिटों में किये गये निवेश बाद में

	पुन:प्रत्यावर्तन का अधिकार होगा, जब तक कि निवेशक भारत के बाहर का निवासी बना रहे। इन मामलों में निवेश निम्नलिखित में से किसी एक विधि से किया जा सकता है : (क) विदेशी मुद्रा में ड्राफ्ट (ख) भारतीय संपर्की बैंकों पर आहरित यूटीआई के पक्ष में रुपये में जारी ड्राफ्ट। (ग) भारत स्थित बैंक में रखे गये निवेशक के अनिवासी बाह्य खाते पर आहरित चेक द्वारा। (घ) विदेशी मुद्रा अनिवासी जमाराशियों की आगमराशियों से जारी चेक / ड्राफ्ट द्वारा। इसके अलावा, नेपाली तथा भूटानी मुद्राओं में अदायगी स्वीकार नहीं की जाती। यूनिटों में निवेश रुपयों में किया जाता है, विदेशी मुद्रा के सभी ड्राफ्टों को भारतीय रुपये में परिवर्तित किया जाता है, जिस पर ऐसे परिवर्तन के समय मौजूद विनिमय दर लागू होती है। कमी, यदि कोई हो, का प्रेषण अनिवासी भारतीय निवेशकों द्वारा किया जाएगा। उक्त बातों को ध्यान में रखते हुए	उसके अनिवासी बनने पर यूनिटों की बिक्री की आगमराशियों के पुन:प्रत्यावर्तन के लिए पात्र नहीं होंगे। ख) 19 अगस्त 1994 के भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र ए.डी.(एम.ए. श्रृंखला) सं.18 के अनुसार वित्तीय वर्ष 1996-97 के दौरान और उसके बाद अर्जित समग्र आय का वितरण पूर्ण पुन:प्रत्यावर्तन लाभ के लिए पात्र होगा। ऐसे मामलों में अनिवासी साधारण खाते में जमा किये जाने के लिए ट्रस्ट रुपयों में अदायगी करेगा। निवेशक यदि यूनिटों पर किये गये आय वितरण को विदेश में प्रेषित करना चाहते हों तो वे कृपया अपने बैंकों / कर परामर्शदाताओं से सलाह लें।

	यह परामर्श दिया जाता है कि अनिवासी भारतीय/ विदेशी निगमित निकायों के निवेशक उक्त (ख) और (ग) में उल्लिखित लिखतों द्वारा अदायगी करें । iv) *पुन:प्रत्यावर्तन लाभों के बिना निवेश की विधि* जहां अनिवासी साधारण खाते में रखी गयी निधियों का उपयोग यूनिटों की खरीद के लिए किया गया हो, उन मामलों में इस प्रकार निविष्ट निधियां तथा पूंजी वृद्धि (यदि लागू हो), भारत के बाहर पुन:प्रत्यावर्तन के लिए पात्र नहीं होंगी । तथापि, 19 अगस्त 1994 के भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र ए.डी. (एम.ए. श्रृंखला) सं.18 के अनुसार वित्तीय वर्ष 1996-97 के दौरान और उसके बाद अर्जित समग्र आय पूर्ण पुन:प्रत्यावर्तन के लिए पात्र होगी । जहां ऐसे मामलों में अनिवासी साधारण खाते में जमा किये जाने के लिए भारतीय यूनिट ट्रस्ट रुपयों में अदायगी करेगा, वहीं निवेशकों को सूचित किया जाता है कि यदि वे यूनिटों पर अर्जित आय को प्रेषित करना चाहते हों तो कृपया अपने बैंकों / कर परामर्शदाताओं से संपर्क	

	करें।	
आवेदन स्वीकार करने या अस्वीकार करने का ट्रस्ट का अधिकार IX(3)	ट्रस्ट को योजना के तहत यूनिटों के निर्गम के लिए आवेदन स्वीकार करने और/या अस्वीकार करने का एकमात्र विवेकाधिकार है। योजना के तहत आवेदन करने के लिए किसी व्यक्ति की पात्रता या अपात्रता के बारे में ट्रस्ट का कोई भी निर्णय अंतिम होगा।	आवेदन स्वीकार करने या अस्वीकार करने का ट्रस्ट का अधिकार : ट्रस्ट को योजना के तहत यूनिटों के निर्गम के लिए आवेदन स्वीकार करने या अस्वीकार करने का एकमात्र विवेकाधिकार है। निम्नलिखित परिस्थितियों में यूनिटों के निर्गम का आवेदन ट्रस्ट द्वारा अस्वीकार कर दिया जाएगा : (i) आवेदन प्रति फोलियो रु.5000 के न्यूनतम आरंभिक निवेश तथा बाद में रु.1000 के निवेश से कम के लिए प्राप्त हुआ हो। (ii) आवेदन पर पहले आवेदक द्वारा हस्ताक्षर न किया गया हो। (iii) आवेदक योजना में निवेश करने के लिए पात्र न हो। योजना के तहत आवेदन करने के लिए किसी व्यक्ति की पात्रता या अपात्रता के बारे में ट्रस्ट का कोई भी निर्णय अंतिम होगा। (iv) यदि आवेदन अपूर्ण पाया गया तो उसे रद्द कर दिया जाएगा। पहले आवेदक के बैंक विवरण से रहित कोई भी आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा। *अस्वीकार किये गये ऐसे मामलों में अपेक्षित परिचालनात्मक और प्रक्रियात्मक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद ब्याज या अन्य राशि के लिए किसी भी देयता आदि का वहन किये बिना राशि वापस की जाएगी।*
यूनिट जारी किये जाने के पूर्व आवेदक द्वारा योजना के अंतर्गत	योजना के अंतर्गत यूनिटों के लिए आवेदन करने वाला व्यक्ति आवेदन करने संबंधी अपनी पात्रता के बारे में ट्रस्ट को संतुष्ट	यूनिट जारी किये जाने के पूर्व आवेदक द्वारा योजना के अंतर्गत पूरी की जाने वाली अपेक्षाएं : क) अवयस्क की ओर से योजना के अंतर्गत यूनिटों

पूरी की जाने वाली अपेक्षाएं IX(5)	करने के लिए और ट्रस्ट की सभी अपेक्षाएं पूरी करने के लिए बाध्य होगा, यथा न्यास से आवेदन प्राप्त होने के मामले में न्यास विलेख, अवयस्क की ओर से आवेदन किये जाने के मामले में जन्म प्रमाणपत्र, अनिवासी भारतीय के मामले में भारतीय रिज़र्व बैंक विनियमावली के अनुसार अपेक्षित दस्तावेज़, यदि कोई हो, कंपनियों आदि के मामले में संगम ज्ञापन और संगम अनुच्छेद, जो इस बात पर निर्भर होगा कि निवेशक किस श्रेणी का है । ऐसी अपेक्षाओं का ट्रस्ट के संतोषपर्यंत अनुपालन किया जाना या न किया जाना ट्रस्ट के एकमात्र विवेकाधिकार पर होगा । गलत घोषणा करके यूनिट प्राप्त करने वाले व्यक्ति की यूनिटधारिता रद्द कर दी जाएगी तथा यूनिटधारकों के रजिस्टर से उसका नाम काट दिया जाएगा । ऐसी स्थितियों में ट्रस्ट को दण्ड के रूप में 25% की कटौती करने के बाद सममूल्य पर या ट्रस्ट द्वारा निर्णीत ऐसे अन्य मूल्य पर यूनिटों की पुनर्खरीद करने का एवं पुनर्खरीद की आगमराशियों से गलती से अदा किया गया आय वितरण, यदि कोई हो, वसूल कर शेष राशि वापस करने का अधिकार होगा । उक्त राशि पर कोई	के लिए आवेदन करने वाले व्यक्ति आवेदन करने संबंधी अपनी पात्रता के बारे में ट्रस्ट को संतुष्ट करेंगे तथा ट्रस्ट द्वारा निर्धारित सभी अपेक्षाएं यथा अवयस्क के मामले में जन्म प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना, पूरी करेंगे । ख) ऐसे वयस्क, जो अवयस्क के माता-पिता, सौतेले माता-पिता या अन्य विधिक अभिरक्षक हों, यूनिट रख सकते हैं और अधिनियम की धारा 21 की उप-धारा (2क) के प्रावधानों के अनुसार तथा उसमें निर्धारित सीमा तक उनमें लेन-देन कर सकते हैं । अपेक्षा किये जाने पर ऐसे वयस्क को विनिर्दिष्ट रूप में अवयस्क की आयु का सबूत एवं अवयस्क की ओर से यूनिट रखने एवं उनमें लेन-देन करने की उसकी क्षमता का सबूत प्रस्तुत करना पड़ सकता है । ट्रस्ट किसी और सबूत के बिना आवेदन पत्र पर ऐसे वयस्क द्वारा प्रस्तुत विवरणों के आधार पर कार्य कर सकता है । ग) भागीदारी फर्म/ सहकारी सोसाइटी/ निगमित निकाय/ कंपनी जैसी संस्थाओं की ओर से यूनिटों के लिए किये जाने वाले आवेदनों के साथ भागीदारी विलेख/ सोसाइटी की उप-विधियों/ निगमित निकाय को शासित करने वाले कानून/ योजना में निवेश को प्राधिकृत करने संबंधी शासी निकाय (गवर्निंग बाडी) के संकल्प के साथ कंपनी के संगम ज्ञापन एवं संगम अनुच्छेद की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करनी होगी । यूनिटों की पुनर्खरीद के समय शासी निकाय का संकल्प प्रस्तुत करना होगा, जिसमें पुनर्खरीद के लिए प्राधिकृत किया गया हो एवं औपचारिकताएं पूरी करने व पुनर्खरीद चेक की वसूली के बारे में निकाय के संबंधित अधिकारी (रियों) का प्राधिकरण हो । घ) मिथ्या घोषणा के द्वारा यूनिट रखने वाले व्यक्ति की यूनिटधारिता रद्द कर दी जाएगी और उसका नाम सदस्यों के रजिस्टर से काट दिया जाएगा ।

	ब्याज नहीं दिया जाएगा चाहे पुनर्खरीद करने एवं आवेदक को पुनर्खरीद की आगमराशियां प्रेषित करने में ट्रस्ट को कितना ही समय क्यों न लगे।	ङ) उक्त मामले में, ट्रस्ट को दण्ड के रूप में 25% की कटौती करने के बाद सममूल्य पर या एनएवी पर, जो भी कम हो, अथवा ट्रस्ट द्वारा निर्णीत मूल्य पर यूनिटों की पुनर्खरीद करने का तथा पुनर्खरीद की राशि से गलती से अदा किये गये आय वितरण, यदि कोई हो, की वसूली करने के बाद शेष राशि वापस करने का अधिकार होगा। उक्त राशि पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा चाहे पुनर्खरीद करने एवं आवेदक को पुनर्खरीद की आगमराशियां प्रेषित करने में ट्रस्ट को कितना ही समय क्यों न लगे।
न्यासों और अवयस्कों द्वारा आवेदन तथा उनका पंजीकरण **X**	1) पात्र न्यासों, निगमित निकायों, विदेशी निगमित निकायों एवं विदेशी संस्थागत निवेशकों को यूनिटधारकों के रूप में पंजीकृत किया जा सकता है। 3) पात्र न्यासों, निगमित निकायों, आदि द्वारा प्रस्तुत आवेदनों के साथ यूनिटों में निवेश करने की आवेदक की क्षमता को दर्शाने वाले सभी सुसंगत दस्तावेज़ प्रस्तुत किये जाएंगे, यथा न्यास विलेख, संगम ज्ञापन एवं संगम अनुच्छेद, उप-विधि आदि, यूनिटों में निवेश को प्राधिकृत करने वाले प्रबंध निकाय (मैनेजिंग बाडी) आदि द्वारा पारित संकल्प की प्राधिकृत प्रति तथा अपेक्षित मुख्तारनामा की प्रति।	1) पात्र संस्थाओं, निगमित निकाय, और सोसाइटियों (सहकारी सोसाइटियों सहित) को सदस्यों के रूप में पंजीकृत किया जा सकता है। 3) [illegible] संस्थाओं, निगमित निकाय या सोसाइटियों द्वारा, अपेक्षा किये जाने पर, यूनिटों में निवेश करने की आवेदक की क्षमता को दर्शाने वाले सभी सुसंगत दस्तावेज़ ट्रस्ट को प्रस्तुत किये जाएंगे, यथा संगम ज्ञापन एवं संगम अनुच्छेद, उप-विधि आदि, यूनिटों में निवेश को प्राधिकृत करने वाले प्रबंध निकाय (मैनेजिंग बाडी) आदि द्वारा पारित संकल्प की प्राधिकृत प्रति तथा अपेक्षित मुख्तारनामा की प्रति। 4) फर्म को सदस्य के रूप में पंजीकृत किया जाएगा तथा लेखा विवरण फर्म के नाम में तैयार किया जाएगा।
यूनिटों की बिक्री तथा आवंटन की तारीख **XI**	ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की बिक्री की संविदा स्वीकृति की तारीख को पूरी हो गयी मानी जाएगी। आरंभिक पेशकश अवधि के लिए आवंटन की तारीख आरंभिक पेशकश अवधि की	बिक्री संविदा/लेखा विवरण जारी करना (क) यूनिटों का बिक्री मूल्य आवेदन की स्वीकृति की तारीख की समाप्ति पर मौजूद एन ए वी में 3% से अनधिक भार जोड़कर निकाला जाएगा। ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की बिक्री की संविदा स्वीकृति की तारीख को पूरी हो गयी मानी जाएगी। आरंभिक पेशकश

	समाप्ति की तारीख से 30 दिन बाद की तारीख होगी । बाद की पेशकश अवधियों के लिए आवेदन की स्वीकृति की तारीख ही आवंटन की तारीख होगी । बिक्री की संविदा इस तरह पूरी हो जाने पर ट्रस्ट या उसका एजेंट, जैसी भी स्थिति हो, तदुपरांत यथाशीघ्र आवेदक को उसकी पावती भेजेंगे। उसके बाद ट्रस्ट बेचे गये यूनिटों के लिए यूनिट प्रमाणपत्र आवेदक द्वारा दिये गये पते पर डाक से भेजेगा । यूनिट ट्रस्ट द्वारा यूनिट प्रमाणपत्र यथाशीघ्र, आवंटन की तारीख से अधिक से अधिक छः सप्ताह के भीतर, भेजने का प्रयास किया जाएगा ।ट्रस्ट द्वारा इस प्रकार प्रेषित यूनिट प्रमाणपत्र के खो जाने, नुकसान हो जाने, गलत सुपुर्दगी हो जाने या सुपुर्दगी न होने पर यूनिट ट्रस्ट की कोई देयता नहीं होगी । पात्र न्यास को यदि यूनिट प्रमाणपत्र जारी किया गया तो वह ऐसे न्यास के नाम में होगा ।	अवधि के लिए आवंटन की तारीख आरंभिक पेशकश अवधि की समाप्ति की तारीख से 30 दिन बाद की तारीख होगी । बाद की पेशकश अवधियों के लिए आवेदन की स्वीकृति की तारीख ही आवंटन की तारीख होगी । बिक्री की संविदा इस तरह पूरी हो जाने पर ट्रस्ट तदुपरांत यथाशीघ्र आवेदक को लेखा-विवरण जारी करेगा । ट्रस्ट द्वारा पात्र संस्था, फर्म या निगमित निकाय को जारी किया गया लेखा-विवरण पात्र संस्था/ फर्म/ निगमित निकाय के नाम में होगा । ट्रस्ट द्वारा इस प्रकार प्रेषित लेखा विवरण के खो जाने, नुकसान हो जाने, गलत सुपुर्दगी हो जाने या सुपुर्दगी न होने पर ट्रस्ट की कोई देयता नहीं होगी । ख) किसी दिन 2 बजे अपराह्न तक ट्रस्ट के शाखा कार्यालयों में बिक्री / पुनर्खरीद के लिए प्राप्त और स्वीकृत अथवा रजिस्ट्रार के कार्यालय में प्राप्त [कृपया III(क) देखें] सभी आवेदनों के संबंध में उसी दिन का एन ए वी लागू होगा । 2 बजे अपराह्न के बाद प्राप्त और स्वीकृत सभी आवेदनों पर अगले कारोबारी दिवस का एन ए वी लागू होगा । ग) संस्थाओं के आवेदन अपेक्षित दस्तावेज़ों सहित ट्रस्ट के कार्यालयों में ही स्वीकार किये जाएंगे । घ) ट्रस्ट आवेदन की स्वीकृति की तारीख से अधिक से अधिक 6 सप्ताह के भीतर लेखा-विवरण भेज देगा ।
इस योजना से संबंधित आस्तियों का मूल्यांकन XII	वर्तमान प्रावधानों को अनुबंध III की मद 9 के अंतर्गत किये गये प्रावधानों द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा ।	अनुबंध III की मद 9 देखें ।
निवल आस्ति मूल्य का निर्धारण XIII	यह एन ए वी कम-से-कम दो दैनिक समाचार पत्रों में प्रतिदिन प्रकाशित कराया जाएगा । एन ए वी की गणना उचित समय पर सेबी द्वारा निर्धारित विनियमों	<u>निवल आस्ति मूल्य (एन ए वी) की गणना और उसका प्रकटीकरण :</u> एन ए वी प्रतिदिन प्रकाशित किये जाने के लिए प्रेस को जारी किया जाएगा ।

	एवं दिशा-निर्देशों की शर्त पर होगी ।	
निवेश की सीमाएं XV	(i) योजना द्वारा जिन ऋण लिखतों में निवेश किया गया हो उन्हें क्रिसिल/ आइसीआरए/ केयर अथवा अन्य किसी क्रेडिट रेटिंग एजेंसी द्वारा, जो समय-समय पर मान्यता प्राप्त हो, निवेश ग्रेड की रेटिंग दी गयी हो : बशर्ते यदि ऋण लिखत की रेटिंग न करायी गयी हो, तो निवेश के लिए ट्रस्ट के न्यासी मंडल से विनिर्दिष्ट अनुमोदन लिया गया हो । (ii) इस योजना द्वारा कोई मीयादी ऋण नहीं दिया जाएगा । (iii) निजी तौर पर स्थानित डिबेंचरों, जमानती ऋणों एवं अन्य गैर-सूचीबद्ध ऋण लिखतों में निवेश योजना की कुल आस्तियों के 10% से अधिक नहीं होगा । (iv) योजना किसी एक कंपनी के शेयरों में अपनी निधियों के 5% से अधिक का निवेश नहीं करेगी । (v) किसी एक कंपनी के शेयरों, डिबेंचरों या अन्य प्रतिभूतियों में इस योजना सहित ट्रस्ट की सभी योजनाओं की निधियों के 15% से अधिक राशि का निवेश नहीं किया जाएगा । (vi) किसी एक उद्योग के	(i) इस योजना द्वारा कोई मीयादी ऋण नहीं दिया जाएगा । (ii) ट्रस्ट सुपुर्दगी के आधार पर प्रतिभूतियों की खरीद और बिक्री करेगा तथा खरीद के सभी मामलों में, संबंधित प्रतिभूतियों की सुपुर्दगी लेगा एवं बिक्री के सभी मामलों में, प्रतिभूतियों की सुपुर्दगी देगा और किसी भी हालत में वह स्वयं को ऐसी स्थिति में नहीं डालेगा जिससे इसे शार्ट-सेल करना पड़े या लेन-देन को कैरी-फारवर्ड करना पड़े या बदला वित्तपोषण का सहारा लेना पड़े । (iii) ट्रस्ट अपने द्वारा खरीदी गयी प्रतिभूतियां अपने नाम में अंतरित करायेगा । (iv)अपेक्षित प्राधिकार मिलने की शर्त पर, ट्रस्ट, उपयुक्त परिस्थितियों में, योजना की निवेश संबंधी नीति या बचाव या जोखिम को न्यूनतम करने के प्रयोजन पूरे करने के लिए सेबी द्वारा समय-समय पर किये गये निर्धारणों के अनुसार प्रयोज्य विनियमों एवं प्रतिपक्षी जोखिम के आकलन की शर्त पर फ्यूचर्स एण्ड ऑप्शन्स और अन्य व्युत्पन्न लिखतों जैसी तकनीकों एवं साधनों का उपयोग कर सकता है । (v) (क) योजना सेबी द्वारा घोषित प्रतिभूति उधार योजना के अनुसार स्टॉक लेंडिंग कार्यक्रम में भाग ले सकती है । यह कार्य अनुमोदित मध्यस्थ के जरिये किया जाएगा । (ख) किसी भी समय पर स्टॉक-लेंडिंग कार्यक्रम में एक मध्यस्थ के प्रति योजना का अधिकतम एक्सपोज़र योजना के ईक्विटी पोर्टफोलियो के बाजार मूल्य के 10% अथवा सेबी द्वारा निर्दिष्ट सीमा तक होगा ।

	शेयरों, डिबेंचरों में इस योजना सहित ट्रस्ट की सभी योजनाओं की निधियों के 15% से अधिक राशि का निवेश नहीं किया जाएगा : परन्तु यह प्रावधान उस योजना पर लागू नहीं होगा, जो किसी एक या अधिक विनिर्दिष्ट उद्योग में निवेश के लिए शुरू की गयी हो तथा पेश-कश पत्र में उस आशय की घोषणा की गयी हो । (vii) इस योजना से ट्रस्ट की अन्य योजना/ प्लान में निवेशों का अंतरण निम्नलिखित स्थितियों में ही किया जाएगा - (क) ऐसे अंतरण उद्धृत लिखतों के लिए हाजिर आधार पर प्रचलित बाजार भाव पर किये जाते हैं । (ख) इस प्रकार अंतरित प्रतिभूतियां उस योजना/ प्लान के निवेश संबंधी उद्देश्यों के अनुरूप होंगी जिसमें ऐसा अंतरण किया गया हो । (ग) गैर-सूचीबद्ध अथवा गैर-उद्धृत निवेशों का इस योजना से अन्य योजना/ प्लान में अंतरण ट्रस्ट के न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित नीतियों के अनुसार किया जाएगा । (viii) योजना यूटीआई की अन्य योजना/ प्लान में निवेश नहीं करेगी/ को उधार नहीं देगी । (9) योजना अपने निवेशों के	(ग) यदि ट्रस्ट को स्टॉक उधार लेने की अनुमति दी जाए तो योजना उपयुक्त परिस्थितियों में इस संबंध में सेबी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार स्टॉक उधार ले सकती है । (vi) योजना समुद्रपारीय/ विदेशी कंपनियों द्वारा जारी एवं विदेश में सूचीबद्ध प्रतिभूतियों में अथवा भारतीय कंपनियों द्वारा विदेशी/ समुद्रपारीय निवेशकों को जारी एवं विदेशी शेयर बाजारों में सूचीबद्ध प्रतिभूतियों में समय-समय पर इस संबंध में सेबी / भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किये गये दिशा-निर्देशों के अनुसार ऐसे निर्गमों में सीधे अभिदान करके अथवा विदेशी शेयर बाजारों में उनकी खरीद करके निवेश कर सकती है । (vii) योजना निम्नलिखित में कोई निवेश नहीं करेगी; क) ट्रस्ट की किसी सहयोगी या समूह कंपनी की गैर-सूचीबद्ध प्रतिभूति में; या ख) ट्रस्ट की किसी सहयोगी या समूह कंपनी द्वारा निजी स्थानन के रूप में जारी किसी प्रतिभूति में; या ग) ट्रस्ट की समूह कंपनियों की सूचीबद्ध प्रतिभूतियों में निवल आस्तियों के 25% से अधिक का निवेश । (viii) यूटीआई सिक्योरिटीज़ एक्सचेंज लिमिटेड (यूटीआई एसईएल), जो एक स्टॉक-ब्रोकिंग फर्म है एवं यूटीआई के पूर्ण स्वामित्व में है, की सेवाओं का उपयोग ट्रस्ट के न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित नीतियों के अनुसार तथा निर्धारित सीमाओं के अधीन योजना के प्रतिभूति लेन-देनों के लिए किया जाएगा । यूटीआई एसईएल की स्थापना 1994 में की गयी थी तथा उसका पंजीकृत कार्यालय मुम्बई में है । (ix) योजना किसी एक कंपनी के ईक्विटी शेयरों या [illegible] लिखतों में अपने एन ए वी के 10% से अधिक [illegible] निवेश नहीं करेगी ।

	वित्तपोषण के लिए निधियां उधार नहीं लेगी ।	
यूनिटों की पुनर्खरीद XVI	(1) अवरुद्ध अवधि के भीतर अर्थात् आरंभिक पेशकश अवधि की समाप्ति की तारीख से 90 दिनों के भीतर कोई पुनर्खरीद नहीं की जाएगी । (2) (i) अवरुद्ध अवधि के बाद यूनिट ट्रस्ट एन ए वी पर यूनिटों की पुनर्खरीद करेगा । पुनर्खरीद तब किया जाएगा जब यूनिट प्रमाणपत्र उसके पीछे मुद्रित सम्यक् रूप से निर्मोचित पुनर्खरीद फार्म सहित प्राप्त हो जाए, बशर्ते ट्रस्ट इस बात से पूर्णत: संतुष्ट हो कि उस संबंध में सभी औपचारिकताएं, जिनके ब्यौरे विशेष रूप से इसके उप खण्ड (3) में दिये गये हैं, पूरी कर ली गयी हों। आंशिक पुनर्खरीदों की अनुमति दी जाएगी, बशर्ते इस प्रकार की गयी किसी भी पुनर्खरीद से यूनिटधारक के पास धारित यूनिटों की संख्या 100 यूनिटों के गुणजों से इतर रूप में न होने पाये । (ii) यूनिटधारक के समक्ष पुनर्खरीद के लिए अपने यूनिटों की पेशकश करने की कोई बाध्यता नहीं होगी, जैसाकि ऊपर उप खण्ड 2(I) में बताया गया है, तथा वह योजना चालू रहने के दौरान अपनी इच्छानुसार	1. वर्ष में 45 दिनों से अनधिक अवधि के बुक-क्लोजर को छोड़कर पूरे साल पुनर्खरीद की सुविधा उपलब्ध रहेगी । 2. पीईएफ के यूनिट का पुनर्खरीद मूल्य एन ए वी होगा । 3. संमिश्र सेवा पत्रक /सम्यक् रूप से उन्मोचित यूनिट प्रमाणपत्र में पुनर्खरीद अनुरोध पर्ची प्राप्त होने पर पुनर्खराद किया जाएगा । आंशिक पुनर्खरीद की अनुमति इस शर्त पर होगी कि सदस्य प्रति फोलियो न्यूनतम रु.5000, जिसकी गणना पुनर्खरीद आवेदन की स्वीकृति की तारीख को लागू पुनर्खरीद मूल्य पर की जाएगी, की शेषराशि रखें । पुनर्खरीद के लिए स्वीकृति की तारीख को पुनर्खरीद की संविदा समाप्त हुई मानी जाएगी । 4. आंशिक पुनर्खरीद किये जाने की स्थिति में सदस्य को एक नया लेखा-विवरण जारी किया जाएगा, जो उसके द्वारा धारित यूनिटों पर निर्भर होगा । पुनर्खरीद की आगमराशियों पर कोई ब्याज देय नहीं होगा । 5. सदस्य/यों की मृत्यु और विधिक प्रतिनिधि द्वारा लेखा-विवरण, मृत सदस्य के नाम में बकाया यूनिटों की पुनर्खरीद के लिए अनुरोध पत्र ट्रस्ट को अभ्यर्पित किये जाने की स्थिति में, ट्रस्ट, दावे की मान्यता के संबंध में निर्धारित अपेक्षाओं के अनुपालन की शर्त पर, ट्रस्ट द्वारा निर्धारित नियमों और दिशा-निर्देशों के अनुसार यूनिटों की पुनर्खरीद करेगा तथा दावे के निपटान की तारीख तक बकाया राशि की अदायगी करेगा । लेखा विवरण के विधिक प्रतिनिधि को मृतक के नाम में जमा सभी यूनिटों का पुनर्खरीद मूल्य प्राप्त करने के बजाय सदस्य के रूप में यूनिट रखने और सदस्य के रूप में पंजीकृत बने रहने की अनुमति दी जाएगी तथा उसे धारित किये जाने वाले यूनिटों के

कितने भी समय तक उन्हें अपने पास रखने के लिए स्वतंत्र है ।

(3) उसके उप खण्ड के उपबंधों की शर्त पर यूनिट ट्रस्ट, पुनर्खरीद के लिए यूनिटधारक द्वारा अनुरोध किये जाने पर, यूनिट प्रमाणपत्र में दर्शाये गये यूनिटों के विनिर्दिष्ट भाग को, जैसी स्थिति हो, पुनर्खरीद करेगा जो हमेशा 100 यूनिटों के गुणजों में होगा । इस प्रकार प्राप्त यूनिट प्रमाणपत्र रद्द किये जाने के लिए यूनिट ट्रस्ट अपने पास रख लेगा । यूनिट प्रमाणपत्र में दर्शाये गये यूनिटों के एक अंश की पुनर्खरीद किये जाने की स्थिति में यूनिट ट्रस्ट यूनिटधारक द्वारा धारित शेष यूनिटों के लिए एक नया यूनिट प्रमाणपत्र जारी करेगा ।

(4) स्वीकृति की तारीख को पुनर्खरीद की संविदा समाप्त हुई मानी जाएगी ।

(5) यूनिट ट्रस्ट पुनर्खरीद किये गये यूनिटों की अदायगी स्वीकृति की तारीख के बाद यथासंभव यथाशीघ्र आवेदन में आवेदक द्वारा निर्दिष्ट रूप में करेगा । आवेदक को देय राशि पर किसी भी रूप में कोई ब्याज देय नहीं होगा तथा प्रेषण की लागत (डाकखर्च सहित) अथवा यूनिट ट्रस्ट द्वारा भेजे गये चेक या ड्राफ्ट की वसूली की लागत का वहन आवेदक द्वारा

संबंध में उसके नाम में लेखा-विवरण जारी किया जाएगा बशर्ते वह न्यूनतम धारिता एवं निवेश के लिए पात्रता की शर्तें पूरी कर रहा हो ।

7. ट्रस्ट द्वारा पुनर्खरीद किये गये यूनिटों की अदायगी कटौती, यदि कोई हो, के बाद पुनर्खरीद संबंधी अनुरोध प्रॉसेस किये जाने वाले केन्द्र में पुनर्खरीद संबंधी अनुरोध पत्र के साथ लेखा विवरण की प्राप्ति की तारीख से 10 कार्य-दिवसों के भीतर (बशर्ते आवेदन नियमानुसार हो) किया जाएगा ।

आवेदक को देय राशि के संदर्भ में किसी भी रूप में कोई ब्याज देय नहीं होगा तथा प्रेषण की लागत (डाक खर्च सहित) अथवा ट्रस्ट द्वारा भेजे गये चेक या ड्राफ्ट की वसूली की लागत का वहन आवेदक करेगा ।

8. अनिवासी निवेशकों के मामले में, पुनर्खरीद की आगमराशियां निवेश संबंधी स्रोत पर निर्भर रहते हुए निम्नानुसार प्रेषित की जाएंगी :-

क) जब विदेश से प्रेषित विदेशी मुद्रा से अथवा सदस्य की एफ सी एन आर जमाराशियों की आगमराशियों से अथवा सदस्य के भारत स्थित बैंक के अनिवासी (बाह्य) खाते में रखी गयी निधियों से यूनिटों की खरीद की गयी हो, तो सदस्य को आगमराशियां विदेशी मुद्रा में प्रेषित की जा सकती हैं अथवा उसे अनिवासी (बाह्य) या अनिवासी साधारण खाते में जमा किया जा सकता है अथवा भारत में उसके रिश्तेदार को अदा किया जा सकता है ।

ख) जब आवेदक के भारत में निवासी रहने के दौरान अथवा सदस्य के अनिवासी साधारण खाते में रखी गयी निधियों से यूनिटों की खरीद की गयी हो, तो परिपक्वता संबंधी आगमराशियां या तो निवेशक के अनिवासी साधारण खाते में जमा किये जाने के लिए भारत में उसके बैंकर के पास प्रेषित की जा सकती हैं, अथवा उसे भारत में निवेशक के रिश्तेदार के पास भेजा जा सकता है ।

9. विदेशी संस्थागत निवेशकों के मामले में,

	किया जाएगा ।	अनिवार्सा रुपया खाते में जमा की जाएगी या उसे सेबी / भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी किये गये अनुदेशों के अनुसार प्रेषित किया जाएगा ।
स्विचओवर XVIA.	वर्तमान में कोई प्रावधान नहीं है ।	स्विचओवर i) योजना के अंतर्गत सदस्यों को इस योजना से ऐसी अन्य योजनाओं में या अन्य योजनाओं से इस योजना में अपने निवेश के स्विचओवर की अनुमति होगी । ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर ऐसी अनुमति दी जा सकती है । ऐसी स्थिति में वे अपना नवीनतम लेखा-विवरण या सम्यक् रूप से हस्ताक्षरित यूनिट प्रमाणपत्र,(यदि कोई हो, प्रस्तुत कर स्विचओवर के लिए आवेदन कर सकते हैं । ii) स्विचओवर एन ए वी या एन ए वी पर आधारित मूल्य पर प्रभावी होगा, जिसका निर्णय ट्रस्ट द्वारा किया जाएगा । iii) इस योजना से ऐसी अन्य योजनाओं में या अन्य योजनाओं से इस योजना में ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर घोषित आंशिक स्विचओवर में दोनों योजनाओं के अंतर्गत न्यूनतम सीमा तक निवेश रखने की शर्त पूरी होनी चाहिए । यूनिट प्रमाणपत्र/ लेखा-विवरण ट्रस्ट द्वारा रद्द किये जाने के लिए रख लिया जाएगा तथा सदस्य को दोनों योजनाओं के लिए नये लेखा-विवरण जारी किये जाएंगे । iv) आय कर अधिनियम, 1961 की धारा 54 ईए/54 ईबी का लाभ प्राप्त करने के प्रयोजन के लिए योजना में किये गये निवेश का स्विचओवर क्रमश: 3 और 7 वर्ष की लॉक-इन अवधि की समाप्ति के पूर्व करने की अनुमति नहीं होगी ।
बिक्री और पुनर्खरीद मूल्य	(1) यूनिट ट्रस्ट द्वारा जिस मूल्य पर यूनिट बेचा जाएगा (जिसे	यूनिट ट्रस्ट द्वारा जिस मूल्य पर यूनिट बेचा जाएगा, उसे इसमें इसके बाद 'बिक्री मूल्य' कहा जाएगा तथा

XIX (1)	इसमें इसके बाद 'बिक्री मूल्य' कहा गया है), और जिस मूल्य पर यूनिट ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की पुनर्खरीद की जाएगी (जिसे इसमें इसके बाद 'पुनर्खरीद मूल्य' कहा गया है) उनकी घोषणा दैनिक आधार पर की जाएगी। आरंभिक पेशकश अवधि के दौरान बिक्री सममूल्य पर की जाएगी।बाद में अर्थात् आरंभिक पेशकश अवधि की समाप्ति की तारीख से 90 दिनों की अवरुद्ध अवधि के बाद बिक्री मूल्य पिछले एनएवी में एनएवी का कम से कम 5% जोड़कर निकाला जाएगा। बिक्री मूल्य की घोषणा दैनिक आधार पर की जाएगी। पुनर्खरीद मूल्य पिछले एनएवी पर निर्धारित किया जाएगा। पुनर्खरीद मूल्य की घोषणा दैनिक आधार पर की जाएगी। तथापि, बिक्री और पुनर्खरीद मूल्य के बीच का अंतर बिक्री मूल्य के 7% से अधिक नहीं होगा।	यूनिट ट्रस्ट द्वारा जिस मूल्य पर यूनिट की पुनर्खरीद की जाएगी, उसे इसमें इसके बाद 'पुनर्खरीद मूल्य' कहा जाएगा। आरंभिक पेशकश अवधि के दौरान बिक्री सममूल्य पर की जाएगी।बाद में अर्थात् आरंभिक पेशकश अवधि की समाप्ति की तारीख से 90 दिनों की अवरुद्ध अवधि के बाद यूनिट बेचे जाने पर बिक्री मूल्य एनएवी में आवेदन स्वीकार किये जाने की तारीख की समाप्ति पर मौजूद एनएवी के 3% से अनधिक की राशि जोड़कर निकाला जाएगा। बिक्री मूल्य की घोषणा दैनिक आधार पर की जाएगी। पुनर्खरीद मूल्य आवेदन स्वीकार किये जाने की तारीख की समाप्ति पर मौजूद एनएवी पर निर्धारित किया जाएगा। पुनर्खरीद मूल्य की घोषणा दैनिक आधार पर की जाएगी। तथापि, बिक्री और पुनर्खरीद मूल्य के बीच का अंतर बिक्री मूल्य के 7% से अधिक नहीं होगा।
यूनिट प्रमाणपत्र का प्रारूप XIX	यूनिटधारक को यूनिट प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा। यूनिट प्रमाणपत्र इसके साथ संबद्ध फार्म ए में होगा। प्रत्येक यूनिट प्रमाणपत्र का अलग क्रमांक होगा तथा उसमें यूनिटों की संख्या एवं यूनिटधारक (कों) का/के नाम दर्शाया जाएगा/दर्शाये जाएंगे।	1) 23/02/2000 को और उसके बाद बेचे गये यूनिटों के लिए ट्रस्ट द्वारा आवेदन स्वीकार किये जाने की तारीख से 6 सप्ताह के भीतर फोलियो नम्बर देते हुए एक लेखा-विवरण जारी किया जाएगा। 2) हर बार अतिरिक्त खरीद या आंशिक पुनर्खरीद किये जाने पर अथवा सदस्य द्वारा फोलियो के तहत निम्नलिखित खण्ड XXVII (क) के अनुसरण में यूनिटों का स्विचओवर किये जाने पर प्रत्येक सदस्य को हर बार फोलियो के अंतर्गत अद्यतन लेखा-

		विवरण भेजा जाएगा । 3) अनिवासी भारतीय निवेशक लेखा-विवरण भेजे जाने के लिए निम्नलिखित में से कोई भी पद्धति चुन सकते हैं : (i) आवेदक के भारतीय /विदेश स्थित पते पर अथवा (ii) भारत में अनिवासी भारतीय आवेदक के संबंधी के पते पर 4) विदेशी संस्थागत निवेशकों के मामले में, लेखा-विवरण उनके सार्वभौमिक अभिरक्षकों के पास अथवा आवेदन में प्रस्तुत पते पर भेजा जाएगा । 5) यदि सदस्य चाहे तो लेखा-विवरण के स्थान पर प्रमाणपत्र जारी किये जाने के लिए अनुरोध प्राप्त होने पर छः सप्ताह के भीतर उसे यूनिट प्रमाणपत्र जारी कर दिया जाएगा । 6) यूनिट प्रमाणपत्र / लेखा-विवरण दोनों योजना में निवेशक के शामिल होने के समान रूप से वैध साक्ष्य हैं । 7) खण्डों के प्रावधान यथावश्यक परिवर्तन सहित यूनिट प्रमाणपत्र द्वारा कवर किये गये यूनिटों तथा यूनिटधारकों पर लागू होंगे । 8) लेखा-विवरण / यूनिट प्रमाणपत्र के कट-फट जाने, विरूप हो जाने, खो जाने आदि की स्थिति में उसका विनिमय: [illegible] अनुरोध पर [illegible] विवरण जारी किया जाएगा ।
यूनिटों के संबंध में	जिस व्यक्ति को यूनिटधारक के	जिस व्यक्ति को यूनिटधारक के रूप में पंजीकृत

ट्रस्ट का मान्यता नहीं दी जाएगी XXIII	रूप में पंजीकृत किया गया हो तथा जिसके नाम में यूनिट प्रमाणपत्र जारी किया गया हो वही एकमात्र ऐसा व्यक्ति होगा जिसे ट्रस्ट यूनिटधारक मानेगा और उसी को ऐसे यूनिट प्रमाणपत्र व तत्संबंधी यूनिटों में तथा उसके प्रति अधिकार, हक़ या हित प्राप्त होगा; तथा ट्रस्ट ऐसे यूनिटधारक को उसका एकमात्र स्वामी मानेगा और वह इसके विपरीत किसी नोटिस द्वारा आबद्ध नहीं होगा अथवा, जैसा कि यहां व्यक्त रूप में कोई प्रावधान किया गया हो अथवा जैसाकि किसी सक्षम अधिकारिता वाले न्यायालय ने आदेश दिया हो उसे छोड़कर, किसी यूनिट प्रमाणपत्र अथवा तत्संबंधी यूनिटों के प्रति हक़ को प्रभावित करने वाले किसी न्यास या ईक्विटी या अन्य हित को मान्यता देने के लिए आबद्ध नहीं होगा ।	किया गया हो तथा जिसके नाम में लेखा विवरण जारी किया गया हो वही एकमात्र ऐसा व्यक्ति होगा जिसे ट्रस्ट सदस्य मानेगा और उसी को लेखा विवरण में दर्शाये गये यूनिटों में तथा उसके प्रति अधिकार, हक़ या हित प्राप्त होगा; तथा यूनिट ट्रस्ट ऐसे सदस्य को उसका एकमात्र स्वामी मानेगा और वह इसके विपरीत किसी नोटिस द्वारा आबद्ध नहीं होगा अथवा, जैसा कि यहां व्यक्त रूप में कोई प्रावधान किया गया हो अथवा जैसाकि किसी सक्षम अधिकारिता वाले न्यायालय ने आदेश दिया हो उसे छोड़कर, किसी लेखा विवरण में दर्शाये गये यूनिटों के प्रति हक़ को प्रभावित करने वाले किसी न्यास या ईक्विटी या अन्य हित को मान्यता देने के लिए आबद्ध नहीं होगा ।
सदस्यों का रजिस्टर XXVA	वर्तमान में कोई प्रावधान नहीं है ।	सदस्यों के पंजीकरण के संबंध में निम्नलिखित उपबंध लागू होंगे : (1) ट्रस्ट सदस्यों का रजिस्टर अपने कार्यालयों में रखेगा तथा उस रजिस्टर में निम्नलिखित बातें दर्ज की जाएंगी - (क) फोलियो नम्बर और सदस्य के खाते में जमा यूनिटों की संख्या; (ख) सदस्य का नाम और पता; (ग) दूसरे और तीसरे धारक का/के नाम; (घ) धारिता का स्वरूप; (ङ) नामिती/ हिताधिकारी का नाम;

		(च) सदस्य बनने की तारीख; (2) खण्ड 21 में दिये गये प्रतिबंध, जो यूनिट प्रमाणपत्र (त्रों) तथा यूनिटधारक (कों) पर लागू हैं, यथावश्यक परिवर्तन सहित लेखा विवरण एवं आवेदित / सदस्य के नाम में जमा यूनिटों पर लागू होंगे।
यूनिटधारक की पावती से ट्रस्ट उन्मोचित हो जाएगा XXVI	प्रमाणपत्र में उल्लिखित यूनिटों के संबंध में यूनिटधारक को प्रदत्त किसी राशि के संबंध में उसकी पावती यूनिट ट्रस्ट के लिए उचित उन्मोचन होगा।	सदस्य की पावती से ट्रस्ट उन्मोचित हो जाएगा यूनिट प्रमाणपत्र / लेखा विवरण में उल्लिखित यूनिटों के संबंध में सदस्य को प्रदत्त किसी राशि के संबंध में उसकी पावती यूनिट ट्रस्ट के लिए उचित उन्मोचन होगा।
यूनिटों का अंतरण/ उन्हें गिरवी रखना/ उनका समनुदेशन: XXVII	योजना के अंतर्गत जारी किये गये यूनिटों का निम्नलिखित शर्तों पर आरंभिक पेशकश अवधि की समाप्ति की तारीख से 90 दिन पूरे होने के बाद अंतरण / गिरवी / समनुदेशन किया जा सकता है : (1) प्रत्येक यूनिटधारक ट्रस्ट के अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित फार्म में लिखित रूप में लिखत द्वारा उसके द्वारा धारित यूनिट या उनमें से कोई यूनिट अंतरित कर सकेगा, परन्तु ऐसे किसी भी अंतरण को पंजीकृत नहीं किया जाएगा यदि उसके पंजीकरण के फलस्वरूप अंतरिती के पास बचने वाले यूनिट 100 के गुणजों में न हों। साथ ही खण्ड V में उल्लिखित वर्ग के व्यक्तियों को छोड़कर अन्य किसी के नाम में कोई अंतरण नहीं किया जाएगा।	क) अंतरण की सुविधा - निम्नलिखित अपवादों को छोड़कर लेखा-विवरण के तहत आने वाले यूनिट अंतरणीय नहीं हैं। परन्तु सतत खुली योजना होने के कारण, बिक्री /पुनर्खरीद की सुविधा *एन ए वी / एन ए वी* आधारित मूल्य पर सतत आधार पर उपलब्ध है। तथापि, यदि कोई व्यक्ति विधि के परिचालन द्वारा अथवा गिरवी लागू करने पर (जैसाकि नीचे (ख) में दिया गया है) अथवा मृत्यु, दिवालियेपन या एकमात्र धारक के कार्यों के समापन के कारण अथवा संयुक्त धारको के उत्तरजीवी के रूप में यूनिटों का धारक बन जाए, तो ट्रस्ट की राय में पर्याप्त समझे जाने वाले साक्ष्य प्रस्तुत किये जाने पर ट्रस्ट अंतरण को लागू करेगा बशर्ते आशयित अंतरिती अन्यथा यूनिट रखने के लिए पात्र हो। परन्तु विशेष परिस्थितियों में, ट्रस्ट अंतरण लिखत के बिना ट्रस्ट द्वारा विनिर्दिष्ट शर्तों पर यूनिटों के अंतरण की अनुमति दे सकता है। विशेष परिस्थितियों में, किसी कंपनी या अन्य निगमित निकाय द्वारा अन्य कंपनी या निगमित निकाय या व्यक्ति / व्यक्तियों, जिनमें से कोई भी

(2) अंतरण के प्रत्यक लिखत पर अंतरणकर्ता एवं अंतरिती द्वारा हस्ताक्षर किये जाएंगे तथा अंतरणकर्ता को तब तक अंतरित यूनिटों का धारक माना जाता रहेगा, जब तक तत्संबंधी रजिस्टर में अंतरिती का नाम शामिल नहीं कर लिया जाता।

(3)संबंधित यूनिट प्रमाणपत्रों के साथ अंतरण संबंधी लिखतें यूनिट ट्रस्ट की किसी शाखा /इस प्रयोजन के लिए नियुक्त रजिस्ट्रारों के किसी कार्यालय में प्रस्तुत की जाएंगी।

(4) यूनिट ट्रस्ट का शाखा कार्यालय /रजिस्ट्रार अंतरणकर्ता के हक या यूनिट अंतरित करने के उसके अधिकार के समर्थन में आवश्यक समझे जाने वाले किसी भी साक्ष्य की मांग कर सकते हैं। ट्रस्ट अंतरणकर्ता द्वारा प्रमाणपत्रों को बदलने के लिए उसके द्वारा आवेदन किये जाने की स्थिति में की जाने वाली अपेक्षाओं जैसी अपेक्षाओं का अनुपालन किये जाने पर खो गये, चोरी हो गये या नष्ट हो गये मूल यूनिट प्रमाणपत्र को प्रस्तुत किये जाने की अपेक्षा को अभिमुक्त कर सकते हैं।

(5) यदि अंतरिती शासकीय क्षमता में या विधि के परिचालन द्वारा यूनिटों का धारक बन जाए, तो ट्रस्ट की शाखा / रजिस्ट्रार, अवयस्क न हो, के साथ यूनिट रखे जाने पर ट्रस्ट विचार करेगा।

ख) सदस्य ऋण लेने के लिए बैंक/ अन्य वित्तीय संस्थाओं के पक्ष में प्रतिभूति के रूप में यूनिटों को गिरवी रख सकते हैं / उनको समनुदेशित कर सकते हैं। ट्रस्ट द्वारा अपेक्षित फार्म भरकर/ औपचारिकताएं पूरी करके यूनिटों को गिरवी रखा जा सकता है।ट्रस्ट गिरवी रखे गये यूनिटों पर गिरवी/ प्रभार/ ग्रहणाधिकार दर्ज करेगा। गिरवी रखने वाला व्यक्ति इस प्रकार गिरवी रखे गये यूनिटों का मोचन तब तक नहीं कर सकता, जब तक वे बैंक / वित्तीय संस्थाएं, जिन्हें यूनिट गिरवी रखे गये हैं, ट्रस्ट को लिखित रूप में इस बात के लिए प्राधिकृत नहीं कर देतीं कि गिरवी/ प्रभार/ ग्रहणाधिकार हटा लिया जाए। यूनिटों के गिरवी रखे रहने तक, गिरवीदार बैंक / वित्तीय संस्थाओं को ऐसे यूनिटों का मोचन करने का पूरा अधिकार होगा।

	यदि कोई हो, उनकी राय में पर्याप्त समझे जाने वाले साक्ष्य प्रस्तुत किये जाने पर अंतरण को लागू करेंगे बशर्ते आशयित अंतरिती अन्यथा यूनिट रखने के लिए पात्र हो। (6) अंतरण की सभी लिखतें, जिनका पंजीकरण किया गया हो, ट्रस्ट द्वारा उतनी अवधि तक रखी जाएंगी जब तक उन्हें रखना प्रक्रियात्मक और परिचालनात्मक अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक हो। (7) सभी यूनिट अंतरित किये जाने की स्थिति में, ट्रस्ट इस प्रयोजन के लिए पीछे दिये गये स्थान पर अंतरिती के ब्यौरों को पृष्ठांकित करेगा। यदि अंतरणकर्ता ने यूनिट प्रमाणपत्र द्वारा कवर किये गये यूनिटों के एक अंश का ही अंतरण किया हो, तो ट्रस्ट अंतरणकर्ता द्वारा अंतरित न किये गये यूनिटों के लिए उसे एक नया यूनिट प्रमाणपत्र जारी करेगा तथा इस प्रकार अंतरित यूनिटों के लिए अंतरिती को भी एक नया यूनिट प्रमाणपत्र जारी करेगा। (8) इसमें इसके पहले उल्लिखित प्रावधानों की शर्त पर ट्रस्ट अंतरण का पंजीकरण करेगा तथा संबंधित अंतरण लिखत के साथ यूनिट प्रमाणपत्र प्रस्तुत किये जाने की तारीख से 30 दिनों के भीतर अंतरिती को	

	यूनिट प्रमाणपत्र वापस कर देगा।	
न्यायवादियों (अटर्नियों) द्वारा हस्ताक्षरित आवेदन और अंतरण फार्म XXVIII	यदि किसी आवेदन या अंतरण फार्म पर मुख्तारनामाधारक ऐसे व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षर किया गया हो, जिसे ऐसा करने की शक्ति प्राप्त हो, तो आवेदन या अंतरण फार्म, जैसी स्थिति हो, के साथ मुख्तारनामा की मूल प्रति या उसकी नोटरी द्वारा प्रमाणित प्रति तब तक प्रस्तुत की जानी चाहिए जब तक कि मुख्तारनामा पहले ही ट्रस्ट की बहियों में दर्ज न कर लिया गया हो।	न्यायवादियों (अटर्नियों) द्वारा हस्ताक्षरित आवेदन यदि किसी आवेदन पर मुख्तारनामाधारक ऐसे व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षर किया गया हो, जिसे ऐसा करने की शक्ति प्राप्त हो, तो आवेदन के साथ मुख्तारनामा की मूल प्रति या उसकी नोटरी द्वारा प्रमाणित प्रति तब तक प्रस्तुत की जानी चाहिए जब तक कि मुख्तारनामा पहले ही ट्रस्ट की बहियों में दर्ज न कर लिया गया हो।
यूनिटधारकों द्वारा नामांकन (XXIX)	(1) अकेले यूनिट रखने वाला यूनिटधारक या संयुक्त रूप से यूनिट रखने वाले दो यूनिटधारक विनियमों में दी गयी सीमा तक एक से अनधिक व्यक्ति के पक्ष में नामांकन करने या रद्द करने के अधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं। तथापि, अनिवासी भारतीयों द्वारा नामांकन के मामले में नामांकन समय-समय पर भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा बनाये गये नियमों द्वारा शासित होगा।. (2) एकमात्र यूनिटधारक की मृत्यु की स्थिति में, नामिती ट्रस्ट द्वारा मान्यताप्राप्त ऐसा व्यक्ति होगा, जिसे विनियमावली के अंतर्गत यूनिटों के संबंध में ट्रस्ट	8. सदस्यों द्वारा नामांकन (i) नामांकन की सुविधा अपनी ओर से अर्थात् अकेले या दो तक संयुक्त रूप से आवेदन करने वाले व्यक्तियों के लिए ही उपलब्ध है। (ii) सिर्फ एक व्यक्ति को नामांकित किया जा सकता है। (iii) अनिवासी भारतीय अवयस्क सहित अवयस्कों को नामांकित किया जा सकता है। (iv) अनिवासी भारतीयों का नामांकन समय-समय पर भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित अपेक्षाओं की शर्त पर है। (v) निवेश चालू रहने के दौरान किसी भी समय नामांकन को बदला जा सकता है। (vi) अवयस्क के माता-पिता या विधिक अभिभावक, पात्र संस्था, सोसाइटी, निगमित निकाय, हिन्दू अविभक्त परिवार और भागीदारी फर्म के रूप में आवेदन करने वाले आवेदकों को नामांकन करने का कोई अधिकार नहीं है।

	द्वारा देय राशि प्राप्त करने का अधिकार होगा । (3) यूनिटधारक द्वारा वैध नामांकन के अभाव में मृत यूनिटधारक के निष्पादक या प्रशासक अथवा भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, 1925 (1925 का 39) के भाग X के तहत निर्गत उत्तराधिकार प्रमाणपत्र का धारक ही ऐसा व्यक्ति होगा जिसे ट्रस्ट द्वारा यूनिटों के संबंध में किसी प्रकार का हक़ रखने वाले व्यक्ति के रूप में मान्यता दी जाएगी । (4) यूनिटधारक(कों) की मृत्यु की स्थिति में जो व्यक्ति यूनिटों का हक़दार होगा उसे, अवरुद्ध अवधि के बाद और उसकी हकदारी के संबंध में ट्रस्ट द्वारा पर्याप्त समझे जाने वाले साक्ष्य प्रस्तुत किये जाने पर एवं दावेदार द्वारा दावे के संबंध में सभी औपचारिकताएं पूरी किये जाने पर, ट्रस्ट द्वारा आवधिक रूप से निर्धारित पुनर्खरीद मूल्य की अदायगी की जाएगी । (5) यदि यूनिट प्रमाणपत्र के तहत नामित एकमात्र व्यक्ति यूनिट रखने के लिए पात्र हो तो उक्त नामिती की इच्छानुसार उसे मृतक के नाम में जमा सभी यूनिटों का पुनर्खरीद मूल्य प्राप्त करने के बजाय यूनिटधारक के रूप में यूनिट रखने एवं	(vii) अन्य प्रावधान विनियमों में किये गये प्रावधानों के अनुसार होंगे । (viii) भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 की धारा 39क के अंतर्गत सदस्य को सांविधिक नामांकन की सुविधा उपलब्ध है ।तदनुसार, जहां भारतीय यूनिट ट्रस्ट सामान्य विनियमावली, 1964 के अनुसार किसी यूनिट के संबंध में नामांकन किया गया हो, वहां सदस्य(यों) की मृत्यु हो जाने पर यूनिट नामिती में निहित होगा तथा नामिती को इस प्रकार निहित यूनिट के संबंध में लेखा-विवरण जारी किया जाएगा, जो विनियमावली में किये गये प्रावधानों के अनुसार ऐसे यूनिटों के प्रति एवं उनके संबंध में किसी अन्य व्यक्ति के किसी अधिकार, हक़, दावे या अन्य हित की शर्त पर तथा ऐसे यूनिटों पर किसी भार या अवभार की शर्त पर होगा । उक्त प्रकार से ट्रस्ट द्वारा किये गये पारेषण (Transmission) से उक्त यूनिटों के संबंध में ट्रस्ट सभी देयता से पूर्णतः मुक्त हो जाएगा ।

	यूनिटधारक के रूप में पंजीकृत बने रहने की अनुमति दी जा सकती है और न्यूनतम धारिताएं संबंधी शर्तें पूरी किये जाने की शर्त पर उसके द्वारा वांछित यूनिटों के संबंध में उसके नाम में यूनिट प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा । (6) अवरुद्ध अवधि के दौरान यूनिटधारक की मृत्यु की स्थिति में, यूनिट ट्रस्ट आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद दावे का निपटान करेगा तथा सुसंगत खण्डों में दिये गये ब्यौरों के अनुसार या यूनिट ट्रस्ट द्वारा यथानिर्णीत किसी अन्य पद्धति से ज्ञात पुनर्खरीद मूल्य की अदायगी विधिक उत्तराधिकारी / नामिती को करेगा ।	
आय वितरण XXXI	(1) योजना के अंतर्गत प्राप्त आय तथा उसके अंतर्गत हुए व्यय पर निर्भर रहते हुए ट्रस्ट योजना के अंतर्गत आय वितरित कर या नहीं कर सकता है । प्रत्येक वर्ष 30 जून को योजना की वार्षिक लेखाबंदी के बाद यथाशीघ्र यूनिटधारकों को वितरण योग्य आय, यदि कोई हो, का वितरण किया जाएगा । लाभांश घोषित किये जाने की तारीख से 42 दिनों के भीतर यूटीआई उसे प्रेषित करने का प्रयास करेगा ।	(क) यद्यपि योजना का उद्देश्य वृद्धि है, तथापि समय-समय पर योजना के तहत आय वितरित किया जा सकता है । (ख) जिन सदस्यों के नाम योजना द्वारा आय वितरण की घोषणा के पूर्व बहियों की लेखाबंदी के समय सदस्यों के रजिस्टर में शामिल हों, वे योजना के अंतर्गत इस प्रकार वितरित आय प्राप्त करने के हकदार होंगे । (ग) योजना द्वारा वितरित आय ईसीएस, जहां-कहीं ऐसी सुविधा उपलब्ध हो, के माध्यम से अथवा बैंक/बैंकों के साथ पूर्व-अदायगी व्यवस्थाओं के तहत ट्रस्ट द्वारा विनिर्दिष्ट बैंक/बैंकों की शाखाओं में भुगतान-योग्य चेक या वारंट द्वारा अदा की जाएगी ।

	(2) यूनिटधारक के लिए यह विधिपूर्ण होगा कि वह जिन यूनिटों का धारक है उनके संबंध में ट्रस्ट द्वारा घोषित आय प्राप्त करे और रखे, भले ही उसने प्रतिफल के लिए उन यूनिटों को पहले ही अंतरित कर दिया हो जब तक कि अंतरणकर्ता से आय का दावा करने वाला अंतरिती आय देय होने की तारीख से 15 दिनों के भीतर अंतरण संबंधी अन्य सभी दस्तावेजों, जो उपबंधों के अंतर्गत या अन्यथा उसके नाम में पंजीकृत किये जाने के लिए ट्रस्ट द्वारा अपेक्षित हों, के साथ प्रमाणपत्र प्रस्तुत न कर दे । स्पष्टीकरण: इस उप खण्ड में विनिर्दिष्ट अवधि निम्नलिखित स्थितियों में बढ़ायी जाएगी - I) अंतरिती की मृत्यु की स्थिति में उसके विधिक प्रतिनिधि द्वारा आय के प्रति अपना दावा सिद्ध करने में ली गयी वास्तविक अवधि द्वारा; ii) चोरी या अंतरिती के नियंत्रण के बाहर के किसी अन्य कारण से अंतरण विलेख के खो जाने की स्थिति में उसके पुन:स्थापन में ली गयी वास्तविक अवधि द्वारा; और iii) अंतरण के संबंध में कोई प्रमाणपत्र और अन्य दस्तावेज	(घ) आय वितरण की घोषणा के मामले में, आय वितरण वारंट आय वितरण की घोषणा की तारीख से 42 दिनों के भीतर भेज दिया जाएगा । (ङ)वितरित आय का पुनर्निवेश : सदस्य योजना द्वारा घोषित आय, यदि कोई हो, का पुनर्निवेश और अधिक यूनिटों में करने का विकल्प चुन सकते हैं । ऐसा विकल्प चुनने पर उसके द्वारा धारित यूनिटों पर अर्जित समग्र आय; कर, यदि कोई हो, की कटौती कर; इसमें इसके ऊपर खण्ड XXXI (ग) में उल्लिखित रूप में सदस्य को अदा करने के बजाय उसका पुनर्निवेश एन ए वी पर योजना के और यूनिटों में कर दिया जाएगा और उसे उसके फोलियो में जमा कर दिया जाएगा । इस प्रकार राशि जमा किये जाने पर एक नया लेखा-विवरण जारी किया जाएगा । च) निवेशकों के बैंक संबंधी ब्यौरे तथा इलेक्ट्रॉनिक समाशोधन सेवा : i) आय वितरण वारंट/ पुनर्खरीद चेक/ परिपक्वता चेक के कपटपूर्ण नकदीकरण को टालने के लिए सेबी ने निवेशकों के लिए यह अधिदेशात्मक कर दिया है कि वे अपने हित में आवेदन फार्म में उपयुक्त स्थान पर बैंक संबंधी ब्यौरे दें । बैंक के ब्यौरों से रहित आवेदन रद्द कर दिये जाएंगे ।तदनुसार, नीचे मद (ii) में दिये गये ग्यारह शहरों से बाहर रहने वाले आवेदकों से अनुरोध है कि वे आवेदन फार्म में उपयुक्त स्थान पर तथा रिकॉर्ड के लिए पावती वाले अंश पर अपने बैंक खाते के पूरे ब्यौरे (अर्थात् खाते का स्वरूप, खाता क्रमांक तथा बैंक का नाम) प्रस्तुत करें । ऐसी स्थिति में आय वितरण वारंट /पुनर्खरीद चेक इस प्रकार विनिर्दिष्ट सदस्य के खाते में जमा किये जाने के लिए बैंक के ब्यौरों सहित सदस्य के नाम में बनाये जाएंगे और उन्हें प्रेषित किये जाएंगे। ii) वर्तमान में मुम्बई/ कलकत्ता/ चेन्नई/ नई

प्रस्तुत करने में डाक द्वारा मार्गस्थ विलंब के मामले में, विलंब की वास्तविक अवधि द्वारा ।	दिल्ली/ अहमदाबाद/ बड़ोदा/ पुणे/ भुवनेश्वर/ बंगलोर/ हैदराबाद/ जयपुर से निवेशकों को ईसीएस की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है ताकि संबंधित केन्द्रों में उनके बैंक खातों में राशि सीधे जमा की जा सके बशर्ते एक लिखत की राशि रु.5,00,000/- से अधिक न हो। निवेशक को एक विवरण दिया जाएगा, जिसमें उसके बैंक खाते में जमा की गयी राशि के ब्यौरे होंगे ।
(3) इसमें इसके पहले उल्लिखित कोई भी बात यूनिटधारक को उसके द्वारा धारित यूनिटों के संबंध में देय हुई आय अदा करने के ट्रस्ट के अधिकार को प्रभावित नहीं करेगी।	iii) निवेशक के बैंक की शाखा उसके खाते में राशि जमा करेगी तथा जमा की गयी प्रविष्टि को बैंक खाते के पासबुक/ विवरण में "ईसीएस" के नाम से दर्शाया जाएगा । यह सुविधा प्राप्त करने के इच्छुक आवेदक से अनुरोध है कि वह आवेदन फार्म में ये ब्यौरे भरें - अपने बैंक का नाम और पता, खाते का स्वरूप और उसका क्रमांक, 9 अंकों का बैंक एवं शाखा माइकर कोड क्रमांक आदि ।
(4) यूनिटधारकों के बीच वितरणयोग्य आय पर ट्रस्ट द्वारा कोई ब्याज देय नहीं होगा । तथापि, ट्रस्ट, योजना के तहत रखी गयी प्रारक्षित निधियों की मात्रा पर निर्भर रहते हुए एवं परिस्थितियों द्वारा अनुमति मिलने पर, यूनिटधारक द्वारा देरी से लाभांश प्राप्त होने का दावा किये जाने पर कार्यपालक समिति द्वारा अनुमोदित रूप में यथासंभव सीमा तक यूनिटधारक को क्षतिपूर्त करेगा ।	iv) इस सुविधा की पर्याप्त मांग न होने पर अथवा अन्य किसी कारण से ट्रस्ट "ईसीएस" के माध्यम से आय अदा करने के बजाय बैंक खाते संबंधी ब्यौरों से युक्त आय वारंट जारी करके आय की अदायगी कर सकता है । छ) <u>अनिवासी भारतीय/ विदेशी निगमित निकायों के निवेशकों को आय का वितरण</u>
(5) यूनिटधारकों के बीच यदि आय का वितरण किया गया तो उसकी अदायगी ट्रस्ट के जहां पर कार्यालय हैं वहां स्थित बैंकरों पर आहरित चेक या वारंट या अन्य किसी लिखत के माध्यम से अथवा यूनिटधारक के विकल्प पर बैंक ड्राफ्ट द्वारा, जिसका प्रभार यूनिटधारक वहन करेगा, की जाएगी ।	अनिवासी भारतीय/ विदेशी निगमित निकायों के निवेशकों को आय का वितरण विदेशी मुद्रा नियंत्रण संबंधी विनियमों के अनुसार किया जाएगा । आय की अदायगी संबंधी वर्तमान स्थिति निम्नानुसार है: i) वारंट सदस्य के नाम में जारी कर भारत में रहने वाले उसके रिश्तेदार के पास भेजा जा सकता है ताकि उसे सदस्य के अनिवासी बाह्य / अनिवासी साधारण खाते में, जैसी स्थिति हो, जमा किया जा सके ।
यूनिटधारक यूनिटों के लिए	अथवा

आय वितरण का और यूनिटों में पुनर्निवेश XXXII	आवेदन करते समय या उसके बाद यूनिटों के संबंध में प्राप्य आय का पुनर्निवेश और अधिक यूनिटों में करने का विकल्प चुन सकते हैं। ऐसा विकल्प चुनने पर वितरित की जाने वाली समग्र आय यूनिटधारक को अदा किये जाने के बजाय इसके खण्ड XXXI में उल्लिखित रूप में कर, यदि कोई हो, की कटौती कर उसका पुनर्निवेश शून्य बिक्री भार सहित प्रचलित एन ए वी पर और अधिक यूनिटों में कर दिया जाएगा।एक विवरण यूनिटधारक को जारी किया जाएगा, जिसमें वितरित लाभांश, काटे गये कर, यदि कोई हो, तथा उसके बदले में आवंटित यूनिटों के ब्यौरे दिये जाएंगे। किसी भी यूनिटधारक को इस प्रकार आवंटित यूनिटों के संबंध में यूनिट प्रमाणपत्र जारी किये जाने की मांग करने का हक़ नहीं होगा। उक्त पुनर्निवेश सुविधा का विकल्प चुनने वाले यूनिटधारक को लिखित रूप में आवेदन देने और जारी किया गया अंतिम विवरण अभ्यर्पित करने पर उस समय प्रचलित मूल्य पर उसके खाते में जमा यूनिटों की पुनर्खरीद करने की अनुमति होगी। पुनर्निविष्ट यूनिटों की पुनर्खरीद करने वाला यूनिटधारक बाद के वर्षों के लिए वितरणयोग्य आय के	ii)भारत में रहने वाले रिश्तेदार के नाम में वारंट जारी कर उसके खाते में जमा किये जाने के लिए उसके पास भेजा जा सकता है। ज) मुम्बई में अपना बैंक खाता रखने वाले अनिवासी भारतीय निवेशकों को भी ईसीएस की सुविधा उपलब्ध है। जो अनिवासी भारतीय निवेशक अपने निवासी रिश्तेदार के खाते में आय वितरण की राशि जमा कराना चाहते हों, उन्हें ऊपर दर्शाये गये स्थानों पर ईसीएस की सुविधा प्रदान की जा सकती है।

	संबंध में पुनर्निवेश की सुविधा प्राप्त करना जारी रख सकता है । इस खण्ड के तहत पुनर्निवेश की सुविधा के तहत आवंटित यूनिटों पर मूल यूनिटों को शासित करने वाली शर्तें यथा, 200 यूनिटों की न्यूनतम और उसके बाद 100 यूनिट के गुणजों में यूनिट रखना, आंशिक पुनर्खरीद और अन्य मामले, लागू नहीं होतीं ।	
विकास प्रारक्षित निधि में अंशदान XXXIII	योजना सतत खुली बनने पर अर्थात् आरंभिक पेशकश अवधि की समाप्ति की तारीख से 90 दिनों की अवरुद्ध अवधि के बाद हर वर्ष निवल आस्ति मूल्य का 0.15% लेखांकन वर्ष के पहले दिन यूनिट ट्रस्ट की विकास प्रारक्षित निधि के प्रति अंशदान के रूप में अलग रखा जाएगा ।	(i) दैनिक औसत निवल आस्ति मूल्य के 0.25% वार्षिक के बराबर की राशि ट्रस्ट की विकास प्रारक्षित निधि के प्रति अंशदान के रूप में अलग रखी जाएगी ।विकास प्रारक्षित निधि के प्रति अंशदान आवर्ती व्ययों का अंश होगा । (ii) ट्रस्ट ने वर्ष 1983-84 में इस निधि की स्थापना एक सामान्य निधि के रूप में की ताकि ट्रस्ट नयी योजनाएं प्रारंभ करने, संकल्पना के स्तर पर नयी प्रणालियां और प्रक्रियाएं शुरू करने एवं अन्य विभिन्न उत्पादनात्मक व विकासात्मक कार्य, जो किसी विशिष्ट योजना से संबद्ध या जुड़े हुए न हों, के संबंध में किये जाने वाले अनुसंधान और विकास व्यय को पूरा कर सके । निधि का उपयोग निम्नलिखित के लिए भी किया जाता है - आर्थिक और पूंजी बाजार संबंधी अनुसंधान, प्रबंधन और व्यावसायिक प्रशिक्षण, ट्रस्ट के लिए सर्वेक्षण और बाजार अनुसंधान, विपणन और कार्पोरेट छवि में सुधार संबंधी प्रयास जिनका संबंध किसी विशिष्ट योजना से न हो, मानव संसाधन विकास संबंधी ऐसे प्रयास जिनका दीर्घकालिक प्रभाव हो तथा जो ट्रस्ट के भविष्य के कार्यकलापों से संबद्ध हों एवं ट्रस्ट की किसी आश्वासित दर प्रतिलाभ वाली योजना में आयी कमी, यदि कोई हो, को पूरा करने के लिए तथा भार-रहित योजनाओं के निर्गम व्ययों के

		लिए ।
स्टाफ कल्याण निधि के प्रति अंशदान XXXIV	हर वर्ष निवल आस्ति मूल्य का 0.10% लेखांकन वर्ष के पहले दिन स्टाफ कल्याण निधि के प्रति अंशदान के रूप में अलग रखा जाएगा ।	योजना के दैनिक औसत निवल आस्ति मूल्य के 0.10% वार्षिक के बराबर की राशि स्टाफ कल्याण निधि के प्रति अंशदान के रूप में अलग रखी जाएगी ।ट्रस्ट ने अपने कर्मचारियों के कल्याण के लिए, जिसमें विपदा में राहत, चिकित्सा राहत, स्वास्थ्य राहत या इसी प्रकार के अन्य प्रयोजन शामिल हैं, स्टाफ कल्याण निधि की स्थापना की है ।
लेखों का प्रकाशन XXXV	ट्रस्ट हर वर्ष 30 जून के बाद यथाशीघ्र बोर्ड द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट रूप में लेखा प्रकाशित कराएगा, जिसमें उस तिथि को समाप्त अवधि के दौरान योजना के कार्य-परिणाम दर्शाये जाएंगे । ट्रस्ट सेबी और अन्य संबंधितों को सम्यक् रूप से लेखा-परीक्षित वार्षिक लेखों, तुलन-पत्र एवं लाभ-हानि लेखा सहित, और अलेखा-परीक्षित छमाही लेखों तथा एन ए वी में घटबढ़ के तिमाही विवरण की तथा पिछली अवधियों से हुए परिवर्तनों सहित तिमाही पोर्टफोलियो विवरण की प्रतियां प्रस्तुत करेगा । ट्रस्ट निवेशकों के समक्ष ऐसे तथ्य प्रकट करेगा जो उन्हें ऐसी जानकारी देने के लिए जरूरी हैं जिनका उनके निवेशों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है । ट्रस्ट यूनिटधारक से लिखित अनुरोध प्राप्त होने पर इस प्रकार से प्रकाशित लेखों की प्रति उसे	संशोधित तथा अनुबंध III में 'लेखांकन नीति' की मद 10 के अंतर्गत शामिल ।

	प्रस्तुत करेगा ।	
योजना में परिवर्धन और संशोधन (XXXVI)	बोर्ड समय-समय पर इस योजना में परिवर्धन करके या अन्यथा संशोधन कर सकता है तथा उसमें किया गया कोई भी संशोधन / परिवर्धन शासकीय राजपत्र में अधिसूचित कराया जाएगा । संशोधन के किसी भी मामले में सेबी की पूर्वानुमोदन लिया जाएगा । योजना के उपबंधों पर आधारित पेशकश दस्तावेज़ में संशोधन कार्यपालक समिति और सेबी के पूर्वानुमोदन से किया जा सकता है ।	संशोधित और अनुबंध III की 'मौलिक विशिष्टताएं' नामक मद 5 के तहत शामिल ।
योजना का समापन (XXXVII)	(1)ट्रस्ट निम्नलिखित स्थितियों में योजना को समाप्त कर सकता है - यदि किसी समय पुनर्खरीद के बाद बकाया यूनिटों की कुल संख्या मूल रूप से जारी यूनिटों की संख्या के पचास प्रतिशत से कम हो जाए या युद्ध अथवा युद्ध जैसी अपवादात्मक स्थिति में, शेयर बाजारों में लेनदेन का विघटन, युद्ध आदि के कारण वित्तीय बाजार में कारोबार में रुकावट, विद्रोह, नागरिक उत्तेजना या अन्य कोई गंभीर सामाजिक-आर्थिक कारक (निरंतर राजनीतिक और औद्योगिक आन्दोलन जैसी)	(i) योजना की अवधि अनिश्चित है । तथापि, ट्रस्ट निम्नलिखित परिस्थितियों में इसे समाप्त कर सकता है और इसके समापन के लिए कदम उठा सकता है : (क) ऐसी कोई घटना घटित होने पर जिससे ट्रस्ट की राय में योजना को समाप्त करना अपेक्षित हो, अथवा (ख) यदि 75% सदस्य ऐसा संकल्प पारित कर दें कि योजना को समाप्त किया जाना चाहिए; अथवा (ग) यदि सेबी योजना के सदस्यों के हित में ऐसा निदेश दे । (ii) उक्त उप खण्ड (i) के अनुसरण में योजना का समापन किये जाने पर, ट्रस्ट समापन प्रभावी होने के कम-से-कम एक सप्ताह पहले सेबी को और अखिल भारतीय स्तर पर परिचालित दो दैनिक समाचार पत्रों

	आदि ।	में एवं मुम्बई में परिचालित एक देशी भाषा के समाचार पत्र में एक नोटिस देकर उन परिस्थितियों की जानकारी देगा जिनके तहत उसे समाप्त किया जा रहा हो ।
	(2) उक्त उप खण्ड (1) के अनुसरण में योजना का समापन किये जाने पर, ट्रस्ट समापन प्रभावी होने के कम-से-कम एक सप्ताह पहले सेबी को और अखिल भारतीय स्तर पर परिचालित दो दैनिक समाचार पत्रों में एवं मुम्बई में परिचालित एक देशी भाषा के समाचार पत्र में एक नोटिस देकर उन परिस्थितियों की जानकारी देगा जिनके तहत उसे समाप्त किया जा रहा हो ।	(iii) समापन के विज्ञापन की तारीख को और उस तारीख से, ट्रस्ट (क) योजना के संबंध में कोई व्यवसायिक कार्यकलाप करना बंद कर देगा । (ख) योजना में यूनिट सर्जित करना और रद्द करना बंद कर देगा । (ग) योजना में यूनिट जारी करना और उनका मोचन करना बंद कर देगा ।
	(3) समापन के विज्ञापन की तारीख को और उस तारीख से, ट्रस्ट (क) योजना के संबंध में कोई व्यवसायिक कार्यकलाप करना बंद कर देगा । (ख) योजना में यूनिट सर्जित करना और रद्द करना बंद कर देगा । (ग) योजना में यूनिट जारी करना और उनका मोचन करना बंद कर देगा ।	(iv) योजना के समापन के लिए कदम उठाने हेतु न्यासियों या अन्य किसी व्यक्ति को प्राधिकृत करने के लिए न्यासी मंडल सदस्यों की बैठक बुलाएगा ताकि आवश्यक संकल्प उस बैठक में उपस्थित और मत देने वाले सदस्यों के साधारण बहुमत से पारित करने पर विचार किया जा सके और पारित किया जा सके। (v) (क) न्यासी मंडल या उप खंड (iv) के तहत प्राधिकृत व्यक्ति योजना की आस्तियों का निपटान योजना के सदस्यों के सर्वोत्तम हित में करेगा ।
	(4) (क) न्यासी मंडल संबंधित योजना की आस्तियों का निपटान योजना के यूनिटधारकों के सर्वोत्तम हित में करेगा । (ख)उक्त खण्ड (क) के	(ख) उक्त उप खण्ड (v)(क) के अनुसरण में प्राप्त बिक्री आगमराशियों का उपयोग पहले तो योजना के तहत उचित रूप से देय देयताओं के उन्मोचन में किया जाएगा और ऐसे समापन से जुड़े व्यय पूरे करने के लिए उपयुक्त प्रावधान करने के बाद, शेषराशि सदस्यों को समापन का निर्णय लेने की तारीख को योजना की आस्तियों में उनके संबंधित हित के अनुपात में अदा की जाएगी ।

	अनुसरण में प्राप्त बिक्री आगमराशियों का उपयोग पहले तो योजना के तहत उचित रूप से देय देयताओं के उन्मोचन में किया जाएगा और ऐसे समापन से जुड़े व्यय पूरे करने के लिए उपयुक्त प्रावधान करने के बाद, शेषराशि यूनिटधारकों को समापन का निर्णय लेने की तारीख को योजना की आस्तियों में उनके संबंधित हित के अनुपात में अदा की जाएगी ।	(vi) समापन पूरा हो जाने के बाद, ट्रस्ट सेबी और यूनिटधारकों को समापन के संबंध में एक रिपोर्ट प्रेषित करेगा, जिसमें ये विवरण होंगे - समापन के लिए उत्तरदायी परिस्थितियां, समापन के पहले योजना की आस्तियों के निपटान के लिए उठाये गये कदम, समापन के लिए योजना के व्यय, सदस्यों के बीच वितरण के लिए उपलब्ध निवल आस्तियां तथा योजना के लेखा-परीक्षकों से प्रमाणपत्र । (vii) इसमें इसके पूर्व दी गयी किसी बात के होते हुए भी, समापन पूरा होने तक अथवा योजना समाप्त होने तक छमाही रिपोर्टों और वार्षिक रिपोर्ट के प्रकटीकरण के संबंध में सेबी (म्युचुअल फंड) विनियमावली, 1996 के प्रावधान लागू रहेंगे ।
	(5) समापन पूरा हो जाने के बाद, ट्रस्ट सेबी और यूनिटधारकों को समापन के संबंध में एक रिपोर्ट प्रेषित करेगा, जिसमें ये विवरण होंगे - समापन के लिए उत्तरदायी परिस्थितियां, समापन के पहले योजना की आस्तियों के निपटान के लिए उठाये गये कदम, समापन के लिए योजना के व्यय, यूनिटधारकों के बीच वितरण के लिए उपलब्ध निवल आस्तियां तथा योजना के लेखा-परीक्षकों से प्रमाणपत्र ।	(viii) उक्त मद (vi) में उल्लिखित रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद, यदि सेबी इस बात से संतुष्ट हो कि योजना के समापन के लिए सभी उपाय पूरे कर लिये गये हैं तो योजना समाप्त हो जाएगी । (ix) ट्रस्ट अनुरोध पत्र के साथ लेखा विवरण प्राप्त होने के बाद तथा अन्य प्रक्रियात्मक एवं परिचालनात्मक औपचारिकताएं पूरी होने पर यथासंभव यथाशीघ्र पुनर्खरीद राशि अदा करेगा । (x) अनिवासी भारतीय निवेशकों के मामले में, पुनर्खरीद राशियां निवेश संबंधी निम्नलिखित स्रोत के अनुसार प्रेषित की जाएंगी :-
	(6) ट्रस्ट यूनिट प्रमाणपत्र और उसके पीछे दिया गया फार्म विधिवत् भरकर प्राप्त होने के बाद यथासंभव यथाशीघ्र पुनर्खरीद राशि अदा करेगा । यूनिट प्रमाणपत्र और अन्य फार्म, यदि कोई हो, ट्रस्ट द्वारा रद्द किये जाने के लिए रख लिये	क) जब विदेश से प्रेषित विदेशी मुद्रा से या सदस्य की एफ सी एन आर जमाराशियों से या सदस्य के भारत स्थित बैंक के अनिवासी (बाह्य) खाते में रखी गयी निधियों से यूनिटों की खरीद की गयी हो, तो सदस्य को आगमराशियां विदेशी मुद्रा में प्रेषित की जा सकती हैं, अथवा उसे उसके अनिवासी बाह्य या अनिवासी साधारण खाते में जमा किया जा सकता है अथवा भारत में उसके रिश्तेदार को अदा किया जा सकता है ।

	जाएंगे ।	ख) जब आवेदक के भारत में निवासी रहने के दौरान अथवा सदस्य के अनिवासी साधारण खाते में रखी गयी निधियों से यूनिटों की खरीद की गयी हो, तो परिपक्वता राशियां या तो निवेशक के अनिवासी साधारण खाते में जमा किये जाने के लिए भारत में उसके बैंकर के पास प्रेषित की जा सकती हैं, अथवा उसे भारत में उनके रिश्तेदार के पास भेजा जा सकता है ।
योजना की प्रति उपलब्ध कराना (XXXIX)	सभी संशोधनों को शामिल कर इस योजना की एक प्रति ट्रस्ट के कार्यालयों में कारोबार घंटों के दौरान हर समय निरीक्षण के लिए उपलब्ध करायी जाएगी और आवेदन करने पर उसे यूनिट ट्रस्ट द्वारा किसी भी व्यक्ति को उपलब्ध कराया जाएगा ।	संशोधित तथा नीचे दिये गये 'निवेशकों के अधिकार और सेवाएं' शीर्षक मद के तहत शामिल ।
दावात्याग खंड	अनुबंध III की मद 1 के अनुसार शामिल ।	अनुबंध III की मद 1 देखें ।
सम्यक् तत्परता प्रमाणपत्र	सेबी को प्रस्तुत किया जाना है और उसके बाद मानक फार्मेट के अनुसार शामिल किया जाना है ।	
XLII.अंतर स्कीम अंतरण	अनुबंध III की मद 7 के अनुसार नये उपबंध शामिल ।	अनुबंध III की मद 7 देखें ।
XLIII सहयोगी संस्थाओं के साथ लेन-देन और उधार	अनुबंध III की मद 8 के अनुसार नये उपबंध शामिल ।	अनुबंध III की मद 8 देखें ।
XLIV निवेशों पर लागू कर प्रावधान	अनुबंध III की मद 11 के अनुसार नये उपबंध शामिल ।	अनुबंध III की मद 11 देखें ।
XLV	अनुबंध III की मद 12 के	अनुबंध III की मद 12 देखें ।

यूटीआई का गठन और प्रबंधन	अनुसार सूचना शामिल ।	
अभिरक्षक, रजिस्ट्रार तथा लेखा-परीक्षक	अनुबंध III की मद 14, 15 & 16 के अनुसार वर्तमान उपबंध अद्यतन किये गये ।	अनुबंध III की मद 14, 15 और 16 देखें ।
XLVI. दण्ड, लंबित मुकदमे, निरीक्षणों/ अन्वेषणों के महत्वपूर्ण निष्कर्ष	अनुबंध III की मद 18 के अनुसार नये उपबंध शामिल ।	अनुबंध III की मद 18 देखें ।
संघनित वित्तीय सूचना	अंतिम आंकड़े शामिल ।	

अनुबंध II

पी ई एफ - समाप्त किये गये प्रावधान

खण्ड सं.	वर्तमान प्रावधान	टिप्पणी
परिभाषाएं III.	'आवेदन' से सभी आवेदकों को यूनिटों की पेशकश के लिए निर्धारित ऐसा आवेदन-पत्र अभिप्रेत है, जिसमें निवेश करने वाली जनता के लिए योजना के अंतर्गत यूनिटों में अभिदान के प्रयोजन के लिए शर्तें निहित होती हैं ।	समाप्त किया गया
यूनिट प्रमाणपत्र तैयार करने की विधि (XXII)	यूनिट प्रमाणपत्रों को समय-समय पर न्यासी मंडल द्वारा लिये गये निर्णयानुसार उत्कीर्ण (एङ्ग्रेव) या अश्ममुद्रित (लिथोग्रैफ) या मुद्रित किया जाएगा और उस पर यूनिट ट्रस्ट द्वारा सम्यक् रूप से प्राधिकृत दो व्यक्तियों द्वारा यूनिट ट्रस्ट की ओर से हस्ताक्षर किये जाएंगे । ऐसा प्रत्येक हस्ताक्षर या तो स्वहस्तलेख (ऑटोग्रैफ) होगा अथवा यांत्रिक विधि से उसे बनाया जाएगा । इस प्रकार से हस्ताक्षरित न होने पर कोई यूनिट प्रमाणपत्र वैध नहीं होगा । इस प्रकार से हस्ताक्षरित यूनिट प्रमाणपत्र वैध और आबद्धकारी होंगे भले ही, उन्हें जारी किये जाने के पूर्व, जिन व्यक्तियों के हस्ताक्षर उस पर हैं उनमें से किसी व्यक्ति का यूनिट ट्रस्ट की ओर से यूनिट प्रमाणपत्रों पर हस्ताक्षर करने का प्राधिकार समाप्त कर दिया गया हो । परन्तु यदि इस प्रकार तैयार किये गये यूनिट प्रमाणपत्र पर ऐसे प्राधिकृत व्यक्ति का हस्ताक्षर हो जिसकी प्रमाणपत्र जारी होने के समय मृत्यु हो गयी हो, तो यूनिट ट्रस्ट, इसके द्वारा सर्वाधिक उपयुक्त समझे गये तरीके से, प्रमाणपत्र पर ऐसे व्यक्ति के हस्ताक्षर को रद्द कर किसी अन्य प्राधिकृत व्यक्ति का हस्ताक्षर उस पर संबद्ध	समाप्त किया गया क्योंकि लेखा-विवरण जारी किया जाएगा ।

	कराएगा । इस प्रकार जारी किया गया यूनिट प्रमाणपत्र भी वैध होगा ।	
यूनिट प्रमाणपत्रों का विनिमय तथा प्रमाणपत्र के कट-फट जाने, विरूप हो जाने, खो जाने आदि की स्थिति में अपनायी जाने वाली प्रक्रिया (XXIV)	(1) यूनिट प्रमाणपत्र के कट-फट जाने या पुराने पड़ जाने या विरूप हो जाने की स्थिति में, यूनिट ट्रस्ट स्वविवेक से अधिकृत व्यक्ति को कट-फट गये या पुराने पड़ गये या विरूप हो गये यूनिट प्रमाणपत्र के यूनिटों की कुल संख्या के बराबर यूनिटों के लिए नया यूनिट प्रमाणपत्र जारी करेगा । यदि कोई यूनिट प्रमाणपत्र खो जाए, चोरी हो जाए या नष्ट हो जाए, तो यूनिट ट्रस्ट स्वविवेक से उसके बदले में नया जारी कर सकता है । ऐसा कोई नया यूनिट प्रमाणपत्र तब तक जारी न किया जाए जब तक आवेदक ने पहले निम्नलिखित शर्तें पूरी न कर दी हों : I) यूनिट ट्रस्ट को मूल यूनिट प्रमाणपत्र कट-फट जाने, विरूप हो जाने, खो जाने, चोरी हो जाने या नष्ट हो जाने का संतोषजनक सबूत पेश कर दिया हो; ii) तथ्यों के अन्वेषण के संबंध में सभी व्ययों की अदायगी कर दी हो; iii) (कट-फट जाने या पुराने पड़ जाने या विरूप हो जाने की स्थिति में) यूनिट ट्रस्ट को कट-फट गया या पुराना पड़ गया या विरूप हो गया यूनिट प्रमाणपत्र प्रस्तुत और अभ्यर्पित कर दिया हो; तथा iv) यूनिट ट्रस्ट को उसके द्वारा अपेक्षित क्षतिपूर्ति दे दी हो । इस खंड के उपबंधों के तहत सद्भाव में ऐसा प्रमाणपत्र जारी किये जाने के लिए ट्रस्ट किसी	समाप्त किया गया क्योंकि इसके लिए अनुबंध I के खंड XIX (7) में पहले ही प्रावधान किया गया है ।

	देयता का वहन नहीं करेगा । (2) इस खंड के उपबंधों के तहत कोई प्रमाणपत्र जारी किये जाने के पूर्व, यूनिट ट्रस्ट यूनिट प्रमाणपत्र के आवेदक से यह अपेक्षा कर सकता है कि वह इसके द्वारा जारी प्रति यूनिट प्रमाणपत्र के लिए पांच रुपये का शुल्क और स्टांप शुल्क, यदि कोई हो, या ऐसा प्रमाणपत्र जारी और प्रेषित करने के लिए देय अन्य प्रभार को कवर करने के लिए ट्रस्ट की राय में पर्याप्त समझी गयी राशि अदा करे ।	
उपबंध की व्याख्या करने की शक्ति XL	यदि किसी उपबंध की व्याख्या के संबंध में कोई संदेह उत्पन्न हो, सिर्फ अध्यक्ष को तथा अध्यक्ष के नियुक्त न किये जाने की स्थिति में कार्यपालक न्यासी को योजना के उपबंधों की व्याख्या करने की शक्तियां उस सीमा तक प्राप्त होंगी जहां तक वह व्याख्या किसी भी रूप में पक्षपातपूर्ण या योजना के मूल विन्यास के विरुद्ध न हो और ऐसा निर्णय अंतिम, निश्चायक और बाध्यकारी होगा ।	समाप्त किया गया क्योंकि इसके लिए सेबी की विनियमावली में अनुमति नहीं है ।
उपबंधों को शिथिल करना XLI	यदि अध्यक्ष तथा अध्यक्ष के नियुक्त न किये जाने की स्थिति में ट्रस्ट का कार्यपालक न्यासी, कठिनाई को कम करने के लिए अथवा योजना के परिचालन को आसान बनाने के लिए, किसी यूनिटधारक अथवा यूनिटधारकों के वर्ग के लिए योजना के उपबंधों को शिथिल कर रहे हों तो वह सेबी के सूचनांतर्गत उपयुक्त समझी गयी शर्तों पर होगा । उपबंधों में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन सेबी के पूर्वानुमोदन से किया जाएगा ।	समाप्त किया गया क्योंकि इसके लिए सेबी की विनियमावली में अनुमति नहीं है ।
यूनिट प्रमाणपत्र का फार्मेट		समाप्त किया गया ।

अनुबंध III

पीईएफ

क.सं.	मानक पेशकश दस्तावेज द्वारा आवश्यक अंतर्वेश

1. डिस्क्लेमर खण्ड:

योजना के विवरण भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (म्यूचुअल फंड) विनियम,1996 के अनुसार तैयार किए गए हैं,यथा तिथि तक संशोधित एवं सेबी के पास पंजीकृत हैं और जन साधारण के अभिदान हेतु पेश किए गए यूनिट सेबी द्वारा न तो अनुमोदित अथवा अननुमोदित किए गए हैं न ही सेबी ने पेशकश दस्तावेज की यथार्थता अथवा पर्याप्तता को ही प्रमाणित किया है।

2. नियत तत्परता प्रमाणपत्र:

मानक पेशकश दस्तावेज के अनुसार अंत:स्थापित

3. विषय-वस्तु:

सारणी 'विषय-वस्तु' मानक पेशकश दस्तावेज के अनुसार अंत:स्थापित

4. जोखिम के तत्व III ए

म्यूचुअल फंड एवं प्रतिभूतियों में निवेशों पर बाजार का जोखिम होता है और योजना के अंतर्गत जारी यूनिटों का एनएवी पूंजी बाजार को प्रभावित करनेवाली शक्तियों एवं कारकों पर निर्भर करते हुए ऊपर या नीचे जा सकता है।
पूर्व योजनाओं/प्लानों का कार्यनिष्पादन आवश्यक रूप से भावी परिणामों का द्योतक नहीं है। इस बात का कोई आश्वासन नहीं दिया जा सकता कि योजना के उद्देश्यों को प्राप्त कर लिया जाएगा।
पीईएफ केवल योजना का नाम है और यह किसी भी प्रकार से योजना की गुणवत्ता का संकेत नहीं देता है।

डेरीवेटीव्ज़ : ऑप्शन्स एवं फ्यूचर्स जैसे डेरीवेटीव्ज़ प्रतिभूतियों में लेन-देन करना एक अत्यंत विशेषीकृत कार्य है एवं इसमें सामान्य निवेश के जोखिमों से कहीं अधिक जोखिम होता है।हालांकि निधि का अभिप्राय केवल पोर्टफोलियो के बचाव के उद्देश्य के लिए ही डेरीवेटीव्ज़ में लेन-देन करना है,इस खंड में समग्र बाजार बहुत ही अनिश्चित हो सकता है जो इस बाजार में अन्य प्रतिभागियों के कार्य के कारण है।डेरीवेटीव्ज़ में लेन-देन की सफलता निधि प्रबंधक के बाजार की भावी प्रवृत्ति का पूर्वानुमान लगाने की क्षमता पर निर्भर करती है और यदि निधि प्रबंधक अपने पूर्वानुमान में गलत होता है तो निधि का कार्यनिष्पादन, यदि यह निवेश योजना प्रयोग में न लाई गई होती तो जो रहा होता उसकी तुलना में घट गया होता।

विदेशी बाजारों में निवेश : विदेशी बाजारों में निवेश की सफलता,बाजार की उन परिस्थितियों एवं जानकारियों का विश्लेषण जो भारतीय बाजारों से भिन्न हो सकती हैं, को समझने की निधि प्रबंधक की योग्यता पर निर्भर करती है । चूंकि,इसमें विदेशी बाजारों में परिचालन शामिल है,अत: बाजार के जोखिमों के अलावा विनिमय दर के उतार-चढ़ाव के जोखिम भी हो सकते हैं।

स्टॉक उधार देना : यह न्यूनतम जोखिम के साथ निधि के लिए अतिरिक्त आय जुटाने का साधन है । स्टॉक उधार दिए जाने की अवधि के दौरान बिक्री हेतु सुलभ स्टॉक की अनुपलब्धता के रूप में जोखिम हो सकता है। ऋणी/मध्यस्थों द्वारा प्रतिभूतियों की चुकौतियों की चूक की संभावनाओं के रूप में भी जोखिम हो सकती है। हालांकि,प्रक्रिया में शामिल मध्यस्थों द्वारा ऋणी से उचित जमानत प्राप्त कर जोखिम की पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी। ट्रस्ट का जमानत पर ग्रहणाधिकार रहेगा तथा स्टॉक उधार दिए जाने की प्रक्रिया में शामिल किसी जोखिम को कम करने हेतु वह उचित रोकथाम एवं नियंत्रण भी रखेगा।

5. मूल विशेषताएं

(क) 'मूल विशेषताओं ' का अर्थ निम्नलिखित है।

i. योजना का प्रकार : पीईएफ एक सतत खुली इक्विटी योजना है।
ii निवेश उद्देश्य : जैसा कि इस पेशकश दस्तावेज के खंड XIV के अंतर्गत दिया गया है।
iii. निर्गम की शर्तें : पुनर्खरीद एवं व्ययों के संबंध में इस पेशकश दस्तावेज के अंतर्गत प्रावधान।

(ख) योजना के मूल विशेषताओं में परिवर्तन तब ही किया जाएगा, यदि:

(i) वर्तमान सदस्यों को सूचना व्यक्तिगत रूप से दी गई हो और
(ii) विज्ञापन,पूरे भारत में परिचलित होने वाले अंग्रेजी के दैनिक समाचार पत्र में एवं एक मराठी के समाचार पत्र में भी दिया गया हो।
(iii) सदस्यों को भार रहित वर्तमान एनएवी पर योजना से निकासी का विकल्प दिया गया हो।

(ग) बोर्ड समय-समय पर योजना में परिवर्धन या अन्यथा उसमें संशोधन कर सकता है तथा ऐसा कोई संशोधन/परिवर्धन सरकारी राजपत्र में अधिसूचित किया जाएगा जैसा कि भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम 1963 की धारा 21 (4) के अनुसार आवश्यक है।

(घ) योजना की मूल विशेषताओं में कोई परिवर्तन/संशोधन/परिवर्धन सेबी के पूर्व अनुमोदन से किया जाएगा। अन्य परिवर्तन/संशोधन/परिवर्धन के संबंध में,जो मूल विशेषताओं में संशोधन नहीं है और जो यूनिटधारकों के हितों को प्रभावित नहीं करते हैं,सेबी के पूर्व अनुमोदन से बनाएं जाएंगे।

6. ट्रस्ट की योजनाओं में कंपनियों का निवेश और इन कंपनियों में ट्रस्ट का निवेश दर्शाने वाली सारणी 'मानक पेशकश दस्तावेज' के अनुसार अंत:स्थापित।

7. अंतर योजना अंतरण

इस योजना से ट्रस्ट की दूसरी योजना/प्लान में अंतरण केवल तभी किया जाएगा जब -

क) उधृत लिखतों के लिए प्रचलित बाजार मूल्य पर ऐसे अंतरण स्पॉट आधार पर किए गए हों।

स्पष्टीकरण : "स्पॉट आधार" का अर्थ वही होगा जो स्टॉक एक्सचेंज द्वारा स्पॉट सौदों के लिए निर्दिष्ट है;

ख) ऐसी अंतरित प्रतिभूतियां उस योजना/प्लान के निवेश उद्देश्यों के अनुरूप हों जिनमें ऐसे अंतरण किए जाते हैं: और

ग) प्लान से/में असूचीबद्ध या अनोद्धृत निवेश का ट्रस्ट की अन्य योजना/प्लान में/से अंतरण ट्रस्ट के न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित नीतियों के अनुसार किया जाएगा।

8. संयुक्त सौदे एवं उधार

1. योजना सदस्यों को यूनिटों की पुनर्खरीद/प्रतिदान या आय वितरण,यदि कोई हो, करने के लिए नकदी की अस्थाई जरूरतों को पूरा करने के लिए उधार लेने के अलावा उधार नहीं लेगी।
परन्तु उधार योजना की शुद्ध आस्ति के 20% से अधिक नहीं लिया जाएगा और इस तरह के उधार की अवधि छ: माह से अधिक नहीं होगी।

2. भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम 1963 की धारा 20 के अनुसार ट्रस्ट को निम्नलिखित उधार लेने की शक्तियां प्राप्त हैं :

(i) ट्रस्ट, भारत या भारत से बाहर के किसी प्राधिकरण या व्यक्ति जो सरकार या रिज़र्व बैंक न हो, ऐसी प्रतिभूति के प्रति एवं ऐसी शर्तों एवं परिस्थितियों पर जिस पर वे आपस में सहमत हो, उधार ले सकता है।

(ii) ट्रस्ट रिज़र्व बैंक से उधार ले सकता है -

(क) भारत में इस समय लागू किसी कानून द्वारा जिससे न्यासी ट्रस्ट का धन निवेश करने हेतु प्राधिकृत है, स्टॉक, निधियों एवं प्रतिभूतियों के प्रति (अचल संपत्तियों के अतिरिक्त) मांग पर या नियत अवधि की समाप्ति पर प्रतिदेय जो इस प्रकार ली गई राशि की तिथि से नब्बे दिन से अधिक न हो;

(ख) केंद्रीय सरकार के अनुमोदन से बांडों की प्रतिभूति के प्रति जिसे ट्रस्ट जारी कर सकता है मांग या जिस तिथि से ऐसी राशि उधार ली गई है, उस तिथि से अठारह महीनों की अवधि के भीतर प्रतिदेय है;

(ग) प्रथम यूनिट योजना के अतिरिक्त किसी अन्य योजना के प्रयोजन हेतु जिसे इस संदर्भ में रिज़र्व बैंक द्वारा विनिर्दिष्ट किया गया है ट्रस्ट की ऐसी अन्य संपत्तियों की प्रतिभूति के प्रति या ऐसी शर्तों एवं नियमों पर :

बशर्ते कि इस खंड के अंतर्गत उधार ली गई कोई राशि एवं किसी समय बकाया इससे ज्यादा न हो -

(क) ऐसी प्रत्येक योजना के संबंध में पांच करोड़ रुपए ; एवं

(ख) समग्र रूप से ऐसी समस्त योजनाओं के संबंध में दस करोड़ रुपए।

(iii) ट्रस्ट द्वारा उप धारा (ii) के अंतर्गत जारी बॉण्ड की मूल राशि की अदायगी की गारंटी केंद्रीय सरकार द्वारा दी जाएगी एवं ब्याज का भुगतान बॉण्ड जारी करते समय केंद्रीय सरकार द्वारा निश्चित दर पर किया जाएगा।

9. इस योजना की आस्तियों का मूल्यांकन

(क) अवरुद्ध अवधि के अधीन वाले निवेशों सहित उद्धृत निवेशों परंतु सरकारी प्रतिभूतियों को छोड़कर, का मूल्यांकन, मूल्यांकन की तारीख को बाजार के बंद मूल्य पर और इसकी अनुपस्थिति पर मूल्यांकन की तारीख से साठ दिन पूर्व की अवधि में बिल्कुल हाल ही की उपलब्ध दर पर किया जाता है। यदि मूल्यांकन की तारीख से साठ दिन पूर्व की अवधि हेतु कोई भाव उपलब्ध नहीं है तो उसे अनोद्धृत निवेश माना जाता हैं।

(ख) उद्धृत सरकारी प्रतिभूतियां मूल्यांकन तिथि को अंतिम एनएससी बाजार दर पर मूल्यांकित की जाती हैं और इसकी अनुपस्थिति पर मूल्यांकन तिथि से पूर्व 7 दिनों के अंदर उपलब्ध नवीनतम भाव को मूल्यांकन के लिए लिया जाता है। यदि मूल्यांकन की तिथि से सात दिन पूर्व की अवधि हेतु कोई भाव उपलब्ध नहीं हो तो उसे अनोद्धृत सरकारी प्रतिभूतियां माना जाएगा।

(ग) उद्धृत डिबेंचरों और बॉण्डों के मामले में बाजार दर, जो ब्याज सहित है उसे ब्याज तत्व, यदि कोई हो, के लिए समायोजित किया जाता है।

(घ) शेयरों के अधिकार पात्रता का मूल्यांकन, लाभांश तत्व हेतु बट्टा काटकर, जहां लागू हो, बाजार दर पर किया जाता है।

(ङ) अनोद्धृत अधिमान शेयर/संचयी परिवर्तनीय अधिमान शेयर लागत पर लिए जाते हैं।

(च) अनोद्धृत इक्विटी शेयर का मूल्यांकन, जैसे न्यासी मंडल द्वारा समय-समय पर निर्धारित किया जाए, उचित मूल्यांकन आधार पर किया जाता है।

(छ) अनोद्धृत डिबेंचर, बॉण्ड एवं अंतरणीय नोट न्यासी मंडल के अनुमोदन के साथ भारत सरकार की प्रतिभूतियों (प्रतिफल वक्र) पर प्रतिफल के साथ जुड़ी, का मूल्यांकन परिपक्वता पर प्रतिफल के आधार पर किया जाता है।

(ज) अनोद्धृत वारंट, अंतरनिहित इक्विटी शेयरों के बाजार दर पर, लाभांश तत्व के लिए बट्टा काटकर, यदि कोई हो, तथा देय प्रायोगिक मूल्य से कम करके मूल्यांकित किए जाते हैं। जिन मामलों में इस तरह लिए गए मूल्य से प्रायोगिक देय मूल्य ज्यादा हो, वहां वारंटों का मूल्य शून्य लिया जाता है।

(झ) अनोद्धृत सरकारी प्रतिभूतियों, यदि कोई हो, का मूल्यांकन प्रचलित ब्याज दर पर परिपक्वता पर प्रतिफल के आधार पर किया जाता है।

(ञ) परिवर्तनीय डिबेंचर एवं बॉण्ड, जहां मिश्र बाजार भाव उपलब्ध न हो, वहां परिवर्तनीय भाग का मूल्यांकन इक्विटी शेयरों के लिए लागू बाजार दर, लाभांश तत्व के लिए बट्टा काटकर, यदि कोई हो, पर किया जाता है। ऐसे डिबेंचरों एवं बॉण्डों का अपरिवर्तनीय भाग, यदि कोई हो, का मूल्यांकन, उपरोक्त (च) के अनुसार किया जाता है। जहां परिवर्तनीय भाग के लिए परिवर्तन की शर्तें विनिर्दिष्ट न हों, वहां उन्हें लागत पर लिया जाता है।

(ट) पूंजी सूचीकृत बॉण्ड लागत आधार पर मूल्यांकित किए जाते हैं।

(ठ) <u>मुद्रा बाजार लिखतों के लिए मूल्यांकन नीति</u> :-

(i) मुद्रा बाजार लिखतें एवं अन्य आस्तियां बही मूल्य पर ली जाती हैं।

(ii) अंतर बैंक कॉल बाजार में निवेशित राशियां लागत पर ली जाती है।

(iii) बट्टा /ब्याज उपार्जन लिखत में निवेशित राशि का मूल्यांकन उस प्रतिफल पर किया जाता है जिसमें लिखत का सौदा पिछली बार किया गया था।इस उद्देश्य हेतु भाव, जो दो कार्य दिवस पुराना हो वैध माना जाता है। जब पिछले दो कार्य दिवस में कोई भाव उपलब्ध न हो तो लिखत लागत एवं लिखत के परिपक्व होने के बाकी बचे दिनों के लिए लागू एक समान लागत और अंकित मूल्य के मध्य अंतर पर मूल्यांकित किए जाते है।

(iv) अनोद्धृत डिबेंचरों सहित अन्य मुद्रा बाजार लिखतों का मूल्यांकन लागत एवं लिखत के परिपक्व होने के बाकी बचे दिनों पर लागू एक समान लागत और अंकित मूल्य के मध्य अंतर पर किया जाता है।

तथापि,खण्ड XII,XIII,XIV एवं XV के संबंध में किसी भी बात के बावजूद निवेश उद्देश्य,एनएवी का निर्धारण एवं आस्तियों का मूल्यांकन,पुनर्खरीद मूल्य का निर्धारण एवं एनएवी,पुनर्खरीद मूल्य एवं पोर्टफोलियो के प्रकटीकरण का अंतराल समय समय पर सेबी द्वारा जारी सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियमों/दिशानिर्देशों/निदेशों के प्रावधानों के अनुसार होगा।

10. लेखा नीतियां

1. आय की मान्यता

(क) सूचीबद्ध इक्विटी शेयरों पर लाभांश आय लाभांश-पूर्व तिथि पर प्रोद्भूत होती है। असूचीबद्ध इक्विटी शेयरों एवं अधिमान शेयरों पर लाभांश आय का हिसाब प्राप्ति आधार पर किया जाता है।

(ख) निवेशों पर ब्याज एवं प्रतिबद्धता प्रभार का हिसाब प्रोद्भवन आधार पर किया जाता है।

(ग) निवेशों की बिक्री पर लाभ या हानि की पहचान भारित औसत लागत के आधार पर व्यापार तिथियों पर किया जाता है।

(घ) डिबेंचर/बॉण्डों के प्रतिदान पर प्रीमियम एवं लाभ या हानि की पहचान देय तिथि पर किया जाता है।

(ङ) जब कोई राशि जिम्मे नहीं आई हो तो हामीदारी कमीशन को नकदी आधार पर राजस्व माना जाता है। जिम्मे आई राशि के मामले में पूर्ण हामीदारी कमीशन ऐसे निवेशों की लागत में से कम कर दिया जाता है।

(च) शेयरों एवं डिबेंचरों में निवेश पर प्रारंभिक शुल्क को ऐसे निवेशों की लागत से कम कर दिया जाता है।

(छ) ज़ीरो कूपन बॉण्डों, डीप डिस्काउंट बाण्डों एवं अन्य दीर्घावधि बट्टाकृत लिखतों के संबंध में खरीद मूल्य एवं परिपक्वता मूल्य के मध्य अंतर को वायटीएम आधार पर लिखत के बाकी बचे अवधि के लिए आय माना जाता है।

(ज) अन्य आय को प्राप्ति आधार पर लिया जाता है।

2. व्यय

क. व्यय की गणना प्रोद्भवन आधार पर की जाती है।

ख. भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 की धारा 25(4) के प्रावधानों के अनुसार यूनिट योजना 1964 के अंतर्गत किए गए खास सामान्य खर्चों का विनिधान अन्य योजनाओं पर किया जाता है।

ग. नियत आस्तियों वाली यूनिट योजना, 1964 कथित आस्तियों के उपयोग के स्वीकृत आधार पर पट्टा किराया अन्य योजनाओं से वसूल करती है।

3. निवेश

क. निवेशों का विवरण लागत पर या अवलिखित लागत पर दिया जाता है।

ख. द्वितीयक बाजार कारोबार के मामले में निवेश को व्यापार तिथियों पर किया गया माना जाता है।

ग. आबंटन पर प्राथमिक बाजार निर्गमों में अभिदान को निवेश माना जाता है।

घ. बोनस/अधिकार पात्रताओं को पूर्ववर्ती-बोनस/पूर्ववर्ती अधिकार तिथियों पर माना जाता है।

ङ. निवेश अर्थात् डिबेंचर/बॉण्ड, ऋण एवं जमा राशियां प्रतिदान/देय तिथि को चालू आस्तियों में स्थानांतरित की जाती हैं।

च. निवेश की लागत में दलाली एवं सेवा - कर शामिल हैं लेकिन स्टाम्प शुल्क शामिल नहीं है, जिसे राजस्व में प्रभारित किया जाता है।

4. प्रावधान एवं मूल्यह्रास :

(क) संदिग्ध समझी गई आय के प्रति प्रावधान :

पिछली दो तिमाही या उससे अधिक के लिए देय बाकी ब्याज आय के संबंध में प्रावधान किया जाता है। यदि लाभांश, पिछले लाभांश की तिथि से एक वर्ष से अधिक के लिए अदत्त है तब तुरंत अगले वर्ष प्रावधान किया जाता है।

(ख) निवेश के मूल्य में ह्रास

(i) उपरोक्त खंड XII(i) के अनुसार गणना किए गए निवेशों के कुल मूल्य की तुलना ऐसे निवेशों की कुल लागत से की जाती है और परिणामस्वरूप ह्रास यदि हो, सामान्य प्रारक्षित निधि/यूनिट प्रारक्षित निधि को प्रभारित किए जाते हैं। यदि ऐसा कुल मूल्य पिछले वर्ष के अंत में कुल लागत या कुल मूल्य

से अधिक हो जाता है तो वृद्धि को उस सीमा तक जहां ह्रास को पिछली बार समायोजित किया गया था, यूनिट प्रीमियम प्रारक्षित निधि/सामान्य प्रारक्षित निधि में ले जाया जाता है।

(ii) जहां अनोधृत इक्विटी या अधिमान शेयर पिछले वर्षों में बट्टे खाते में डाले गए हों, जब और जैसे ही उद्धरण या उचित मूल्य उपलब्ध होता है, ऐसे निवेश वापस अपने मूल्य पर दिखाए जाते हैं।

(iii) आस्तियां,जिनका ब्याज पिछली दो तिमाही या उससे अधिक से बकाया है,अनुप्रयोज्य आस्तियों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। ऐसी आस्तियों के लिए अलग-अलग प्रावधान किया जाता है (जैसा कि नीचे सारणी में बताया गया है)।

आस्ति के अनुपयोज्य रहने की अवधि	**प्रावधान का प्रतिशत**	
	रक्षित आस्ति	अ-रक्षित आस्ति
दो वर्षों तक	10%	10%
दो वर्षों से अधिक परंतु तीन वर्षों तक	20%	100%
तीन वर्षों से अधिक परंतु पांच वर्षों तक	30%	100%
पांच वर्षों से अधिक	50%	100%

(iv) जहां मूल पुनर्भुगतान (i) 3वर्षों तक की अवधि वाली ऋण लिखतों के संबंध में पहले से ही देय अवधि के 180 दिनों से अधिक हेतु और (ii) 3वर्षों से अधिक अवधि वाले ऋण लिखतों के संबंध में पहले से ही देय अवधि के 365 दिनों हेतु,बकाया रहने के कारण ऐसी बकाया किस्तों हेतु प्रावधान बनाया जाता है।ऐसी आस्तियों के लिए समग्र प्रावधान,उपरोक्त तालिका में उल्लिखित प्रतिशत (जमानती आस्तियों हेतु 50% तथा गैर जमानती आस्तियों हेतु 100%) या चूक वाली राशि जो भी अधिक हो,तक सीमित है।

ऐसे मामले जिनमें मूल चूक जारी रहती है,किसी भी किस्त के लिए प्रावधान संबंधित देय तिथियों से 30 दिनों के बाद किया जाता है।

(v) ब्याज के निधीयन के मामले में,बकाया ब्याज के पूंजीकरण के द्वारा, उसके चूक की अवधि के बावजूद पूर्ण रूप से प्रावधान किया जाता है।

(vi) गैर निष्पादी आस्तियों के लिए प्रावधान यूनिट प्रीमियम प्रारक्षित निधि/ सामान्य प्रारक्षित निधि/ राजस्व लेखा,जैसा भी मामला हो, में प्रभारित किए जाते हैं।

(vii) अनुच्छेद 4(क)और 4(ख)(iv) के अंतर्गत बनाए गए प्रावधान प्राप्ति के आधार पर पुनरांकित किए जाते हैं। 4(ख)(v) के अंतर्गत प्रावधान प्राप्ति के आधार पर पुनरांकित किए जाते हैं।

5. **आय वितरण :**

(क) पूंजीकरण हेतु लंबित आवेदन राशि के संबंध में उन योजनाओं के लिए जहां यूनिटें अंकित मूल्य पर बेची जाती हैं,आय वितरण के लिए प्रावधान किया जाता है और अन्य योजनाओं के लिए ऐसा कोई प्रावधान नहीं किया जाता है। पूंजीकरण किए जाने वाले वर्ष में आय वितरण को राजस्व विनियोजन खाते में प्रभारित किया जाता है।

(ख) आय वितरण के लिए यूनिट पूंजी पर प्रावधान समय समय पर न्यासी मंडल द्वारा अनुमोदित दरों पर किया जाता है।

6. **वित्तीय परिणामों का प्रकाशन :**

यथा 31 दिसंबर अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम 2 माह के भीतर एवं यथा 30 जून लेखा-परीक्षित वार्षिक परिणाम लेखे को अंतिम रूप देने के 6 माह के भीतर एक अंग्रेजी दैनिक एवं एक मराठी दैनिक में प्रकाशित किया जाएगा।

11. निवेशों का कर - निरूपण

1. निवासी/एनआरआई/ओसीबी

i) योजना के अंतर्गत आय,यदि हो,और पूंजी वृद्धि,यदि वसूल हो,पर कराधान प्रचलित कर कानूनों के अधीन होगा।

ii) वर्तमान में ट्रस्ट की सभी योजनाओं/प्लानों के अंतर्गत सभी वर्ग के निवेशकर्ताओं को प्राप्त होने वाली आय,यदि कोई हो,आयकर अधिनियम, 1961की धारा 10 (33) के अंतर्गत कर से पूरी तरह मुक्त होगी।

आयकर अधिनियम,1961 की धारा 115 आर के अंतर्गत योजना द्वारा आय वितरण,यदि कोई हो,पर 10% की दर पर आय वितरण कर और उस पर 10% का अधिभार दिया जाना है। हालांकि,सतत खुली इक्विटी उन्मुख निधि होने के कारण प्लान उपरोक्त धारा के अंतर्गत 31 मार्च,2000 तक उपरोक्त कर के अधीन नहीं है,बशर्ते योजना की कुल प्राप्तियों का 50% से अधिक का निवेश घरेलु कंपनियों की इक्विटी योजनाओं में किया गया हो।

iii) वर्तमान में,एनआरओ खातों में रखी निधियों से एनआरआई व निवासियों को प्राप्त होने वाला कोई दीर्घावधि पूंजीगत अभिलाभ आयकर अधिनियम 1961 की धारा 48 एवं 112 के अंतर्गत कर-निरुपण के अधीन होगा। वर्तमान में निवेशक को लागत स्फीति सूचकांक का लाभ उठाने के बाद दीर्घावधि पूंजीगत अभिलाभ पर 20% की दर से कर का भुगतान करना होगा। हालांकि,एनआरई खातों के जरिए किए गए निवेश पर होने वाला पूंजीगत अभिलाभ कर योग्य नहीं होगा।

iv) इस योजना के अंतर्गत यूनिटों में किए गए निवेश का मूल्य धनकर से पूर्णत: मुक्त है।

v) उपहार कर अधिनियम,1958 ने योजना की यूनिटों के संबंध में उपहार-कर की उगाही को समाप्त कर दिया है।

2) धारा 54 ईए के अंतर्गत पूंजीगत अभिलाभ कर छूट की पात्रता

दीर्घावधि पूंजीगत आस्तियों के अंतरण से प्राप्त होने वाली सम्पूर्ण या आंशिक शुद्ध राशि का पीईएफ में किया गया निवेश आयकर अधिनियम,1961 की धारा 54 ईए के अंतर्गत पूंजीगत अभिलाभ कर छूट के लिए पात्र होगा,बशर्ते यूनिटों की पुनर्खरीद आवेदन की स्वीकृति की तिथि से तीन वर्षों के बाद की गई हो।

3) धारा 54 ईबी के अंतर्गत पूंजीगत अभिलाभ कर छूट की पात्रता

दीर्घावधि पूंजीगत आस्तियों के अंतरण से प्राप्त होने वाला पूंजीगत अभिलाभ का पीईएफ में किया गया सम्पूर्ण या आंशिक निवेश आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 54 ईबी के अंतर्गत पूंजीगत अभिलाभ कर छूट के लिए पात्र होगा, बशर्ते यूनिटों की पुनर्खरीद आवेदन स्वीकृति की तिथि से सात वर्ष के बाद की गई हो।

4) पात्र ट्रस्टों के लिए

आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 11(2)(ख) के अंतर्गत यूनिट स्वीकृत प्रतिभूतियां हैं। अत: यूनिटों में निवेश कर रहे पात्र ट्रस्ट आयकर अधिनियम, 1961की धारा 11 और 13 के अंतर्गत आय और निधि के लिए आवश्यक कर छूट के योग्य होंगे।

12. निवेशकों के अधिकार एवं सेवाएं

1) योजना के अधीन सदस्यों को योजना की आस्तियों के लाभकारी स्वामित्व तथा योजना द्वारा घोषित आय, यदि कोई हो, में समानुपातिक अधिकार हैं।

2) सदस्यों को न्यासियों से ऐसी कोई भी जानकारी प्राप्त करने का अधिकार है जो उनके निवेशों पर प्रतिकूल प्रभाव रखती हो तथा सदस्यों को ऐसी जानकारी देने के लिए न्यासी बाध्य होंगे।

3) सदस्यों को आवेदन स्वीकृति की तिथि से 6 सप्ताहों के भीतर लेखा विवरण जारी किए जाने का अधिकार है।

4) सदस्यों को अधिकार है कि जिस कार्यालय में पुनर्खरीद आग्रह संसाधित किए जाते हैं वहां आवेदन प्राप्त होने की तिथि से 10 कार्य दिवसों के भीतर (बशर्ते कि आवेदन सही हो) पुनर्खरीद/प्रतिदान प्राप्तियां उन्हें भेजी जाए। आय वितरण के मामले में सदस्यों को आय वितरण की घोषणा की तारीख से 42 दिनों के भीतर आय वितरण वारंट प्रेषित किए जाने का अधिकार है।

5) संबद्ध लेखा वर्ष की समाप्ति की तिथि से छ: माह के भीतर पीईएफ के संदर्भ में संक्षिप्त वार्षिक रिपोर्ट की एक प्रति सभी सदस्यों को भेजी जाएगी एवं सम्पूर्ण वार्षिक रिपोर्ट निरीक्षण के लिए ट्रस्ट के केंद्रीय निवेशक कक्ष में उपलब्ध कराया जाएगा एवं इसकी प्रति अनुरोध पर सदस्यों को न्यूनतम शुल्क, यदि कोई हो, के भुगतान पर उपलब्ध कराया जाएगा।

6) योजना की मूल विशेषताओं में कोई भी परिवर्तन किया जाएगा यदि निवेशकर्ता को व्यक्तिगत रूप से सूचित किए जाने के अलावा एनएवी पर निकासी की अनुमति दी गई है।

7) निर्दिष्ट परिस्थितियों के अंतर्गत सदस्यों का अनुमोदन 'पोस्टल बैलेट' के जरिए मांगा जाएगा।

8) सदस्यों को केंद्रीय निवेशक संपर्क कक्ष, भारतीय यूनिट ट्रस्ट, एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय, बेसमेंट द्वार नं. 1, सर विटठ्लदास ठाकरसी मार्ग, मुंबई-400 020 में रखे निम्नलिखित दस्तावेजों के निरीक्षण का अधिकार है :

* यूटीआई अधिनियम
* सामान्य विनियम
* अभिरक्षक के साथ किए गए करार
* पीईएफ पेशकश दस्तावेज की प्रति

13. *भारतीय यूनिट ट्रस्ट की स्थापना एवं प्रबंधन*

भारतीय यूनिट ट्रस्ट की स्थापना

भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 के अंतर्गत भारतीय यूनिट ट्रस्ट की स्थापना एक सांविधिक संस्था के रूप में की गई थी, जिसका उद्देश्य बचत एवं निवेश को प्रोत्साहन देने तथा प्रतिभूतियों के अर्जन, धारण, प्रबंधन और निपटान से ट्रस्ट को प्रोद्भूत होनेवाली आय, लाभों और अभिलाभों में सहभागिता थी। इसने 1जुलाई, 1964 से कार्य करना आरंभ किया।

यूटीआई का प्रबंधन

ट्रस्ट के कार्यों एवं व्यवसाय का प्रबंधन न्यासी मंडल में निहित है, जिसका भारत सरकार द्वारा नियुक्त एक पूर्णकालिक अध्यक्ष होता है। मंडल के अलावा, एक सांविधिक कार्यकारिणी समिति होती है जिसमें अध्यक्ष, कार्यपालक न्यासी तथा भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा नामित दो अन्य न्यासी होते हैं। यह समिति मंडल की कार्यक्षमता के अंतर्गत आने वाले किसी भी मामले पर कार्य करने के लिए सक्षम है।

न्यासी मंडल *

1.	श्री पी.एस. सुब्रमन्यम	अध्यक्ष, भारतीय यूनिट ट्रस्ट
2.	श्री जी.पी. मुनिअप्पन	कार्यपालक निदेशक, रिज़र्व बैंक
3.	श्री जी.पी.गुप्ता	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक,आईडीबीआई
4.	श्री एन.एस. सेखसरिया	प्रबंध निदेशक, गुजरात अंबुजा सिमेन्ट्स लि.
5.	श्री राजेन्द्र पी चितले	सनदी लेखाकार
6.	डॉ. विश्वनाथ वी. देसाई	अर्थशास्त्री
7.	श्री जी. कृष्णमूर्ति	अध्यक्ष, भारतीय जीवन बीमा निगम
8.	श्री जी.जी वैद्य	अध्यक्ष, भारतीय स्टेट बैंक
9.	श्री के.सी. चौधरी	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया

* वर्तमान में न्यासियों की अन्य निदेशिकताएं इस प्रकार हैं :

1. **श्री पी.एस. सुब्रमन्यम**- (i) अध्यक्ष एवं निदेशक-इंडिया फंड, (ii) अध्यक्ष एवं निदेशक -इंडिया ग्रोथ फंड, (iii) अध्यक्ष एवं निदेशक -इंडिया एक्सेस लि., (iv) अध्यक्ष एवं निदेशक -इंडिया पब्लिक सैक्टर फंड लि., (v) अध्यक्ष, शासी परिषद - यूटीआई-- इन्स्टिट्यूट ऑफ कैपिटल मार्केट्स, (vi) अध्यक्ष एवं निदेशक - यूटीआई इन्वेस्टमेंट एडवाइजरी सर्विसेज लि., (vii) अध्यक्ष एवं निदेशक - यूटीआई इन्वेस्टर सर्विसेज लि., (viii) अध्यक्ष -यूटीआई सिक्यूरिटीज़ एक्सचेंज लि., (ix) निदेशक - यूटीआई बैंक लि., (x) अध्यक्ष एवं निदेशक - ओवर द काउंटर एक्सचेंज ऑफ इंडिया, (xi) सदस्य - भारतीय जीवन बीमा निगम (xii) निदेशक - डिस्काउंट एण्ड फाइनेंस हाउस ऑफ इंडिया लि. , (xiii) निदेशक - सिक्यूरिटीज ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. (xiv) निदेशक - नैशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि. (xv) न्यासी - इंडियन इन्स्टिट्यूट ऑफ सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग।

2. **श्री जी.पी.गुप्ता** - (i) अध्यक्ष-भारतीय लघु उघोग विकास बैंक, (ii) निदेशक -इंडिया फंड, (iii) निदेशक - इंडिया ग्रोथ फंड, (iv) निदेशक-भारतीय मितिकाटा एवं वित्त गृह लि., (v) निदेशक-भारतीय आयात-निर्यात बैंक, (vi) निदेशक-भारतीय प्रतिभूति व्यापार एवं निगम लि., (vii) निदेशक-इन्फ्रास्ट्रकचर डेवलेपमेंट फाइनेंस कं. ऑफ इंडिया लि., (viii) निदेशक - इंडियन एयरलाइन्स लि. (ix) निदेशक - आईडीबीआई बैंक लि. (x) निदेशक - नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि. (xi) सदस्य-भारतीय जीवन बीमा निगम (xii) सदस्य-भारतीय साधारण बीमा निगम (xiii) निदेशक-दक्षिण एशिया क्षेत्रीय निधि, (xiv) अध्यक्ष-दक्षिण एशिया डेवलेपमेंट फंड, (xv) समिति सदस्य-भारतीय बैंकर्स संस्थान, (xvi) सदस्य-बैंकर प्रशिक्षण कॉलेज (भारतीय रिज़र्व बैंक), (xvii) सदस्य-एशिया एवं प्रशांत में विकासशील वित्तीय संस्थाओं का संघ, (xviii) सदस्य-बैंकिंग कर्मचारी चयन संस्था, (xix) सदस्य-भारतीय कंपनी सचिव संस्था।

3. **श्री एन.एस. सेखसरिया** - (i) निदेशक - गृह फाइनेंस लि. (ii) निदेशक - राधा माधव इन्वेस्टमेंट लि. (iii) निदेशक - होमट्रस्ट हाउसिंग फाइनेंस कं. लि. (iv) निदेशक - अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन (v) निदेशक - अंबुजा शिक्षण संस्था।

4. **श्री राजेन्द्र पी चितले** - (i) निदेशक - भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक, (ii) निदेशक - नेशनल सिक्यूरिटीज़ क्लीयरिंग कार्पोरेशन लि., (iii) निदेशक - जे एम कैपिटल मैनेजमेंट लि., (iv) निदेशक - ज़ूरिक एसेट मैनेजमेंट कं. (इंडिया) लि., (v) निदेशक - इंडिया इंडेक्स सर्विसेज एण्ड प्रोडक्ट्स लि., (vi) निदेशक - एसोसिएशन ऑफ लीजिंग एण्ड फाइनेन्शियल सर्विसेज कंपनीज, (vii) सदस्य - कार्यकारी समिति (शासी मंडल), राष्ट्रीय शेयर बाजार, (viii) सदस्य - बैंक ऑफ अमेरिका एनटी एण्ड एसए का भारतीय सलाहकार मंडल (ix) सदस्य - निवेश समिति, भारतीय जीवन बीमा निगम।

5. **श्री वी वी देसाई - सलाहकार, आईसीआईसीआई लिमिटेड**

6. श्री जी. कृष्णमूर्ति - (i) अध्यक्ष - एलआईसी (अंतर्राष्ट्रीय) ईसी, बहरीन (ii) अध्यक्ष - एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लि. (iii) निदेशक - भारतीय साधारण बीमा निगम, (iv) निदेशक - पोयशा इंडस्ट्रियल कं. लि. (v) अध्यक्ष, शासी मंडल - नेशनल इंश्योरेंस अकादमी (vi) निदेशक - नेशनल हाउसिंग बैंक (vii) निदेशक -

यूटीआई बैंक लि. (viii) निदेशक - भारतीय मितिकाटा और गृह वित्त (ix) निदेशक - केनिन्डिया एश्योरेंस कं. लि., केन्या (x) निदेशक - आईसीआईसीआई लि. (xi) अध्यक्ष - बीमा समिति का शासी निकाय

7. **श्री जी जी वैद्य** - (i) अध्यक्ष - एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लि., (ii) अध्यक्ष - एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लि., (iii) अध्यक्ष - एसबीआई गिल्ट्स लि., (iv) अध्यक्ष - एसबीआई सिक्यूरिटीज लि., (v) अध्यक्ष - एसबीआई फैक्टर्स एण्ड कमर्शियल सर्विसेज लि., (vi) अध्यक्ष - एसबीआई यूरोपियन बैंक लि., (vii) अध्यक्ष - स्टेट बैंक ऑफ इंदौर, (viii) अध्यक्ष - स्टेट बैंक ऑफ सौराष्ट्र, (ix) अध्यक्ष - स्टेट बैंक ऑफ पटियाला, (x) अध्यक्ष - स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर, (xi) अध्यक्ष - स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद, (xii) अध्यक्ष - स्टेट बैंक ऑफ मैसूर, (xiii) अध्यक्ष - स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर, (xiv) अध्यक्ष - भारतीय स्टेट बैंक (कैलिफोर्निया), (xv) अध्यक्ष - भारतीय स्टेट बैंक (कनाडा), (xvi) उपाध्यक्ष - शासी परिषद - भारतीय बैंकर्स संस्थान, (xvii) निदेशक -भारतीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक, (xviii) निदेशक - भारतीय आयात-निर्यात बैंक, (xix) निदेशक - साधारण बीमा निगम, (xx) शासी मंडल के सदस्य एवं वित्त समिति के अध्यक्ष - राष्ट्रीय बैंक प्रबंधन संस्थान, (xxi) शासी मंडल के सदस्य, अध्यक्ष - वित्त समिति एवं कार्यालय परिसर समिति तथा आईबीपीएस प्रशासक समिति, कर्मचारी भविष्य निधि, बैंक कर्मचारी चयन संस्था, (xxii)सदस्य - बैंक तकनीकी विकास एवं अनुसंधान संस्था,(xxiii) निदेशक - इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फाइनेंस कार्पोरेशन,(xxiv) निदेशक - इंफ्रास्ट्रक्चर लीज़िंग एण्ड फाइनेंशियल सर्विसेज लि., (xxv)निदेशक - निर्यात ऋण एवं गारंटी निगम।

8. **श्री के सी चौधरी** - (i) अध्यक्ष - बैंक अंकेक्षण पर लघु समूह, भारतीय बैंक संघ, (ii) अध्यक्ष - बैंकिंग परिचालन, भारतीय बैंक संघ, (iii) अध्यक्ष - ऋण संबंधी मामलों पर लघु समूह, भारतीय बैंक संघ, (iv) अध्यक्ष - आईबीए व्यापार निकाय/संघों के साथ समन्वय हेतु कार्य समूह, (v) अध्यक्ष - भारतीय बैंक संघ - स्थानीय शाखा, (vi) सदस्य - प्रबंध समिति, भारतीय बैंक संघ, (vii) अध्यक्ष - सेंटबैंक होम फायनेंस लि., (viii) अध्यक्ष - सेंटबैंक फायनेंशियल एवं कस्टोडियल सर्विसेज लि., (ix) निदेशक - भारतीय कृषि बित निगम लि., (x) निदेशक - मास्टरकार्ड एशिया/पेसेफिक बोर्ड, (xi) निदेशक - न्यू इंडिया एश्योरेंस [illegible] (xii) सदस्य - टास्क फोर्स, भारतीय बैंक संघ।

14. *निधि प्रबंधन :*

निधि प्रबंधक का नाम तथा उसकी योग्यता एवं अनुभव अंत:स्थापित ।

15. *अभिरक्षक*

भारतीय स्टॉक धारिता निगम लि. (एसएचसीआईएल) का सेबी रजिस्ट्रेशन नंबर आईएन/सीयूएस/011 है।

एसएचसीआईएल शुल्क की दर इस प्रकार है :

इलेक्ट्रॉनिक	वास्तविक

डीमैटेरियलाइजेशन	रु. 5 प्रति प्रमाणपत्र	
खरीद	कारोबार के मूल्य पर 5.5 आधार बिंदु पर	प्रति डीआईपी रु. 100
बिक्री	कारोबार के मूल्य पर 5.5 आधार बिंदु पर	प्रति डीआईएस रु. 100
अभिरक्षा	अभिरक्षा में उपलब्ध आस्ति मूल्य के 1.5 आधार बिंदु दैनिक आधार पर परिकलित	अभिरक्षा में आस्ति मूल्य के 8 आधार बिंदु पर साप्ताहिक आधार पर परिकलित
गैर बाजार खरीद	कारोबार के मूल्य पर आधारित 5.5 आधार बिंदु	-
गैर बाजार बिक्री	कारोबार के मूल्य पर आधारित 5.5 आधार बिंदु	-
रीमैटेरियलाइजेशन	प्रति प्रमाणपत्र रु. 15 अथवा परिवर्तित मूल्य पर आधारित 15 आधार बिंदु जो भी अधिक हो	-

16. लेखा परीक्षक

मेसर्स चतुर्वेदी एण्ड कंपनी, चार्टड एकाउंटेंट, 60 बेंटिक स्ट्रीट, कलकत्ता 700 069 एवं मेसर्स बाटलीबॉय एण्ड पुरोहित, चार्टड एकाउंटेंट, नेशनल इंश्यूरेंस बिल्डिंग, 204, डी.एन. रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 एवं योजना के लेखा परीक्षकों की नियुक्ति आईडीबीआई द्वारा की जाती है और वे प्रत्येक वर्ष बदले जाने के अधीन हैं।

17. रजिस्ट्रार

यूटीआई इन्वेस्टर्स सर्विसेस लिमिटेड - सेबी रजिस्ट्रेशन सं. आईएनआर00000121- को रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट का कार्य करने के लिए नियुक्त किया गया है।

यह सुनिश्चित कर लिया गया है कि रजिस्ट्रार के पास आवेदन पत्रों, पुनर्खरीद आग्रहों की प्रोसेसिंग करने, खाता विवरणी एवं आय वितरण वारंटों को निर्धारित समय के भीतर प्रेषित करने और निवेशक की शिकायतों को दूर करने जैसी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की पर्याप्त क्षमता है।

आवेदन पत्रों की प्रोसेसिंग और बिक्री के पश्चात् सेवाएं रजिस्ट्रार के निम्नलिखित कार्यालयों द्वारा प्रदान की जाएंगी :

पश्चिमी अंचल : प्लॉट नं. 369, मरोल मरोशी रोड, मरोल मरोशी बस डिपो के पास, विजयनगर, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400 059.

पूर्वी अंचल : 2, फेयरली प्लेस, पहली मंजिल, पी.बी. नं. 60, कोलकाता - 700 001.

दक्षिणी अंचल : 45, जस्टिस बशीर अहमद सैयद बिल्डिंग, सेकंड लाइन बीच, चेन्नै - 600 001.

उत्तरी अंचल : (उत्तर प्रदेश को छोड़कर) : कंचनजंघा बिल्डिंग, अप्पर तल मंजिल, 18, बाराखंभा रोड, नई दिल्ली 110 002.

लखनऊ (केवल उत्तर प्रदेश राज्य के लिए) : 8 एवं 9, 2री मंजिल, सारन चैंबर 5, पार्क रोड, लखनऊ - 226 001.

18. निवेशकों की शिकायतों के निवारण का डाटा दर्शानेवाली सारणी

19. जुर्माना, लंबित मुकदमा, निरीक्षणों/जांच पड़तालों के महत्वपूर्ण निष्कर्ष

1. भारतीय यूनिट ट्रस्ट/न्यासी मंडल या न्यासियों या मुख्य कर्मी में से किसी (विशेषत: निधि प्रबंधक) के प्रति सेबी अधिनियम या उसकी कोई विनियमों के अंतर्गत सेबी द्वारा या किसी स्टॉक एक्सचेंज द्वारा (जहां यूटीआई की योजना की यूनिटें सूचीबद्ध हैं) जुर्माना लगाने का कोई मामला नहीं है।

2. न्यासी मंडल या न्यासियों या मुख्य कर्मी सहित भारतीय यूनिट ट्रस्ट के व्यापार से संबंधित कोई महत्वपूर्ण मुकदमे की कार्यवाही लंबित नहीं है। भारतीय यूनिट ट्रस्ट, न्यासी मंडल या न्यासियों या मुख्य कर्मी के प्रति कोई अपराधिक मामला लंबित नहीं है।

3. न तो सेबी और न ही किसी अन्य नियामक एजेंसी ने भारतीय यूनिट ट्रस्ट के परिचालनों या सिस्टम्स में किसी कमी को पेशकश दस्तावेज में दर्शाए जाने की विशेष रूप से सलाह दी है।

4. भारतीय यूनिट ट्रस्ट, न्यासी मंडल/न्यासी या मुख्य कर्मी के प्रति सेबी अधिनियम और उसके अंतर्गत बनाए गए विनियमों के अधीन कोई पूछताछ/अधिनिर्णय की कार्यवाही नहीं है।

20. संक्षिप्त वित्तीय जानकारी देने वाली सारणी को जोड़ा गया है।

इक्विटी योजनाओं में संशोधन - रिपोर्टिंग

अनुबंध 1

मास्टर इंडेक्स फंड - संशोधित/जोड़े गए प्रावधान

खण्ड सं	वर्तमान प्रावधान	संशोधित प्रावधान
विशेषता मद 3	निवासी और अनिवासी वयस्क व्यक्तियों /मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों/नाबालिगों/ अविभक्त हिंदू परिवारों/न्यासों/समितियों/पंजीकृत सहकारी समितियों/कंपनियों एवं बैंकों सहित निगमित निकायों/विदेशी निगमित निकायों (ओसीबी)/सेना/नौसेना/वायुसेना/पैरा मिल्ट्री निधियों/सार्वजनिक क्षेत्र के सरकारी उपक्रमों/वित्तीय संस्थाओं/भागीदारी फर्मों/ विदेशी संस्थागत निवेशकों के लिए खुला है।	निवासी व्यक्तियों और संस्थाओं के साथ साथ अनिवासी भारतीयों , विदेशी निगमित निकायों/विदेशी संस्थागत निवेशकों के लिए खुला है।
विशेषता मद 6	वर्तमान में कोई प्रावधान नहीं है।	योजना से ऐसी अन्य योजनाओं या विपरीत में एनएवी या एनएवी पर आधारित मूल्य पर स्विचओवर की सुविधा जो कि ट्रस्ट द्वारा समय समय पर घोषित की जाएगी।
विशेषता मद 8 से 11	वर्तमान में कोई प्रावधान नहीं है।	• यूनिटों की पुनर्खरीद पर पूंजी वृद्धि से उत्पन्न होने वाले पूंजीगत अभिलाभ यदि कोई हो, आयकर अधिनियम की धारा 48 एवं 112 के अंतर्गत कर लाभों के अधीन होंगे। • आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 54ईए/54ईबी के अंतर्गत पूजीगत अभिलाभ कर में छूट के लिए पात्र निवेश आवेदन की स्वीकृति तिथि से क्रमश: तीन/सात वर्ष की अवरुद्ध अवधि के बाद यूनिटों की पुनर्खरीद के अधीन निधि के स्रोत पर निर्भर करेंगे। • योजना में यूनिटों में निवेश का मूल्य संपदा कर से पूर्णत: मुक्त है। • उपहार कर अधिनियम, 1958 ने 1 अक्तूबर 1998 को या उसके बाद दिए गए उपहारों के संबंध में उपहार कर प्रभार लगाना बंद कर दिया है। अत: योलना के यूनिटों के उपहार उपहार कर प्रभार से पूर्णत: मुक्त हैं।
परिभाषाएं II (घ)	(घ) "आवेदक" का अर्थ वह व्यक्ति जो योजना और उसके अंतर्गत बनाए गए प्लान में शामिल होने के लिए पात्र होगा और आवेदन पत्र में उल्लिखित	"आवेदक" का अर्थ वह व्यक्ति जो योजना और उसके अंतर्गत बनाए गए प्लान में शामिल होने के लिए पात्र हो, प्लान के खण्ड IV के अंतर्गत

	वैकल्पिक आवेदक सहित जब मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति के लाभ के लिए यूनिटों की बिक्री की गई हो और प्लान के खण्ड IV के अंतर्गत आवेदन करता हो।	आवेदन करता हो और जो नाबालिग न हो।
परिभाषाएं II (ज)	(ज) " मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति " का अर्थ वह व्यक्ति जो मानसिक अक्षमता से ग्रस्त हो, जो उसे जीवन के सामान्य कार्य करने से वंचित रखती हो।	हम इस परिभाषा को पेशकश दस्तावेज से हटा सकते हैं।
परिभाषाएं II (ड क)	वर्तमान में कोई प्रावधान नहीं है।	(ड क) "आरबीआई" का अर्थ है भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम 1934 के अंतर्गत निर्मित भारतीय रिजर्व बैंक।
जोखिम घटक	डेरिवेटिवज़, स्टॉक उधार लेना और विदेशी बाजारों में निवेश के लिए वर्तमान में कोई प्रावधान नहीं है।	**डेरीवेटीव्ज़** : ऑप्शन्स एवं फ्यूचर्स जैसे डेरीवेटीव्ज़ प्रतिभूतियों में लेन-देन करना एक अत्यंत विशेषीकृत कार्य है एवं इसमें सामान्य निवेश के जोखिमों से कहीं अधिक जोखिम होता है। हालांकि निधि का अभिप्राय केवल पोर्टफोलियो के बचाव के उद्देश्य के लिए ही डेरीवेटीव्ज़ में लेन-देन करना है,इस खंड में समग्र बाजार बहुत ही अनिश्चित हो सकता है जो इस बाजार में अन्य प्रतिभागियों के कार्य के कारण है। डेरीवेटीव्ज़ में लेन-देन की सफलता निधि प्रबंधक के बाजार की भावी प्रवृत्ति का पूर्वानुमान लगाने की क्षमता पर निर्भर करती है और यदि निधि प्रबंधक अपने पूर्वानुमान में गलत होता है तो निधि का कार्यनिष्पादन, यदि यह निवेश नीति प्रयोग में न लाई गई होती तो जो रहा होता उसकी तुलना में घट गया होता। **स्टॉक उधार देना** : यह न्यूनतम जोखिम के साथ निधि के लिए अतिरिक्त आय जुटाने का साधन है । स्टॉक उधार दिए जाने की अवधि के दौरान बिक्री हेतु सुलभ स्टॉक की अनुपलब्धता के रूप में जोखिम हो सकता है। ऋणी/मध्यस्थों द्वारा प्रतिभूतियों की चुकौतियों की चूक की संभावनाओं के रूप में भी जोखिम हो सकता है। हालांकि,प्रक्रिया में शामिल मध्यस्थों द्वारा ऋणी से उचित जमानत प्राप्त कर जोखिम की पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी। यूटीआई का जमानत पर ग्रहणाधिकार रहेगा हम स्टॉक उधार दिए जाने की प्रक्रिया में शामिल किसी जोखिम

		को कम करने हेतु विभिन्न स्थानों पर उचित रोकथाम एवं नियंत्रण भी रखेंगे।
यूनिट और पेशकश IV 5(i) (घ)	मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति के लाभ के लिए कोई व्यक्ति	हम इसे पेशकश दस्तावेज से हटा सकते हैं।
यूनिट और पेशकश IV 5(i)(च)	निवेशकों की इस श्रेणी के लिए वर्तमान में कोई प्रावधान नहीं है।	**(च) के रूप में नया उपखण्ड जोड़ा जा सकता है** (च) राज्य या केंद्र सरकार के अधिनियम के अंतर्गत स्थापित या नियंत्रित कोई निकाय
यूनिट और पेशकश IV(8) (ii)(ग)	कोई प्रावधान नहीं है।	विदेशी संस्थागत निवेशकों के मामले में लेखा विवरणी उनके वैश्विक अभिरक्षक के पते पर या आवेदन में दिए गए पते पर भेजी जाएगी।
यूनिट और पेशकश IV(8) (iii)	फोलियो के अंतर्गत यूनिटों की अतिरिक्त खरीद या आंशिक पुनर्खरीद करने पर हर बार प्रत्येक सदस्य को एक अद्यतन लेखा विवरणी प्राप्त होगी।	फोलियो के अंतर्गत यूनिटों की अतिरिक्त खरीद या आंशिक पुनर्खरीद या स्विचओवर करने पर हर बार प्रत्येक सदस्य को एक अद्यतन लेखा विवरणी प्राप्त होगी।
यूनिट और पेशकश IV(10) (X)ग	कोई प्रावधान नहीं है।	विदेशी संस्थागत निवेशकों के मामले में पुनर्खरीद की प्राप्तियां विशेष अनिवासी रुपए खाते में या सेबी/आरबीआई द्वारा समय समय पर जारी किए गए अनुदेशों के अनुरूप जमा की जाएंगी।
यूनिटों की बिक्री (2)	(i) आवेदन केवल यूटीआई की निम्नलिखित शाखाओं में स्वीकार किए जाएंगे : मुंबई, कलकत्ता, नई दिल्ली, चेन्नई, बंगलौर, हैदराबाद, अहमदाबाद, लुधियाना, सूरत,इंदौर, राजकोट, बड़ौदा, कानपुर, जयपुर, लखनऊ, पटना, पुणे, कोचीन, तिरुवनंतपुरम और त्रिचूर। आवेदक द्वारा यूनिटों के प्रति भुगतान आवेदन के साथ नकद ,चेक या ड्राफ्ट द्वारा किया जा सकता है। चेक या ड्राफ्ट उसी शहर में स्थित बैंकों की शाखा पर आहरित किए जाएं, जिस शहर में स्थित शाखा कार्यालय में आवेदन जमा किया जाता है। लेकिन, जहां आवेदक ट्रस्ट के शाखा कार्यालय/संग्रहण केंद्र/विशेष अधिकृत कार्यालय वाले स्थान से भिन्न स्थान से आवेदन करना चाहे तो आवेदित यूनिटों के लिये आवेदन पत्र के साथ देय बैंक ड्राफ्ट के लिये देय बैंक प्रभार घटाकर भारतीय बैंक संघ के दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक ड्राफ्ट ट्रस्ट को भेजते हुए ऐसा कर सकता है। संग्रहण केन्द्रों/विशेष बिक्री कार्यालयों को, स्थानीय	(i) आवेदन केवल यूटीआई की निम्नलिखित शाखाओं में स्वीकार किए जाएंगे : मुंबई, कलकत्ता, नई दिल्ली, चेन्नई, बंगलौर, हैदराबाद, अहमदाबाद, लुधियाना, सूरत,इंदौर, राजकोट, बड़ौदा, कानपुर, जयपुर, लखनऊ, पटना, पुणे, कोचीन, तिरुवनंतपुरम और त्रिचूर। आवेदक द्वारा यूनिटों के प्रति भुगतान आवेदन के साथ नकद ,चेक या ड्राफ्ट द्वारा किया जा सकता है। यदि आवेदन यूटीआई के शाखा कार्यालयों में जमा किए जाएं तो चेक या ड्राफ्ट उसी शहर में स्थित बैंकों की शाखा पर आहरित किए जाएं, जिस शहर में स्थित शाखा कार्यालय में आवेदन जमा किया जाता है। (ख) यदि भुगतान चेक/ड्राफ्ट द्वारा किया जाता है तो आवेदन की स्वीकृति चेक/ड्राफ्ट की वसूली के अधीन होगी। (ग) यदि आवेदन राशि योजना के अंतर्गत न्यूनतम निवेश से कम है तो सम्पूर्ण राशि आवेदक को उसके खर्चे पर बिना किसी ब्याज के या ट्रस्ट

देय चेक अथवा उन स्थानों में जहां तक योजना विकेन्द्रीकृत है, देय मांग पत्र के साथ, जिसमें आवेदक, भारतीय बैंक संघ के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रभार कम कर सकता हो, आवेदन स्वीकार करने के लिए प्राधिकृत किया जाता है। उदाहरणार्थ, यदि आवेदन राशि रु.10,000/- है तथा बैंक ड्राफ्ट प्रभार इस राशि के लिए रु. 20/- है। इस तरह, ड्राफ्ट रु.9,980/- (रु.10,000/- में से रु. 20/- घटाकर) के लिए बनवाया जा सकता है। ड्राफ्ट कमीशन प्रभार प्लान के आरंभिक निर्गम व्ययों का एक अंश होगा।

किंतु, जहां ट्रस्ट का कार्यालय/संग्रहण केंद्र/विशेष बिक्री कार्यालय है और आवेदन स्थानीय बैंक ड्राफ्ट के साथ मिला है तो बैंक ड्राफ्ट कमीशन निवेशक को ही वहन करना होगा।

(ii) यदि भुगतान चेक द्वारा किया जाए तो स्वीकृति तिथि, ट्रस्ट के शाखा कार्यालय या प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र द्वारा चेक प्राप्ति की तिथि होगी, बशर्ते चेक की वसूली हो।

यदि भुगतान ड्राफ्ट द्वारा किया जाए तो स्वीकृति तिथि, ऐसे ड्राफ्ट की निर्गम तिथि होगी, बशर्ते ड्राफ्ट की वसूली हो। लेकिन, आवेदन ट्रस्ट के शाखा कार्यालय या प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र में ड्राफ्ट जारी होने की तिथि से 7 दिनों के भीतर प्राप्त हो जाए। यदि इस प्लान के अंतर्गत आवेदन राशि न्यूनतम निवेश से कम है, तो सम्पूर्ण राशि ट्रस्ट द्वारा यथोचित रीति से आवेदक को उसके खर्चे पर वापस लौटा दी जाएगी।

(iii) ***प्रत्यावर्तन लाभों के साथ निवेश की विधि***

एनआरआई/ओसीबी द्वारा किए गए निवेश पर प्रत्यावर्तन का अधिकार निवेशित पूंजी और उस पर अर्जित आय तथा पूंजी वृद्धि (यदि लागू हो) पर तब तक होगा जब तक निवेशक भारत के बाहर का निवासी बना रहेगा। इन स्थितियों में निवेश निम्नलिखित विधियों में से किसी एक के माध्यम से किया जा सकता है :

द्वारा यथोचित रीति से वापस लौटा दी जाएगी।

(घ) अनिवासी भारतीय अपने आवेदन आवेदन जमा करने के स्थान पर भुगतान योग्य एनआर(ई)/एनआर(ओ)खाते के चेक या रुपए में ड्राफ्ट के साथ वांछनीय रूप से एनआरआई शाखा, मुंबई में या उपरोक्त (क) में उल्लिखित ट्रस्ट की शाखाओं में जमा करवाएं।

1. प्रत्यावर्तन लाभों सहित एनआरआई निवेशों के भुगतान की विधि

एनआरआई/ओसीबी द्वारा किए गए निवेश पर प्रत्यावर्तन का अधिकार निवेशित पूंजी और उस पर अर्जित आय तथा पूंजी वृद्धि (यदि लागू हो) पर तब तक होगा जब तक निवेशक भारत के बाहर का निवासी बना रहेगा। इन स्थितियों में निवेश निम्नलिखित विधियों में से किसी एक के माध्यम से किया जा सकता है :

क) विदेश में परिचालित बैंक/ विनिमय गृह द्वारा यूटीआई के पक्ष में जारी रुपयों में बैंक ड्राफ्ट जो भारत में स्थित उनके बैंक पर आहरित हो ।

ख) भारत स्थित बैंक, जिसमें निवेशक का एनआरई खाता हो, पर जारी चेक द्वारा ।

ग) निवेशक के एफसीएनआर जमा की राशि से जारी चेक/ड्राफ्ट द्वारा ।

टिप्पणी: नेपाली और भूटानी मुद्रा में भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

4) प्रत्यावर्तन लाभ रहित एनआरआई निवेश के लिए भुगतान पद्धति ।

क) जहां एनआरओ खाते में रखी गई राशि का यूनिटें खरीदने के लिए उपयोग किया गया हो तो इस प्रकार निवेश की गई राशि और पूंजी वृद्धि (कोई हो तो) भारत के बाहर प्रत्यावर्तन के लिए पात्र नहीं होगी। इसी प्रकार, जब निवेशक भारतवासी था तब उसने यूनिटें रुपये में खरीदी हों और उसके बाद वह अनिवासी हो गया हो तो ऐसे यूनिटों की पुनर्खरीद से प्राप्त राशि पर प्रत्यावर्तन लाभ की पात्रता नहीं होगी।

	विदेशी मुद्रा में ड्राफ्ट विदेशी बैंकों/विनिमय गृह द्वारा यूटीआई के पक्ष में रुपयें में जारी किया गया ड्राफ्ट जो उनके भारतीय संपर्ककर्ता बैंकों पर आहरित हो। भारत स्थित बैंक में निवेशक द्वारा कायम रखे गए एनआरई खाते पर आहरित चेक द्वारा। एफसीएनआर जमाओं की राशि से जारी किए गए चेक/ड्राफ्ट द्वारा। इसके अलावा, नेपाल और भूटान की मुद्राओं में अदायगी स्वीकार नहीं की जाती है। यूनिटों में निवेश रुपये में किया जाता है, विदेशी मुद्रा के सभी ड्राफ्टों को उस दर पर रुपये में परिवर्तित किया जाता है जो परिवर्तन के समय प्रचलित हो। यदि कोई कमी पड़ती हो, तो उसे एनआरआई निवेशक द्वारा विप्रेषित किया जाएगा। उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए यह सलाह दी जाती है कि एनआरआई/ओसीबी निवेशक उपर्युक्त (ख) और (ग) में उल्लिखित लिखतों के द्वारा अदायगी करें। **(iv) *प्रत्यावर्तन लाभों के बिना निवेश विधि*** जहां एनआरओ खाते में धारित निधियों का उपयोग यूनिटों की खरीद के लिए किया जाता है तो इस प्रकार निवेश की गई निधियां और उन पर अर्जित आय तथा पूंजी वृद्धि (यदि लागू हो) भारत के बाहर प्रत्यावर्तन के लिए योग्य नहीं होगी। **तथापि, भारतीय रिज़र्व बैंक के दिनांक 19 अगस्त, 1994 के परिपत्र ए.डी. (एम.ए.शृंखला) सं. 18 के अनुसार वित्तीय वर्ष 1996-97 के दौरान और उसके उपरांत अर्जित सम्पूर्ण आय पूर्ण प्रत्यावर्तन के योग्य होंगी।**	ख)आरबीआई के दिनांक 19 अगस्त, 1994 के परिपत्र एडी (एम.ए. सीरीज़)सं18 के अनुसार वित्तीय वर्ष 1996-97 के दौरान और उसके बाद निवेश पर अर्जित संपूर्ण आय वितरण पूर्णतया प्रत्यावर्तन लाभ के लिए पात्र होगा। बशर्ते कि सदस्य अनिवासी बना रहे। ऐसे मामलों में यूटीआई एनआरओ खाते में जमा करने के लिए रुपए में अदायगी करेगा। यदि निवेशक यूनिटों के आय वितरण पर विप्रेषण विदेश में चाहते हैं उन्हें सलाह दी जाती है कि वे अपने बैंक/कर सलाहकार से संपर्क करें। 5.विदेशी संस्थागत निवेशकों के द्वारा किया गया निवेश आरबीआई द्वारा अनुमोदित नामित बैंक /प्राधिकृत डीलर के पास रखे गए विशेष अनिवासी रुपया खाता में भुगतान नामे करके होना चाहिए
यूनिटों की बिक्री VI (3) -शीर्षक में सुधार	पात्र संस्थाओं, नाबालिगों और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति आदि के लाभ के लिए किसी आवेदक का आवेदन और पंजीकरण	पात्र संस्थाओं और नाबालिगों आदि का आवेदन और पंजीकरण

यूनिटों की बिक्री VI (3)(iii)	(iii) जहां, किसी अन्य व्यक्ति जो मानसिक रूप से विकलांग है, के लाभ के लिए किसी व्यक्ति द्वारा आवेदन किया जाए वहां ट्रस्ट प्रस्तुत कथन के आधार पर कार्य करेगा और ऐसा करने में यह समझा जाएगा कि ट्रस्ट सद्भावनापूर्वक कार्य कर रहा है। ट्रस्ट को हक होगा कि वह केवल आवेदक के साथ व्यवहार करे और उसकी मृत्यु की स्थिति में सभी व्यावहारिक प्रयोजनों के लिए वैकल्पिक आवेदक के साथ व्यवहार करे तथा उक्त आवेदक या वैकल्पिक आवेदक को ट्रस्ट द्वारा यूनिट के संबंध में किया गया भुगतान ट्रस्ट के लिए सही उन्मोचन माना जाएगा।	इसे हटाया जाए।
यूनिटों की बिक्री VI (5)	नाबालिग/मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति की तरफ से योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में यूनिटों के लिए आवेदन करने वाले व्यक्तियों को, आवेदन करने की अपनी पात्रता के बारे में संतुष्ट करना होगा और ट्रस्ट की सभी अपेक्षाएं जैसे नाबालिग की ओर से प्राप्त आवेदन पत्र के मामले में जन्म प्रमाणपत्र/मानसिक विकलांगता के मामले में मनोचिकित्सक का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। भागीदारी/न्यासों/सहकारी समितियों/निगमित निकायों/कंपनियों जैसे निकायों की तरफ से यूनिटों के लिए आवेदन के साथ भागीदारी की भागीदारी विलेख की प्रमाणित प्रति/न्यास का न्यास विलेख/समिति के उप-नियम/निगमित निकायों को शासित करने वाली संविधि योजना में निवेश करने हेतु प्रबंध समिति का संकल्प के साथ कंपनी के अंतर्नियम एवं बहिर्नियम प्रस्तुत करने होंगे। यूनिटों की पुनर्खरीद के समय, पुनर्खरीद हेतु प्राधिकृत करने वाला प्रबंध समिति का संकल्प एवं औपचारिकताओं के अनुपालन के लिए तथा पुनर्खरीद चेक को स्वीकार करने वाले निकाय के संबंधित अधिकारी/(अधिकारियों) का प्राधिकार प्रस्तुत करना होगा। गलत घोषणा करके यूनिट रखने वाला व्यक्ति अपनी सदस्यता के निरस्तीकरण का भागी होगा और उसका नाम सदस्यों की पंजी से काट दिया जाएगा।	क) नाबालिग/मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति की तरफ से योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में यूनिटों के लिए आवेदन करने वाले व्यक्तियों को ट्रस्ट को आवेदन करने की अपनी पात्रता के बारे में संतुष्ट करना होगा और ट्रस्ट द्वारा निर्धारित की गई सभी अपेक्षाओं जैसे नाबालिग की ओर से प्राप्त आवेदन पत्र के मामले में जन्म प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। ख) भागीदारी/न्यासों/सहकारी समितियों/निगमित निकायों/कंपनियों जैसे निकायों की तरफ से यूनिटों के लिए आवेदन के साथ भागीदारी विलेख की प्रमाणित प्रति /समिति के उप-नियम/निगमित निकायों को शासित करने वाली संविधि योजना में निवेश करने हेतु प्रबंध समिति का संकल्प के साथ कंपनी के अंतर्नियम एवं बहिर्नियम प्रस्तुत करने होंगे। यूनिटों की पुनर्खरीद के समय, पुनर्खरीद हेतु प्राधिकृत करने वाला प्रबंध समिति का संकल्प एवं औपचारिकताओं के अनुपालन के लिए तथा पुनर्खरीद चेक को स्वीकार करने वाले निकाय के संबंधित अधिकारी/(अधिकारियों) का प्राधिकार प्रस्तुत करना होगा। ग) गलत घोषणा करके यूनिट रखने वाला व्यक्ति अपनी सदस्यता के निरस्तीकरण का भागी होगा और उसका नाम सदस्यों की पंजी से काट दिया जाएगा। घ) उपरोक्त मामलों में ट्रस्ट को अधिकार होगा कि वह ऐसी स्थिति में 25% दण्ड के तौर पर घटाने के बाद सममूल्य पर या एनएवी पर,

	ट्रस्ट को अधिकार होगा कि वह ऐसी स्थिति में 25% दण्ड के तौर पर घटाने के बाद सममूल्य पर या ट्रस्ट द्वारा निर्धारित मूल्य पर यूनिटों की पुनर्खरीद करे और गलती से भुगतान किये गये आय वितरण की वसूली पुनर्खरीद राशि से करे और शेष वापस करे। पुनर्खरीद करने और आवेदक को पुनर्खरीद राशि भेजने में ट्रस्ट को जो भी समय लगेगा उसके लिये राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।	जो भी कम हो या ट्रस्ट द्वारा निर्धारित मूल्य पर यूनिटों की पुनर्खरीद करें और गलती से भुगतान किये गये आय वितरण, यदि कोई हो, की वसूली पुनर्खरीद राशि से करे और शेष वापस करे। पुनर्खरीद करने और आवेदक को पुनर्खरीद राशि भेजने में ट्रस्ट को जो भी समय लगेगा उसके लिये राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।
यूनिटों की बिक्री VI (6)	(i)नामांकन सुविधा केवल अपनी ओर से आवेदन करने वाले व्यक्तियों अर्थात् एकल या संयुक्त रूप से दो तक के लिए उपलब्ध है। आवेदक एक व्यक्ति को नामित कर सकते हैं। अवयस्क तथा अनिवासी भारतीय भी नामित किए जा सकते हैं। भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी किए गये दिशानिर्देशों के अनुसार अनिवासी भारतीय नामित किए जा सकते हैं। प्लान के चालू रहने के दौरान आवेदक किसी भी समय नामांकन में परिवर्तन कर सकता है। (ii) सदस्यों को, जो नाबालिग की ओर से माता-पिता हों या विधिक अभिभावक हों तथा पात्र संस्था, समिति, निगमित निकाय और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति के लाभ के लिए यूनिट हेतु आवेदन करने वाले आवेदक को नामांकन करने का अधिकार नहीं होगा। अन्य प्रावधान विनियमों में उपलब्ध कराई गई सीमा तक रहेंगे। (iii) नामांकन की वैधानिक वैधता : भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 की धारा 39क के अंतर्गत सदस्य को सांविधिक नामांकन की सुविधा उपलब्ध है। तदनुसार, जहां किसी यूनिट के संबंध में नामांकन यूटीआई सामान्य विनियमावली, 1964 के अनुसरण में किया गया है वहां सदस्य को उक्त यूनिटों के संबंध में देय राशि, सदस्य की मृत्यु होने पर उक्त यूनिटों के संबंध में किसी अन्य व्यक्ति के किसी अधिकार, हक दावे या अन्य हित के अध्यधीन रहते हुए जैसा कि ऐसे	(i)नामांकन सुविधा केवल अपनी ओर से आवेदन करने वाले व्यक्तियों अर्थात् एकल या संयुक्त रूप से दो तक के लिए उपलब्ध है। (ii) केवल एक व्यक्ति को नामित किया जा सकता है। (III) अनिवासी नाबालिग सहित नाबालिग भी नामित किए जा सकते हैं। (iv) अनिवासी भारतीयों का नामांकन भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी किए गये दिशानिर्देशों के अधीन है। (v) निवेश की अवधि के दौरान किसी भी समय नामांकन में परिवर्तन किया जा सकता है। (vi) आवेदक, जो नाबालिग की ओर से माता-पिता हों या विधिक अभिभावक हों तथा पात्र संस्था, समिति, निगमित निकाय को नामांकन करने का अधिकार नहीं होगा। vii)अन्य प्रावधान विनियमावली में दी गई सीमा तक होंगे। viii) नामांकन की वैधानिक वैधता : भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 की धारा 39क के अंतर्गत सदस्य को सांविधिक नामांकन की सुविधा उपलब्ध है। तदनुसार, जहां किसी यूनिट के संबंध में नामांकन यूटीआई सामान्य विनियमावली, 1964 के अनुसरण में किया गया है वहां सदस्य की मृत्यु होने पर किंतु उक्त यूनिटों के संबंध में किसी अन्य व्यक्ति के किसी अधिकार, हक दावे या अन्य हित के अध्यधीन रहते हुए जैसा कि ऐसे विनियमों में उपबंधित है और किसी प्रभार या किसी बाधा की शर्त के

	विनियमों में उपबंधित है और किसी प्रभार या किसी बाधा की शर्त के अधीन नामिती में निहित और उसे देय होगी। उपरोक्त के अनुसार ट्रस्ट द्वारा किए गए भुगतान से ट्रस्ट का, उक्त यूनिटों के संबंध में सभी दायित्वों से पूर्ण उन्मोचन हो जाएगा।	अधीन नामिती में निहित और उसे देय होगी और नामिती को इस प्रकार निहित यूनिटों के लिए एक लेखा विवरणी जारी की जाएगी। उपरोक्त के अनुसार ट्रस्ट द्वारा किए गए प्रेषण से ट्रस्ट का, उक्त यूनिटों के संबंध में सभी दायित्वों से पूर्ण उन्मोचन हो जाएगा।
यूनिटों की पुनर्खरीद VII (3)	पुनर्खरीद, यूनिटधारक द्वारा यथोचित रूप से हस्ताक्षरित पुनर्खरीद रसीद प्राप्त होने पर प्रभावी होगी। आंशिक पुनर्खरीद की अनुमति होगी बशर्ते कि इस प्रकार की पुर्नखरीद से सदस्य की धारिता 5000/- रुपए (अंकित मूल्य) से कम न हो।	पुनर्खरीद नवीनतम लेखा विवरणी प्राप्त होने पर प्रभावी होगी। आंशिक पुनर्खरीद की अनुमति होगी बशर्ते कि सदस्य की धारिता प्रति फोलियो न्यूनतम 5000/- रुपए से कम न हो जिसे पुनर्खरीद आवेदन प्राप्त होने की तिथि पर लागू पुनर्खरीद मूल्य पर परिकलित किया जाएगा। पुनर्खरीद की संविदा पुनर्खरीद के लिए स्वीकृति तिथि को समाप्त समझी जाएगी।
यूनिटों की पुनर्खरीद VII (10)(ग)	वर्तमान में कोई प्रावधान नहीं	विदेशी संस्थागत निवेशकों के मामले में पुनर्खरीद प्राप्तियां विशेष अनिवासी रुपए खाते में या समय समय पर सेबी/आरबीआई द्वारा जारी किए गए निर्देशों के अनुरूप जमा की जाएगी।
यूनिटों की पुनर्खरीद VII (13)	वर्तमान में कोई प्रावधान नहीं	<u>स्विचओवर</u> योजना के अंतर्गत सदस्यों को अपने निवेश को योजना से ऐसी अन्य योजनाओं में और विपरीत स्विचओवर की अनुमति होगी जिसकी ट्रस्ट द्वारा समय समयं पर अनुमति दी जाए। इस तरह के मामले में उन्हें नवीनतम लेखा विवरणी को विधिवत् रूप से हस्ताक्षर कर स्विच ओवर के लिए आवेदन प्रस्तुत करना होगा। स्विचओवर ट्रस्ट द्वारा किए गए निर्णयानुसार, एनएवी या एनएवी आधारित मूल्य पर होगा। ट्रस्ट द्वारा समय समय पर की जाने वाली घोषणा के अनुसार इस योजना से अन्य योजनाओं में या विपारीत आंशिक स्विचओवर की अनुमति होगी बशर्ते वह दोनों योजनाओं में न्यूनतम धारिता सीमा की शर्त का पालन करता हो । लेखा विवरणी/ यूनिट प्रमाणपत्र को रद्द करने के लिए ट्रस्ट अपने पास रख लेगा एवं जैसा भी मामला हो, उसके अनुसार दोनों योजनाओं के लिए नई लेखा विवरणी/ यूनिट प्रमाणपत्र जारी करेगा।

		आयकर अधिनियम 1961 की धारा 54ईए/54ईबी के अंतर्गत कर में छूट के प्रयोजन से किए गए निवेश पर क्रमश: 3 एवं 7 वर्ष की अवरुद्ध अवधि से पूर्व स्विचओवर की अनुमति नहीं होगी ।
यूनिटों की पुनर्खरीद VII (1.1)	**बैंक विवरण :** चेकों के खो जाने/गलत जगह पर पहुंचने के कारण उनके संभावित कपटपूर्ण नकदीकरण के विरुद्ध सावधानी के तौर पर आवेदकों से यह निवेदन किया जाता है कि वे आवेदन पत्र में सही स्थान पर अपने बैंक खाते का पूर्ण विवरण (अर्थात् खाते का स्वरूप,खाता संख्या एवं बैंक का नाम) दें। तब पुनर्खरीद चेक इस प्रकार से निर्दिष्ट किए गए बैंक खाते में जमा करने के लिए बैंक के पक्ष में तैयार करके भेजे जाएंगे। सदस्य कथित बैंक में अपने खाते में जमा करने के लिए उस पुनर्खरीद चेक को प्रस्तुत कर सकते हैं। बैंक विवरण नहीं दिए जाने के मामले में, पुनर्खरीद चेकों को सदस्यों के नाम में जारी किया जाएगा (संयुक्त धारिता या उत्तरजीविता के आधार पर धारिता में मामले में प्रथम धारक)। धोखाधड़ी या जालसाजी के जरिए चेकों के गलत हाथों में पहुंचने वाली क्षति के लिए यूटीआई और बैंकर जिम्मेदार नहीं होंगे। **पुनर्खरीद/परिपक्वता चेकों के कपटपूर्ण नकदीकरण से बचने के लिए सेबी ने निवेशकों के लिए यह अनिवार्य कर दिया है कि निवेशक अपने हित में आवेदन पत्र में उचित स्थान पर बैंक विवरण दें।**	<u>**निवेशकों का बैंक विवरण :**</u> i)आय वितरण वारंटों/पुनर्खरीद चेकों/परिपक्वता चेकों को कपटपूर्ण तरीके से भुनाए जाने से बचने के लिए सेबी ने निवेशकों के हित में आवेदन पत्र में उपयुक्त स्थान पर बैंक ब्यौरे देना अनिवार्य कर दिया है। **बैंक ब्यौरे के बिना आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे** । तदनुसार,नीचे मद (ii) में दिए गए ग्यारह शहरों से बाहर रहने वाले आवेदकों से निवेदन किया जाता है कि वे रिकार्ड हेतु आवेदन पत्र तथा पावती रसीद के उपयुक्त स्थान पर अपने बैंक खाते (अर्थात खाते का प्रकार,खाता संख्या और बैंक का नाम) का पूरा ब्यौरा दें। तब आय वितरण वारंट/पुनर्खरीद चेक,इस प्रकार निर्दिष्ट बैंक ब्यौरे के साथ खाते में जमा करने के लिए सदस्य के नाम जारी कर उसे भेजे जाएंगे। **इलेक्ट्रॉनिक समाशोधन सेवा :** ii) वर्तमान में ईसीएस सुविधा मुंबई/कलकत्ता/चेन्नई/नई दिल्ली/ अहमदाबाद/बड़ौदा/पुणे/भुवनेश्वर/बंगलोर / हैदराबाद और जयपुर में रहने वाले निवेशकों को संबंधित केन्द्रों पर उनके बैंक खाते में सीधे क्रेडिट के लिए उपलब्ध कराई गई है और जहां एकल लिखत की राशि रु. 5,00,000 से अधिक न हो। निवेशकों को उनके बैंक खाते में क्रेडिट के ब्यौरे देते हुए एक विवरणी दी जाएगी। iii) निवेशक की बैंक शाखा उसके खाते में जमा करेगी और जमा प्रविष्टि को पास बुक/बैंक खाते की विवरणी में "ईसीएस" से निर्दिष्ट करेगी। आवेदक से अनुरोध किया जाता है कि वह आवेदन पत्र में अपने बैंक का नाम और

		पता, खाते का प्रकार और संख्या, 9 अंकों वाली बैंक एवं शाखा एमआईसीआर कोड संख्या का विवरण दें। iv) यदि इस सुविधा पर मिली प्रतिक्रिया इसके संचालन हेतु पर्याप्त नहीं है या कोई अन्य कारण से इसका संचालन नहीं किया जा सके तो "ईसीएस" के अंतर्गत आय का भुगतान करने के बजाय ट्रस्ट उपरोक्तानुसार आय वारंट जारी करके आय की अदायगी कर सकता है। v). <u>एनआरआई/ ओसीबी निवेशकों को आय वितरण</u> एनआरआई/ ओसीबी निवेशकों को आय वितरण विदेशी मुद्रा नियंत्रण विनियमों के अनुसार अदा किया जाएगा। आय के भुगतान की वर्तमान स्थिति इस प्रकार है : क)वारंट सदस्य के नाम जारी किया जा सकता है तथा सदस्य के एनआरई/एनआरओ खाते में जमा करने के लिए उसके किसी ऐसे रिश्तेदार को भेजा जा सकता है जो भारत का निवासी हो, जैसा भी मामला हो। अथवा ख)वारंट किसी ऐसे रिश्तेदार के नाम जारी किया जा सकता है जो भारत का निवासी है तथा उसके खाते में जमा करने के लिए उसे भेजा जाएगा। **vi)ईसीएस सुविधा उन एनआरआई निवेशकों को भी उपलब्ध है जिनका मुंबई में अपना स्वयं का बैंक खाता है। वे एनआरआई निवेशक जो अपने निवासी रिश्तेदार के खाते में आय वितरण क्रेडिट करना चाहते हैं ईसीएस सुविधा उप खण्ड IV(10) (x) में दर्शाए स्थानों पर उन्हें भी उपलब्ध हो सकती है।**
मूल विशेषताएं IX(3) अंतिम दो अनुच्छेद	मूल विशेषताओं में कोई भी परिवर्तन कम से कम तीन चौथाई सदस्यों की सहमति से किया जाएगा। इसके अलावा मूल विशेषताओं में कोई परिवर्तन होने पर जो सहमति न दें उन्हें योजना से अपनी धारिता का	योजना की मूल विशेषताओं में परिवर्तन तब ही किया जाएगा, यदि: (i)वर्तमान सदस्यों को सूचना व्यक्तिगत रूप से दी गई हो और

	मोचन करने की अनुमति होगी। बोर्ड समय-समय पर योजना में परिवर्धन या अन्यथा उसमें संशोधन कर सकता है तथा ऐसा कोई संशोधन/परिवर्धन सरकारी राजपत्र में अधिसूचित किया जाएगा। कोई भी परिवर्तन होने के मामले में सेबी से पूर्व अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा।	(ii) विज्ञापन, पूरे भारत में परिचलित होने वाले अंग्रेजी के दैनिक समाचार पत्र में एवं एक मराठी के समाचार पत्र में भी दिया गया हो। (iii)सदस्यों को भार रहित वर्तमान एनएवी पर योजना से निकासी का विकल्प दिया गया हो। बोर्ड समय-समय पर योजना में परिवर्धन या अन्यथा उसमें संशोधन कर सकता है तथा ऐसा कोई संशोधन/परिवर्धन सरकारी राजपत्र में अधिसूचित किया जाएगा जैसा कि भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम 1963 की धारा 21 (4) के अनुसार आवश्यक है। योजना की मूल विशेषताओं में कोई परिवर्तन/संशोधन/आशोधनों सेबी के पूर्व अनुमोदन से किया जाएगा। अन्य परिवर्तन/संशोधन/ आशोधनों के संबंध में, जो मूल विशेषताओं में संशोधन नहीं है और जो यूनिटधारकों के हितों को प्रभावित नहीं करते हैं, सेबी के पूर्व अनुमोदन से बनाएं जाएंगे।
निवेश उद्देश्य, नीतियां एवं स्टॉक उधार देना IX (4)	वर्तमान प्रावधानों को अनुबंध III के अंतर्गत मद 1 में दिए गए प्रावधान से पुन: स्थापित किया जाएगा।	अनुबंध III का संदर्भ लें।
एनएवी निर्धारण एवं आस्तियों का मूल्यांकन XII (2)	वर्तमान प्रावधानों को अनुबंध III के अंतर्गत मद 2 में दिए गए प्रावधान से पुन: स्थापित किया जाएगा।	अनुबंध III का संदर्भ लें।
लेखा नीतियां XIII	वर्तमान प्रावधानों को अनुबंध III के अंतर्गत मद 3 में दिए गए प्रावधान से पुन: स्थापित किया जाएगा।	अनुबंध III का संदर्भ लें।
निवेशों का कर - निरूपण XIV	वर्तमान प्रावधानों को अनुबंध III के अंतर्गत मद 4 में दिए गए प्रावधान से पुन: स्थापित किया जाएगा।	अनुबंध III का संदर्भ लें।
निवेशकों के अधिकार एवं सेवाएं XV	वर्तमान में कोई प्रावधान नहीं है।	निम्नलिखित को मद (6) के रूप में जोड़ा जाए और मद (6) और (7) को तदनुसार दोबारा नंबर दिए जाएं।

		(6) मूल विशेषताओं में कोई भी परिवर्तन कम से कम तीन चौथाई सदस्यों की सहमति से किया जाएगा। इसके अलावा मूल विशेषताओं में कोई परिवर्तन होने पर जो सहमति न दें उन्हें योजना से अपनी धारिता का मोचन करन की अनुमति होगी।
भारतीय यूनिट ट्रस्ट की स्थापना एवं प्रबंधन XVI	वर्तमान जानकारी को अनुबंध III की मद संख्या 5 के अनुसार अद्यतन किया जाएगा।	अनुबंध III का संदर्भ लें।
योजना के लिए अन्य सेवाएं देने वाले XVII	वर्तमान जानकारी को अभिरक्षकों/लेखा परीक्षकों के संबंध में अनुबंध III की मद 6 के अनुसार अद्यतन किया जाएगा।	अनुबंध III का संदर्भ लें।
निवेशकों की शिकायतों का निवारण XVIII	वर्तमान जानकारी को अनुबंध III की मद संख्या 7 के अनुसार अद्यतन किया जाएगा।	अनुबंध III का संदर्भ लें।
जुर्माना, लंबित मुकदमा, निरीक्षणों/जांच-पड़तालों के महत्वपूर्ण निष्कर्ष XIX (2)	न्यासी मंडल या न्यासियों या मुख्य कर्मी सहित भारतीय यूनिट ट्रस्ट के व्यापार से संबंधित कोई महत्वपूर्ण मुकदमे की कार्यवाही लंबित नहीं है।	न्यासी मंडल या न्यासियों या मुख्य कर्मी सहित भारतीय यूनिट ट्रस्ट के व्यापार से संबंधित कोई महत्वपूर्ण मुकदमे की कार्यवाही लंबित नहीं है। भारतीय यूनिट ट्रस्ट, न्यासी मंडल या न्यासियों या मुख्य कर्मी के प्रति कोई आपराधिक मामला लंबित नहीं है।
जुर्माना, लंबित मुकदमा, निरीक्षणों/जांच-पड़तालों के महत्वपूर्ण निष्कर्ष XIX (4)	कोई प्रावधान नहीं है।	न तो सेबी और न ही किसी अन्य नियामक एजेन्सी ने भारतीय यूनिट ट्रस्ट के परिचालनों या सिस्टम्स में किसी कमी को पेशकश दस्तावेज़ में दर्शाए जाने की विशेष रूप से सलाह दी है।
संक्षिप्त वित्तीय जानकारी	वर्तमान प्रावधानों को अनुबंध III की मद 8 में दिए गए प्रावधानों से पुन: स्थापित कर दिया जाएगा।	अनुबंध III का संदर्भ लें।

इक्विटी योजनाओं में संशोधन - रिपोर्टिंग

अनुबंध II

मास्टर इंडेक्स फंड - हटाए गए प्रावधान

खण्ड सं.	वर्तमान प्रावधान	टिप्पणियां
निवेश उद्देश्य, नीतियां एवं स्टॉक उधार देना IX (6)	तथापि, ऊपर खण्ड IX (4),XII (1) और XII (2) के संबंध में किसी बात के होते हुए, आस्तियों का मूल्यांकन, शुद्ध आस्ति मूल्य का अभिकलन, पुनर्खरीद मूल्य और उनके प्रकटीकरण का अंतराल सेबी द्वारा समय समय पर जारी सेबी (एमएफ) विनियमो के प्रावधानों/ दिशा निर्देशो/निदेशो के अनुसरण में होगा।	हटा दिया गया है; इस खण्ड को संशोधित कर दिया गया है और अनुबंध III की मद ___ के अंतर्गत आस्तियों के मूल्यांकन के एक भाग के रूप में जोड़ा गया है।

अनुबंध III

मास्टर इंडेक्स फंड

क्र.सं.	'मानक पेशकश दस्तावेज़' द्वारा अपेक्षित प्रावधान

1. **खण्ड IX(4) निवेश नीतियां**

(i) इस योजना द्वारा कोई सावधि ऋण नहीं दिया जाएगा।

(ii) ट्रस्ट प्रतिभूतियों का क्रय विक्रय सुपुर्दगियों के आधार पर करेगा और खरीद के सभी मामलों में संबंधित प्रतिभूतियों की सुपुर्दगी लेगा और बिक्री के सभी मामलों में प्रतिभूतियों की सुपुर्दगी करेगा और किसी भी मामले में खुद को ऐसी स्थिति में नहीं डालेगा जिससे इसे मंदड़िया बिक्री करनी पड़े या सौंदे का वायदा (कैरी फारवर्ड) करना पड़े या बदला वित्त में लिप्त होना पड़े ।

(iii) ट्रस्ट प्रतिभूतियों की खरीद या अंतरण ट्रस्ट के नाम से करवाएगा।

(iv) सेबी तथा भारत सरकार से प्राधिकृत हो जाने के अधीन यूटीआई, उचित परिस्थितियों में निवेश नीति, जोखिम को रोकने या कम से कम करने के उद्देश्य के लिए, ऐसी तकनीकों और लिखतों जैसे फ्यूचर्स और ऑप्शन्स और सहवर्तियों का, जब भारतीय बाजार में उनके प्रयोग की अनुमति मिल जाएगी, लागू विनियमों और प्रतिपक्षी जोखिम मूल्यांकन के अधीन किसी भी सैक्टर फंड की निवेश संरचना को प्राप्त करने के उद्देश्य से प्रयोग करेगा।

(v)(क) सेबी द्वारा घोषित उधार दिए जाने की शर्तों के अनुसार,योजना द्वारा स्टॉक उधार दिया जा सकता है। यह कार्य किसी अनुमोदित बिचौलिए के जरिए किया जाएगा।

(ख) स्टॉक उधार दिए जाने पर किसी एकल बिचौलिए को योजना द्वारा दिया गया अधिकतम उधार,योजना के इक्विटी पोर्टफोलियो के बाजार मूल्य का 10 प्रतिशत होगा या उस सीमा तक होगा जैसा सेबी निर्दिष्ट करे।

(ग) यदि म्यूचुअल फंड और यूटीआई को स्टॉक उधार लेने की अनुमति दी जाती है तो योजना इस संबंध में सेबी दिशानिर्देशों के अनुसार उचित परिस्थितियों में स्टॉक उधार ले सकती है।

(vi) योजना अपतटीय/विदेशी कंपनियों द्वारा जारी एवं विदेशी स्टॉक एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध प्रतिभूतियों या भारतीय कंपनियों द्वारा विदेशी/अपतटीय निवेशकर्ताओं को जारी तथा विदेशी स्टॉक एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध प्रतिभूतियों में निवेश ऐसे निर्गमों में सीधे अभिदान करके या इस संबंध में समय-समय पर जारी सेबी/आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुसार विदेशी स्टॉक एक्सचेंजों पर खरीद करके कर सकती है।

(vii) योजना इनमें से किसी में निवेश नहीं करेगी ;

क) ट्रस्ट की समूह या सहायक कंपनी की कोई असूचीबद्ध प्रतिभूति ; या

ख) ट्रस्ट की समूह या सहायक कंपनी द्वारा निजी नियोजन के माध्यम से जारी की गई कोई प्रतिभूति; या

ग) ट्रस्ट की समूह कंपनी की सूचीबद्ध प्रतिभूतियां जो ट्रस्ट की सभी योजनाओं के शुद्ध आस्तियों के 25% का आधिक्य है।

(viii) प्लान की प्रतिभूतियों के लेन देन के लिए शेयर-दलाली फर्म और यूटीआई की सहायक संस्था यूटीआई सिक्योरिटीज़ एक्सचेंज लिमिटेड (यूटीआई-एसईएल) की सेवाएं ली जा सकती हैं जो नीतियों के अनुसार हों और ट्रस्ट के न्यासी मंडल द्वारा तय की गई सीमाओं के अधीन हों। यूटीआई एसईएल 1994 में स्थापित की गई थी। यह निवेशकों की आवश्यकताओं के अनुरूप उचित, पारदर्शी और कुशल सेवाएं प्रदान करने वाली उच्च तकनीकी कंपनी है। इसका पंजीकृत कार्यालय मुंबई में है।

IX(5)

ट्रस्ट की योजनाओं में कंपनियों का निवेश एवं इन कंपनियों में ट्रस्ट का निवेश दर्शाने वाली सारणी नवीनतम उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार

2. **XII(2)- इस योजना की आस्तियों का मूल्यांकन**

(क) अवरुद्ध अवधि के अधीन वाले निवेशों,यदि कोई हो,सहित उद्धृत निवेशों परंतु सरकारी प्रतिभूतियों को छोड़कर, का मूल्यांकन, मूल्यांकन की तारीख को बाजार में बंद मूल्य पर और उसकी अनुपस्थिति पर मूल्यांकन की तारीख से साठ दिन पूर्व की अवधि में बिल्कुल हाल ही की उपलब्ध दर पर किया जाता है। यदि मूल्यांकन की तारीख से साठ दिन पूर्व की अवधि हेतु, कोई भाव उपलब्ध नहीं है तो उसे अनोद्धृत निवेश माना जाता है।

(ख) उद्धृत सरकारी प्रतिभूतियां मूल्यांकन तिथि को अंतिम एनएससी बाजार दर पर मूल्यांकित की जाती हैं और इसकी अनुपस्थिति पर मूल्यांकन तिथि से पूर्व 7 दिनों के अंदर उपलब्ध नवीनतम भाव को मूल्यांकन के लिए लिया जाता है। यदि मूल्यांकन की तिथि से सात दिन पूर्व की अवधि हेतु कोई भाव उपलब्ध नहीं हो तो उसे अनोद्धृत सरकारी प्रतिभूतियां माना जाएगा।

(ग) उद्धृत डिबेंचरों और बांडों के मामले में, बाजार दर, जो ब्याज सहित है उसे ब्याज तत्त्व,यदि कोई हो, के लिए समायोजित किया जाता है।

(घ) शेयरों के अधिकार पात्रता का मूल्यांकन,लाभांश तत्व हेतु बट्टा काटकर,जहां लागू हो बाजार दर पर किया जाता है।

(ङ) अनोद्धृत अधिमान शेयर/संचयी परिवर्तनीय अधिमान शेयर लागत पर लिए जाते हैं।

(च) अनोद्धृत इक्विटी शेयरों का मूल्यांकन, जैसे न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित किया जाए, उचित मूल्यांकन आधार पर किया जाता है।

(छ) अनोद्धृत डिबेंचर, बॉण्ड एवं अंतरणीय नोट न्यासी मंडल के अनुमोदन के साथ भारत सरकार की प्रतिभूतियों (प्रतिफल वक्र) पर प्रतिफल के साथ जुड़ी, का मूल्यांकन परिपक्वता पर प्रतिफल के आधार पर किया जाता है।

(ज) अनोद्धृत वारंट, अंतरनिहित इक्विटी शेयरों के बाजार दर पर, लाभांश तत्त्व के लिए बट्टा काटकर, यदि कोई हो, तथा देय प्रायोगिक मूल्य से कम करके मूल्यांकित किए जाते हैं। जिन मामलों में इस तरह लिए गए मूल्य से प्रायोगिक देय मूल्य ज्यादा हो, वहां वारंटों का मूल्य शून्य लिया जाता है।

(झ) अनोद्धृत सरकारी प्रतिभूतियों, यदि कोई हो, का मूल्यांकन प्रचलित ब्याज दर पर परिपक्वता पर प्रतिफल के आधार पर किया जाता है।

(ञ) परिवर्तनीय डिबेंचर एवं बॉण्ड, जहां मिश्र बाजार भाव उपलब्ध न हो, वहां परिवर्तनीय भाग का मूल्यांकन इक्विटी शेयरों के लिए लागू बाजार दर, लाभांश तत्व के लिए बट्टा काटकर, यदि कोई हो, पर किया जाता है। ऐसे डिबेंचरों एवं बॉण्डों का अपरिवर्तनीय भाग, यदि कोई हो, का मूल्यांकन, उपरोक्त (च) के अनुसार किया जाता है। जहां परिवर्तनीय भाग के लिए परिवर्तन की शर्तें विनिर्दिष्ट न हों, वहां उन्हें लागत पर लिया जाता है।

(ट) पूंजी सूचीकृत बॉण्ड लागत आधार पर मूल्यांकित किए जाते हैं।

(थ) मुद्रा बाजार लिखतों के लिए मूल्यांकन नीति :-

(i) मुद्रा बाजार लिखतें एवं अन्य आस्तियां बही मूल्य पर ली जाती हैं।

(ii) अंतर बैंक कॉल बाजार में निवेशित राशियां लागत पर ली जाती हैं।

(iii) बट्टा /ब्याज उपार्जन लिखत में निवेशित राशि का मूल्यांकन उस प्रतिफल पर किया जाता है जिसमें लिखत का सौदा पिछली बार किया गया था। इस उद्देश्य हेतु भाव, जो दो कार्य दिवस पुराना हो वैध माना जाता है। जब पिछले दो कार्य दिवस में कोई भाव उपलब्ध न हो तो लिखत लागत एवं लिखत के परिपक्व होने के बाकी बचे दिनों के लिए लागू एक समान लागत और अंकित मूल्य के मध्य अंतर पर मूल्यांकित किए जाते हैं।

(iv) अनोद्धृत डिबेंचरों सहित अन्य मुद्रा बाजार लिखतों का मूल्यांकन लागत एवं लिखत के परिपक्व होने के बाकी बचे दिनों पर लागू एक समान लागत और अंकित मूल्य के मध्य अंतर पर किया जाता है।

तथापि, खण्ड IX एवं XII के संबंध में किसी भी बात के बावजूद निवेश उद्देश्य, एनएवी का निर्धारण एवं आस्तियों का मूल्यांकन, पुनर्खरीद मूल्य का निर्धारण एवं एनएवी, पुनर्खरीद मूल्य एवं पोर्टफोलियो के प्रकटीकरण का अंतराल समय समय पर सेबी द्वारा जारी सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियमों/दिशानिर्देशों/निदेशों के प्रावधानों के अनुसार होगा।

3. XII. लेखा नीतियां

1. आय की मान्यता

(क) सूचीबद्ध इक्विटी शेयरों पर लाभांश आय लाभांश-पूर्व तिथि पर प्रोद्भूत होती है। असूचीबद्ध इक्विटी शेयरों एवं अधिमान शेयरों पर लाभांश आय का हिसाब प्राप्ति आधार पर किया जाता है।

(ख) निवेशों पर ब्याज एवं प्रतिबद्धता प्रभार का हिसाब प्रोद्भवन आधार पर किया जाता है।

(ग) निवेशों की बिक्री पर लाभ या हानि की पहचान भारित औसत लागत के आधार पर व्यापार तिथियों पर किया जाता है।

(घ) डिबेंचर/बॉण्डों के प्रतिदान पर प्रीमियम एवं लाभ या हानि की पहचान देय तिथि पर किया जाता है।

(ङ) जब कोई राशि जिम्मे नहीं आई हो तो हामीदारी कमीशन को नकदी आधार पर राजस्व माना जाता है। जिम्मे आई राशि के मामले में पूर्ण हामीदारी कमीशन ऐसे निवेशों की लागत में से कम कर दिया जाता है।

(च) शेयरों एवं डिबेंचरों में निवेश पर प्रारंभिक शुल्क को ऐसे निवेशों की लागत से कम कर दिया जाता है।

(छ) ज़ीरो कूपन बॉण्डों, डीप डिस्काउंट बाण्डों एवं अन्य दीर्घावधि बट्टाकृत लिखतों के संबंध में खरीद मूल्य एवं परिपक्वता मूल्य के मध्य अंतर को वायटीएम आधार पर लिखत के बाकी बचे अवधि के लिए आय माना जाता है।

(ज) अन्य आय प्राप्ति आधार पर लिए जाते हैं।

2. व्यय

क. व्यय की गणना प्रोद्भवन आधार पर की जाती है।

ख. भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 की धारा 25(4) के प्रावधानों के अनुसार यूनिट योजना 1964 के अंतर्गत किए गए खास सामान्य खर्चों का विनिधान अन्य योजनाओं पर किया जाता है।

ग. नियत आस्तियों वाली यूनिट योजना, 1964 कथित आस्तियों के उपयोग के स्वीकृत आधार पर पट्टा किराया अन्य योजनाओं से वसूल करती है।

3. निवेश

क. निवेशों का विवरण लागत पर या अवलिखित लागत पर दिया जाता है।

ख. द्वितीयक बाजार कारोबार के मामले में निवेश को व्यापार तिथियों पर किया गया माना जाता है।

ग. आबंटन पर प्राथमिक बाजार निर्गमों में अभिदान को निवेश माना जाता है।

घ. बोनस/अधिकार पात्रताओं को पूर्ववर्ती-बोनस/पूर्ववर्ती अधिकार तिथियों पर माना जाता है।

ङ. निवेश अर्थात् डिबेंचर/बॉण्ड, ऋण एवं जमा राशियां प्रतिदान/देय तिथि को चालू आस्तियों में स्थानांतरित की जाती हैं।

च. निवेश की लागत में दलाली एवं सेवा - कर शामिल हैं लेकिन स्टाम्प शुल्क शामिल नहीं है, जिसे राजस्व में प्रभारित किया जाता है।

4. **प्रावधान एवं मूल्यह्रास :**

(क) संदिग्ध समझी गई आय के प्रति प्रावधान :

पिछली दो तिमाही या उससे अधिक के लिए देय बाकी ब्याज आय के संबंध में प्रावधान किया जाता है। यदि लाभांश, पिछले लाभांश की तिथि से एक वर्ष से अधिक के लिए अदत्त है तब तुरंत अगले वर्ष प्रावधान किया जाता है।

(ख) निवेश के मूल्य में ह्रास

